वाराणसी, सोमवार 30 दिसम्बर, 2024

पौष, कृष्ण पक्ष 15, वर्ष 13, अंक 322, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट में पूरे किए 200 विकेट, कई बड़े रिकॉर्ड भी बनाए



अन्दर : उदारीकरण और लोकतंत्र का सौम्य प्रतिनिधि

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



# दक्षिण कोरिया में विमान हादसा, 179 की मौत

## प्लेन उतरने के पहले उसके लैंडिंग गेयर में आई खराबी

**दु:खद**

**एयरपोर्ट की बाउंड्री से टकराकर शोलों में बदला**

**बैंकॉक से मुआन आ रहा था जेजू एयरलाइंस का जहाज**



**सोल।** साउथ कोरिया के मुआन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार सुबह एक भीषण विमान दुर्घटना में 179 यात्रियों की मौत हो गई। इस खबर ने हर किसी को झकझोर दिया। बैंकॉक से आ रही जेजू एयर की फ्लाइट 2216 एयरपोर्ट पर लैंड करते वक्त क्रैश हो गई। इसमें 175 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। यह हादसा भारतीय समय के अनुसार सुबह 5:37 बजे (लोकल समय सुबह 9:07 बजे) हुआ।

एयरपोर्ट पर लैंड करते वक्त विमान के लैंडिंग गियर में तकनीकी खराबी आ गई। पायलट ने विमान को बिना लैंडिंग गियर के लैंड कराने की कोशिश की। लेकिन रनवे पर फिसलते हुए विमान एयरपोर्ट की बाउंड्री से टकरा गया और उसमें आग लग गई। विमान ने लैंडिंग के लिए दो बार प्रयास किया था। पहली बार लैंडिंग गियर खुलने में नाकाम रहने के बाद, पायलट ने एयरपोर्ट का एक चक्कर लगाया।

दूसरी बार बिना लैंडिंग गियर के ही विमान को लैंड कराने का निर्णय लिया गया। कई रिपोर्ट्स के अनुसार, यह दावा किया जा रहा है कि विमान के पंख (विंग) से पक्षी टकराने की वजह से लैंडिंग गियर खराब हुआ। इस हादसे में विमान लगभग पूरी तरह से नष्ट हो गया। विमान में लगी आग को फायर फाइटर ने बुझा दिया।

खोज और बचाव कार्य शाम तक जारी था। वहीं, कोरिया टाइम्स के मुताबिक, हादसे में 181 लोगों में से 96 लोगों के शव बरामद हुए हैं। हादसे में अब तक 2 लोगों को जिंदा बचा लिया गया है, जबकि 83 यात्रियों के मारे जाने की आशंका जताई जा ही है।

एयरपोर्ट के दमकल अधिकारियों ने आग पर काबू पाने में 43 मिनट का समय लिया। हालांकि, बचाव कार्य में अब भी कई चुनौतियां बनी हुई हैं। हादसे के तुरंत बाद एयरपोर्ट पर सभी लोकल और इंटरनेशनल फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया है।

बता दें, हादसे का शिकार हुआ विमान एक बोइंग 737-800 था, जो अमेरिकी कंपनी बोइंग द्वारा निर्मित है। यात्रियों में 173 साउथ कोरियाई नागरिक और 2 थाईलैंड के नागरिक शामिल थे। जिंदा बचे दोनों क्रू मेंबर्स हैं। साउथ कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक ने बचाव कार्य तेज करने और सभी संभव प्रयास करने के आदेश दिए हैं।

इस दर्दनाक घटना में सैकड़ों परिवारों की खुशियां पलभर में छिन गईं। हादसे की जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट पर परिजनों की भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। दक्षिण कोरियाई परिवहन मंत्रालय ने पुष्टि की है कि जांच करने वाली टीम ने फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर बरामद कर लिया है, जबकि कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर की तलाश अभी भी की जा रही है।



### भारत ने कहा- हम साउथ कोरिया के साथ

**नई दिल्ली।** साउथ कोरिया में भारत के राजदूत अमित कुमार ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मुआन हवाई अड्डे पर हुए दुखद विमान हादसे की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। हम शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। हम शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। भारत इस कठिन घड़ी में कोरिया गणराज्य के लोगों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़ा है।

### जेजू एयर के सीईओ ने मांगी माफी

**नई दिल्ली।** रविवार को साउथ कोरिया के मुआन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुए हादसे में 179 लोगों की मौत पर जेजू एयरलाइंस के सीईओ ने माफी मांगी है। जेजू एयर के सीईओ किम ई-बे ने मुआन हवाई अड्डे पर कहा, हादसे का कारण अभी कुछ साफ नहीं है। हम भी संबंधित सरकारी एजेंसी की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। किम ने कहा कि चाहे जो भी कारण हो, मैं सीईओ के तौर पर पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए बयान में किम ने कहा, हम दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले यात्रियों और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना और माफी व्यक्त करना चाहते हैं। जेजू एयर दुर्घटना को जल्दी से जल्दी हल करने और यात्रियों के परिवारों को मदद देने का हर संभव प्रयास करेगा।




# एयर कनाडा के विमान में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

**बची जान**

**लैंडिंग के समय रनवे से फिसलने से लगी आग**

**नई दिल्ली।** एयर कनाडा के एक विमान की रविवार को खराब लैंडिंग हुई। विमान रनवे से फिसल गया और उसके एक हिस्से में आग लग गई। यह विमान न्यूफाउंडलैंड द्वीप के सेंट जॉन्स शहर से नोवा स्कोटिया प्रांत के गोफ्स में हैलिफैक्स हवाई अड्डे पर उतर रहा था। खबर के मुताबिक, हवाई अड्डे की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि घटना एयर कनाडा की उड़ान संख्या-2259 में हुई, जिसे पाल एयरलाइंस द्वारा संचालित किया जा रहा था।

घटना स्थानीय समयानुसार करीब 9.30 बजे हुई। हालांकि, बयान में सवार यात्रियों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। खबर के मुताबिक, विमान में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला गया और उन्हें एक हैंगर (जिसमे विमान, हेलीकॉप्टर या अन्य वाहनों को खड़ा किया जाता है) में ले जाया गया, जहां मेडिकल कर्मचारियों ने उनकी जांच की।

घटना के कारण हैलिफैक्स हवाई अड्डे को शनिवार रात कुछ समय के लिए अस्थायी रूप से बंद किया गया था। एक यात्री ने बताया कि लैंडिंग के दौरान विमान के एक टायर ने सही से काम नहीं किया। विमान करीब 20 डिग्री के कोण पर बाईं ओर झुकने लगा और जैसे ही ऐसा हुआ, हमें एक तेज आवाज सुनाई दी।

यह आवाज एक विमान हादसे के जैसे ही लग रही थी। तब विमान का पंख रनवे पर घिसता हुआ जाने लगा और साथ ही शायद इंजन भी घिस रहा था। यात्री ने बताया कि इसके बाद विमान रनवे पर काफी दूर तक फिसलता रहा, जबकि पायलट विमान को रोकने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा, विमान काफी हिला और फिर हमने विमान के बाएं हिस्से में आग और खिड़कियों से धुआं आते हुए देखा। हवाई अड्डे ने बताया कि अब रनवे को फिर से खोल दिया गया है।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स (प्रा0लि0)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
ठठेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

# यूपी में पछुआ हवाओं ने बढ़ाई गलन

**मौसम**

**कोहरे और लुढ़कते पारे से अभी और बढ़ेगी सर्दी**



**लखनऊ।** यूपी में पश्चिमी विक्षोभ के गुजरते ही पछुआ हवाएं चलने लगी हैं। इसके चलते प्रदेश में पूरब से पश्चिम तक पिछले 24 घंटे में रात के पारे में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, कोहरे की मौजूदगी की वजह से दिन में भी ठंड बढ़ी है।

रविवार को अधिकतर जगहों पर हल्की धूप देर से हुई तो कहीं सूरज के दर्शन नहीं हुए। हवा चलने से दिन के तापमान में भी गिरावट दिखी। रविवार को घने कोहरे की वजह से प्रयागराज, आजमगढ़ और कुशीनगर में दृश्यता शून्य तक पहुंच गई। अमेठी, बलिया में 20 मीटर, वाराणसी और चुर्क में 50 मीटर तो अलीगढ़, मुरादाबाद और चित्रकूट आदि में 100 मीटर तक सिमट गई। राजधानी लखनऊ की बात करें तो रविवार सुबह से ही सर्द पछुआ हवाएं चलती रहीं दोपहर तक धूप देखने को नहीं मिली। बदली के साथ घना कोहरा छाया रहा। यहां भी अगले कुछ दिन, दिन और रात दोनों के तापमान में क्रमशः गिरावट देखने को मिलेगी। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में अगले 3-4 दिन मध्यम से घने कोहरे और सर्द हवाओं का दौर जारी रहेगा और ठंड में बढ़ोतरी दिखेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि उत्तरी पछुआ हवाओं के चलने से अगले 72 घंटे में रात के पारे में 5 डिग्री तक की गिरावट आएगी। वहीं दिन में कोहरे की मौजूदगी और धूप हल्की होने की वजह से दिन के तापमान में भी लगातार गिरावट देखने को मिलेगी। 31 दिसंबर के बाद पछुआ हवाओं की गति में तेजी आएगी। इससे कोहरा छंटेगा और धूप खिलेगी।

# सीएम आवास के नीचे भी शिवलिंग, इसकी भी हो खोदाई

**अखिलेश का तंज**

**उनके हाथ में विनाशकारी रेखाएं हैं**

**कुंभ में आने का किसी को आमंत्रण नहीं दिया जाता**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एंव सपा मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को पत्रकार वार्ता की। उन्होंने बिना नाम लिए भाजपा एवं योगी सरकार को घेरा। कहा कि मुख्यमंत्री आवास के नीचे भी शिवलिंग है। इसकी भी खोदाई होनी चाहिए। सपा मुखिया ने योगी का नाम लिए बिना कहा कि उनके हाथ में विकास की नहीं, विनाश की रेखाएं हैं। कभी भी उनके हाथ की रेखाएं देख लेना। यह प्रदेश को कर्ज में डुबोकर जाएंगे।

2027 में सरकार का खजाना खाली करके जाएंगे। सपा प्रमुख अने कहा कि अगर हमारे कार्यकताओं पर मुकदमे लगे तो कुंभ मेले में अव्यवस्था की पूरी पोल खोल देंगे। कुंभ में आने का किसी को आमंत्रण नहीं दिया जाता है, लोग स्वय कुंभ में आते हैं। सरकार ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे कुंभ से पहले शुरू हो जाएगा। क्या यह चालू हुआ?

अखिलेश ने कहा कि यहां ईवीएम के कारण हारने वाले को हार का एवं जीतने वाले को जीत का विश्वास नहीं होता है। इसलिए हम मांग करते हैं कि बैलेट से ही चुनाव कराया जाए। सपा महासचिव शिवपाल ने कहा कि नये साल पर बधाई। देश में ऐसा काम करना है कि 2027 का मिशन सपा सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है।

इससे एक दिन पहले बातचीत में उन्होंने कहा था कि भाजपा सरकार की साजिशों को पीडीए समझ चुका है। आम चुनाव में जवाब देगा। कहा कि भाजपा आगामी चुनाव के बाद नीतीश को बिहार का सीएम नहीं बनाएगी। अदाणी से बड़ा संभल में इंसानी जिंदगियां जाने का मुद्दा है। कहा कि योगी आदित्यनाथ धार्मिक सीएम तो हैं, पर विजिनरी (दूरगामी सोच वाले) नहीं।

सपा सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं के लिहाज से मॉडल पेश किए। पीडीए यानी पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यक या कहें पीड़ित, दुखी और अपमानित लोग सपा के साथ हैं। वे देख रहे हैं कि किस तरह से आरक्षण पर डाका जा रहा है। संविधानिक मूल्यों को किनारे किया जा रहा है।

# कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खरगे समेत 6 पर केस दर्ज

**बंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने प्रियांक खरगे के करीबी समेत छह लोगों पर मामला दर्ज किया है। यह मामला कलबुर्गी में ठेकेदार की मौत से जुड़ा है। कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक के करीबी पर मामला दर्ज होने के कारण यह केस हाईप्रोफाइल बन गया है। कर्नाटक के कलबुर्गी में पुलिस ने मंत्री प्रियांक खरगे के करीबी सहयोगी राजू कपनूर और पांच अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामला सिविल ठेकेदार सचिन पंचाल की मौत से जुड़ी है। पंचाल ने सुसाइड नोट में उल्लेख किया था कि कांग्रेस नेताओं ने मट्टीमाडु, अंडोला मठ के सिद्धलिंग स्वामी, भाजपा नेता मणिकांत राठौड़ और चंदू पाटिल की हत्या की साजिश रची थी। खबरों के मुताबिक बीदर में रहने वाले ठेकेदार पंचाल ने गुरुवार को कथित तौर पर एक ट्रेन के सामने लेटकर अपनी जान दे दी।

# नए साल को लेकर बरेली के मौलाना का फतवा

**फरमान**

**मुसलमान के लिए नया साल मनाना हरामः मौलाना**

**नया साल मनाने वाले मुसलमान गुनहगारः मौलाना**



**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली के मौलाना ने नए साल को लेकर फतवा जारी किया है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों के लिए नया साल मनाना हराम है और गुनाह है। ये इसाइयों का धार्मिक त्योहार है, जिसे मुसलमानों को नहीं मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गैर-मजहबी प्रथाओं को मानना मुसलमानों के लिए सख्त नाजायज है। ऐसे में मुसलमानों खासतौर पर नए लड़के-लड़कियों को नए साल का जश्न मनाने से बचना चाहिए।

मौलाना ने कहा कि मुसलमान के लिए नए साल का जश्न मनाना फख्र की बात नहीं है। बरेली के ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने नए साल के जश्न पर कहा, 'चश्मे-दरफ्ता बरेली शरीफ ने नए साल के जश्न को लेकर एक फतवा जारी किया गया है। नए साल पर जो नौजवान युवा और युवती जश्न मनाते हैं, इस फतवे में उन्हें हिदायत दी गई है कि नए साल का जश्न मनाना फख्र की बात नहीं है और न ही ये जश्न मनाया जाना चाहिए और इसकी मुबारकबाद दी जानी चाहिए। मौलाना ने कहा, 'क्योंकि नए साल से ईसाईयों का नया साल यानी अंग्रेजी साल शुरू होता है। यह इसाइयों को मजहबी प्रोग्राम है। ऐसे में किसी भी गैर-मजहबी प्रथाओं को मनाना मुसलमानों के लिए सख्त नाजायज है।'

उन्होंने कहा कि नए लड़के और लड़कियों को ये हिदायत दी गई है कि नए साल का जश्न न मनाएं। मुसलमानों को नए साल का जश्न मनाने से बचना चाहिए। ये शरीयत की रोशनी में नाजायज है। जो लोग मनाते हैं वो गुनहगार होंगे। मौलाना ने कहा, 'नए साल के जश्न में नाच गाना और शोर शराबा करना और हुड़दंग मचाना, शराब पीना, जुआ खेलना ये तमाम काम शरीयत-ए-इस्लामिया में नाजायज और हराम करार दिए हैं। जो भी मुसलमान इस तरह के काम करता हुआ पाया जाएगा या किसी तरह से उसका इसमें अमल-दखल होगा तो गोया कि वो शरीयत की रोशनी में मुजरिम है और शरीयत के खिलाफ काम कर रहा है। ये सख्त गुनाह है और नाजायज है।' उन्होंने हिदायत दी कि मुसलमानों को चाहिए कि वो नया साल मनाने से बचें।

# राष्ट्रपति-उप राष्ट्रपति को महाकुंभ में आने का न्योता


**दावत**

**सीएम योगी ने मुलाकात कर दी दावत, दिया उपहार भी**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की और उन्हें महाकुम्भ का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को भी प्रयागराज में होने जा रहे महाकुम्भ-2025 के लिए आमंत्रित किया।

सीएम योगी ने विशिष्टजनों को निमंत्रण पत्र के साथ ही महाकुम्भ 2025 के लोगो वाला प्रतीक चिह्न, कलश, महाकुम्भ से जुड़ा साहित्य, नववर्ष का टेबल कैलेंडर व डायरी भेंट की। 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में होने जा रहे महाकुम्भ में विशिष्टजनों को आमंत्रण देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को दिल्ली पहुंचे थे। शनिवार को उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह से मुलाकात की थी। सीएम योगी ने सभी विशिष्टजनों को महाकुम्भ से संबंधित उपहार भी भेंट किए। रविवार को भी सीएम योगी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर विशिष्टजनों से भेंट की तस्वीर पोस्ट करते हुए अमूल्य समय प्रदान करने के लिए उनका आभार भी जताया। महाकुम्भ प्रारंभ होने में अब कुछ ही समय शेष रह गया है। सीएम योगी और उनके मंत्रीगण विभिन्न राज्यों में जाकर विशिष्ट और आमजनों को महाकुम्भ के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

# पूर्व आईपीएस आचार्य किशोर कुणाल का निधन



**पटना।** महावीर मंदिर न्यास समिति के संस्थापक सचिव आचार्य किशोर कुणाल निधन हो गया है। हार्ट अटैक के रहते 74 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। वह पूर्व आईपीएस अधिकारी थे।

जानकारी के मुताबिक उन्हें आज सुबह ही महावीर वत्सला अस्पताल ले जाया गया था। आचार्य किशोर कुणाल ने कई चैरिटेबल अस्पतालों की स्थापना की थी और उन्हें समाज सेवा के लिए जाना जाता था। उनका नाम महावीर आरोग्य संस्थान, महावीर कैंसर संस्थान, महावीर वात्सल्य अस्पताल, महावीर नेत्रालय, महावीर वरिष्ठ नागरिक अस्पताल से जुड़ा था। आचार्य किशोर कुणाल का जन्म 10 अगस्त, 1950 को हुआ था। वह एक कद्दर अधिकारी भी रहे। उनके निधन पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, पूर्व आईपीएस अधिकारी, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के पूर्व अध्यक्ष और महावीर मंदिर न्यास समिति के संस्थापक सचिव आचार्य किशोर कुणाल का निधन दुःखद है। वे एक कुशल प्रशासक एवं संवेदनशील पदाधिकारी थे। उनके निधन से प्रशासनिक और सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

# पटना में पुनर्परीक्षा की मांग को लेकर छात्रों का प्रदर्शन

**विरोध**

**पीके ने किया समर्थन, पुलिस ने भीड़ को खदेड़ा, लाठी चार्ज**

**प्रदर्शनकारी छात्रों को होटल मौर्या के निकट रोका गया**

**पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**



**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं पीटी परीक्षा को रद्द कर पुनर्परीक्षा की मांग को लेकर कई दिनों से धरना पर बैठे अभ्यर्थियों को प्रशांत किशोर का समर्थन भी मिला। इससे पहले अपनी मांगों के समर्थन में अभ्यर्थी रविवार को छात्र संसद में भाग लेने के लिए गांधी मैदान पहुंचे। हालांकि जिला प्रशासन ने छात्र संसद की अनुमति नहीं दी है। इससे पहले प्रदर्शनकारी छात्रों के प्रतिनिधियों को मुख्य सचिव ने वार्ता के लिए आमंत्रित किया। लेकिन प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से ही बात करेंगे। जिसके बाद जेपी गोलंबर पर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थी सीएम आवास की ओर बढ़ने लगे। लेकिन वहां पहले से तैनात सुरक्षा बलों ने बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों की भीड़ को तितर-बितर कर दिया।

राज्य सरकार की ओर से आंदोलन को समाप्त कराने के लिए देर शाम पहल की गई। प्रशांत किशोर ने बताया कि छात्रों के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को अब से कुछ देर बाद मुख्य सचिव ने वार्ता के लिए बुलाया है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की समिति मुख्य सचिव से बातचीत करेगी, ताकि उनकी जो समस्या हैं, उनकी जो मांगें हैं, उस पर कोई निर्णय लिया जा सका। उन्होंने कहा कि यदि बातचीत का नतीजा संतोषजनक नहीं होगा, तो कल सुबह बैठक कर छात्र आंदोलन के आगे की रणनीति के बारे में निर्णय लेंगे।

छात्रों के मार्च में प्रशांत किशोर भी शामिल हुए। लेकिन होटल मौर्या के पास पुलिस ने बैरिकेड लगाकर प्रदर्शनकारी छात्रों को रोक दिया। इस मौके पर प्रशांत किशोर ने कहा कि छात्रों पर बल प्रयोग उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि इसी चौक पर स्थित विभिन्न लॉज और हॉस्टल में रहने वाले कई स्टूडेंट्स आईएएस-आईपीएस बने। इसलिए बल प्रयोग का डर नहीं बताए, छात्र इसलिए बैठे कि प्रशासन बताए, वो आगे आप क्या करना चाहते हैं।

जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर शनिवार को गर्दनीबाग स्थित धरनास्थल पर पहुंचे थे और रविवार को गांधी मैदान में छात्र संसद की घोषणा की थी। इस बीच, जिला प्रशासन ने विभिन्न कारणों से छात्र संसद की अनुमति नहीं दी। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी छात्र गांधी मैदान से मुख्यमंत्री आवास तक मार्च निकालना चाहते थे। इसे लेकर पुलिस-प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

इस बीच, धरना पर बैठे प्रदर्शनकारी अभ्यर्थी रविवार को गांधी मैदान बापू प्रतिमा के पास पहुंच गए। इस दौरान हालांकि पुलिस ने इन्हें मैदान में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश की, लेकिन ये नहीं माने। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस लगातार छात्रों से हटने की अपील कर रही है। गांधी मैदान पहुंचे प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों का कहना है कि उनकी आज स्थिति करो या मरो की हो गई है। उन्होंने कहा कि आयोग की विश्वसनीयता समाप्त हो गई है।

# रोजगार मेले में अभ्यर्थियों को न हो कोई तकलीफ

**किया सचेत**

## सीडीओ ने रोजगार मेला की तैयारियों का लिया जायजा

## दिव्यांगों व महिलाओं के लिए भी व्यवस्था करने का दिया निर्देश



**वाराणसी।** काशी के लोगों के लिए जिला प्रशासन की ओर से लगाए जा रहे दो दिनी रोजगार मेला की तैयारियों का जायजा लेने रविवार को सीडीओ आईटीआई करौंदी पहुंचे। सीडीओ ने मेला के लिए सभी तैयारियों को समय रहते पूरा करने तथा इसमें किसी प्रकार की कमी न रहने देने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि मेला में आने वाले अभ्यर्थियों के साथ ही कंपनियों के प्रतिनिधियों को भी कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने मेला में दिव्यांगजनों और महिलाओं के लिए भी समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से काशी के बेरोजगार लोगों को रोजगार देने के लिए जिला प्रशासन चार व पांच जनवरी को राजकीय आईटीआई, करौंदी में वृहद स्तर पर काशी सांसद रोजगार मेला- 2025 का आयोजन कर रहा हैं। मेला में देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी 300 से अधिक बहुप्रतिष्ठित कम्पनियां जॉब आफर करने जुटेंगी। इसमें मुख्य रूप से एचडीएफसी, पंजाब नेशनल बैंक, एसबीआई क्रेडिट कार्ड, मारूति सुजुकी, नेटेप्स, जोमेटो, साइन्सों आईटी सल्यूशन, फ्लिपकार्ट, अमेजॉन, क्वीसकार्प, एसआईएस सिक्योरिटी, होटल ताज ग्रुप, दी किंग रेस्टोरेंट, स्किल इण्डिया इंटरनेशनल, जेएचवी कंस्ट्रक्शन, उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक, उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम, लावा, बजाज मोटर्स, डिक्सन मोबाइल, हिण्डालको इण्डस्ट्रीज, जी4एस सिक्योरिटी, एलएण्डटी, टाटा मोटर्स, वालकरू इण्टरनेशनल, जेके सीमेन्ट, हैप्पी लाईफ, स्वीगी, एक्स फेनो स्टाफिग आदि कंपनियां शामिल होंगी।

रोजगार मेला में एक लाख 80 हजार रुपए से लेकर छह लाख रुपए तक के वार्षिक पैकेज पर जॉब आफर किया जाएगा। नियुक्ति किया जायेगा। सीडीओ ने मेला स्थल का निरीक्षण कर कंपनियों के जॉब प्लेसमेंट के लिए स्टाल लगाने, अभ्यर्थियों की भीड़ को नियंत्रित करने समेत अन्य इंतजामों को लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की सुविधा और सहूलियत के लिए सभी जरूरी प्रबंध किए जाएं। बूंदाबादी की संभावना को देखते हुए भी समुचित इंतजाम करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह की जानकारी के लिए क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, चौकाघाट से सम्पर्क किया जा सकता है। इस दौरान एडीएम सिटी आलोक कुमार वर्मा, क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी, रोजगार मेला प्रभारी दीप सिंह उपस्थित रहे।

### अब तक 17 हजार ने कराया रजिस्ट्रेशन

सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि काशी सांसद रोजगार मेला में हिस्सा लेने के लिए अभ्यर्थियों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गयी है। इसके लिए एक अलग पोर्टल भी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक रोजगार मेला में हिस्सा लेने के लिए पोर्टल पर 17 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण किया हैं। इस रोजगार मेला के जरिए काशी के 15 हजार लोगों को रोजगार देने की तैयारी है। पिछले वर्ष 11 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया था।

## पुरुषार्थ के प्रतिनिधि व साक्षात शिव स्वरूप थे पूर्व काशिराज

**रामनगर ।** विभूति नारायण सिंह विद्या, धर्म व पुरुषार्थ के प्रतिनिधि और साक्षात शिव का अवतार थे। उनकी विद्वता का कोई सानी नही था। धर्म के प्रति उनका बेमिसाल समर्पण बिरले ही मिलता है। ये उद्गार उत्तर प्रदेश शिक्षा आयोग के सदस्य हरेन्द्र राय के है। वे पूर्व काशिराज की पुण्य तिथि पौष कृष्ण पक्ष अमावस्या की पूर्व संध्या पर आयोजित भावांजलि कार्यक्रम व विचार गोष्ठी पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कहा कि पूर्व काशिराज का जीवन सादगी की मिसाल है। उन्होंने हमेशा गंगा जल का ही प्रयोग किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रामनगर औद्योगिक असोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने महाराज के जीवन,उनकी शिक्षा व योगदान पर चर्चा की। पंडित प्रकाश व्यास द्वारा शास्त्रीय गायन से स्वरांजलि अर्पित की गयी । इस अवसर पर राजेश रंजन, अखिल तिवारी, डा. ओम हर्ष यति, षडानन पाठक कारखेड़कर, कुलदीप सिंह, देवेश सिंह आदि ने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल एकता कुमारी तथा धन्यवाद ज्ञापन यश नाईक ने दिया।

**संक्षेप**

### मोदनवाल संघ का वैवाहिक परिचय सम्मेलन



**पिंडरा।** विकासखंड पिंडरा के सिंधोरा बाजार स्थित रामजी मैरिज लॉन में रविवार को वैवाहिक परिचय सम्मेलन काशी मोदनवाल हलवाई संघ शाखा सिंधोरा के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। वैवाहिक परिचय समारोह में विभिन्न जिलों से समाज के लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व ज्ञानपुर नगरपालिका के चेयरमैन डॉ घनश्याम दास मोदनवाल ने दीप प्रज्वलित किया । इस दौरान वक्ताओं ने समाज के व्यर्थ के खर्चो जैसे तेरहवीं व वाह्य आडंबरों का विरोध किये जाने का आह्वान किया। थे। सम्मेलन में भगवान श्री रामलाल की झांकी निकाली गई। स्वागत धनंजय मोदनवाल व संचालन रतन लाल मोदनवाल व दिनेश चंद्र ने किया। सम्मेलन में मोदनवाल समाज क दीनदयाल मोदनवाल, राज आर्य, चंद्रगुप्त आर्य, बबलू मोदनवाल, शिवकुमार,किशन, सुरेंद्र मोहित , महेश समेत सैकड़ों लोग हलवाई समाज के उपस्थित रहे।

### लोहता में युवक ने फांसी लगाकर दी जान


**लोहता।** थाना क्षेत्र के तुलाचक गांव में रविवार को एक युवक अपने ही घर में फांसी लगा कर जान देदी । सूचनापरक पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तुलाचक गांव का विकास कुमार 22 वर्ष अपने कच्चा घर में धरन के सहारे गमछे से फांसी लग लिया। किसी काम से जब उसकी मां दंगी देवी घर में ग ई तो देखी की विकास कुमार फांसी पर झूल.रहा है। यह देखकर वह चिल्लाने लगी तो आसपास के.लोग इकट्ठा हो ग ये। आननफानन में लोग उसे डाक्टर के पास ले गये। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचनापाकर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक तीन भाईयों में सबसे छोटा था। शादी नहीं हुई थी। मांता दंगी देवी और पिता राजेंद्र प्रसाद का हाल बेहाल है।

### रिंग रोड चौराहे पर डंपर ने बाइक सवार को मारा धक्का

**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ रिंग रोड चौराहे पर रविवार सुबह 8 बजे राजातालाब की तरफ से हरहुआ की तरफ जा रहे एक डंपर ने राजा तालाब के जीतापुर निवासी बाइक सवार पप्पू को टक्कर मार दिया। पप्पू शिवपुर में एक व्यक्ति की दुकान पर काम करने के बाद अपने घर वापस लौट रहा था। दुर्घटना के बाद घायल को दीनदयाल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

### नहीं रहे शिवपुर वार्ड के प्रथम पार्षद डॉ बैजनाथ

**वाराणसी ।** वयोवृद्ध स्वतंत्रता संग्गाम सेनानी, समग्र सेवा संस्थान भारतीय शिशु मंदिर व सरस्वती विद्या मंदिर के संस्थापक डा. बैजनाथ प्रसाद का रविवार को निधन हो गया उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में अशोक के लहर दौड़ गई। शिवपुर निवासी डॉक्टर बैजनाथ प्रसाद ने 96 वर्ष की अवस्था में रविवार को शिवपुर स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह शिवपुर वार्ड के प्रथम पार्षद थे, इसके साथ ही उन्होंने मेरी सदन में भाजपा दल के नेता के रूप में भी काम किया।भाजपा के विभिन्न पदो पर रहते हुए समाज कि सेवा किये और नगर निगम वाराणसी में पार्षद रहते हुए डॉक्टर दो बैजनाथ प्रसाद ने शिवपुरी ही नहीं बल्कि बनारस के प्रत्येक वार्डों के लिए निगम में अपनी आवाज को बुलंद करते थे जन समस्याओं के प्रति उनकी जनता में हमेशा से ही भागीदारी रही थी। उन्हें प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा सम्मानित भी किया गया। डॉक्टर बैजनाथ प्रसाद का जीवनकाल समाज की सेवा के लिए समर्पित रहा। दो बैजनाथ प्रसाद के निधन की खबर जिसने भी सुना सभी उनके आवास पर उन्हें श्रद्धांजलि देने एकत्र हुए भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेताओं सहित अन्य राजनीतिक दल के लोगों ने भी उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।



# स्वर्ण कला बोर्ड के गठन की मांग



**सम्मान**

## सबका साथ, सबका विकास होना चाहिए

## पृथ्वीपाल सिंह का हुआ भव्य सम्मान

**वाराणसी।** मैदागिन स्थित गोलघर के पराड़कर स्मृति भवन में ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अविनाश सेठ के नेतृत्व में नवनियुक्त उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पृथ्वी पाल सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि सबका साथ सबका विकास, समाज के आखिरी तबके तक के लोगों के साथ होना चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार से स्वर्ण कला बोर्ड के गठन की मांग की। संचालन अविनाश सेठ एवं अरविंद सेठ ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्यनारायण सेठ प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सरकार संघ, सुरेश सेठ जिलाध्यक्ष चंदौली, दिलीप सोनी सरिता सर्राफ मुन्ना सोनी जिला महासचिव अमित सेठ संजय सर्राफ प्रमोद सेठ अमित सेठ आनंद सेठ ,गोपाल सेठ ,विक्की सेठ,मोनू सेठ आशीष सेठ,भरत सेठ,किशन सेठ, सोनू सेठ, मनोज सिंह स्वर्णकार,मनोज,अरविंद सोनी ,अरविंद सेठ, बेबी सेठ,एकता सेठ आदि और भी अन्य मौजूद रहे।

# वार्ड व बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का संकल्प

**मासिक बैठक**

## समाजवादी पार्टी महानगर इकाई के उत्तरी विधानसभा के कार्यकर्ताओं को दिए गए टिप्स



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी महानगर इकाई के उत्तरी विधानसभा की मासिक बैठक अर्दली बाजार स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार को हुई। बैठक में वार्ड एवं बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

वक्ताओं ने आगामी विधानसभा के मद्देनजर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और समाज के अति पिछड़ों, दलितों, गरीबों, मजदूरों, नौजवानों एवं छात्रों को अधिक से अधिक पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए टिप्स दिए गए। कहा गया कि वार्ड और बूथ स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता एक-एक घर दस्तक देकर पार्टी की नीतियों से जनता को अवगत कराते हुए पीडीए की एकता का संदेश दे। संविधान की रक्षा के लिए संकल्प दिलाए।

अध्यक्षता अशफाक अहमद ने की। संचालन विधानसभा अध्यक्ष अजय चौधरी ने किया। धन्यवाद रामजी यादव ने दिया। बैठक में महानगर महासचिव योगेंद्र यादव, संजय यादव, इस्तकबाल कुरैशी, डॉ. ओपी सिंह, हरीश नारायण सिंह, प्रमोद राय, दीपचंद गुप्ता, प्रशांत सिंह, गोपाल पांडेय, विजय यादव, मनोज यादव, विजय टाटा, दुर्गा यादव, अजय सोनकर, अनिल वर्मा, सुजीत पांडेय आदि थे।

# चीन व पाक से युद्ध के नायक रहे जवान को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**पहुंचाया संदेश**

## धौरहरा के कैप्टन भानु प्रताप सिंह के निधन की जानकारी पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का शोक संदेश लेकर उनके घर पहुंचे जिलाध्यक्ष

**चौबेपुर।** क्षेत्र के धौरहरा निवासी चीन-पाकिस्तान युद्ध के नायक रहे कैप्टन भानु प्रताप सिंह के निधन की सूचना पर कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का शोक संवेदना पत्र लेकर रविवार को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के साथ अन्य कार्यकर्ता कैप्टन भानु प्रताप सिंह के धौरहरा आवास पर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की।

जिला अध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल ने परिवारजनों से कहा कि यह श्रृष्टि का नियम है। सबकी मृत्यु अटल है,कोई आगे जायेगा और कोई पीछे जाएगा। उन्होंने कैप्टन के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सभी परिवार के साथ हैं। प्रतिनिधि मंडल में जिला उपाध्यक्ष राजीव राम राजू, अशोक कुमार सिंह एडवोकेट, योगेन्द्र प्रताप सिंह, रमेश सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, यूनूस मंसूरी, इस्लाम शेख मंसूरी, रईस खान, देवानंद, अनिल कुमार, भगवती प्रसाद, गोपाल पटेल, जयसिंह, गौरी शंकर चौहान, राहुल सिंह व भोला मौजूद रहे।

### मारपीट व धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज

**रोहनिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गंगापुर चौकी अंतर्गत अशोक मौर्य नामक व्यक्ति ने राजकुमार राजेंद्र आतिश कुमार संतोष कुमार नामक लोगों पर आरोप लगाया कि रविवार को सुबह गाली गलौज करते हुए विवादित भूमि पर चढ़कर अशोक मौर्या तथा उसके पुत्र अमन मौर्य को दौड़ा-दौड़ा कर बुरी तरह से पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद फिर से रोहनिया पुलिस को लिखित तहरीर दी जिस पर रोहनिया पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी हुई है

### लोकतंत्र सेनानी के निधन पर शोक

**रामनगर।** लोकतंत्र सेनानियों की एक बैठक लोकतंत्र सेनानी संगठन के जिला अध्यक्ष सतनाम सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वक्ताओं ने लोकतंत्र सेनानी डॉक्टर बैजनाथ के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शतरुद प्रकाश, बिजयनरायण सिंह, कुंवर सुरेश सिंह,प्रहलाद तिवारी, राधेश्याम सिंह,कमलेश जायसवाल, रामकिशुन, मिथिलेश बाजपेई, परशुराम मिश्रा, राधेश्याम अग्रहरि आदि उपस्थित थे।

# इस साल साइबेरियन पक्षियों की संख्या 22 %कम



**वाराणसी।** काशी में साइबेरियन पक्षी को दाना खिलाते हुए वीडियो और फोटो बनाने का मामला काफी ट्रेंड करता है। हर साल की तरह इस बार भी जनवरी के शुरूआती सप्ताह तक पक्षियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। हर साल गुलाबी ठंड शुरू होते ही साइबेरियन पक्षी 4400 किलोमीटर की दूरी तय कर काशी आते हैं। हालांकि, रास्ते में चलने वाली बफीर्ली हवा और प्रदूषण से इस बार इनकी संख्या कम हो गई है। पिछले साल के मुकाबले इस साल 22 प्रतिशत कम विदेशी पक्षी काशी आए हैं। इससे सैलानियों के साथ ही स्थानीय लोग भी मायूस हो रहे हैं। हर साल नवंबर से फरवरी महीने तक यहां गंगा की लहरों पर विदेशी परिंदे अठखेलियां करते नजर आते हैं। पानी पर ये पक्षी बेहद खूबसूरत लगते हैं, दूर से देखने पर लगता है कि गंगा में सफेद चादर पड़ी है। इन्हें देखने के लिए लोग दूर-दूर से काशी आते हैं और अपने कैमरे में इन पक्षियों की तस्वीर कैद करते हैं। इन पक्षियों पर रिसर्च कर रहीं बीएचयू की प्रो. चांदना हलदार ने बताया कि रास्ते में चलने वाली बर्फीली हवाएं, वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण इनके मार्ग की सबसे बड़ी बाधा हैं। इससे ये रास्ता भूल जाते हैं या इनकी मृत्यु हो जाती है। उन्होंने बताया कि जनवरी के शुरूआती सप्ताह तक पक्षियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

प्रो. चांदना हलदार ने बताया कि भारत से साइबेरिया की दूरी लगभग 4400 किलोमीटर है। यूरोप के विभिन्न देशों से होते हुए साइबेरियन पक्षियों का समूह अफगानिस्तान, मंगोलिया पहुंचता है। वहां से एक दल चीन की ओर निकल जाता है और दल के कई पक्षी भूटान के रास्ते आ जाते हैं। वहीं, दूसरा दल अफगानिस्तान और पाकिस्तान के रास्ते राजस्थान, प्रयागराज होते हुए काशी पहुंचता है। काशी पहुंचने पर भी इन विदेशी पक्षियों को प्रदूषण झेलना पड़ता है। पर्यटक इन्हें ब्रेड, नमकीन, लाई खिला देते हैं। जो इनके लिए काफी नुकसानदायक है। इससे कई पक्षी यहीं मर जाते है तो कई वापस जाते समय दम तोड़ देते हैं।

# पुलिस आयुक्त के आदेश पर मुकदमा हुआ दर्ज

## जमीन दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी



**रोहनिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के केसरीपुर में जमीन दिलाने के नाम पर तीस लाख नब्बे हजार रुपए दो बार में विनय पाठक ज्ञान चंद्र व सोनू यादव नामक लोगों ने अपने खाते में लिया था तथा कूट रचित खतौनी एव अपंजीकृत अभिलेख दिखाकर विश्वास में लेकर भूमि दिलाने लगे तथा और अधिक पैसे की मांग करने लगे तो पीड़ित ने जब देने से इनकार कर दिया तब आरोपियों द्वारा भूखंड बैनामा न करने तथा दिया हुआ पैसा वापस ना देने की धमकी देने लगे। लहरतारा मंडुआडीह निवासी राम प्रकाश सिंह ने आरोप लगाया है कि आरोपियों द्वारा खाते में 50 लाख रुपए ट्रांसफर करने के लिए कहा गया न करने पर जमीन और पैसा भूल जाने तथा जान से मारने की धमकी देने लगे रोहनिया पुलिस से शिकायत करने के बाद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़ित ने पुलिस आयुक्त से इसकी शिकायत की जिसके बाद पुलिस आयुक्त के आदेश पर रोहनिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-** वीरेन्द्र महाविद्यालय सरोजनगर देवचन्दपुर, गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (बी0 एस0 सी0) में (अतिरिक्त सेक्शन वृद्धि हेतु) जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं गणित विषयों में मानकानुसार आवश्यक प्रवक्ताओं की, वेतनमान व योग्यता यूजीसी / विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार, इच्छुक अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं फोटो विज्ञापन के 21 दिनों के अंदर संस्था के पते पर रजिस्टर्ड डाक से भेजें, साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9415807740

# मैं लाडला खाटू श्याम का, पर झूमे श्रद्धालु

**महोत्सव**

## वाराणसी में पहली बार संपन्न हुआ श्री श्याम कथा

## चार दिवसीय श्री श्याम आराधना महोत्सव का समापन



**वाराणसी।** श्री श्याम आराधना महोत्सव में रविवार को चतुर्थ दिन सुंदरकांड पाठ व बाबा श्याम के भजनों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बाबा का अलौकिक श्रृंगार मिर्जापुर से आए हुए मेरे सर्वेश्वर मेरे श्याम भक्त मंडल ने किया । श्री श्याम परिवार के अध्यक्ष राकेश जी अग्रवाल द्वारा बाबा श्याम की ज्योत जलाकर आज के आयोजन का शुभारंभ किया गया। सुंदरकांड का पाठ श्रीमती आशा शर्मा द्वारा किया गया। तत्पश्चात श्री श्याम बाल मंडल वाराणसी द्वारा बाबा श्याम के भजनों की हाजिरी लगाई गई। अमित शर्मा व कृष्ण दाधीच ने ₹कीर्तन की है रात₹ ₹बाबा बोलो तो सही ₹जैसे भजनों से बाबा श्याम को मीठे-मीठे भजनों से रिझाया गया। श्री संदीप शर्मा (कानू), श्याम सुंदर गाड़ोदिया, विष्णु सोनी ने हारे के सहारे आजा झलक पहले जैसी दिखानी पड़ेगी भजनों से बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई। बाहर से आए कलाकार जम्मू से पधारे राजा पंजाबी ने मुखड़ा प्यारा प्यारा तीन बाण का धारी है जैसे भजनों से वह फतेहाबाद से आई मोना मेहता ने ₹प्यारा सा मुखड़ा घुंघराले केस, मैं लाडला खाटू वाले का₹ जैसे भजनों की प्रस्तुति की। साथ ही विशेष आकर्षण सूरजगढ़ से श्री श्याम मंदिर परिवार द्वारा बाबा श्याम का भव्य अखाड़ा लगा। निज मंदिर पुजारी श्री मनोहर लाल , मनीष , जय सिंह द्वारा शरण हम आए हैं मेरी शुद्ध कब लोगे बाबा श्याम की भजनों की प्रस्तुति की गई! । बाबा शाम को आज 56 भोग व सवामणि प्रसाद का भोग लगाया गया। तथा सभी भक्तों में स्वामिनी का प्रसाद वितरण किया गया।

हजारों भक्तों ने बाबा श्याम के भजनों का आनंद उठाया तथा प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के सदस्य गौरव राठी ने बताया कि कथा के प्रारंभ में शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु द्वारा हुआ! इस महोत्सव में संस्था के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल संजीव अग्रवाल पवन सराफ रौनक जयपुरिया नरेश मिश्रा दीपक बजाज अजय खेमका उमेश जोगाई दिलीप खेतान सूर्योदय शास्त्री कृष्ण कुमार काबरा गौरव राठी निलेश जायसवाल प्रथम जालान प्रभात खेतान संजय लाठ पंकज तोदी मदन मोहन अग्रवाल मुकेश पोद्दार राम पारीक सर्वेश खेतान शिव अग्रवाल विनोद भावसिंका जितेश लोहिया आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर निकली शोभायात्रा



गुरुग्रंथ साहिब को ले जाते हुए भक्त



जुलूस में शामिल पंच प्यारे

**त्योहार**

## सड़कों पर की गई सफाई शबद कीर्तन से गूंजा पूरा इलाका, पंच प्यारे घोड़े व पैदल चल रहे थे



सफाई करतीं हुई महिलाएं

**वाराणसी।** गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव गुरु पर्व के अवसर पर रविवार को दोपहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गुरुद्वारा नीचीबाग से प्रारंभ होकर चौक, गोदौलिया, गिरजाघर, नईसड़क, लहुराबीर, कबीरचौरा, मैदागिन होती हुई वापस गुरुद्वारा बड़ी संगत नीचीबाग पर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में गुरुग्रंथ साहिब की सवारी गाड़ी को फूल मालाओं व बिजली के झालरों से भव्य तरीके से सजाया गया था।

इस यात्रा में पंच प्यारे पैदल व पंच प्यारे घोड़े पर चल रहे थे। जबकि महिलाएं व पुरुष तथा युवक युवतियां गुरु वाणी शबद कीर्तन कर रही थी। इनमें स्कूली छात्राएं भी रहीं। शोभायात्रा में युवतियां सड़क पर झाड़ू लगा कर सफाई भी कर रही थीं। इस अवसर पर विभिन्न करतब भी दिखाये गये। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई पुन: गुरुद्वारा जाकर समाप्त हुई।

## वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0)
79000/inc.GST


चांदी (99.50)
89950/- प्रति किलो


चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी



# कोहरे ने डाला डेरा, सुबह दृश्यता रही बाधित

**बदला मौसम**

### पछुआ हवा से कोहरा उतरा वाहनों की रफ्तार हुई धीमी

### कहीं-कहीं पर हल्की बूंदाबादी भी हुई

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** मौसम का मिजाज अभी भी उसी तरह बदला हुआ है। पिछले तीन दिनों से मौसम एकदम बदला हुआ है। दो दिन पूर्व बारिश भी हुई। इससे मौसम और भी बदल गया।

बारिश के चलते ठंड में थोड़ा और भी इजाफा हो गया। हालांकि अभी ठंड इतनी नहीं हुई है कि लोग ठिठुरन से घर से भी बाहर नहीं निकल सकें। फिलहाल लोग अभी उस भीषण ठंड का इंतजार कर रहे हैं।


बादलों के बीच अठखेलियां करता सूर्य

रविवार को दिन भर बदली छायी रही। सुबह भारी कोहरा छाया रहा। कोहरे के चलते जीटी रोड व हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई थी। चालक वाहनों को लेकर बहुत ही धीमी गति से संभालते हुए ले जा रहे थे। आज कहीं कहीं हल्की बारिश भी हुई लेकिन यह बारिश उतनी तेज नहीं थी। रविवार की सुबह घना कोहरा होने से टहलने वाले लोग ज्यादा दूर तक नहीं देख पा रहे थे। चाय की दुकानों पर ज्यादा भीड़ दिखी। सड़कों और हाइवे पर भारी वाहनों की रफ्तार थम गई थी। बनारस में रविवार की सुबह घना कोहरा दिखाई दिया। सुबह उठते ही लोगों को चारों ओर कोहरे की सफेद चादर दिखी। कोहरा इतना अधिक था कि टहलने निकले लोग ज्यादा दूर तक नहीं देख पा रहे थे।


दशाश्वमेधघाट पर कोहरे ने सबकुछ बाधित किया

इस कारण चाय की दुकान पर ही समय बिताया गया। एक दिन पहले यानी शनिवार को ही जिले में बारिश हुई थी। रूक-रूक कर करीब आधे घंटे तक बारिश के बाद कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो रही थी। शाम होते ही घना कोहरा दिखने लगा था। ग्रामीण इलाकों में इसका असर ज्यादा दिखा। बतादें कि कुछ दिन पहले ही मौसम विभाग ने यूपी के लिए अलर्ट भी जारी किया था। वहीं, हल्की हवाएं भी ठंड में इजाफा कर रही थीं। हाइवे और सड़कों पर छोटे-बड़े सभी वाहन सुबह भी लाइट जलाकर चल रहे थे। डिपर और इंडिकेटर का उपयोग कर पास मांगे जा रहे थे। दिसंबर के अंत में ऐसा मौसम देखकर वाराणसी आए पर्यटकों की भीड़ भी गंगा घाटों पर नजर आई। नौकायन का लुत्फ उठाया। अस्सी, नमो और दशाश्वमेध घाट के साथ अन्य स्थानों पर युवा मौज-मस्ती करते दिखे। विज्ञानियों ने दो-तीन तक इसी तरह मौसम का अंदेशा जताया है। वहीं, घरों में बच्चों और बुजुर्गों का खास ख्याल रखा जा रहा है।

मौसम में पिछले तीन-चार दिन से तेजी से उलटफेर देखने को मिल रहा है। शहर में लोहता, चांदपुर, सारनाथ, पांडेयपुर के साथ ही ग्रामीण इलाकों में रोहनिया, चोलापुर, चिरईगांव, आराजीलाइन सहित अन्य जगहों पर कोहरा छाया रहा।

## दृश्यता हुई कम तो आसमान में चक्कर काटते रहे विमान

**बाबतपुर।** वाराणसी के लालबहादुर शास्त्री अंतरास्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुबह के समय दृश्यता सामान्य से काफी कम हो गई। जिसके चलते हैदराबाद और बेंगलुरु से वाराणसी पहुंचे दो विमान रनवे पर न उतरकर आसमान में ही चक्कर लगाते रहे। दोनों विमान अपने निर्धारित समय की अपेक्षा करीब एक घण्टे देर से हवाई अड्डे के रनवे पर कुशलता पूर्वक उतारे गये। जानकारी के अनुसार बदले मौसम के चलते रविवार को धुंध कोहरा आसमान में छाया रहा। ऐसे में सुबह हवाई अड्डे के रनवे पर दृश्यता सामान्य से काफी कम हो गयी। हैदराबाद से निर्धारित समय पर उड़ान भरकर अकाशा एयर लाइन विमान संख्या क्यू पी 1633 सुबह 10 बजे वाराणसी हवाई परिक्षेत्र में पहुचा रनवे पर दृश्यता कम होने की वजह से विमान रनवे पर न उतरकर हवा में चक्कर लगाने लगा।वही दूसरा विमान क्यू पी 1421 बेंगलुरु से उड़ान भरकर वाराणसी हवाई परिक्षेत्र में पहुंचकर रनवे की बजाय आसमान में चक्कर काटता रहा। करीब एक घण्टे हवा में चक्कर काटने के बाद दोनो विमान दृश्यता सामान्य हो जाने के बाद क्रमशः सुबह 11 बजे सकुशल रनवे पर उतरा तब जाके विमान यात्रियों ने राहत की सांस ली। दृश्यता कम होने की वजह से दिन भर विमानों का आवागमन प्रभावित रहा। इंडिगो एयर लाइन हैदराबाद से वाराणसी व बेंगलुरु 1घण्टे 10 मिनट देरी से हवाई अड्डे पर पहुचे वही एयरइंडिया एआई2457 मुम्बई से वाराणसी भी अपने निर्धारित समय के अनुसार एक घण्टे देरी से हवाई अड्डे पर पहुचा। विमान के अपने निर्धारित समय पर उड़ान न भरने व नियत समय पर न पहुच पाने की वजह से यात्री काफी परेशान रहे।

# सड़क चौड़ीकरण के लिए गरजा बुलडोजर

**मंडुवाडीह चौराहा**

### पीडब्ल्यूडी की निगरानी में कई मकान व दुकान जमींदोज

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** मंडुवाडीह चौराहे पर रविवार की सुबह लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सड़क चौड़ीकरण की खातिर बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। अभियान के तहत विभाग की दो जेसीबी मशीनों ने अवैध रूप से बनाए गए कई मकानों और दुकानों को जमींदोज किया।

पीडब्ल्यूडी की टीम ने बताया कि यह अभियान चौराहे के दक्षिणी हिस्से तक चलेगा। जिन भवन स्वामियों को मुआवजा दिया जा चुका है, लेकिन उन्होंने अब तक अपना निर्माण नहीं हटाया है, उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई। सुरक्षा कारणों से पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई थी।



कार्रवाई के दौरान किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। चौराहे के उत्तर से जेसीबी मशीनों ने अतिक्रमण हटाने की शुरूआत की।

कई मकान और दुकानें, जो सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रही थीं, उन्हें गिरा दिया गया। इस दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने समझा कर मामला शांत करवाया।

रविवार होने के कारण इलाके में यातायात का दबाव कम था, लेकिन कुछ समय के लिए मामूली जाम की स्थिति बनी रही। इस कार्रवाई में लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता जितेंद्र सिंह, पवन त्रिपाठी, संजयनारायण व हेमंत सिंह के अलावा मंडुवाडीह थाना प्रभारी भरत उपाध्याय, मड़ौली चौकी इंचार्ज राहुल सिंह, लहरतारा चौकी प्रभारी पवन यादव, और लोहता व रोहनिया थानों की पुलिस बल काफी संख्या में मौजूद रही।

# पांच सेक्टरों में बांटा गया विश्वनाथ धाम

**वाराणसी।** नये साल में काशी विश्वनाथ धाम मंदिर में दर्शन करने को लेकर पर्यटकों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। इसके मद्देनजर मंदिर प्रबंधन और जिला प्रशासन के लोगों ने सुरक्षा व सुविधा के तैयारी कर ली है। मंदिर के आसपास यातायात व्यवस्था पर विशेष रूप से ध्यान देने के लिए कहा गया है। नए साल में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए श्री काशी विश्वनाथ धाम परिक्षेत्र को पांच सेक्टर में बांटा गया है। 45 ड्यूटी पॉइंट भी बनाए गए हैं। ड्यूटी पॉइंट पर तैनात पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं की सहूलियत का भी ध्यान रखेंगे। डीसीपी काशी जोन गौरव बंसवाल ने बताया कि कालभैरव मंदिर के इर्द-गिर्द 11 ड्यूटी पॉइंट बनाए गए हैं। संकटमोचन मंदिर के आसपास आठ ड्यूटी पॉइंट्स बने हैं। अस्सी घाट पर अस्सी चौकी और बीएचयू कैंपस स्थित विश्वनाथ मंदिर पर लंका थाने की पुलिस तैनात रहेगी। गंगा के आसपास जल पुलिस, पीएसी, बाढ़ राहत दल और 11 एनडीआरएफ के जवान तैनात रहेंगे। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए शहर में 12 क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) तैनात रहेंगी।

**दर्शन के मद्देनजर व्यवस्था**

### 45 ड्यूटी प्वाइंट बनाये गये लोगों की भारी भीड़ उमड़ी

डीसीपी काशी जोन ने बताया कि प्रमुख मंदिरों, गंगा घाटों और पर्यटन स्थलों की ओर वाहन न जाने पाएं, इसके लिए 36 स्थानों पर बैरियर लगाए जाएंगे। सभी एसीपी, थानाध्यक्षों और चौकी प्रभारियों को भीड़ प्रबंधन की जानकारी दी गई है। यातायात व्यवस्था पर विशेष रूप से ध्यान देने के लिए कहा गया है। किसी भी सूरत में कहीं जाम न लगने पाए, इसके लिए पुलिस अतिरिक्त सतर्कता बरतेगी। नव वर्ष के पहले दिन छावनी क्षेत्र और सारनाथ में भी सैलानियों की सुरक्षा और निगरानी के मद्देनजर विशेष प्रबंध रहेंगे। कालभैरव मंदिर में दर्शन के लिए 3 किलोमीटर लंबी लाइन लग रही है। काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शनार्थियों की लंबी कतार लगी रही। लगातार 13 घंटे तक दर्शन-पूजन चलते रहे। वहीं, मंदिर प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, शयन आरती तक सवा तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा दरबार में दर्शन किए। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और बाबा कालभैरव के दरबार में शनिवार को भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कालभैरव मंदिर में रविवार को श्रद्धालुओं का दबाव इतना बढ़ा कि गली में तीन लाइन में श्रद्धालु कतारबद्ध हो गए। इसका अंतिम छोर बीवीहटिया, राजमंदिर और जतनबर के आगे तक रहा। इसकी वजह से स्थानीय निवासी घरों में ही रह गए। घरों से वाहन तक नहीं निकाले जा सके।

इस कारण स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में कई बाहर बहस भी हुई। वहीं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में मंगला आरती के बाद से ही आम श्रद्धालुओं ने बाबा के झांकी दर्शन शुरू कर दिए थे। श्रद्धालुओं की कतार गोदौलिया से आगे तक लगी और देर शाम तक बस श्रद्धालु इसमें जुड़ते रहे। शाम को छह बजे के बाद तक श्रद्धालुओं की कतार बांसफाटक के आगे तक लगी रही।

### विश्वनाथ धाम में आरती, दर्शन, रुद्राभिषेक की बुकिंग 27 जनवरी तक फुल

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को बाबा की चारों प्रहर की आरती, रुद्राभिषेक और सुगम दर्शन के लिए मशक्कत करनी पड़ेगी। बाबा की सभी आरती और रुद्राभिषेक की बुकिंग 27 जनवरी तक फुल हो चुकी है। सुगम दर्शन के टिकट के स्लॉट भी चार जनवरी तक ऑनलाइन बुक हो गए हैं। विश्वनाथ धाम बनने के बाद यह पहला मौका होगा, जब चारों प्रहर की आरती, सुगम दर्शन और रुद्राभिषेक की बुकिंग महीने भर के लिए फुल हुई है। 31 दिसंबर से दो जनवरी तक सभी टिकटों की बुकिंग पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। बाबा विश्वनाथ की मंगला आरती, मध्याह्न भोग आरती, सप्तर्षि आरती और शृंगार भोग आरती के ऑनलाइन टिकट भी नहीं मिल रहे हैं। अभिषेक और सुगम दर्शन के टिकटों की बुकिंग भी बंद हो गई है। श्री काशी विश्वनाथ धाम में दिसंबर के अंतिम सप्ताह में श्रद्धालुओं की भीड़ का दबाव अचानक बढ़ा है। 21 दिसंबर को धाम में 1.80 लाख, 22 दिसंबर को दो लाख से अधिक, 23 दिसंबर को डेढ़ लाख, 24 दिसंबर को 1.75 लाख और 25 दिसंबर को 1.90 लाख, 26 को ढाई लाख से अधिक और 27 को 2.70 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। वर्ष के अंतिम दिन और नए साल पर श्रद्धालुओं की संख्या छह से सात लाख होने का अनुमान है। काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी-विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि नए वर्ष पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए 31 दिसंबर से दो जनवरी तक कोई भी टिकट बुक नहीं होंगे।

# नाचेंगे-गायेंगे-झूमेंगे-मौज मनायेंगे... और क्या!

## रिसार्ट, होटलों, रेस्टोरेंटों, गेस्ट हाउसों में ही नही, घरों में भी चल रही जश्न की तैयारी







**जितेंद्र श्रीवास्तव**

**वाराणसी।** अलविदा-2024 और सुस्वागतम्-2025। नये साल के आगमन के स्वागत की तैयारियों को लेकर युवाओं का मन कुलाचे भरने लगा हैं। हो भी क्यों न, नववर्ष के स्वागत को लेकर युवाओं में तो खासा उत्साह देखते ही बनता है। रिसार्ट, होटलों, रेस्टोरेंटों, गेस्ट हाउसों, क्लबों में जहां नववर्ष के स्वागत की जोर-शोर से तैयारी चल रही है। एडवांस बुकिंग हो चुकी है तो वहीं लोग भी अपने-अपने तरीके से नववर्ष की तैयारी करने में जुटे हुए हैं। नववर्ष के शुभारंभ के साथ युवाओं ने जहां संकल्प लेकर आगे बढ़ने की तमन्ना पाले हुए हैं, तो वहीं कुछ इसे यादगार पल बनाना चाहते हैं। हालांकि तमाम युवा अपने परिवार के साथ नये साल का जश्न मनाने की तैयारी कर रहे हैं तो कुछ दोस्तों के साथ। युवाओं का कहना है कि दोस्तों के साथ नाचेंगे-गायेंगे-झूमेंगे और मौज-मस्ती के बीच नये साल का जश्न तो मनायेंगे। साथ ही नये साल के विहान पर मंदिरों में जाकर परिवार, समाज और देश के खुशहाली के लिए दुआएं भी मागेंगे।

वैसे भी काशी अपने फक्कड़पन के चलते दुनिया भर में मशहूर है। इसी फक्कड़पन के बीच नये साल का स्वागत होगा और जोरदार तरीके से होगा, जिसे समूची दुनिया देखेगी। नववर्ष का स्वागत लोग सितारा होटलों, रिसार्ट, रेस्टोरेंटों, गेस्ट हाउसों, मॉल्स, क्लब ही नहीं नमो घाट, दशाश्वमेध घाट, सारनाथ, रविदास पार्क के अलावा अपने-अपने घरों में मौजमस्ती के बीच करेंगे।

**ऐसे होगा नववर्ष का स्वागत**

### हर जगह मदहोशी भरी महफिल होगी तो कहीं डिस्कोथेक पर कपल्स का दिखेगा जलवा

### देश, समाज और परिवार की खुशहाली के लिए इस दिन देवालयों में उमड़ती है काफी भीड़

कहीं मदहोशी भरा नृत्य होगा तो कहीं डिस्कोथेक की चकाचौंध रोशनी में कपल्स गायेंगे-नाचेंगे-झूमेंगे। इस बार भी डीजे पर रोक लगने के कारण शोर-शराबा तो नहीं होगा, लेकिन मस्ती तो मस्ती है और यह मस्ती छलक कर रहेगी। गंगा घाट के किनारे स्थित गेस्ट हाउस हो या फिर सारनाथ, रामनगर, बाबतपुर आदि इलाकों में बसे फार्म हाउस और रिसार्ट। सभी जगह नये साल के जश्न की तैयारियां पूरी हो चुकी है। आपके दिल में नये साल का जश्न मनाने की तमन्ना है। होटल-रेस्टोरेंट-गेस्ट हाउस बुक हो चुके हैं, तो तनिक भी परेशान होने की जरुरत नहीं है। आपके ही आसपास यानी बनारस, चंदौली, मीरजापुर में कई रमणीक पर्यटक स्थल है। जहां आप दोस्तों या परिवार के साथ 31 दिसम्बर की शाम या पहली जनवरी को सैर कर पिकनिक मनाते अथवा घूमते हुए नववर्ष का यादगार स्वागत कर सकते हैं।



### शोर-शराबा नहीं, सादगी के साथ मनायेंगे नया साल

एक कंपनी में कार्यरत सुमन, सुमित का कहना है कि नए साल का स्वागत अपने परिवार के साथ ही करता हूं। सभी लोग एक साथ नववर्ष मनाते हैं। परिवार के सदस्य नववर्ष को यादगार पल बनाने के लिए 31 दिसम्बर को पूरी रात जागते हैं। परिवार के सीनियर सदस्य कहते हैं कि नए साल का स्वागत पूरे मन से करना चाहिए ताकि पूरे साल किसी तरह की कोई समस्या न आए और पूरा साल अच्छे से हंसते-खेलते बीते। हम लोग ज्यादा शोर शराबा में विश्वास नहीं करते हैं, बस सादगी के साथ नया साल मनाते हैं।

### डांस पार्टी में होगा धूम-धड़ाका

ग्रेजुएशन कर रहे प्रिंस, आतिशी, सुनयना, धीरज आदि कहते हैं कि इस बार हम लोग नया साल अपने दोस्तों के साथ मनायेंगे। सभी लोग एकत्रित होकर किसी एक दोस्त के घर पर डांस पार्टी करेंगे। हम सभी नए साल का स्वागत धूम-धड़ाके से करते हैं। खूब सारा खाने-पीने की चीजें लेकर आते हैं। 31 दिसम्बर की रात 12 बजे केक काटते हैं और लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाते हैं।

### हैपी न्यू ईयर पर बढ़ा विदेशी फूलों का क्रेज

**वाराणसी।** नये साल के स्वागत की तैयारियों में विदेशी फूलों का क्रेज काफी बढ़ा है। हो भी क्यों न, मनपसंद विदेशी फूल जो स्थानीय बाजार में सर्वसुलभ है। बांग्लादेश, कनाडा, जर्मनी, हांगकांग, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, यूके, यूएसए आदि देशों के पसंदीदा फूल अभी से स्थानीय बाजार में नजर आने लगे हैं। तरह-तरह के फूलों के रेट अलग-अलग है। यदि आप ऑर्डर देकर घर पर मंगायेंगे तो डिलेवरी चार्ज अलग से देना होगा। फूल ही नहीं विदेशी केक भी आर्डर भी उपलब्ध हो जाते हैं। नये साल के स्वागत के लिए शहर के विभिन्न इलाकों में गिफ्ट ही नहीं फूलों की दुकानें देर रात तक सजी रहती है। फूलों के विक्रेताओं की माने तो सर्वाधिक डिमांड गुलाब की होती है। इसके अलावा डच रोज, आर्किड, रजनीगंधा, गुलदावदी, जेम आर्किड, बेंडा आर्किड, कार्नेशन, इंथोरियम, लिलीयम, बुके, बास्केट, हैंड बंच, बर्थ ऑफ पैराडाइज, ट्यूलिब, हैगिग हलकोनिया आदि की भी डिमांड निकलती है।

### इन रमणीक व तीर्थ स्थलों पर उमड़ती है भीड़

यकीन मानें, वो लम्हे आपको न सिर्फ नये साल के पूरे दिन तक याद रहेंगे बल्कि उससे जुड़ी सुनहरी यादें जिंदगी भर गुदगुदाती रहेगी। उन जगहों पर अपने-अपने वाहन या किराये की गाड़ियों से जा सकते हैं। वैसे तो इन पर्यटक स्थलों के बारे में आप सभी जानते ही होंगे फिर कुछ जानकारी हम भी आपको दे रहे हैं। बात वाराणसी की करें तो यहां गंगा पार रेती, नमो घाट के अलावा अन्य गंगा घाट के साथ ही बीएचयू विश्वनाथ मंदिर, श्री काशी विश्वनाथ धाम, संकटमोचन, सारनाथ, रामनगर, शूलटंकेश्वर मंदिर, कैथी स्थित मारकंडेय महादेव मंदिर, चंद्रावती तीर्थ, जगह-जगह खुले वाटर पार्क आदि ऐसे स्थान है, जहां आप नये साल का जश्न मना सकते हैं। इसके अलावा पड़ोसी जिले चंदौली के रामगढ़ में बाबा कीनाराम स्थल, चंद्रप्रभा वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी में राजदरी व देवदरी जलप्रपात और मीरजापुर के चुनार किला, लखनिया दरी, शक्तेषगढ़ में सिद्धनाथ दरी, लोअर खजुरी, विंढम फाल, विंध्यवासिनी देवी मंदिर संग अष्टभुजा मंदिर व काली खोह, टांडा फाल के साथ ही भदोही के सीतामढ़ी में नये बिहान का स्वागत कर सकते हैं। वैसे भी मौजमस्ती के मौके पर बनारसी दिल खोल कर खर्च करने से किसी से पीछे नहीं रहते। बनारसियों की इसी मस्ती की तो दुनिया कायल है। नये साल के स्वागत के लिए इन रमणीक व तीर्थ स्थलों पर भी लोगों की काफी भीड़ उमड़ती है।

# नए अभियान के साथ फॉक्सी ने लांच किया प्रोजेक्ट 'अधुना'

**कार्यशाला**

### सेमिनार में जुटे विशेषज्ञों ने कहा-फॉक्सी से मातृ शिशु मृत्यु दर में आई है कमी




**वाराणसी।** गर्भावस्था के दौरान देश भर में मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से साक्षी द्वारा लगातार किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के तहत एनीमिया मुक्त भारत की भी परिकल्पना साकार की जा रही है। इसी के तहत रविवार को पांडेयपुर स्थित एक होटल में फॉक्सी के नए प्रोजेक्ट 'अधुना' को लांच किया गया। देश में गायनेकोलोजिस्ट्स की सर्वोच्च संस्था फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एण्ड गायनेकोलोजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया ने प्रोजेक्ट अधुना का लॉन्च किया है। इस पहल का उद्देश्य भारत के चार राज्यों-उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, उड़ीसा में निजी स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रसव के दौरान देखभाल को सुदृढ़ बनाना है। मातृ एवं नवजात शिशु देखभाल के लिए साक्ष्य आधारित दृष्टिकोण के साथ चिकित्सा प्रथाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट 'अधुना' इन राज्यों के 29 चुनिंदा ज़िलों में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देगा।

इस पहल के तहत फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एण्ड गायनेकोलोजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया ने सीपीडी सत्रों के तहत आयोजित कार्यशाला में डॉक्टरों, नर्सों एवं पैरामेडिक्स स्टाफ ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया और अधुना प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी ली। ये सत्र निजी स्वास्थ्य सुविधाओं की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, जिन्हें चिकित्सकीय सुविधाओं में तुरंत लागू किया जा सकता है। ये सीपीडी सत्र डॉक्टरों को मातृ एवं नवजात शिशु देखभाल के लिए नवीनतम नवाचारों, साक्ष्य-आधारित उपायों, कौशल और मुख्य क्षमताओं के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं, ऐसे में यह स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता को बढ़ाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है। प्रोजेक्ट के विस्तृत दृष्टिकोण पर बात करते हुए फेडरेशन के प्रेजीडेन्ट एवं अधुना के प्रोजेक्ट लीड डॉ. जयदीप टैंक ने कहा, प्रॉस्टि अधुना फॉक्सी की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो व्यावहारिक नवाचारों और साक्ष्य-आधारित प्रथाओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ, उच्च गुणवत्ता वाली मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को हर क्षेत्र में समान रूप से उपलब्ध कराने के लिए समर्पित है।

वाराणसी ऑब्स्टेट्रिक्स और गायनेकोलॉजिकल सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. संगीता राय और सचिव डॉ. इशिता अवस्थी के नेतृत्व में, साथ ही उत्तर प्रदेश की परियोजना राज्य समन्वयक डॉ. ऋतु खन्ना के अमूल्य सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यशाला में आयोजित सत्रों के दौरान कई महत्वपूर्ण पहलुओं को कवर किया गया। जैसे इंटरावीनस फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज के इस्तेमाल से मातृ एनीमिया का प्रबन्धन, पोस्टपार्टम हेमरेज के प्रबन्धन के लिए ई-मोटिव बंडल से साक्ष्य जुटाना तथा प्रसव के तीसरे चरण का सक्रिय प्रबन्धन। इस अवसर पर महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य, स्तनपान और माताओं की सम्मानजनक देखभाल से जुड़ी अच्छी प्रथाओं पर स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ चर्चा एवं विचार-विमर्श भी किया गया।


परख सच की
जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी की उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवायें

उपकार हॉस्पिटल
टाटा कैंसर मुम्बई एवं एम्स न्यू दिल्ली के अनुभवी कैंसर सर्जन
पूर्वांचल के एकमात्र लैप्रोस्कोपिक आंको सर्जन
डॉ. स्वप्निल पटेल
एम.एस. (सर्जरी) एम्स दिल्ली (गोल्ड मेडलिस्ट)
एम.सी.एच. (आंको सर्जरी) टाटा कैंसर हॉस्पिटल, मुम्बई
पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर, महामना कैंसर हॉस्पिटल
कैंसर का सम्पूर्ण ईलाज
मुख कैंसर | बच्चेदानी कैंसर | ब्रेस्ट कैंसर | लिवर कैंसर | प्रोस्टेट कैंसर | पित्ताशय कैंसर | आंत कैंसर | गले का कैंसर
बी.एच.यू. रोड सुन्दरपुर, वाराणसी 8787075907

स्वामी हरशंकरानन्द जी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
ओ0 पी0 डी0 मात्र 20 रुपये में
स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा सुविधा
• श्वांस एवं टी.बी. रोग विभाग • आर्थोपेडिक सर्जरी (हड्डी रोग विभाग)
• दंत रोग विभाग • आँख रोग विभाग • जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, कैंसर विभाग
• ई.एन.टी. (नाक, कान, गला रोग) विभाग • यूरोलॉजी विभाग • न्यूरो सर्जरी विभाग
• त्वचा रोग विभाग • गाइनीकोलॉजिकल सर्जरी (स्त्री रोग विभाग) • फिजियोथैरैपी विभाग
अत्याधुनिक आई.सी.यू., एन.आई.सी.यू. एवं डायलिसिस की आधुनिकतम व्यवस्था उपलब्ध
24/7 पैथोलॉजी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध
एन. 8/237, नेवादा, बी.एच.यू., डी.एल.डब्ल्यू रोड, सुन्दरपुर, वाराणसी Ph: 8090010892

# चार कॉलेजों में 550 अतिरिक्त सीटों पर होगा एडमिशन



### निष्क्रिय 20 केंद्रों में फिर से होगी पीएचडी, प्रोफेसर बनेंगे निदेशक

बीएचयू में बंद पड़े 20 से ज्यादा सेंटर एक्टिव होंगे। यहां पीएचडी होगी। सभी विभागों के प्रोफेसर शोध और अनुसंधान कराने के लिए शोध निदेशक बन सकते हैं। कला संकाय के डीन प्रो. माया शंकर पांडेय की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने सेंटरों को दोबारा चालू करने की रिपोर्ट सौंपी थी, जिसे कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने अंतिम एकेडमिक काउंसिल की बैठक में मंजूरी दे दी। काउंसिल के एजेंडे में इसे पहली बार रखा गया था। अब सभी सेंटरों में एडजंक्ट फैकल्टी फिर से नियुक्ति होगी।

पिछले साल ये व्यवस्था बंद कर दी गई थी। हालांकि ये पूरी रिपोर्ट भविष्य में बनने वाली नई एग्जीक्यूटिव काउंसिल में भी रखी जाएगी। वहीं से इस नियम को वैधता मिलेगी। हर एक सेंटर सभी 130 से ज्यादा विभागों के प्रोफेसरों और रिसर्च स्कॉलर्स के साथ अंतर इंटर डिसीप्लीनेरी प्रोजेक्ट के तहत सहयोग करेंगे। वे प्रोफेसर ही यहां पर एडमिशन लेने वाले रिसर्च छात्रों को एक साल तक पीएचडी कोर्स वर्क पूरा कराएंगे। प्रोफेसर के अंडर में शोध छात्र थीसिस जमा करेंगे। बीएचयू के सभी सेंटरों को चार कैटेगिरी में बांटा गया है।

**मिलेगा लाभ**

**2025-26 सत्र से मिलेगा प्रवेश, बीएचयू से 18 कोर्स के संचालन को मिली मंजूरी**

**वाराणसी।** बीएचयू के चारों कॉलेजों में अलग-अलग कोर्स के लिए अधिकतम 550 अतिरिक्त सीटें बढ़ाई गई हैं। अब तक चारों कॉलेजों में यूजी और पीजी कोर्स के लिए 3500 से ज्यादा सीटों पर प्रवेश होते थे।

सत्र 2025-26 से 4000 से ज्यादा सीटों पर प्रवेश मिल सकेगा। बीएचयू में तीन दिन पहले हुई एकेडमिक काउंसिल की बैठक में कुलपति की मौजूदगी में सीटों को बढ़ाने का फैसला लिया गया है। 18 कोर्स को मंजूरी दी गई। चारों कॉलेजों की ओर से बीएचयू को 33 कोर्स चालू करने का प्रस्ताव दिया गया था।

यूजी डिप्लोमा पार्ट टाइम कोर्स की तर्ज पर चलेगा। इसमें सिर्फ बीएचयू या कॉलेजों के ही पंजीकृत छात्र, छात्राएं प्रवेश ले सकते हैं। कॉलेजों की ओर से बढ़ी हुई सीटें अपडेट की जा रही हैं। इसी हिसाब से क्लासरूम और बाकी संसाधनों का इंतजाम किया जाएगा। चारों कॉलेजों के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. एनके मिश्रा की ओर से ये प्रस्ताव बीएचयू एकेडमिक काउंसिल में प्रस्तुत किया गया था।

सबसे ज्यादा 200 सीटें डीएवी कॉलेज के नाम आई हैं। इस कालेज में चार कोर्स शुरू होंगे। एक साल का कॉन्फ्लिक्ट मैनेजमेंट, जर्मन में दो वर्षीय डिप्लोमा, फ्रेंच में दो वर्षीय डिप्लोमा और जर्मन में एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स होगा। आर्य महिला में सबसे ज्यादा छह कोर्स में अधिकतम 180 सीटों पर प्रवेश ले सकेंगे। एमए-एजुकेशन, गायन, सितार में स्नातक, फ्रेंच, थिएटर और योग में दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स शामिल है। वसंत कन्या महाविद्यालय के चार कोर्स में 100 से ज्यादा सीटों पर प्रवेश होगा। फ्रेंच और जर्मन में दो वर्षीय पीजी डिप्लोमा, बीएफए और आठ सेमेस्टर का बीकॉम कोर्स शुरू होगा। वसंत कॉलेज फॉर वुमेन में चार कोर्स के लिए 100 सीटों पर प्रवेश होगा। पेंटिंग, गायन और सितार में स्नातक कोर्स शुरू होगा। एमकॉम में 40 सीटों पर प्रवेश होगा।

**संबद्ध कॉलेजों में बढ़ीं सीटें**

वसंता कॉलेज वुमेन में 100 सीट
डीएवी पीजी कॉलेज में 200 सीट
आर्य महिला पीजी में 170 सीट
वीकेएम में 100 से ज्यादा सीटें

# एआई फ्रेंडली होंगे बीएचयू के कर्मचारी

**तैयारी**

**विश्वविद्यालय परिसर में आसान होगा कामकाज कर्मचारियों को प्रशिक्षण में दी गई जानकारी**

**वाराणसी।** बीएचयू के कर्मचारियों को एआई फ्रेंडली बनाया जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ट्रेनिंग में चैट जीपीटी के जरिये कार्यालय की फाइल वाले कामकाज को आसानी से करने के लिए कार्यशाला हुई।

**वर्क स्मार्ट :** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/ चैट जीपीटी इन डेली ऑफिस ऑपरेशंस विषय पर कर्मचारियों की कार्य दक्षता को बढ़ाया गया। कर्मचारी विकास प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. एसके दुबे ने कहा कि एआई पर काम करने से कई समस्याएं स्वतः खत्म हो जाती हैं।

एक्सपर्ट राज कुमार सोनी ने भाषा मॉडल, छवि पहचान मॉडल और भाषण पहचान मॉडल के बारे में बताया। कहा कि ये वो टूल हैं, जो बोली गई भाषा को पाठ में बदलने में मदद करते हैं। प्रतिभागियों ने एआई के कई एप्लीकेशन को भी समझा। प्रशिक्षण सत्र में चैट जीपीटी के फीचर्स के बारे में भी बताया गया। चैट जीपीटी से ईमेल लिखना, डेटा को तालिकाओं में व्यवस्थित कर रिपोर्ट तैयार करना। इसके अलावा कठिन सवालों का जवाब देने के साथ ही भाषाओं का अनुवाद और तरह-तरह का कंटेंट तैयार करना। कर्मचारियों से चैट जीपीटी की मदद से व्यावहारिक काम भी करवाया गया। मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के उपयोग की जानकारी दी गई।

### आवासों के निर्माण में न करें देरी

**सेवापुरी।** आराजी लाइन विकास खंड के सांसद आदर्श ग्राम परमपुर में खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह यादव ने सीएसआर के तहत बन रहे आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने लाभार्थियों के आवास निर्माण को तेजी से गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत परमपुर में सीएसआर के तहत कुल 25 आवासों का निर्माण चल रहा है, इसमें से 22 आवासों का निमाण चल रहा है। शेष तीन आवासों का निर्माण भी जल्द शुरू कराने का उन्होंने ग्राम प्रधान व सचिव को निर्देश दिया। इसके बाद बीडीओ ने परमपुर में अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का भी मुआयना किया। वहां 52 गोवंश मिले।

## संक्षेप

### समूह की महिलाओं को दी जानकारी



**वाराणसी।** उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में सरायकाजी में आवासीय प्रशिक्षण में ग्राम संगठन के पदाधिकारियों को वित्तीय प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया। जिला मिशन प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका मिशन के तहत उपलब्ध कराए गए पैसों से अधिक से अधिक लेन-देन कर रोजगार बढ़ाने, पुस्तकों के रखरखाव, ऋण वसूली, ऋण वितरण से संबंधित जरूरी बातों को बताया गया। समूह की महिलाओं को अधिक से अधिक सशक्त बनाने व वित्तीय प्रबंधन की भी जानकारी दी गयी। इस दौरान धीरज श्रीवास्तव, संतोष आदि उपस्थित रहे।

### तकनीकी व गुणवत्ता जांच करेगी समिति

**वाराणसी।** प्रोजेक्ट अलंकार के तहत अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के मरम्मत, पुनर्निर्माण व अवस्थापना सुविधाओं के कार्यों की तकनीकी व गुणवत्ता जांच समिति से करायी जाएगी। जनपद में स्वीकृत 11 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में काम चल रहा है। दो विद्यालय प्रबंध समिति, तीन विद्यालय सिडको व चार विद्यालयों का निर्माण आरईएस कर रहा है। इसके लिए 40 प्रतिशत धनराशि भेजी जा चुकी है। सीडीओ ने कार्यों की नियमित निगरानी करने का निर्देश विद्यालय के प्रधानाध्यापक को दिया। उन्होंने कहा कि काम में किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करने की हिदायत दी।

### बीच वॉलीबॉल टीम का चयन ट्रायल दो जनवरी को

**वाराणसी।** उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल-2025 में प्रतिभाग करने के लिए क्वालीफाइट यूपी बीच वालीबॉल पुरुष टीम के चयन के लिए भारतीय ओलंपिक संघ के निर्देशानुसार यूपी ओलंपिक संघ व यूपी वालीबॉल एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में यूपी वालीबॉल एसोसिएशन के अवैतनिक सचिव सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि यह चयन ट्रायल दो जनवरी को सुबह 11 बजे बीएचयू के बीच वालीबॉल कोर्ट में होगा। चयन ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी एसोसिएशन के सचिव सुनील कुमार तिवारी के मोबाइल नंबर 9415075067 पर संपर्क कर सकते हैं।

### जीवन जीने की कला सिखाती है गीता

**वाराणसी।** शरीर क्षेत्र है और जो इस क्षेत्र को जानता है वह क्षेत्रज्ञ कहलाता है और सभी शरीरों में व्याप्त जीवात्मा परमात्मा ही तो है। यह विचार मालवीय भवन में रविवासरीय गीता प्रवचन में रविवार को तेरहवें अध्याय पर संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रामपूजन पांडेय ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि गीता जीवन जीने की कला सिखाती है। प्रवचन के प्रारंभ में संगीत संकाय के छात्रों द्वारा भजन की उपस्थापना की गयी। स्वागत सचिव प्रोफेसर उपेंद्र कुमार त्रिपाठी ने संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त सचिव प्रोफेसर शरदिंदु कुमार त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर प्रो. लता दुबे, प्रो. आरपी मालिक, डा. सत्यनारायण पांडेय सहित विश्वविद्यालय के अनेक आचार्य, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।

### रक्तदान कैम्प मे 71 रक्तवीरों ने रक्तदान किया

**पिंडरा।** अभ्युदय सेवा समिति, देवदूत हेल्पिंग हैंडस, बी काइंड इंडिया, सनातन ब्रह्म समाज के तत्वावधान मे रविवार को महारक्तदान कैम्प का आयोजन किया है। जिसका उद्घाटन एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा ने फीता काटकर किया। रक्तदान शिविर में जौनपुर, आजमगढ़, शाहगंज, बनारस के 71 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि पिंडरा एसडीएम प्रतिभा मिश्रा ने रक्तवीरों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी रक्तदान करने वालों को लैपटॉप बैग का उपहार दिया। विशिष्ट अतिथि जिलाउपाध्यक्ष पवन सिंह के साथ इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार सिंह रहे। इस दौरान डॉ रंगनाथ दुबे,बी काइंड इंडिया के संस्थापक नारायण सिंह , देवदूत हेल्पिंग हैंडस संस्थापक दुर्गेश सिंह ,सनातन ब्रह्म समाज के संस्थापक विपिन पाण्डेय ,तहसीलदार विकास कुमार पाण्डेय, नायब तहसीलदार राधेश्याम यादव,विशाल गुप्ता, अनुपम सिंह, अमिताभ दुबे, सुनिल पाल रमेश सिंह रामा, बलवंत सिंह,गौरव सिंह, मनोज सिंह, गौरव पाण्डेय समेत अनेक गणमान्य लोग रहे।

# बाल देखरेख संस्थानों में कौशल विकास की ट्रेनिंग

**व्यवस्था**

**बालकों का बैच बनाकर दिया जाएगा प्रशिक्षण**

**सप्ताह में तीन दिन लगाया जाएगा योग शिविर**

**वाराणसी।** महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित बाल देखरेख संस्थाओं में कौशल विकास की भी व्यवस्था की जाएगी। संस्थाओं में रहने वाले बालकों को अच्छी शिक्षा देने और कौशल विकास से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण के लिए बालकों का बैच बनाकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। सीडीओ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों संग बैठक कर जरूरी निर्देश दिया।

सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि बाल देखरेख संस्थाओं में आवासित बालक, बालिकाओं को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। ऐसे बालकों का नियमित मूल्यांकन शिक्षा विभाग से कराया जाएगा। खाद्य एवं प्रसंस्करण विभाग से प्रत्येक छह माह पर नियमित प्रशिक्षण आयोजित कराने और आयुष विभाग को सप्ताह में तीन दिन योग शिविर लगाने का निर्देश दिया गया है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग के माध्यम से फाइन आर्ट्स के शिक्षक को सप्ताह में तीन दिन भेजकर बच्चों को प्रशिक्षित किया जाएगा। संस्था में रहने वाले बालकों का प्रवेश आश्रम पद्धति विद्यालय, अटल आवासीय विद्यालय में कराने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया गया। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधाकर शरण पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, संरक्षण अधिकारी, प्रभारी खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र, उप्र स्किल डेवलपमेंट मिशन के जिला समन्वयक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक, क्षेत्रीय आयुष यूनानी अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों ने खूब लगाए चौके, छक्के

**खेला मैच**

**दो दिनी दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू**

**पहले दिन पश्चिम बंगाल ने यूपी, बिहार को हराया**



**वाराणसी।** दिव्यांगों ने बैट और बॉल से मैदान में ऐसा प्रदर्शन किया कि देखने वाले का भी जोरदार मनोरंजन हुआ। दिव्यांगों के क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को जय नारायण इंटर कॉलेज, के मैदान पर उद्घाटन हुआ। पहले दिन खेले गए दोनों मैच पश्चिम बंगाल की टीम ने जीते। उत्तर प्रदेश और बिहार की टीम को हार का सामना करना पड़ा।

पहला मैच उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बीच खेला गया। पश्चिम बंगाल ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शानदार बल्लेबाजी करते हुए पश्चिम बंगाल की टीम ने 161 रन बनाए। इसमें महेश ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए सात चौके व दो छक्के की मदद से 29 बाल पर सर्वाधिक 53 रन बनाए। उत्तर प्रदेश की ओर से विशाल ने चार ओवर में 31 रन देकर चार विकेट लिए। जवाब में उतरी उत्तर प्रदेश की टीम शुरू में ही लड़खड़ा गई। शुरूआती दो ओवर में ही उनके दोनों सलामी बल्लेबाज पैवेलियन लौट गए। उत्तर प्रदेश की ओर से रमेश पाल ने 12 बाल खेल कर 12 रनों का योगदान दिया। उन्हें छोड़कर अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सकें। पश्चिम बंगाल की ओर से प्रनव ने चार ओवर में 13 रन देकर 6 विकेट लिया। प्रनव को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। पश्चिम बंगाल की टीम ने बैटिंग, बॉलिंग के साथ ही फील्डिंग में भी अच्छा प्रदर्शन किया। दूसरा मैच बिहार वपश्चिम बंगाल के बीच खेला गया जिसमें पश्चिम बंगाल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। पश्चिम बंगाल की टीम ने 20 ओवर में कुल 170 रन बनाए। इसमें अनिकेत ने पांच चौके व दो छक्के की मदद से 32 बाल खेल कर 52 रन बनाए। बिहार की ओर से गेंदबाजी करते हुए सुमित ने 11 रन खर्च कर तीन विकेट लिए। बिहार की टीम जवाब में बल्लेबाजी करते हुए 82 रन पर ऑल आउट हो गई। बिहार की टीम की ओर से राजीव ने पांच चौके की मदद से सर्वाधिक 23 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच पश्चिम बंगाल के अनिकेत रहे। मैच के दौरान दर्शक लगातार खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। कमेंट्री अमूल्य उपाध्याय व आशीष सेठ ने किया। उद्घाटन के दौरान श्रीकांत मिश्र, अर्चक श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, केशव जालान, अनिल शास्त्री, अशोक चौरसिया, डॉ उत्तम ओझा, डॉ तुलसी, डॉ मनोज तिवारी, अजय दुबे, विशाल सिंह, रितिका दुबे, सुबोध राय, अभिजीत विश्वास आदि उपस्थित रहे।

# वाराणसी महिला हैंडबॉल टीम प्रदेश चैंपियन

**स्पोर्ट्स**

**प्रादेशिक बालिका हैंडबाल प्रतियोगिता के फाइनल में अयोध्या मंडल को दी शिकस्त**



**वाराणसी।** वाराणसी मंडल की बालिकाओं ने रविवार को खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित प्रादेशिक बालिका हैंडबाल प्रतियोगिता के फाइनल में रोमांचकारी मुकाबले में अयोध्या मंडल को 23-22 गोल से हराकर चैंपियन का खिताब जीत लिया।

बाराबंकी के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में वाराणसी की टीम ने बाएं छोर से राष्ट्रीय खिलाड़ी रेशमा यादव और नैना यादव की अगुवाई में आक्रमण की शुरूआत की। अयोध्या की डिफेंस लाइन ने शानदार बचाव किया। हाफ टाइम से पहले अयोध्या ने काउंटर अटैक किया। वाराणसी की गोलकीपर उषा प्रजापति ने शानदार बचाव कर खतरा टाला, लेकिन अयोध्या को बढ़त लेने से रोक नहीं सकी। हाफ टाइम तक स्कोर अयोध्या के पक्ष में 10-8 रहा।

दूसरे हाफ में वाराणसी की टीम ने रणनीति में बदलाव किया। साइड पास और लांग पास के सहारे अयोध्या के गोलमुख पर हमले किए। राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रीति यादव, शिवांगी पांडेय और सताक्षी पटेल की तिकड़ी ने अयोध्या की डिफेंस लाइन को भेदते हुए आक्रमण की झड़ी लगा दी। मैच समाप्त होने से दो मिनट पहले स्कोर 21-21 था। तभी रेशमा यादव ने दो गोल कर स्कोर 23-22 कर दिया और वाराणसी को प्रदेश का चैंपियन बना दिया। वाराणसी की तरफ से रेशमा यादव और नैना यादव ने पांच-पांच, प्रीति यादव ने चार, सुमन यादव, शिवांगी पांडेय व सताक्षी पटेल ने तीन-तीन गोल किए। वाराणसी मंडल की टीम में विकास इंटर कॉलेज की 10 छात्राएं शामिल थीं। उत्तर प्रदेश चैंपियन बनने पर उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष डा एके सिंह, आरएसओ विमला सिंह और जिला हैंडबाल संघ के सचिव शम्स तबरेज शंपू ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# पांच में चार मुकाबले बराबरी पर छूटे

**पुरुष राज्यस्तरीय फुटबॉल**

**डॉ. भीमराव आंबेडकर क्रीड़ा संकुल में क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ**



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश खेल विभाग व क्षेत्रीय खेल कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में सीनियर पुरुष राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को बड़ा लालपुर स्थित डा. भीमराव आंबेडकर क्रीड़ा संकुल में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन वाराणसी मंडल की क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन पहला मैच गोरखपुर और लखनऊ के बीच खेला गया, जो एक-एक गोल से बराबरी पर रहा। दूसरा मैच सहारनपुर और मुरादाबाद के बीच खेला गया, जो दो-दो गोल से बराबरी पर रहा। तीसरा मैच आगरा और अलीगढ़ के बीच दो-दो गोल से बराबरी पर रहा। चौथे मैच में मेरठ ने देवीपाटन की टीम को एक गोल से हराया।

पांचवा मैच आजमगढ़ और कानपुर के बीच एक-एक गोल की बराबरी पर रहा। कार्यक्रम का संचालन फुटबॉल के सहायक प्रशिक्षक इरशाद अहमद द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन स्विमिंग प्रशिक्षक कन्हाई चंद्र तलापात्रा द्वारा किया गया।

निर्णायक की भूमिका विनोद कनौजिया वाराणसी, देबुजीत यादव कानपुर, संजय पटेल वाराणसी, गणेश प्रसाद वाराणसी प्रदीप कुमार कानपुर,अतुल कुमार वाराणसी, अजय कुमार यादव वाराणसी, रमेश जैसल वाराणसी, सर्वेश कुमार सिंह गाजीपुर, सनी कनौजिया वाराणसी आदि निभाई। इस मौके पर उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ की तरफ से प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक राना अनवर, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक शम्सी राजा, उपक्रीड़ा अधिकारी मंजूर आलम अंसारी, उपक्रीड़ा अधिकारी अकरम मोहम्मद एवं सभी खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# ड्रोन से छिड़का जा रहा कीटनाशक

**योजना**

**ड्रोन दीदी योजना के तहत खरीदे जाएंगे चार नए ड्रोन**

**छिड़काव का क्षेत्रफल बढ़ाने का होगा प्रयास**

**वाराणसी।** जिले में नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत चार नए ड्रोन की खरीद की जाएगी। जनपद में नौ नमो ड्रोन दीदी हैं जिसमें इफको ने चार तथा हिंदुस्तान उर्वरक राशन ने पांच ड्रोन निशुल्क दिया गया है। ड्रोन से नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, कीटनाशक का छिड़काव किया जा रहा है।

सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि ड्रोन दीदी योजना काफी कारगर है। ड्रोन के जरिए कृषि क्षेत्र में मदद मिल रही है। इससे किसानों का काम आसान हो रहा है।

ड्रोन से कीटनाशकों के छिड़काव का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए पोस्टर, लिफलेट बांटने के साथ ही ई- व्हीकल आदि की उपलब्धता कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि सहकारी समिति, उर्वरक के गोदामों से ड्रोन सखी को जोड़ा जाएगा। जनपद को प्रथम चरण मे स्वयं सहायता समूह के पात्र सदस्यों को चार नये ड्रोन के क्रय के लिए नोडल संकुल स्तरीय संगठन का चयन किया है। सीडीओ ने बताया कि ड्रोन दीदी योजना को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी निर्देश दिया गया है। ड्रोन दीदी के कामकाज से संबंधित समस्याओं को भी प्राथमिकता पर दूर करने और उन्हें पूरी क्षमता से काम करने का माहौल दिया जाएगा।

# छायाचित्र प्रदर्शनी में दिखा फोटोग्राफरों का हुनर

**प्रतिभा**

**बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में फोटोत्सव 4.0 व ओबीएससी यूआरए छाया चित्र प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन**



**वाराणसी।** फोटोग्राफर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश वाराणसी जोन द्वारा आयोजित फोटोत्सव 4.0 व ओबीएससीयूआरए छाया चित्र प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन काशी हिंदू विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के छात्र अधिष्ठाता प्रो. अनुपम कुमार नेमा, फोटोग्राफर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा व दृश्यकला विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मनीष अरोड़ा ने दीप जलाकर व फीता खोलकर किया। मुख्य अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्रम् एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया।

इसके पश्चात मुख्य अतिथियों ने फोटोत्सव में लगे सभी स्टालों पर विजिट करने के साथ-साथ स्टालों पर लगी फोटोग्राफी से संबंधित सभी सामान की तकनीकी जानकारी भी प्राप्त की। फोटोत्सव में कैमरा, प्रिंटर, क्रेन, ड्रोन, एलबम, सब लेमिनेशन, साफ्टवेयर फोटो गुड्स एवं मुफ्त कैमरा सर्विस के स्टाल लगाए गए हैं। विजिटरों को फेयर में आने-जाने के लिए विश्वविद्यालय के सिंह द्वारा से स्वतंत्रता भवन तक फ्री शटल बस सेवा की व्यवस्था की गयी है। इस अवसर पर ओबीएससीयूआरए फोटोग्राफी क्लब काशी हिंदू विश्वविद्यालय द्वारा 100 से अधिक छायाचित्रों की प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी में पिछले दो वर्ष के दौरान 20 से ज्यादा फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। फोटो प्रदर्शनी का आयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर कृष्णा सिंह व अन्य छात्रों के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर फोटोग्राफर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के फोटोग्राफरों के साथ बीएचयू के सैकड़ों छात्र मौजूद थे। मेले में भदोही, मिजार्पुर, गाजीपुर, आजमगढ़, प्रयागराज, लखनऊ, सासाराम, डेहरी आन सोन आदि जगहों से फोटोग्राफर्स ने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया।आयोजन टीम के गणेश शर्मा ने बताया की फोटोत्सव का समापन सोमवार को होगा। कार्यक्रम में गणेश शर्मा, रुप श्रीवास्तव, मिथिलेश उपाध्याय, विभाष दुबे, अंश अनंत, दिव्य प्रकाश मौर्य, राजेश प्रजापति उपस्थित रहे।

# महाराज अहिबरन की जयन्ती को वार्षिकोत्सव के साथ मनाया



**वाराणसी।** बरनवाल समाज के आदि पुरुष महाराज अहिबरन की जयन्ती २६ दिसम्बर के अवसर पर 29 दिसम्बर दिन रविवार को आयोजित बरनवाल सेवा समिति वाराणसी, बरनवाल महिला समिति एवं बरनवाल नवयुवक संघ के संयुक्त तत्वावधान में महाराज अहिबरन जयन्ती एवं वार्षिकोत्सव का सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटी इमली भरत मिलाप स्थल स्थित कान्यकुब्ज वैश्य सभा काशी में मनाया गया । इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर अशोक तिवारी विशिष्ट अतिथि शशि भूषण बरनवाल प्रदीप अध्यक्ष राजेन्द्र बरनवाल, सुषमा कौशिक व विनोद बरनवाल ने महाराज अहिबरन के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन कर किया । इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले होनहारों को मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व संरक्षक मंडल के सदस्यों ने पुरस्कृत व मेडल प्रदान किया । बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किएँ ।

# एक्सप्रेस-वे के निर्माण में मानक की अनदेखी

**मनमानी**

### डीएम से की टीम गठित करके जांच कराने की मांग



मानक के विपरीत हो रहा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण

**बैरिया।** भरौली से मांझी तक बनने वाले ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण में कार्यदाई संस्था द्वारा मानक के विपरीत कार्य कराये जाने से ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए इसकी जांच करने के लिए जिलाधिकारी से टीम गठित करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि फोरलेन की इस सड़क पर मिट्टी के बाद गिट्टी और गिट्टी के ऊपर मिट्टी डालकर रोलर चला दिया जा रहा है। रोलर चलाने के बाद इस पर मिट्टी के ऊपर पिच कर दिया जा रहा है।

मऊ-गाजीपुर-वाराणसी के बीच जब फोरलेन सड़क का निर्माण हो रहा था तो देखा गया था कि मिट्टी के बाद गिट्टी और गिट्टी के बाद सीमेंट एवं बालू से सड़क को बराबर किया जाता था। उसके प्लास्टर के बाद गिट्टी डालकर उस पर तारकोल डालकर रोलर चलाया जाता था, किंतु ऐसा यहां नहीं हो रहा है। इस बाबत पूछने पर काम करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि हम लोग तो मजदूर आदमी है। ठेकेदार एवं इंजीनियर जैसा कहेंगे, वैसा करेंगे। लोगों का कहना है कि गिट्टी के ऊपर मिट्टी डालकर पिच किया जा रहा है। उसे तत्काल नहीं रोका गया तो सड़क टिकेगी नहीं और जल्द ही टूट जाएगी। धतूरी टोला निवासी विकास सिंह, कर्ण छपरा निवासी हरिनारायण सिंह, नेका राय के टोला निवासी दिनेश सिंह, मठ योगेंद्र गिरी के मठिया निवासी शिवनाथ सिंह, डोमन टोला निवासी शिवनाथ सिंह, सेवक राय के टोला निवासी सुनील सिंह आदि ने बताया कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण के नाम पर सरकारी धन का बंदरबाट किया जा रहा है। आरोप है कि ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एनएचआई के प्रबंधक एसपी पाठक से की थी, किंतु वह भी ठेकेदारों की भाषा बोल रहे हैं।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि एनएचआई के कार्यों की समीक्षा कराई जायें। अगर जांच में कार्यदाई संस्था दोषी मिले तो उसके खिलाफ कार्रवाई हो।

यदि जांच में दोषी नहीं मिलता है तो हमारे ऊपर कारवाई हो। इस बाबत पूछने पर एनएचआई के क्षेत्रीय प्रबंधक एसपी पाठक ने बताया कि सड़क का निर्माण मानक के अनुसार हो रहा है। हमारा विभाग कार्यदाई संस्था पर नजर रख रहा है।

## पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर अर्पित किया पुष्प

**बलिया।** नैतिक पार्टी एवं भारत परिषद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को चंद्रशेखर उद्यान में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात दो मिनट का मौन धारण करके गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मन्नू यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ईमानदार एवं दूरदर्शी व्यक्ति थे। उनके निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है। इसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। भारत परिषद की मधु सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा किये गये कार्य सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर अंकित यादव, मंटू सिंह, रामप्रवेश, जगरनाथ तिवारी, त्रिलोकी नाथ चौबे, त्रिलोकी राम, मुमताज अहमद, विजय शंकर गिरि, जनार्दन यादव, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

# दो दुकानों में लगी आग लाखों का सामान राख

**नुकसान**

### दुकानदारों ने बिजली विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप



**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के मुलायम नगर स्थित दो दुकानों में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण शार्ट सर्किट से आग लग गई। इसके कारण लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी दुकानदारों को रविवार की सुबह दुकान खोलने के दौरान हुई।

जानकारी के अनुसार फेफना थाना क्षेत्र के निधरिया नई बस्ती निवासी अभिनव कुमार सिन्हा की मुलायम नगर एवं फेफना थाना के ही पकड़ी गांव निवासी नीरजकांत यादव की रवि इंटरप्राइजेज के नाम से एक ही मकान में दुकान है। इसमें एसआर इंटरप्राइजेज नीचे एवं रवि इंटरप्राइजेज ऊपर है। प्रतिदिन की भांति दोनों दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बन्द कर घर चले गए। इसी बीच शनिवार की देर रात बलिया-गड़वार रोड से कोई ट्रक गुजरा, जो नीचे लटके विद्युत तारों को तोड़ते हुए चला गया। उधर, शार्ट सर्किट से दोनों दुकानों में पहले मीटर और इसके बाद पूरे वायरिंग में आग लग गई। इसमें पंखा, एलईडी, इनवर्टर, बैटरी सहित लाखों रुपए के सामान जलकर राख हो गए। रविवार की सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचे तो पूरा दुकान धुएं से भरा हुआ था। जब अंदर प्रवेश किया तो मीटर सहित कई उपकरण जलकर राख हो गए थे। अभिनव की अपनी दुकान पर पहुंचे और दुकान खोला तो पूरा दुकान एवं गोदाम धुंए से भरा हुआ था। संयोग अच्छा था कि गोदाम में आग नहीं लगी, लेकिन लाखों रुपए के सामान जलकर नष्ट हो गए थे। दोनों दुकानदारों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। आरोप था कि कई बार बिजली विभाग के कर्मचारियों से कहने के बाद भी जर्जर तार एवं नीचे लटके तारों को ना तो दुरुस्त किया गया और ना ही उसे ऊपर उठाया गया।

## साहित्यकारों ने पूर्व पीएम को दी श्रद्धांजलि

**बलिया।** पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन का समाचार सुनकर साहित्यकारों में शोक व्याप्त हो गया। इसी क्रम में श्रद्धांजलि देने के लिए विकास संस्कृति साहित्य अकादमी और साहित्य चेतना के संयुक्त तत्वावधान में आनंद नगर कार्यालय पर डॉ. आदित्य कुमार अंशु की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सभा का आगाज किया गया। डॉ. अंशु ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह दलगत नीति से ऊपर उठकर कार्य करने के लिए जाने जाते रहे हैं। डॉ. फतेहचंद बेचैन ने कहा कि वे एक कुशल अर्थशास्त्री, नीति निर्माता और राजनेता के रूप में सदियों तक याद किए जाएंगे। डॉ. नवचन्द तिवारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह अपने कार्यकाल में देश के विकास के लिए अनेक नीतिगत फैसले लिए। इस अवसर पर सूरज समदर्शी, रमेश मिश्रा हंसमुख, कैश तारविद, डॉ. कदंबिनी सिंह, डॉ. नंदजी नंदा, जितेंद्र त्यागी, मीनाक्षी देवी, डॉ. रामाशंकर वर्मा मनहर, जितेंद्र स्वाध्यायी, पवन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# जमीन पर कब्जा दिलाना पुलिस का काम नहीं

**बोले डॉ. ओमवीर सिंह**

### पुलिस की भूमिका संदिग्ध होने पर होगी कार्रवाई

### एसपी ने व्यापारी संगठनों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

**जनसंदेश न्यूज**



व्यापारियों के साथ बैठक करते एसपी डॉ. ओमवीर

**बलिया।** पुलिस लाइन के सभागार में शनिवार को नवागत पुलिस अधीक्षक डा. ओमवीर सिंह ने विभिन्न व्यापारी संगठन के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. ओमवीर ने शहर को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए व्यापारी संगठनों से अपील करते हुए कहा कि शहर आपका है। आपको इसमें सहयोग करना है। फुटपाथ चलने के लिए है, ना कि व्यापार करने के लिए। एक महत्वपूर्ण सवाल के जवाब में पुलिस अधीक्षक डॉ. ओमवीर सिंह ने कहा कि पुलिस भूमि विवाद में नही पड़े। किरायेदारी, जमीनी कब्जा दिलाना पुलिस का काम नही है। पुलिस का काम लिमिटेड है। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस की भूमिका संदिग्ध नजर आई तो मैं कठोर कार्रवाई करूंगा। पुलिस का काम है राजस्व में सहयोग करना या अन्य विभागों में जिनका जमीन है, उनका सहयोग करना। यह जरूर पहचानिए कि क्या यह विवाद पुलिस सुलझा सकती है या नहीं। उन्होंने समाज में नए चैलेंज साइबर फ्राड और साइबर क्राइम के बारे में बारीकी से जानकारियां साझा की। उन्होंने करीब नौ तरह के साइबर फ्राड से बचने की सलाह दी। साइबर फ्राड पर किसी का कंट्रोल नहीं है। अगर आपके साथ साइबर फ्राड हो गया हैं अथवा अगर आपको लगता है कि हम ठगे गए हैं तो तुरंत 1930 पर काल करके सूचित करें। अपने थाने को सूचित करें। उन्होंने कहा कि साइबर फ्राड की घटना को तुरंत पंजीकृत करें। व्यापारियों से अपील किया कि वह भी अपनी विकास की धारा में कुछ इंडस्ट्रीज बलिया में लाएं। अपनी कर्मभूमि को विकसित करें और बलिया के विकास में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सारी समस्या का समाधान संवाद से ही संभव है। सभी हेलमेट का प्रयोग करें। इस अवसर पर पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप वर्मा, जिलाध्यक्ष मंजय सिंह, जिला महामंत्री मदन वर्मा, रजनीकांत सिंह, टुनटुन जी, अभिषेक सोनी, अवधेश काका, सुनील परख आदि मौजूद रहे।

# विधायक व पूर्व सांसद ने जरूरतमंदों को ओढ़ाया कंबल

## रामबहादुर सिंह की स्मृति दिवस में शामिल हुए सैकड़ों लोग



कंबल वितरण करते विधायक केतकी सिंह, पूर्व सांसद रविन्द्र कुशवाहा व अजय सिंह



कंबल वितरण करते योगेश्वर सिंह एवं बगल में खड़े अजय सिंह

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** सहतवार नगर पंचायत क्षेत्र में भाजपा नेता एवं समाजसेवी अजय कुमार सिंह के चाचा रामबहादुर सिंह के स्मृति दिवस पर 200 जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया गया। इसमें विधायक केतकी सिंह, पूर्व सांसद रविन्द्र कुशवाहा, पूर्व विधायक शिवशंकर चौहान, समाजसेवी योगेश्वर सिंह, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विनोद शंकर दूबे, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक, व्यापारी नेता अरविन्द गांधी सहित अन्य का जमघट लगा रहा।

रामबहादुर सिंह की स्मृति दिवस पर लगभग 500 से अधिक लोगों को अंगवस्त्रम देकर समाजसेवी अजय सिंह ने सम्मानित किया। यह आयोजन लगातार दूसरे वर्ष हुआ। समाजसेवी अजय सिंह ने लोगों के बीच पहुंचकर एक बेहतर संदेश दिया। कहा कि यह परंपरा निरंतर चलता रहेगा। विधायक केतकी सिंह ने कहा कि अजय सिंह के प्रयास से ठंड के मौसम में पहले कंबल वितरण समारोह में शामिल हो रही हूं। उन्होंने अजय सिंह को बधाई दी। पूर्व सांसद रविन्द्र कुशवाहा ने कहा कि जो माता-पिता का आदर एवं सम्मान करते है, वह सफलता की सीढ़ी पर चढ़ते जाते है। पूर्व विधायक शिवशंकर चौहान ने कंबल वितरण करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन हम सभी को मिलकर करना चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सके। समाजसेवी योगेश्वर सिंह ने कहा कि भीड़ देखकर यह महसूस हो रहा है कि क्षेत्र के कोने-कोने में इस तरह के आयोजन होने चाहिए। उन्होंने इसके लिए अजय सिंह को बधाई दी। अन्य वक्ताओं ने कार्यक्रम के आयोजक अजय सिंह को बधाई दी।

# संगीत की सभी विधाओं में दक्ष थे पं. काशी प्रसाद मिश्र

**बोले अशोक जी**

### पं. केपी मिश्र मेमोरियल संगीत विद्यालय में मनायी गई पुण्यतिथि

**बलिया।** पं. केपी मिश्र मेमोरियल संगीत विद्यालय रामपुर उदयभान पर रविवार को पं. काशी प्रसाद मिश्र की 32वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुई। बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अशोक जी एवं विशिष्ट अतिथि विंध्याचल सिंह मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि पं. काशी प्रसाद मिश्र गायन एवं वादन संगीत की सभी विधाओं में दक्ष थे। उन्होंने संगीत की ज्योति ऐसी जलाई, जो आज भी और भविष्य में भी जलती रहेगी।

कहा कि संगीत का मिशन है कि स्वर, लय, ताल आदि सभी को साथ लेकर आगे चलता रहता है। संगीत में पूरी दुनिया को एक धागे में जोड़ने की ताकत है। पं. केपी मिश्र के पौत्र शिवम मिश्र ने राग जोग प्रस्तुत किया। तबले पर आकाश मिश्र ने संगत किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में विजय मिश्र ने अपनी कविता प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि विंध्याचल सिंह ने काव्यांजलि प्रस्तुत किया। संस्कार भारती के साहित्य संयोजक शिवजी पांडेय रसराज ने कहा कि मिश्र जी अति सरल स्वभाव के व्यवहार कुशल व्यक्ति थे। इसी क्रम में राजकुमार मिश्रा ने अपने गायन द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर मोहनजी सत्यांश, प्रेम प्रकाश, नरेंद्र, रश्मि पाल, श्रेया, प्रज्ञा, रिया, रानी, दिव्यांशी, आयुष्मान, आरती, स्वाति, विपुल, पृथ्वी, शौर्य, सात्विक, देवांश, सत्यत, अबीर, प्रिंस, शाश्वत, धर्मेंद्र, राहुल, दिव्यांश, रितेश, पवन, राहुल, तुलसी, निर्मल, विजय, शशिकांत ओझा, हरेराम दुबे, विशाल, कृष्ण, राकेश, मुकेश चंचल इत्यादि ने काव्य पाठ और संगीत द्वारा अपनी-अपनी श्रद्धांजलि प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में पं. राजकुमार मिश्र ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. भोला प्रसाद आग्नेय ने किया।

# चौक क्षेत्र में प्रतिदिन लग रहा जाम



सहतवार में सड़क पर खड़े वाहन

**सहतवार।** स्थानीय नगर पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर चौक के आस-पास प्रतिदिन अनाधिकृत तरीके से बाइक एवं साइकिल खड़े किये जाने से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे पूरे चौक में हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है। विगत दो सप्ताह पहले जिलाधिकारी के आदेश पर तहसीलदार बांसडीह, सहतवार थानाध्यक्ष एवं नगर पंचायत प्रशासन की संयुक्त टीम ने अनाधिकृत तरीके से सड़क के किनारे खड़े वाहनों तथा अतिक्रमण को हटवाया था। लगभग एक सप्ताह तक ऐसे वाहनों को बड़ा पोखरा स्थित मैदान में खड़ा कराया जाता रहा। अतिक्रमण अभियान खत्म होने के उपरांत फिर से स्थानीय लोगों द्वारा सड़कों के किनारे बेतरतीब तरीके से वाहनों को खड़ा कर दिया जा रहा है। इससे प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है। वीर कुंवर सिंह सेवा ट्रस्ट के संस्थापक धर्मात्मा सिंह ने संबंधित उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए ऐसे वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग किया है।

## बुजुर्गों का घर बैठे बनेगा आयुष्मान कार्ड

**बलिया।** जिले में कुल 1350010 पात्रों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य है। स्वास्थ्य विभाग 907631 आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदेश में 38वां रैंक पर है। पिछले दिनों 70 वर्ष से अधिक आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। अब बुजुर्ग घर बैठे आयुष्मान एप से कार्ड बनवा सकेंगे। 70 साल की अवस्था पार कर चुके बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अब मुख्य चिकित्साधिकारी, सीएमएस या ग्राम पंचायत कार्यालय का चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। घर बैठे कुछ ही मिनटों में आधार कार्ड लिंक फोन नंबर के जरिये उनका आयुष्मान कार्ड बन जाएगा। इससे वह पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विजयपति द्विवेदी ने बताया कि 70 वर्ष की उम्र पार कर चुके बुजुर्गों के लिए शासन की ओर से यह सुविधा दी जा रही है, ताकि वह घर बैठे अपना आयुष्मान कार्ड खुद से बना सकें। ज्यादा परेशानी होने पर जिला अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र पर इसकी जानकारी ले सकते हैं।

# धनाभाव में पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण कार्य ठप



निर्माणाधीन राजकीय पालिटेक्निक

> राजकीय पालिटेक्निक कॉलेज 2023 में ही बनकर तैयार हो जाना चाहिए। धनाभाव में विलंब हुआ है। धन के लिए संबंधित विभाग को जिलाधिकारी के माध्यम से पत्र भेजा जाएगा।
>
> **सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी, बैरिया**

**बैरिया।** इब्राहिमाबाद में 19 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन राजकीय पालिटेक्निक कॉलेज का निर्माण कार्य धनाभाव के कारण नहीं हो पाया, जबकि इसका समय शासन ने तीन वर्ष निर्धारित कर रखा था। बता दे कि जब इस राजकीय पालिटेक्निक का 2021 में शिलान्यास हुआ तो लोगों के मन में यह उम्मीद जगी कि यहां के साधनहीन बच्चे कम पैसे खर्च कर पालिटेक्निक की पढ़ाई कर सकेंगे, किंतु अब उनकी इस उम्मीद पर पानी फिरता नजर आ रहा है। क्योंकि चार वर्ष बीत गए, लेकिन काम अधूरा है। निर्माण कार्य धनाभाव के कारण बंद पड़ा हुआ है। इस संदर्भ में कार्यदाई संस्था जल निगम के निर्माण शाखा के अभियंता अभिलाश पांडेय ने बताया कि राजकीय पालिटेक्निक में मिट्टी कार्य, बिजली का कार्य, सड़क एवं नाली का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। मिट्टी के लिए 70 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे, जो नहीं मिला है। वही, बिजली विभाग ने 45 लाख रुपए का प्राक्कलन दिया है। इधर, विभाग द्वारा बिजली के लिए 20 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा जीएसटी सहित अन्य मदों में कुल चार करोड़ 90 लाख रुपए बकाया है। इससे इसका निर्माण कार्य ठप पड़ा हुआ है। निर्माण कार्य ठप होने के कारण ऐसा लग रहा है कि अगले शिक्षा सत्र में भी यहां पठन-पाठन शुरू नहीं हो पाएगा। जागरूक लोगों ने जिलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल राजकीय पालिटेक्निक इब्राहिमाबाद का कार्य पूरा करने हेतु धन आवंटन करने का आग्रह किया है, ताकि निर्माण कार्य पूरा हो और साधनहीन बच्चे पालिटेक्निक की पढ़ाई कर सके।

## संक्षेप

### बिजली उपभोक्ताओं ने उठाया ओटीएस का लाभ



**मझौवां।** एकमुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत रविवार को ग्राम पंचायत दीघार की प्रधान श्रीमती नीलम यादव के दरवाजे पर कैम्प लगाकर बिजली उपभोक्ताओं को ब्याज में छूट का लाभ दिया गया। इसमें टीजी-2 आशुतोष श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह, सोनी सिंह द्वारा लाखों रुपये की वसूली कराया गया। साथ ही विद्युत विच्छेदन कराया गया। दीघार पावर हाउस पर तैनात मीटर रीडर राजू केसरी, प्रवीण सिंह बड़क, सूर्यजीत प्रताप सिंह, डबलू सिंह के अलावा हरिमोहन पासवान, निराला देवी, गुप्तेश्वर पांडेय, जुमराती अली, धनपतिया देवी आदि मौजूद रहे।

### संगठन को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा



**सहतवार।** स्थानीय नगर पंचायत स्थित बड़ा पोखरा पर रविवार को अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन तहसील इकाई बांसडीह की बैठक जिला महामंत्री शम्भू नाथ तिवारी की अध्यक्षता में हुई। इसमें संगठन की मजबूती के साथ ही सेनानी आश्रितों को संगठन से जोड़ने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावे पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन धारण करके गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने उनके विशेष योगदान के लिए उन्हें भारत रत्न देने की मांग किया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष शिवशंकर, सर्वजीत दुबे, शिवसागर पाण्डेय, सुरेश प्रसाद, रमेश कुमार सैनी, अजय कुमार सिंह, आनंद सैनी, हरेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

### रबी फसल के लिए कड़ाके की ठंड आवश्यक

**बैरिया।** एक बार फिर से मौसम ने करवट लिया है। मौसम विज्ञान केंद्र बलिया के अनुसार अगले दो दिनों में बारिश के आसार है। साथ ही घने कोहरे का भी अलर्ट जारी किया गया है। बारिश होने पर न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी। लोगों को अब ठंड का एहसास होने लगा है। अभी तक लोग गुलाबी ठंड का अनुभव कर रहे थे, किंतु रविवार से ठंड बढ़ गई है। शनिवार की रात में बूंदाबांदी के बाद तापमान में गिरावट आ गई है। वही, मौसम के बदलते मिजाज से जानकार हैरान है। इस महीने में दो दिन शेष है, लेकिन शीतलहर एवं कड़ाके की ठंड अभी नहीं पड़ी है। कड़ाके की ठंड रवि फसल के लिए आवश्यक है। उम्मीद की जा रही है कि बारिश होने के बाद ठंड बढ़ेगी। शीतलहर का भी प्रकोप होगा। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी से इधर ठंड बड़ी है। बारिश के भी असर दिख रहे है। तापमान में गिरावट नहीं होगी तो रवी की फसल जैसे गेहूं, तिलहन, दलहन, चना, मटर एवं सब्जियों की फसल को क्षति पहुंच सकता है।

### राजभर जाति में पैदा हुए थे हनुमान जी: ओम प्रकाश राजभर

**बलिया।** देश की राजनीति में नेता अक्सर ऐसे बयान देते रहते हैं, जिससे विवाद खड़ा हो जाता है। इन विवादों के चलते उन्हें बार-बार सफाई भी देनी पड़ती है। इस बीच उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने अजीबो गरीब दावा किया है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी राजभर जाति में पैदा हुए थे। राजभर ने बलिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बयान दिया। मंत्री ओपी राजभर ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा। श्री राजभर ने कांग्रेस और सपा के अंबेडकर प्रेम को लेकर पलटवार करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी को वर्ष 2012 से पहले अंबेडकर के नाम से इतनी चिढ़ थी कि मंचों से कहा करती थी कि लखनऊ में बने अंबेडकर पार्क को सत्ता में आने पर गिरा कर शौचालय का निर्माण करेगी। शनिवार को चितबड़ागांव क्षेत्र के वसुदेवा गांव के मुख्य द्वार पर महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा निर्माण के लिए आयोजित भूमि पूजन और जनसभा को संबोधित करते हुए श्री राजभर ने हनुमान जी को लेकर एक अजीबो गरीब दावा किया है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी राजभर जाति में पैदा हुए थे। जब श्रीराम-लक्ष्मण जी को अहिरावण पाताल पुरी में ले गया था, तब पातालपुरी से उन्हें निकालने की किसी की हिम्मत नहीं पड़ी। अगर निकालने की हिम्मत पड़ी तो राजभर जाति में पैदा हुए हनुमान जी की ही पड़ी। उन्होंने कहा कि गांव में बुजुर्ग आज भी छोटे बच्चों के झगड़ा करते समय बोलते हैं कि भर बानर हैं।

### कई विद्यार्थियों ने जेएनसीयू का बढ़ाया मान

**बेरुआरबारी।** जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय के विद्यार्थी नियमित रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर रहे हैं। विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा की जा रही नियुक्तियों में भी जेएनसीयू के विद्यार्थी सफल हो रहे हैं। अभी बिहार सरकार द्वारा आयोजित अध्यापकों की नियुक्ति में भी जेएनसीयू के कई विद्यार्थी टीजीटी और पीजीटी अध्यापक के रूप में चयनित हुए हैं। इसी कड़ी में संगीत विभाग के विद्यार्थी दीपक चौबे ने बीपीएससी की टीआरई-3 की परीक्षा में मेधा सूची में तीसरा स्थान प्राप्त कर विवि का मान बढ़ाया है। सुखपुरा क्षेत्र के भरखरा ग्राम निवासी मदन चौबे के पुत्र दीपक संगीत विभाग में एमए संगीत (गायन) के विद्यार्थी रहे हैं। विवि के संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफलता अर्जित कर विवि को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लिए की गयी शिक्षकों की नियुक्ति में भी विभाग के कृष्णा और अभिषेक कुमार राय टीजीटी शिक्षक पद के लिए सफल घोषित किये गये हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता से परिसर में हर्ष का माहौल है। कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का काम करेगी। विश्वास जताया कि कई विद्यार्थी भविष्य में ऐसी सफलता अर्जित करेंगे और जेएनसीयू के यश एवं गौरव में चार चांद लगाएंगे।

### एक जनवरी को होगा प्रवेश पत्र का वितरण

**बैरिया।** संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी द्वारा संचालित शास्त्री, आचार्य सेमेस्टर परीक्षा दो जनवरी 2025 से प्रारम्भ होकर 12 जनवरी तक दोनो पालियों में होगी। यह जानकारी देते हुए द्वाबा संस्कृत प्रचार समिति महाविद्यालय बैरिया के प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार राय ने बताया कि प्रातः प्रथम पाली नौ से मध्याह्न 12 बजे तक शास्त्री चतुर्थ एवं आचार्य प्रथम समेस्टर तथा द्वितीय पाली अपराह्न एक से चार बजे तक शास्त्री तृतीय एवं आचार्य तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा संचालित होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र वितरण एक जनवरी को प्रातः 10 से अपराह्न तीन बजे तक महाविद्यालय में किया जायेगा। उन्होंने सम्बंधित छात्र-छात्राओं को सूचित किया है कि प्रवेश पत्र समय से प्राप्त कर परीक्षा में प्रतिभाग करे।

### आज इंटरनेट में दिक्कत से नहीं हो रहा फार्मर रजिस्ट्रेशन

**बैरिया।** फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए लेखपालों का आईडी काम न करना किसानों एवं राजस्व कर्मियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। किसानों का कहना है कि लेखपालों के आईडी से कंप्यूटर में लॉगिन नहीं हो पा रहा है। ऐसे में घंटों बैठकर किसान वापस चले जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ खतौनी का नाम एवं आधार कार्ड के नाम में अंतर के कारण भी साइट पर अपडेशन फेल हो जा रहा है। खतौनी और आधार में नाम एक समान होने पर दिक्कत नहीं आ रही है। अधिकारियों द्वारा शासन की मंशा के अनुसार दिन-रात मेहनत करके फार्मर रजिस्ट्रेशन का कार्य किया जा रहा है, किंतु इंटरनेट की बेवफाई भी बाधा पहुंचा रही है। इस संदर्भ में तहसीलदार सुदर्शन कुमार का कहना है कि चाहे जितनी दिक्कत हो, लेकिन फार्मर रजिस्ट्रेशन को लक्ष्य तक पहुंचना है। इसके लिए हम लोग लगातार प्रयास कर रहे है।

### बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बैरिया।** स्थानीय नगर विद्युत उपकेंद्र (तहसील) से सोमवार की सुबह 10 बजे से रात 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। सहायक अभियंता अंबुज तिवारी ने बताया कि उक्त विद्युत उपकेंद्र परिसर में लगा पांच एमबीए के ट्रांसफार्मर की जगह 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर लगेगा। फलस्वरुप बैरिया कस्बा, रानीगंज बाजार सहित दोनों फीडरों के गांवों एवं बाजारों में सुबह 10 बजे से रात 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति नहीं की जाएगी। सहायक अभियंता ने बताया कि सुबह 10 बजे तक बिजली से होने वाले जरूरी काम निपटा ले।

### बंदरों के आतंक से लोग भयभीत

**सहतवार।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर हजारों की संख्या में जंगली बंदर है, जो आए दिन किसी न किसी यात्री को घायल करते रहते है। यह बंदर घरों में भी घुसकर खाने-पीने की सामग्री को नुकसान पहुंचाते है। इन बंदरों के आतंक से नगर पंचायत सहतवार सहित ग्रामीण अंचलों में दहशत का माहौल है। हमेशा भय बना रहता है कि न जाने कब बंदर किसी व्यक्ति पर हमला कर दें। लोगों के अनुसार जब बच्चे सुबह में विद्यालय जाते है तो बंदर उन पर हमला कर देते है। कई बार तो यह भी देखा गया है कि बंदर बच्चों को दौड़ा लेते है। क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# सांसद ने रेल आंदोलन के अनशनकारी को जूस पिलाकर तुड़वाया अनशन



**बाँसडीह (बलिया)।** समाजवादी पार्टी के सांसद सलेमपुर रमाशंकर राजभर ने 71 दिनों से चल रहे रेवती रेल आंदोलन के अनशनकारी महाबीर तिवारी का बाँसडीह सीएचसी पर जूस पिलाकर अनशन तुड़वा दिया। सांसद ने कहा कि 2 महीने के अंदर डीआरएम को लेकर के आपके पास आऊंगा और रेवती स्टेशन को बहाल करने की चिट्ठी आपको सौंप करके और आप ही से उद्घाटन करवाऊंगा। उन्होंने कहा कि पूरी समाजवादी पार्टी आपके साथ है आप अनशन तोड़िए। मैंने दो बार लोकसभा में तथा गोरखपुर डीआरएम के पास रेवती के लोगों के लिये रेल मंत्री के पास गया और रेवती रेलवे स्टेशन के बारे में बात की। उन्होंने कहा 90 प्रतिशत काम हो चुका है अब जो बचा है वह भी काम करके आप ही से उद्घाटन करवाऊंगा। बता ते चले कि आमरण अनशन पर बैठे महाबीर तिवारी का रविवार को अचानक तबियत खराब हो गया। उन्हें चक्कर आया और वे बेहोश हो गए। जिन्हें 108 एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाँसडीह पहुँचाया गया। जहां चिकित्सकों ने इलाज शुरू कर दिया। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंचे सांसद रामाशंकर विद्यार्थी ने अनशनकारी महावीर तिवारी का हाल जाना और उनसे बात कर दो महीने का आश्वासन देते हुए अनशन तोड़वा दिया। सांसद रमाशंकर राजभर विद्यार्थी ने बताया कि सत्ता में बैठे लोगों के कान में जूं तक नही रेंग रहा है। वहीं अब तक स्टेशन की मांग को लेकर दर्जनों लोगों की ऐसे ही तबियत खराब हो चुकी है। उन्होंने रेल मंत्री के साथ-साथ प्रधानमंत्री से मांग किया है कि जनमानस को देखते हुए तत्काल स्टेशन को बहाल किया जाय। इस मौके पर उदय बहादुर सिंह, सुनील कुमार सिंह बबलू, अशोक यादव, सुरेंद्र तिवारी, पूर्व प्रधान राजेश सिंह राजू, चंद्रशेखर यादव, संजीव चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## 200 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दी दवा

**बलिया।** नगर पंचायत नगरा के वार्ड नंबर चार चचयां स्थित प्राथमिक विद्यालय पर रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दो सौ से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य जांच के बाद निःशुल्क दवा वितरित किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह एवं समाजसेवी उमाशंकर राम ने फीता काट कर किया। शिविर के आयोजक सभासद लाल बहादुर सिंह ने कहा कि उनके द्वारा समय-समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर मरीजों को निःशुल्क दवा का वितरण किया जाता है। स्वास्थ्य शिविर में मऊ जनपद से आए चिकित्सक डा. अखंड प्रताप सिंह, डा. चंद्रमणि चौहान, डा. सरिता मौर्या ने फार्मासिस्ट छोटेलाल, नर्स प्रियंका एवं रानी के सहयोग से दो सौ से अधिक महिला-पुरुष मरीजों का सर्दी, जुकाम, बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर, टायफायड, पैरालाइसिस सहित मौसमी बीमारियों का परीक्षण किया तथा निःशुल्क दवाओं का वितरण किया। इस अवसर पर सभासद कृष्ण कुमार कुशवाहा, अमरेंद्र सोनी, भाजपा नेता देवनारायण प्रजापति देवा भाई, फतेह बहादुर, भोलू, सचिन शुभम आदि मौजूद रहे।

# डॉ. राघवेन्द्र सिंह अध्यक्ष व शैलेश कुमार सिंह बने जिला मंत्री



**चुनाव**

### माध्यमिक शिक्षक संघ का जनपदीय निर्वाचन शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न

**बलिया।** उ. प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा) का जनपदीय निर्वाचन आज पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार कुंवर सिंह इण्टर कालेज में शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। कुल 329 मतदाताओं में से 314 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के उपरान्त मऊ जनपद से पधारे मतदान अधिकारी देव भाष्कर तिवारी एवं उनके सहयोगियों ने अध्यक्ष पद पर डा० राघवेंद्र नारायण सिंह को तथा जिला मंत्री के पद पर कुंवर सिंह इण्टर कालेज के शिक्षक शैलेश कुमार सिंह को विजयी घोषित किया। डा० राघवेंद्र ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अरविन्द राय को जबकि शैलेश कुमार सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रभु नाथ चौबे को परास्त किया। बताते चलें कि जिला उपाध्यक्ष पद पर डॉ. जितेंद्र कुमार राय, कोषाध्यक्ष पद पर दिनेश प्रसाद और आय-व्यय निरीक्षक के पद पर अनुज कुमार सिंह पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे।

### कॉलेज प्रांगण में भारी संख्या में शिक्षक रहे मौजूद

इस अवसर पर कुंवर सिंह कालेज के प्रांगण में भारी संख्या में जनपद के नये पुराने शिक्षक उपस्थित रहे। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देने वालों में पूर्व प्रधानाचार्य हरेन्द्र कुमार सिंह, प्रधानाचार्य शशि कुमार सिंह, अरूण कुमार पाठक, अभय नारायण सिंह, अशोक कुमार सिंह, डा० जितेन्द्र कुमार राय, सौरभ पाण्डेय, धर्मनाथ सिंह, यादवेन्द्र कुमार उपाध्याय, प्रमोद सिंह, विजय बहादुर सिंह, सुशील पाण्डेय कान्ह, अरूण कुमार ओझा, के डी मिश्रा, दयाशंकर मिश्र, धर्मवीर यादव, राजेश कुमार, डा० एच एन यादव, राजकुमार तिवारी, अनिरुद्ध सिंह, बालेश्वर सिंह, सुधांशु मिश्र, उमेश चंद पाण्डेय, श्रवण कुमार सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य संजय उपाध्याय, भैया सत्येन्द्र सिंह आदि प्रमुख रहे।

# ठंड में गठिया व सर्वाइकल के मरीजों की संख्या बढ़ी

**बलिया।** ठंड और शीतलहर की वजह से गठिया के साथ ही सर्वाइकल के मरीज बढ़ने लगे हैं। जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों में ज्यादातर मरीज गठिया, सर्वाइकल और कमर दर्द की समस्या को लेकर पहुंच रहे हैं। इन मरीजों में अधिक संख्या महिलाओं और बुजुर्गों की है। चिकित्सक मरीजों को दवा देने के साथ सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं।जिला अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों में 30 प्रतिशत से अधिक संख्या गठिया, सर्वाइकल और कमर दर्द की समस्या को लेकर पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों की माने तो गठिया की वजह से सर्दी के मौसम में जोड़ों में सूजन आ जाती है।

इसके चलते मरीजों को असहनीय दर्द होता है। इस दर्द का असर सेहत पर भी धीरे-धीरे दिखने लगता है। गठिया के कारण जोड़ों में मौजूद कार्टिलेज धीरे-धीरे कम होने लगती है। इस वजह से हड्डियां आपस में एक-दूसरे से घिसने या रगड़ने लगती हैं। इसके अलावा सर्दी बढ़ने पर शरीर में सूजन भी होने लगता है। आज कल युवाओं में समस्या देखने का मिल रही है। ठंड में नसों के सिकुड़ने से सर्वाइकल के मरीजों की भी दिक्कतें बढ़ रही है।

ऐसे में ठंड के मौसम में इस रोग से पीड़ित मरीजों को परहेज करने की जरूरत है। इसके लिए आवश्यक है कि गर्म कपड़े पहने और ठंडे की बजाय गुनगुने पानी से स्नान करें।

### बचाव के उपाय

-शरीर ढक कर रखें।
-नियमित योग व व्यायाम करें।
-तरल पदार्थ का सेवन करते रहें।
-संतुलित और पोषणयुक्त भोजन करें।
-गुनगुना पानी पीएं।
-जुता, चप्पल पहन कर रहें।
-दर्द होने पर गुनगुना पानी से सिकाई करें।
-दर्द बढ़ने पर चिकित्सक से सलाह लें।

## गोसाईगंज में हाईवे से सटी जमीन की बढ़ी मांग

**बलिया।** गोमती ग्रीन सिटी लखनऊ ने एक नया प्लान शुरू किया है। गोसाईगंज में मारूति एजेंसी गब्बर ढाबा के बीच सुल्तानपुर हाईवे से सटे लोगों को जमीन उपलब्ध करा रहा है। अजीत सिंह आरजू से बताया कि एक हजार स्क्वायर फीट 1999 रुपए के रेट से लोगों को जमीन उपलब्ध कराई जा रही है बिजली, पानी, सड़क की लोगों उत्तम व्यवस्था की जा रही है, ताकि लोग जमीन लेकर तुरन्त भवन बना सके।
इस समय यहां लोग पहुंच रहे है और प्लाट देख रहे है। लखनऊ जमीन व्यवसाय में अजीत सिंह आरजू विश्वसनीय व्यक्ति के रूप में जाने जाते है और लोगों के बीच रहकर अच्छा मुकाम हासिल कर रहे है। उनका दावा है कि जमीन लेने से पहले कब्जा ले उसके बाद रजिस्ट्री कराये।
किश्तों में भी जमीन उपलब्ध कराई जा रही है। बैंक फाइनेन्स की व्यवस्था भी है।

# महिला सशक्तिकरण के लिए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर किया जागरूक

**जागरूकता**

### महिलाओं, बालिकाओं को जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त



**बलिया।** उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना 'मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति बलिया में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, महिला ई-हाट योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल, पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पम्पलेट बांटकर जागरूक किया गया।

**संक्षेप**

## डॉ. मनमोहन सिंह ने अर्थव्यवस्था को दी नई दिशा



**रसड़ा।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गांधी पार्क रसड़ा में रविवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद दो मिनट का मौन धारण करके गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। कांग्रेस अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष परशुराम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. नमोहन सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी। उनकी बेदाग छवि, गहन ज्ञान और विनम्रता के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। उनका निधन देश और कांग्रेस दोनों के लिए अपूरणीय क्षति है। विशाल चौरसिया ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह भारतीय राजनीति के एक ऐसे आदर्श पुरुष थे, जिनका जीवन सादगी, ईमानदारी और उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रतीक है। प्रदेश सचिव मकसूद आलम अंसारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने साधारण पृष्ठभूमि से उठकर अपनी विद्वता और सेवा भावना से देश का नेतृत्व किया। उन्होंने न केवल भारत के आर्थिक सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दिया, बल्कि अपनी राजनीति से लाखों लोगों को प्रेरित किया। उनका निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर शिवजी तिवारी, महावीर बरनवाल, शेषनाथ, सत्यजीवन, मुमताज, बेचन प्रसाद, शिशिर अग्रवाल, शक्ति सिंह, आदित्य, तारकेश्वर, पूर्व प्रधान सत्यनारायण, अमरनाथ आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष प्रताप जायसवाल ने किया।

## एक से चार जनवरी तक होगा गायत्री महायज्ञ

**बलिया।** गायत्री परिवार द्वारा एक से चार जनवरी 2025 तक आयोजित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ राष्ट्र को सक्षम, समर्थ एवं समृद्ध बनाने का महान आध्यात्मिक प्रयोग है। मनुष्य एक भटका हुआ देवता है। यदि मनुष्य सही दिशा में चल पड़े तो उससे बढ़कर श्रेष्ठ इस संसार में कोई नहीं। गायत्री महायज्ञ मानव को ठीक करने और सही दिशा में ले जाने का उपाय है। उक्त बातें गायत्री शक्तिपीठ के प्रभारी विजेंद्र नाथ चौबे ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान व्यक्त किया। श्री चौबे आगामी नववर्ष के प्रथम दिवस एक जनवरी से चार जनवरी तक गायत्री शक्तिपीठ परिसर में आयोजित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की जानकारी दे रहे थे। श्री चौबे ने बताया कि एक जनवरी से चार जनवरी तक विराट 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ और गायत्री माता प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव आयोजित है। आयोजन में 500 साधक दंपत्ति मनोयोग से साधना भी करेंगे। उनके प्रवास का भी बेहतर आयोजन किया गया है। एक जनवरी को दिव्य और भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा झांकियों के साथ नगर भ्रमण करते हुए पुनः शक्तिपीठ परिसर में पधारेगी। कहा कि दो जनवरी को यज्ञ संस्कार और संगीत प्रवचन, तीन जनवरी को यज्ञ संस्कार और दीपोत्सव तथा चार जनवरी को यज्ञ संस्कार और पूर्णाहुति का कार्यक्रम होगा। बताया कि सारी तैयारियां पूरी हो रही हैं। नगर में 20 टोली ने अक्षत पुष्प बांट कर सभी को आमंत्रित किया है। कहा कि ग्राम पंचायत स्तर तक गायत्री प्रवाह प्रवाहित है।

## किसानों को फार्मर रजिस्ट्री करना अनिवार्य

**बलिया।** सरकार ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य कर दिया है। फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों की पीएम सम्मान निधि भी रुक सकती है। प्रशासन ने इसके लिए जनसेवा केंद्रों के अलावा तहसील, ग्राम पंचायत तथा ब्लाक स्तर पर भी सुविधा प्रदान की है। अब प्रतिदिन तीन से चार हजार फार्मर रजिस्ट्री होने लगी है। इससे प्रदेश में जिले की रैंक में काफी सुधार हुआ है। फार्मर रजिस्ट्री करने में प्रदेश में जिले ने 18वां स्थान पाया है। एक सप्ताह पहले जिले का स्थान 62वां था। शनिवार को 9.25 प्रतिशत किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री कराई है। जिले में 3.26 लाख किसानों की फार्मर रजिस्ट्री होनी है। 28527 किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री करा ली है। करीब 2.98 लाख किसानों का फार्मर रजिस्ट्री होना बाकी है।

# जनसमस्याओं के प्रति रुचि नहीं दिखाने पर एमडी ने एसडीओ को लगाई फटकार

**मेगा कैंप**

### एकमुश्त समाधान योजना के में पहुंचे पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के एमडी शम्भू कुमार



**घोसी, मऊ।** घोसी में बिजली विभाग एक मुश्त समाधान योजना को लेकर जगह जगह मेगा कैम्प लगा रहा है। जिसे लेकर नगर के कस्बा स्थित शिव मंदिर के पास मेगा कैम्प का अयोजन किया। जिसमें बिजली विभाग की टीम ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना एवं बकाया बिजली बिल जमा कराया। नगर के शिव मंदिर के समीप लगे मेगा कैम्प का बिजली विभाग के एमडी शम्भू कुमार ने औचक निरीक्षण कर सत्यता परखी। इस दौरान मेगा कैम्प में आये उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना। एमडी शम्भू कुमार ने मेगा कैंप की जानकारी लेते हुए जनसमस्याओं के प्रति रुचि नही दिखाने पर उपखंड अधिकारी मंगला प्रसाद को फटकार लगाई। कहा कि इस कैम्प में रजिस्ट्रेशन करा उपभोक्ता ज्यादा से ज्यादा लाभ ले वही बिजली बिल के बड़े बकायेदारों के बिलों को जमा कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कहा कि कैम्प में घरेलू, कमर्शियल, किसान हर उपभोक्ताओं के लिये लाभ है। मीटर रीडिंग, बिल सम्बंधित समस्या , मीटर सम्बंधित समस्या को लेकर 1912 पर शिकायत दर्ज करा निस्तारण करा सकते है। उपभोक्ताओं के समस्याओं के प्रति अधिकारियों व कर्मचारियों को संवेदनशील रहते हुए समस्याओं को सुनने व नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिए। स्थानीय उपभोक्ताओं ने एमडी की मौजूदगी और उनकी सख्ती की सराहना की। उनका कहना था कि इस तरह की योजनाओं से लोगों को राहत मिलती है और विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार होता है। एमडी शम्भु कुमार ने कहा कि विभाग का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है। अचानक मेगा कैम्प में एमडी के औचक निरीक्षण से बिजली विभाग में हड़कम्प मचा रहा। इस दौरान मुख्य अभियंता आजमगढ़ क्षेत्र नरेश कुमार, अधीक्षण अभियंता आरके पाण्डे, अधिशासी अभियंता श्रीप्रकाश, उपखंड अधिकारी मंगला प्रसाद श्रीवास्तव, अवर अभियंता अजय त्रिवेदी, एसडीसी घोसी विजय शंकर, तेज बहादुर यादव, लल्लू शर्मा, रविन्द्र, बृजेश, प्रवीन, हसीब, इमरान सहित बिजली कर्मचारी मौजूद रहे।

## पैसे के लेन देन के विवाद में चार लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज

**बेल्थरा रोड (बलिया)।** उभांव पुलिस ने लेन देन के एक विवाद में दलित एक्ट सहित मार पीट आदि का मुकदमा चार लोगों के विरुद्ध नामजद दर्ज कर विवेचना सीओ रसड़ा मो. फहीम कुरैशी को सौंप दिया है। दर्ज मुकदमे की तहरीर के अनुसार बताया गया है कि मुकदमा वादी त्रिभुवन कुमार पुत्र अवधेश ग्राम पलिया खास का निवासी है। सिप्पू राजभर पुत्र नारायण राजभर अपने ससुराल पहाड़पुर में अपने परिवार के साथ रहते है और मकानों की सेंटरिंग का काम ठेके पर करते हैं। सिप्पू राजभर अपनी सेटरिंग का काम बढ़ाने के लिए बीते 3 जनवरी को 71 हजार लिए थे। पुनः और पैसे की मांग करने पर अपने बैंक खाते से 4 जनवरी को 4 हजार, बीते 20 मई को 41 हजार, 21 मई को 500 रुपए तथा 4 जून को 600 रुपए उसकी मां सोनू देवी उर्फ कंचन देवी के खाते में भेजा है। कुल 1,17,300 रुपए दिया है। इन बाकी पैसों को अब मांगने पर देने से साफ इनकार कर रहा है। बीते 12 दिसम्बर को पहाड़पुर पहुंच कर सिप्पू से उसके घर पहुंचा तो बाकी पैसे की मांग किया, सिप्पू राजभर व उसके परिजन जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए मारपीट पर उतारू होकर जान से मारने की धमकी भी दिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दलित एक्ट आदि के तहत चार लोगों को अभियुक्त करार दिया है।

# महिलाओं को विभिन्न महिला हेल्प लाइन नम्बरों की दी गई जानकारी



**मऊ।** जनपद के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 (नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन) महिला कल्याण के प्रति चलाए जा रहे अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थानों द्वारा महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु महिलाओं/ बालिकाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाये जा रहे। इसी क्रम में रविवार को महिला थानाध्यक्ष मंजू सिंह द्वारा शीतला माता मंदिर थाना में पुलिस की महिला सुरक्षा सम्बंधी विभिन्न महिला हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, हेल्पलाइन नम्बरों 1076 आदि के बारे में जागरूक किया तथा उपस्थित सभी महिलाओं/ बालिकाओं/ छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नम्बरों पर कॉल कर पुलिस को सूचित करने हेतु बताया गया। सभी बालिकाओं/ महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया जा रहा है।

इस दौरान महिला कांस्टेबल श्रेया सिंह, कीर्ति शुक्ला महिला पीआरडी सोनू, नीतू सिंह आदि मौजूद रही।

# 32वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए संगीत के मालवीय पं. काशी प्रसाद मिश्र



**बलिया।** पं० काशी प्रसाद मिश्र पूर्व संगीत विभाग अध्यक्ष श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया की 32वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का संपन्न हुई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अशोक एवं विशिष्ट अतिथि विंध्याचल सिंह रहे तथा अध्यक्षता विजय मिश्र ने किया। कार्यक्रम का आयोजन पं0 के० पी० मिश्र मेमोरियल संगीत विद्यालय रामपुर के प्रांगण में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. भोला प्रसाद आग्नेय के संचालन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ पं० काशी प्रसाद मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन द्वारा हुआ। मुख्य अतिथि अशोक ने कहा कि पं० काशी प्रसाद मिश्र गायन एवं वादन संगीत की सभी विधाओं में दक्ष थे और संगीत की ज्योति ऐसी जलाई जो आज भी और भविष्य में भी जलती रहेगी। पं० के० पी० मिश्र के पौत्र शिवम मिश्र ने राग जोग प्रस्तुत किया तथा तबले पर आकाश मिश्र ने संगत किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मिश्र ने अपनी कविता प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि सिंह ने भी काव्यांजलि प्रस्तुत किया। संस्कार भारती के साहित्य संयोजक शिव जी पांडे रसराज ने कहा कि मिश्र जी अति सरल स्वभाव के व्यवहार कुशल व्यक्ति थे।

### पं. काशी प्रसाद मिश्र के पुत्र ने गायन द्वारा दी श्रद्धांजलि

मिश्र जी के सुपुत्र राजकुमार मिश्रा ने भी अपने गायन के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा मोहन जी सत्यांश, प्रेम प्रकाश पांडे, नरेंद्र कुमार पांडे, रश्मि पाल, श्रेया राय, प्रज्ञा पांडे, रिया राय, रानी वर्मा, दिव्यांशी, आयुष्मान पांडे, आरती, स्वाति, विपुल, पृथ्वी, शौर्य, सात्विक, देवांश, सत्यकृत, अबीर, प्रिंस, शाश्वत, धर्मेंद्र, राहुल, दिव्यांश, रितेश, पवन, राहुल तिवारी, तुलसी, निर्मल, विजय कुमार सिंह, शशिकांत ओझा, हरे राम दुबे, विशाल यादव, कृष्ण कुमार पाठक, राकेश कुमार गुप्त, मुकेश चंचल इत्यादि ने काव्य पाठ और संगीत द्वारा अपनी अपनी श्रद्धांजलि प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में मिश्र जी के सुपुत्र पं० राजकुमार मिश्र ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मौसमी बदलाव में लापरवाही होगी घातकः डॉ. संजय सिंह



**मऊ।** मौसम में नित्यप्रति हो रहा बदलाव स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकता है। ठंड में हृदय रोगियों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। वृद्ध और नवजात बच्चों को विशेष खतरा बना रहता है। हार्ट अटैक होने की संभावना बढ़ जाती है। सांस रोगियों के लिए भी यह मौसम खतरनाक हो जाता है। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ संजय सिंह ने यह उदगार परदहा ब्लाक के पखईपुर में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में रविवार को व्यक्त किया। डॉ सिंह ने मौसमी रोगों पर विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए सुरक्षा के उपाय बताये। शिविर में 97 मरीजों के शुगर, ब्लडप्रेशर और आंख की जांच की गई। इस दौरान बांझपन रोग के बारे लोगों को जागरूक करते हुए उन्हें आईवीएफ तकनीकी के बारे में जागरूक किया गया।

## नाबालिग युवती के अपहरण के आरोपी युवक पर नामजद मुकदमा दर्ज

**बेल्थरा रोड (बलिया)।** उभांव पुलिस ने नाबालिग युवती के अपहरण का मुकदमा बीते शुक्रवार को बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत एक युवक के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है और विवेचना पुलिस चौकी प्रभारी सीयर देवेन्द्र कुमार को सौंप दिया है। घटना के संदर्भ में बताया गया है कि बीते 10 दिसम्बर की शाम करीब 7 बजे थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी 16 वर्षीया नाबालिक युवती (श्वेता काल्पनिक नाम) को सिकंदरपुर थाना क्षेत्र का एक युवक धन, दौलत, रुपया का लालच देते हुए उसे बहला फुसला कर भगा ले गया है। नाबालिक युवती की मां ने काफी तलाश किया, लेकिन पता न चलने पर इस संबंध में उसने पुलिस अधीक्षक बलिया के नाम आवेदन पत्र देकर नामजद मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई थी, उभांव पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर विवेचना पुलिस चौकी प्रभारी सीयर देवेंद्र कुमार को सौंप दिया है।

# विकास पुरुष व मऊ के शिल्पी कल्पनाथ राय की जयंती 4 को



**मऊ।** विकास पुरुष कल्पनाथ राय की जयंती मनाने हेतु रविवार को कल्पनाथ नगर बकवल में डॉ सुधा राय के आवास पर तैयारी बैठक संपन्न हुई। बैठक के अंत में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के 10 वर्ष के सफल कार्यकाल की उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने प्रशंसा की कांग्रेस जनों ने 2 मिनट मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सुधा राय ने सभी कांग्रेस जनों को आगामी 4 जनवरी को जनपद में स्थित विभिन्न मूर्तियों पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु आमंत्रित किया और कहा कि विकास पुरुष की कृतियां कभी विस्मृति नहीं होगी। पूर्व उपाध्यक्ष सुरेश बहादुर सिंह ने बैठक में उपस्थित कांग्रेस जनों को नव वर्षवर्ष की अग्रिम बधाई देते हुए जयंती मनाने हेतु के उचित दिशा निर्देश दिए। बैठक को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य वैष्णवी राय ने सबका स्वागत किया। विकास पुरुष की जयंती मनाने हेतु निम्न कार्यक्रम तय हुए। सबसे पहले बकवल में डॉक्टर सुधा राय जी के आवास पर प्रातः 8:30 पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी, जिला अस्पताल में स्थित मूर्ति पर 9: बजे कोपागंज स्थित मूर्ति पर एवं 9:30 बजे रामरति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मूर्ति पर 10: बजे माल्यार्पण होगा तत्पश्चात पातीलस गांव में स्थित मूर्ति पर 10,15 पर एवं अंत में विकास पुरुष के पैतृक गांव सेमरी जमालपुर की मूर्ति पर माल्यार्पण 10:30 बजे संपन्न होगा। मौके पर प्रधानाचार्य योगेंद्र ओझा, पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता रामप्यारे यादव, प्राथमिक शिक्षक के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वामीनाथ राय, ब्रह्मानंद पांडे, व्यापार मंडल के नेता तैयब खान, जयप्रकाश, रमेश, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष शशिकांत राय, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हंस नाथ, अरविंद, पीसीसी सदस्य मासूम अंसारी इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# किन्नर की गोली मारकर हत्या

## आठ माह पहले भी किन्नर को मारने का हुआ था प्रयास

**जनसंदेश न्यूज**

**नन्दगंज।** थाना क्षेत्र के चोचकपुर मोड़ के पास कपड़े की दुकान में घुसकर एक किन्नर को बदमाशों ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद बाजार में अफर तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं, पुलिस अज्ञात बदमाशों की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान में जुट गई है। थाना क्षेत्र के बरहपुर गांव निवासी हर्ष उपाध्याय उर्फ गंगा किन्नर उम्र 25 पुत्र गणेश उपाध्याय रविवार को दोपहर में अपनी स्कार्पियो से नन्दगंज बाजार में कपड़े की दुकान में कपड़ा खरीद रहे थे। इसी दौरान हौसला बुलंद बदमाशों ने गंगा किन्नर के सिर में गोली मार दी, जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गई। गोली मारकर जब बदमाश भागने लगा तो किन्नर का ड्राइवर उसे पकड़ने की कोशिश किया तब दुकान के बाहर खड़ा बदमाश उस पर फायर कर दिया। जिसमें ड्राइवर बाल-बाल बच गया। इसके बाद सभी बदमाश वारदात को अंजाम देने के बाद हथियार को लहराते हुए मौके से फरार हो गए हैं। बताया जा रहा है कि बदमाश दो बाइक पर चार की संख्या में थे और सभी के पास असलहा था। वहीं घटना के बाद इलाके सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। वहां लगे सीसीटीवी फुटेज आदि चेक कर छानबीन में जुट गई। बताते चले कि गंगा किन्नर के ऊपर पहले भी आठ माह पूर्व भी जान से मारने के लिए हमला हुआ था। जिसमें वो बाल-बाल बच गया था। अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ।



चोचकपुर मोड़ स्थित किन्नर की हत्या के बाद लोगों की लगी भीड़।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

## पिता की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**जनसंदेश न्यूज**

**जमानियां।** कोतवाली क्षेत्र के मदनपुरा गांव में विवाहिता वंदना (21) संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। सूचना पर रविवार की सुबह सीओ रामकृष्ण तिवारी व कोतवाल अशेषनाथ सिंह पहुंचकर जांच पड़ताल किये। घटना की जानकारी होने पर बिहार बक्सर थाना कुरांसराय निवासी मायके पक्ष के लोग भी पहुंचे। विवाहिता के पिता संतोष उपाध्याय ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर आत्महत्या करने का आरोप लगाया।

पुलिस ने पति बृजेश तिवारी,सास उषा देवी व नंद रुचि कुमारी व जेठ आजाद तिवारी के खिलाफ केस दर्ज किया। विवाहिता वंदना के पिता संतोष उपाध्याय ने बताता पुत्री की शादी 7 नवंबर 2021 को मदनपुरा निवासी बृजेश तिवारी के साथ हुई थी।शादी के तीन माह बाद दहेज को लेकर पति सहित ससुराल पक्ष के लोग पुत्री को प्रताड़ित करने लगे।कई बार इसकी जानकारी पुत्री ने दी।शनिवार की रात 10 बजे पुत्री से जरिये मोबाइल वार्ता हुई तो उसने पति द्वारा दहेज को लेकर मारने पीटने की बात बताई।इसके बाद पुत्री का मोबाइल बंद हो गया।रविवार की सुबह पुत्री के पति द्वारा यह सूचना दी गई कि आपकी पुत्री मर गई है।सूचना पाकर हम लोग ससुराल मदनपुरा पहुंच गए।वहां जाने पर पता चला कि दहेज की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर पुत्री ने आत्महत्या कर लिया है। कोतवाली अशेषनाथ सिंह ने बताया कि पिता के तहरीर पर पति सहित चार के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है।

# एमडी ने ओटीएस कैंप का किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** प्रबन्ध निदेशक पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम वाराणसी द्वारा विद्युत वितरण खण्ड नगर के अंतर्गत नगर उपखण्ड के अंतर्गत प्रकाशनगर उपकेंद्र से पोषित रेलवे स्टेशन के पास संचालित कैंप का दौरा किया। प्रबंध निदेशक द्वारा अधिशाषी अभियंता आशीष कुमार से नगर खण्ड में बकाया वसूली एवं एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत किए जा रही कार्यवाही की विस्तृत पूछताछ की। कैंप में मौजूद उपखण्ड अधिकारी सुधीर कुमार एवं अवर अभियंता से कैंप में हुए रजिस्ट्रेशन का विवरण लिया एवं नेवर पेड उपभोक्ताओं से वसूली की प्रगति जानी उन्होंने अवर अभियंता को एक मुश्त समाधान योजना के प्रचार प्रसार हेतु जन जन तक पहुंचाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कैंप में मौजूद उपभोक्ताओं से फीडबैक भी लिया एवं कैंप में आ रहे उपभोक्ताओं का सम्पूर्ण समाधान किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। आशीष कुमार अधिशाषी अभियंता ने बताया कि प्रबंध निदेशक द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद में हो रही विद्युत चोरी रोकने हेतु कार्ययोजना तैयार कर कार्यवाही की जाएगी एवं बिजली आपूर्ति के सापेक्ष राजस्व की वसूली की जाएगी कोई भी संयोजन बकाए धनराशि में नहीं चलने दिया जाएगा। विद्युत वितरण खण्ड नगर में अभी तक एक मुश्त समाधान योजना का लाभ उठाकर लगभग 4000 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराकर 4 करोड़ की धनराशि जमा कराई जा चुकी है एवं शेष बचे उपभोक्ताओं विद्युत विच्छेदन कराकर वसूली हेतु कठोर कदम उठाए जा रहे है।



एमडी शंभू कुमार को बुके देते अधीशासी अभियंता आशीष कुमार

# तेज रफ्तार वाहन ने दारोगा को रौंदा, मौत

## घटना की बाद ग्रामीणों की जुटी भीड़,अज्ञात वाहन की जाचं में जुटी पुलिस

**जनसंदेश न्यूज**

**सैदपुर।** थाना क्षेत्र के भितरी मोड़ स्थित कोल्ड स्टोरेज के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को रौंद दिया। जिससे बाइक चला रहे यूपी पुलिस के दारोगा के सिर में चोट लगने से मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सैदपुर के कटघरा स्थित चकराजू गांव निवासी (54) वर्षीय प्रहलाद राम पुत्र स्व. राजा राम यूपी पुलिस ने उपनिरीक्षक थे। 1991 में बतौर कांस्टेबल भर्ती होने के बाद हेड कांस्टेबल हुए और अभी इसी साल वो विभागीय प्रमोशन पाकर उपनिरीक्षक बने थे और उनकी तैनाती वर्तमान में प्रयागराज के कटरा थाने में सम्मन सेल में थी। सम्मन सेल में होने के चलते उनके पास गाजीपुर सहित बलिया, वाराणसी व चंदौली जिलों में डाक ले जाने का काम था। वो एक डाक ले आने के सिलसिले में ही आए थे और डाक पहुंचाकर बाइक से ही रविवार की शाम करीब 4 बजे वापस जा रहे थे। अभी वो भितरी मोड़ स्थित कोल्ड स्टोरेज के सामने पहुंचे ही थे कि अचानक तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया ने उन्हें रौंद दिया। उनमें सिर में गंभीर चोट लगने के चलते उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर आनन फानन में मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

जिसके बाद परिजनों में हाहाकार मच गया। मृतक के परिजनों की अस्पताल में चीख पुकार देख हर कोई मर्माहत हो जा रहा था। इधर कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक 5 भाईयों में तीसरे नंबर के थे। उनके 2 पुत्र अश्वनी व अभिषेक सहित 2 पुत्रियां अर्चना व अनुष्का हैं। जिसमें अर्चना की शादी हो चुकी है और अनुष्का की शादी में उन्होंने तय की थी और आगामी मार्च में ही शादी होने वाली थी। लेकिन बेटी की शादी देखने से पूर्व ही वो इस दुनिया से चले गए। उनकी मौत के बाद बेटी अनुष्का व पत्नी इंदु देवी समेत सभी बच्चों व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। राजनीति में भी रूचि होने के चलते बड़े पुत्र को गांव की प्रधानी का चुनाव भी लड़ाया था।

उनकी मौत की सूचना पाकर अस्पताल में भारी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए थे और परिजनों को ढाढस बंधा रहे थे। सपा के प्रदेश सचिव व जिला पंचायत सदस्य खेदन सिंह यादव, बसपा नेता रमेश प्रजापति, जितेंद्र मानव, भाजपा के युवा नेता आशीष श्रीवास्तव आदि ने पहुंचकर परिजनों से संवेदना प्रकट की।



सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दारोगा की मौत के बाद महिलाओं की भीड़।

# शिक्षक नियुक्ति में फ्रॉड फर्जी हस्ताक्षर का आरोप

**धोखाधड़ी**

### तत्कालीन अध्यक्ष ने मदरसा के प्रबंधक और शिक्षा प्रबंधक के खिलाफ थाने में दी तहरीर

**गाजीपुर।** मदरसा के प्रबंधक और शिक्षा प्रबंधक ने फर्जी हस्ताक्षर कर तीन शिक्षकों को नियुक्त किया है। इसके साथ ही एमडीएम में बड़े स्तर का घोटाला किया है। यह आरोप मदरसा के तत्कालीन अध्यक्ष ने लगाया है। अध्यक्ष ने बीते सात दिसंबर को बहादुरगंज पुलिस चौकी में तहरीर देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही संबंधित विभाग को भी पत्र लिखा है।

मऊ जिले के मोहल्ला हद्ढीमदारी निवासी अरशद अन्सारी पुत्र स्व. मजहर हसन ने तहरीर में बताया कि गाजीपुर जिले के बहादुरगंज नगर पंचायत स्थित मदरसतुल मसाकीन के प्रबन्ध समिति का 2005 से सितंबर 2024 तक अध्यक्ष था। मदरसा मान्यता प्रशासन एवं सेवा नियमावली-2016 के भाग-3 की धारा-5 के अनुसार नियुक्ति के चयन समिति का अध्यक्ष प्रबन्ध समिति अध्यक्ष होगा। लेकिन प्रबंधक हाफिज अब्दुल गनी, शिक्षा प्रबन्धक ज्याउर्रहमान शिक्षा प्रबन्धक, सदस्य फखरूद्दीन अन्सारी एवं सदस्य नदीम अन्सारी ने मेरा फर्जी हस्ताक्षर बनाकर मदरसा में तीन शिक्षकों को नियुक्त किया है। जिसमें प्रधानाचार्य मोहम्मद अरशद, सहायक अध्यापक तहतानिया अरशद जमाल एव सहायक अध्यापक तहतानिया नसीम खान है।

**शिक्षकों के तबादले में फर्जीवाड़ा**

अध्यक्ष ने एक और आरोप लगाया कि वर्ष 2022 में मुजाहिद इकबाल खान पुत्र दीवान साहबे जमा खान वाराणसी की नियुक्ति पर भी मेरा हस्ताक्षर फर्जी है। शबनम खातून पत्नी ज्याउर्रहमान पुत्री फखरुद्दीन के ट्रान्सफर कार्यवाही एवं पत्रावली पर भी प्रबंधक हाफिज अब्दुल गनी एवं शिक्षा प्रबन्धक ज्याउर्रहमान द्वारा मेरा हस्ताक्षर फर्जी बनाया गया है।

अध्यक्ष ने 12 नवंबर 2010 के शासनादेश का हवाला देते हुए बताया कि एमडीएम के खाते का संचालन प्रधानचार्य एवं एसएमसी के अध्यक्ष द्वारा किये जाने का प्रविधान है। लेकिन प्रबंधक और शिक्षा प्रबंधक ने एमडीएम पर पूरा कब्जा बना लिया था। आरोप लगाया कि एमडीएम में 46 लाख से अधिक रूपए का घोटाला किया है। जिसमें 10 लाख खाद्यान उठान और 36 लाख 22 हजार पैतीस रूपए कन्वर्जन कास्ट में बड़ा खेल किया गया है।

बतादें, मदरसा की जांच चल रही है। जांच अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी दीनानाथ साहनी ने प्रबंधक से घोटाले के लगे आरोप से जुड़े दस्तावेज मांग लिया है। जल्द ही जांच के बाद दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

# नगर बना संदिग्धों का सुरक्षित ठिकाना

**गाजीपुर।** शहर के कई मोहल्लों ने अनजान और संदिग्ध युवकों ने अपना ठिकाना बना रखा है। शहर के गृहस्वामी थोड़े पैसे के लालच में किरायेदार का सत्यापन कराना जरुरी नहीं समझते हैं। वहीं पुलिस भी मामलों को लेकर अनभिज्ञ बनी हुई है। शहर में लगातार छोटी-मोटी घटनाएं होती रहती हैं। इनमें अनजान चेहरों के हाथ होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। शहर के कांशीराम कालोनी, अष्टभुजा कालोनी, प्रकाश नगर, रीवर बैंक कालोनी सहित कई मोहल्लों में ऐसे अनजान चेहरे झुंड के झुंड देखे जा सकते हैं। वहीं रौजा, फुल्लनपुर, चंदन नगर कालोनी के तरफ भी युवकों की टोली देखी जा सकती हैं।सूत्रों के अनुसार युवक किसी निजी कंपनी के कार्य को हवाला देकर जिले में अपना ठिकाना बनाए हुए हैं। शहर में लगातार हो रही बाइक चोरी, टेम्पो चोरी से लेकर कई तरह के अपराधिक घटनाओं में इजाफा हो गया है। बताया जाता है कि अन्य क्षेत्रों से आए युवक शहर में क्या करते हैं, इसके बारे किसी के पास कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। पूर्व पुलिस कप्तान ने संदिग्धों पर नजर रखने के लिए पुलिस को निर्देश दिया था। हालांकि समय बीतने के साथ पुलिस भी मामले को नजरअंदाज करती गई।

# सचेत करने में जुटीं संचार कंपनियां साइबर ठगी के मामले बढ़े

**गहमर।** साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को देख संचार कंपनियां उपभोक्ताओं को जागरुक करने में जुटी हैं। फोन करने पर जहां मोबाइल नंबर पर कालरट्यून सुनने को मिल रहा था, वहीं अब साइबर ठगी से सुरक्षित रहने के उपाय सुनने को मिल रहे हैं। साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि अगर ठगी के शिकार हो गए हैं तो अगला कदम क्या उठाएं। साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के मद्देनजर ट्राई (दूर संचार नियामक) के निर्देश पर न सिर्फ बीएसएनएल बल्कि निजी कंपनियां भी इस दौड़ में शामिल हैं। इन दिनों मोबाइल फोन कॉलिंग सुविधा देने वाली नेटवर्क प्रदाता कंपनियां साइबर ठगी से बचाव के लिए जागरुकता संदेश सुनाने में जुटी हैं। उपभोक्ताओं को फर्जी काल आने पर हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी जा रही है। लालच और अज्ञानता में कभी लॉटरी निकलने, दुर्घटना की झूठी सूचना तो कभी डिजिटल अरेस्ट के दायरे में फंसकर ठगी के शिकार हो रहे हैं। यह भी बताया जा रहा कि परिचित नंबर के इंटरनेट कॉल ही रिसीव करें। कोई फर्जी अधिकारी के गेटअप में ठगी का शिकार बना सकता है। ऐसा कोई फोन आने पर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देने के संदेश भी प्रसारित हो रहे हैं, जिससे लोग ठगी का शिकार होने से बच सकें। अगर शिकार बन गए हैं तो क्या करना चाहिए, इसकी जानकारी भी दी जा रही है। लोगों को जागरुक करने के लिए संचार कंपनियों ने बेहतर प्रयास किया है। साइबर सेल भी लोगों के साथ ठगी न होने पाएं इसके लिए जागरुक करने में जुटे है।-अशोक कुमार मिश्रा, प्रभारी साइबर थाना। दूर संचार नियामक के निर्देश पर साइबर ठगी से बचने का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। फोन करने पर सबसे पहले जागरुकता संदेश सुनाकर उपभोक्ताओं को जागरुक किया जा रहा है। देश दीपक मौर्या, एसडीओ, बीएसएनएल।

**अलर्ट**

### फोन करने पर कॉलर ट्यून की जगह सुनाए जा रहे जागरूकता संदेश

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी चलाएगा गांव-गांव अभियान

**कासिमाबाद।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कासिमाबाद ब्लाक कमेटी की बैठक पार्टी कार्यालय कामरेड राजदेव यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड जनार्दन राम ने ब्लॉक कमेटी को संबोधित करते हुए कहा कि अभी हाल ही में 26 दिसंबर को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी समारोह कानपुर के अंदर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कॉम डी राजा एवं राष्ट्रीय सचिव कामरेड अमरजीत कौर ने शुभारंभ करते हुए पार्टी के गठन से लेकर आज तक बड़ी कुर्बानियों के बाद किसान मजदूर की आवाज बुलंद करते हुए 100 वर्ष पूरे किए पार्टी ने ऐलान किया है कि पूरे साल भर पार्टी के स्थापना दिवस ब्रांच ब्लॉक जिला सम्मेलन करते हुए नुक्कड़ सभा सेमिनार गोष्टी जन जागरण यात्रा करते हुए 100 गांव में संपर्क करना है।अभी ऐलान किया गया की 30 दिसंबर को वामपंथी पार्टियों के द्वारा देश की सभी जिला मुख्यालयों पर अमित शाह इस्तीफा दो गृह मंत्री माफी मांगो नारे के साथ भारतीय संविधान के निमार्ता डॉक्टर बी आर अंबेडकर के अपमान को धरना प्रदर्शन के रूप में ऐलान किया है।

बैठक में पूर्व विधायक राजेंद्र यादव, जनार्दन राम, शमीम अहमद, सुरेंद्र राम, इरशाद अहमद, संजय राम, सूर्यनाथ कनौजिया आदि ने अपना विचार व्यक्त किया। अंत में देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को 2 मिनट मौन होकर याद करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। अंत में बैठक की अध्यक्षता कर रहे राजदेव यादव ने बैठक की समापन की घोषणा की।



कासिमाबाद ब्लाक कमेटी की बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारी।

# बिहार सीमा पर अपराधिक गतिविधि को लेकर पुलिसकर्मी बेपरवाह

**लापरवाही**

### गहमर पुलिस की निष्क्रियता से क्षेत्र में बढ़ी चोरी की घटनाएं

**जनसंदेश न्यूज**

**सेवराई।** ठंड का मौसम शुरू होते ही स्थानीय तहसील क्षेत्र के गहमर पुलिस भी कुछ ज्यादा ही लापरवाह दिख रही है। पुलिस की निष्क्रियता का आलम यह है कि ठंड के दस्तक देते ही पुलिस जहां सुस्त दिख रही है वही चोर व अपराधी काफी चुस्त नजर आ रहे है। गहमर थाना के सेवराई तहसील के अगल बगल ही लगातार दो दिनों में हौसला बुलंद चोरो ने दो चोरी की घटनाओं को अंजाम दे दिया।

पहली घटना बीते मंगलवार की है जहां तहसील से सटे विकास खंड भदौरा के धान क्रय केंद्र से धान से भरी लगभग पचास बोरा धान चोरो ने चोरी कर ली वही दूसरी घटना दूसरे दिन बुधवार को तहसील कार्यालय से लगभग पांच सौ मीटर दूर बस स्टैंड मुख्य मार्ग के पास सब्जी व्यवसायी के दुकान से लगभग पचास किलो लहसुन की चोरी कर ली गयी और अभी तक पुलिस जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रही है ।

वही लोगों की माने तो ठंड के मौसम में पुलिस की लापरवाही के कारण बिहार में शराब तस्करी करने वाले शराब तस्करों की चांदी कट रही है। बेखौफ शराब तस्कर समीपवर्ती गहमर थाना के कर्मनाशा नदी के देवल व बारा पुल के रास्ते शराब की तस्करी प्रतिदिन कर रहे है। गहमर थाना के देवल पुलिस चौकी दिन में ही वीरान पड़ी रहती है ।चौकी पर तैनात पुलिस कर्मी अपने अपनी बैरक में ही पड़े रहते हैं । पुलिस चौकी की निगरानी करने के लिए जिस सिपाही का पहरा लगता है वह भी सिपाही इतने लापरवाह है कि वह चौकी की निगरानी अपने बैरेक से ही करते हैं।

यूपी और बिहार सीमा पर देवल गांव के पास दिलदारनगर देवल मार्ग पर स्थित पुलिस चौकी देवल पर चौकी प्रभारी सहित पांच पुलिसकर्मी तैनात हैं। एक दीवान का कुंभ मेले में ड्यूटी लगी है ।पुलिस चौकी के पुलिस कर्मियों के लापरवाही का आलम यह है कि जो पुलिस पहरे पर है वह भी चौकी की निगरानी ठीक से नहीं कर पा रहा है । स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग बिहार का सीमा होने के वजह से देवल कर्मनाशा पुल के रास्ते वाहनों का आवागमन अधिक रहता है। वही शराब तस्कर एवं पशु तस्कर पुलिस कर्मियों की लापरवाही की वजह से बेधड़क आते जाते रहते हैं। तरह-तरह की चचाएं हैं कि आखिर पुलिसकर्मी अपने बैरेक में अधिक रहते हैं और बाहर पुलिस चौकी की निगरानी कम करते हैं ।

ऐसे में बिहार सीमा पर अपराधिक गतिविधि को लेकर पुलिसकर्मी इतने बेपरवाह क्यों बने हुए हैं? इसको लेकर लोग अपने अपने तरीके से इसका मतलब भी निकलना शुरू कर दिये हैं ।



वीरान पड़ा पुलिस चौकी देवल।

## संक्षेप

### धूमधाम से बनी महाराजा अहिबरन की जयंती



**सैदपुर।** अखिल भारतीय बरनवाल समाज के तत्वाधान में नगर के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में बरन समाज के प्रवर्तक महाराजा अहिबरन की जयंती व बरनवाल समाज का 45 वां स्थापना दिवस बेहद धूमधाम से शनिवार की देररात करीब 12 बजे तक मनाया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि दिल्ली से आये बरनवाल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण बरनवाल ने महाराजा अहिबरन व मोहनलाल बरनवाल की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद बरनवाल समाज के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बरनवालों के अग्रदूत रहे महाराजा अहिबरन क्षत्रिय थे। लेकिन वाणिज्य, साहित्य, कला आदि के क्षेत्रों में रुचि होने से उन्होंने इस क्षेत्र में सुधार के अनगिनत काम किया। कहा कि पूर्व में बरन व वर्तमान में बुलंदशहर उनका साम्राज्य था। 997 ईसा पूर्व तक उनकी पीढ़ियों ने शासन किया। इसके बाद बरनवाल पूरे देश के सभी हिस्सों में फैल गए। कहा कि महाराजा अहिबरन की याद में 25 से 31 दिसम्बर तक देश भर के सभी राज्यों में उनकी जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। जिसमें सर्वसम्मति से श्वेता बरनवाल को अध्यक्ष व अंशु बरनवाल को महामंत्री चुना गया। इसके साथ ही बरनवाल समाज का वार्षिक चुनाव कराया गया। जिसमें राजेश तिरुपति को अध्यक्ष, त्रिपुरारी बरनवाल को उपाध्यक्ष, आकाश बरनवाल को महामंत्री व मनीष बरनवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुने जाने के बाद सभी पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आकाश बरनवाल, अभिषेक बरनवाल, अंकित बरनवाल, दिनेश बरनवाल, बैकुंठ बरनवाल, नागेश्वर बरनवाल, गोविंद बरनवाल सहित जयप्रकाश बरनवाल, रामजी बरनवाल आदि रहे। अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष सुशीला सोनकर व संचालन मोहित बरनवाल व सिद्धि बरनवाल ने संयुक्त रूप से किया। आभार अध्यक्ष आशीष बरनवाल रानू ने ज्ञापित किया।

### सीएम जन आरोग्य मेला का आयोजन



**मरदह।** रविवार को सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसके तहत ब्लाक के तीन पीएचसी व एक सीएचसी के कुल 105 मरीजों ने परीक्षण परामर्श के साथ निःशुल्क पंजीकरण सहित दवा प्राप्त किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह पर डा.इमरान मलिक ने 42 मरीजों को देखा साथ ही साथ प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र मटेहूँ में डॉ.राजीव गोड़ ने 19 मरीज तो प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पांडेयपुर राधे में डॉ.आसिफ लारी ने 21 तथा प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र अविसहन में डॉ.इमरान उस्मानी ने 23 मरीजों का इलाज किया।मेला में कुल 105 मरीजों की जाँच व निःशुल्क दवा वितरण किया गया।जिसमें सांस के - 15, उदर के 10, मधुमेह - 5, चर्मरोग 9 - , हाईपर टेंशन 7 एनिमिया 6, ए.एन.सी के 3, बुखार के 12, सर्दी-जुकाम खांसी 9अन्य रोगी 29 मरीजों को देखा गया जिसमें बच्चे भी शामिल रहे।

### सिलेंडर लदे ट्रक से भिड़ी जेसीबी, हादसा टला

**जमानियां।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरुईन स्थित प्राथमिक विद्यालय के सामने एनएच 24 पर रविवार की सुबह करीब 9.40 बजे एलपीजी सिलेंडर लदी ट्रक सामने से आ रहे जेसीबी से टक्करा गई। संयोग अच्छा रहा कि भिड़ंत के बाद कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। जानकरी के अनुसार प्रयागराज से एलपीजी सिलेंडर लेकर आ रही ट्रक का अचानक स्टेयरिंग फेल होने से सामने से आ रही जेसीबी में टक्कर मार दिया। जेसीबी चालक को अचानक ब्रेक लेने के कारण जेसीबी के पीछे से आ रही टेम्पो जेसीबी से टकरा गई। हादसे में टेम्पो चालक को मामूली चोट आई। संयोग अच्छा रहा कि सिलेंडर लदा ट्रक नहीं पलटा अन्यथा सिलेंडरों में आग लगने बड़ा हादसा हो सकता था। टक्कर से सड़क के दोनों तरफ वाहनों का कतार लग गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क किनारे लगवाकर यातायात चालू कराया।

### दबंगों ने सहन भूमि में गाड़ दिया पोल, पीड़ित ने दी तहरीर

**जमानियां।** क्षेत्र के बघरी निवासी जय प्रकाश राम एडवोकेट ने कोतवाली जमानियां में तहरीर देकर प्रधानपति रामजीत राम, उनकी पत्नी राजकुमारी देवी, पुत्र साकेत और 10-12 अन्य लोगों पर दबंगई और धमकी का आरोप लगाया है। जय प्रकाश राम का कहना है कि शुक्रवार की रात 1 बजे विपक्षीगण ने उनकी सहन भूमि के पश्चिमी ओर जबरन लोहे का विद्युत पोल गाड़ दिया। जब उन्होंने विरोध किया, तो आरोपियों ने कहा कि यह विद्युत विभाग की सहमति से किया गया है। साथ ही धमकी दी कि पोल नहीं हटाया जाएगा और ज्यादा बोलने पर संगीन आपराधिक घटना करवाई जाएगी। जय प्रकाश राम के अनुसार, विद्युत विभाग को मामले की जानकारी दी गई, जिसके बाद 18 दिसंबर 2024 को जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि पोल गाड़ने में उनकी कोई सहमति नहीं थी। प्राथी का आरोप है कि पोल हटाने की बात कहने पर विपक्षीगण ने उन्हें सार्वजनिक रूप से गाली-गलौज कर अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी। जय प्रकाश राम ने मामले को लेकर पुलिस से कार्रवाई की अपील की है। उन्होंने विपक्षियों पर उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने और जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में इस घटना को लेकर चर्चा बनी हुई है।

### सरकारी फाइलों में जल रहा अलाव

**भांवरकोल।** प्रदेश सरकार आम जनता को कंपकंपाती ठंडक में राहत दिलाने के लिए हर साल की तरह इस साल भी हर सार्वजनिक जगहों पर सरकारी अलाव जलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है। लेकिन तहसील प्रशासन अपने कागजी घोड़े दौराने से बाज नही आ रहे हैं। इसका ज्वलंत उदाहरण भांवरकोल विकास खंड में देखने को मिल रहा है। एक सप्ताह से ठंड अपना प्रभाव दिखाने लगा है। मगर ठंड से राहत के लिए विकास खंड में गरीब लोगों और यात्रियों को राहत दिलाने के लिए सरकारी अलाव कोई व्यवस्था नहीं है। जबकि सरकारी फाइलों और प्रबंधन राहत पोर्टल पर क्षेत्र के मिजार्बाद, भांवरकोल, बढ़नपुरा के पाताल गंगा और फखनपुरा में अलाव जलाने का फोटो डाल दिया गया है। अलाव जलाने का यह झूठा दावा कोई और नहीं मुहम्मदाबाद तहसील प्रशासन द्वारा किया गया है। आज की तारीख में भी पाताल गंगा के अलावा शेष जगहों पर अलाव नहीं जले। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता जेपी राय, सोनू पांडेय, रमापति कुशवाहा, दिनेश राय, वृजेश पगड़ी वाला, आशीष कुशवाहा, बृजेश सिंह आदि ने कहा कि लापरवाह किस्म के अधिकारी व कर्मचारी प्रदेश सरकार को बदनाम करने में लगे हुए। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर किया जाएगा।

### पेड़ गिरने से ट्रेनों के आवागमन पर असर

**सादात।** जखनियां से सादात रेलवे स्टेशन के मध्य हुरमुजपुर हाल्ट पर रविवार की दोपहर उस समय बड़ा हादसा होने से बच गया। जब वाराणसी सीटी से गोरखपुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस गुजरने के चंद सेकेंड बाद ही रेलवे ट्रैक किनारे स्थित एक विशाल सूखा पीपल का पेड़ ओएचई तार पर गिरकर लटक गया। ओएचई तार पर पेड़ गिरने से कई ट्रेनों के आवागमन पर असर पड़ा, वहीं इसकी सूचना मिलते ही विभाग में हड़कंप मच गया। औड़िहार से लगभग आधे घंटे बाद रेल टावर बैगन पहुंचा, जिसके उपरांत ओएचई तार का मरम्मत कर ट्रेनों का आवागमन सुचारु किया गया। जानकारी अनुसार दोपहर करीब एक बजे वाराणसी सिटी से गोरखपुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस सादात से जखनियां की तरफ रवाना हुई। करीब डेढ़ घंटे में पेड़ को काटकर हटाते हुए टूटे तार की मरम्मत कर ट्रेनों का आवागमन पुनः बहाल किया गया। इसके चलते दादर एक्सप्रेस, लिच्छवी एक्सप्रेस, गोरखपुर से वाराणसी सिटी जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस विलम्बित हुई।

### हादसे को दावत दे रहा स्पीड ब्रेकर

**मुहम्मदाबाद।** अहिरौली गांव के पास गाजीपुर-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर अवैध स्पीड ब्रेकर राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। इसके चलते वाहन चालक आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। वाहनों के अनियंत्रित होने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। जबकि राजमार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने पर सख्ती से रोक है। बावजूद इसके नियमों की अनदेखी कर स्पीड ब्रेकर बनाया गया है। राहगीरों और वाहन चालकों ने कई बार प्रशासन एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर इसे हटाने का अनुरोध किया, जिससे आवागमन सुरक्षित हो सके। लेकिन शिकायतों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। सबसे बड़ी बात है कि इस मार्ग से आला अधिकारियों और विभिन्न जनप्रतिनिधियों के वाहन भी फरार्टा भरते हैं, लेकिन किसी की नजर अवैध तरीके से बने इस जानलेवा स्पीड ब्रेकर पर आज तक नहीं पड़ सकी है। इस संबंध में एनएचएआई के परियोजना निदेशक ने बताया कि जांच कराकर जल्द ही समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

**जनसंपादकीय**

# सहजता के पर्याय थे श्याम बेनेगल

**ललित मोहन जोशी**

श्याम बेनेगल का सिनेमाई कृतित्त्व और प्रभाव बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध से लेकर इक्कीसवीं शताब्दी के पूर्वार्ध तक प्रत्यक्ष रूप से रहेगा और उसके बाद की सिनेकार और दर्शक पीढ़ियों में बेनेगल और उनकी फिल्में सन्दर्भ बिंदु रहेंगी।

आयु के लिहाज से मृणाल सेन एकमात्र ऐसे सिनेकार हैं जो उम्र में बेनेगल से अधिक, 95 वर्ष तक जीवित रहे. पर फिल्मकार के तौर पर श्याम बेनेगल संभवतः एकमात्र ऐसे भारतीय सिनेकार होंगे जिन्होंने अपनी अंतिम कथा फिल्म मुजीब- द मेकिंग ऑफ अ नेशन (2023), 89 वर्ष की आयु में निर्देशित की।

इससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण ये है कि कोंकणी भाषी श्याम बेनेगल दक्षिण भारत से आकर हिंदी सिनेमा के गढ़ में पैर जमाने वाले एक बाहरी व्यक्ति थे. उन्होंने हैदराबाद से मुंबई आकर न केवल लोकरंजक पलायनवादी बम्बैय्या हिंदी सिनेमा के पारम्परिक ढांचे को चुनौती दी बल्कि नए सिनेमा का आगाज कर उसे स्थापित भी किया। श्याम बेनेगल न होते तो सिनेमा की परिभाषा मेरे लिए कुछ और होती. जब मैंने इलाहाबाद के पैलेस थिएटर में श्याम बेनेगल की पहली कथा फिल्म अंकुर (1974) देखी. ऐसा लगा कपोल कल्पना की दुनियां से उठाकर किसी ने मुझे जमीन पर पटक दिया हो. फिल्म के चरमोत्कर्ष में शबाना आजमी के हृदयभेदी क्रंदन और आक्रोश के साथ व्यक्त वह संवाद 'इसको मारा तूने हराम के जने. क्यों मारा माटी मिले..' मुझे कई दिनों तक सालता रहा. मेरे अंतर से यह सवाल उठा कि मैंने अब तक जो देखा है क्या वह सिनेमा था, या जो अब देखा वह सिनेमा है? मैंने भावुकता और ईमानदारी से लबरेज एक पत्र उन्हें डाल दिया कि मैं मिलना चाहता हूँ. जवाब आया, 'ललित तुम्हारे पत्र ने मुझे भीतर से छुआ. जब चाहो मुझे सूचना देकर बम्बई मिलने आ सकते हो.' हर खत का जवाब देना उनका एक ऐसा उसूल था जिसे उन्होंने जीवन पर्यन्त निभाया.



श्याम बेनेगल की दूसरी फिल्म निशांत (1965), और भी सशक्त थी जिसने अंकुर में निहित सामंतवाद और शोषण के विरुद्ध व्यक्त एक स्त्री के आक्रोश को सामूहिक विद्रोह में बदला. निशांत, अंकुर की निरंतरता में एक नयी रचना थी और मंथन (1966) इस विद्रोह की सकारात्मक परिणिति. भले इन तीनों फिल्मों के अलग अलग कथानक थे पर अंकुर, निशांत और मंथन श्याम बेनेगल की सामाजिक फिल्मत्रयी बन गयी।

इलाहाबाद में रहते मैं बराबर बेनेगल साहब से पत्राचार करता रहा. अंततः 1979 में पहली बार श्याम बेनेगल से ताड़देव स्थित उनके ऑफिस में मिल पाया। तब तक वे भूमिका और जूनून बना चुके थे. इसी भेंट के दौरान श्याम बेनेगल से पहला इंटरव्यू रिकॉर्ड किया। उनके साथ काम करने की इच्छा के बावजूद बेबाक सवाल पूछे।

श्याम बेनेगल ने नई धारा के सिनेमा की अगुआई तो की पर उनकी फिल्में समानांतर सिनेकारों के कृतित्व की एकरसता से अलग रहीं. बेनेगल का सिनेमा कभी किसी फामूर्ले का शिकार नहीं हुआ. ग्रामीण परिवेश की शोषण मूलक फिल्मों के निर्माण से वे चिपके नहीं रहे. एक ओर उन्होंने भूमिका जैसी स्त्रीवादी फिल्म बनायीं जो हंसा वाडेकर की जीवनी पर आधारित थी और सिनेमा के विकास का दस्तावेज थी, वहीं त्रिकाल जैसी फिल्म अति यथार्थवादी, अतीत की ओर नजर डालती परिवेश मूलक कृति है।

श्याम बेनेगल पूना फिल्म संस्थान के अध्यक्ष भी रहे और 1987 में फिल्म एप्रिसिएशन कोर्स करने के दौरान मैंने श्याम बेनेगल के अद्भुत व्याख्यान भी सुने. इसी वर्ष मैंने बीबीसी लंदन की हिंदी सेवा के लिए आवेदन भी किया और 1988 में मुझे लंदन से नियुक्ति का ऑफर मिल गया. लंदन आना मेरी जिन्दगी का उत्तरार्ध था। श्याम बेनेगल से मेरे संबंध और गहरे होते गए।

बीबीसी के लिए 1990 में बनी भारतीय सिनेमा के समग्र इतिहास पर मेरी 19 भागों की श्रृंखला के निर्माण में उनकी सलाह और सहायता अहम थी. बरमिंघम इंटरनेशनल फिल्म एंड टेलीविजन फेस्टिवल के फिल्म प्रोग्रैमर की हैसियत से मैंने उनका सम्मान समारोह 1995 में आयोजित किया जिसमें वे नीरा जी (नीरा बेनेगल) के साथ आये थे. इस बीच श्याम बेनेगल ने हिन्दू-मुस्लिम अंतर-संबंधों और वैमनस्य को रेखांकित करती तीन फिल्में - मम्मो (1994) , सरदारी बेगम (1996) और जुबैदा (2001) बनायीं. इसके अलावा ऐतिहासिक फिल्मों के निर्माण में भी मेकिंग ऑफ द महात्मा (1996) और बोस- द फॉरगॉटन हीरो (2005) उनकी चर्चित कृतियां हैं।

वर्ष 2000 में मेरे द्वारा लंदन में साउथ एशियन सिनेमा फॉउन्डेशन (एसएसीएफ) की स्थापना के बाद प्रारम्भ किये गए पत्र 'साउथ एशियन सिनेमा' के लगभग हर अंक में बेनेगल साहब ने विशिष्ट लेखन किया. बेनेगल साहब की एक खासियत ये थी कि वे हमेशा समय पर नहीं, समय के पहले अपना काम पूरा करते थे।

2006 में बनी मेरी डाक्यूमेंट्री 'बियॉन्ड पार्टीशन' (विभाजन के पार) का संपादन पूरा करने के पहले जब मैंने उन्हें फोन किया तो उन्होंने पूछा, ललित इस फिल्म का टाइटल क्या है. मैंने कहा बेनेगल साहब 'पार्टीशन कॉन्टिन्यूज' (विभाजन जारी है) . 'यह बिलकुल अस्वीकार्य है' उन्होंने खीज से कहा. यह टाइटल रखकर तुम पाकिस्तान के एजेंडा को स्वीकार कर रहे हो. मुझे एक घंटे में फोन करो. फोन करने पर उन्होंने कहा कि तुम्हारी डाक्यूमेंट्री का नाम 'बियॉन्ड पार्टीशन' (विभाजन के पार) होगा. उन्होंने कभी भी मेरे किसी अनुरोध को अस्वीकार नहीं किया. बेनेगल के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता उनकी सहजता थी।

'भारत और ब्रितानी सिनेमा में सहयोग' के एक प्रोजेक्ट के तहत मैंने 2011 में अपनी एक डाक्यूमेंट्री 'निरंजन पाल - एक विस्मृत विभूति' में कमेंटरी के लिए बेनेगल साहब को फोन किया, 'बेनेगल साहब मैं चाहता हूँ कि आप मेरी इस डाक्यूमेंट्री की कमेंट्री करें।' रिकॉर्ड की गयी कमेंटरी मुझे ऑनलाइन भेजने के साथ- साथ बेनेगल साहब ने एक नोट भी भेजा. ललित तुम्हारे अनुरोध पर मैंने इसे रिकॉर्ड कर दिया है. यह तुम्हारी फिल्म है. मेरी सच्ची राय है, अगर यह तुम्हें किसी भी वजह से अपनी फिल्म के अनुरूप न लगे तो इसे कूड़ेदान में फेंकने में जरा भी संकोच मत करना। मैं तुम्हारी जगह होता तो यही करता।'

एक बार मैंने वर्ष 2009 में बेनेगल साहब को फोन कर पूछा, 'मेरे एक नजदीकी सिनेकार ने एक बहुत कमजोर फिल्म बनायीं है और मुझसे उसकी समीक्षा लिखने को कहा जा रहा है. मैं दुविधा में हूँ.' बेनेगल ने यह फिल्म देखी थी और मुझसे सहमत भी थे. पर उनका जवाब था, 'एक कलाकार की कृति के प्रति संवेदना से लिखो. करुणा से लिखो. एक समीक्षक के दम्भ और क्रूरता से नहीं।'

**( लेखक फिल्मकार, फिल्म समीक्षक हैं। बीबीसी से जुड़े रहे)**

# उदारीकरण और लोकतंत्र का सौम्य प्रतिनिधि

**श्रद्धांजलि**




**रामशरण जोशी**

14वें पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का राजकीय सम्मान के साथ सदैव के लिए विदाई दे दी गई। लेकिन, भाजपा का मोदी शासन अंतिम क्षण तक भूमंडलीकरण के सूत्रधार डॉ सिंह के लिए गरिमापूर्ण स्मारक स्थल तय नहीं कर सका।यह अफसोसनाक है।यद्यपि कांग्रेस ने अनुरोध किया था कि इंदिरा गांधी ,राजीव गांधी के समाधि स्थल के आसपास डॉ सिंह की अंत्येष्टि की जा सकती है और वहीं स्मारक स्थल बन सकता है। लेकिन, सरकार ने कतिपय तकनीकी औपचारिकताओं का उल्लेख किया और बाद में स्थान निश्चित करने का तर्क दिया। अपने आप में यह आश्चर्य है। इसका युद्ध स्तर पर हल किया जा सकता था।आश्चर्यजनक है!

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहलाल नेहरू के पश्चात डॉ. मनमोहन सिंह ऐसे 14 वें पूर्व प्रधानमंत्री रहे जिन्होनें सफलतापूर्वक दो दस वर्षीय कार्यकाल ( 2004 -2014 ) पूरा किया था । बेशक डॉ. सिंह अत्यंत विनम्र और अराजनैतिक प्रधानमंत्री थे, लेकिन देश में आधुनिक आर्थिक सुधारों के सफलतम अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री थे. मेरी दृष्टि में, डॉ. सिंह उत्तर- इंदिरा+राजीव काल के राजनेता प्रधानमंत्रियों ( विश्वनाथ प्रताप सिंह, चंद्रशेखर, नरसिंहमा राव, देवगौड़ा, इंद्रकुमार गुजराल और अटलबिहारी वाजपेयी ) से अधिक सक्षम रणनीतिकार प्रधानमंत्री सिद्ध हुए, जिन्होनें गठबंधन सरकार का निरंतर दस सालों तक संचालन किया . इसके विपरीत उनके 6 पूर्ववर्ती खांटी राजनीतिक प्रधानमंत्रियों में से कोई भी दस वर्ष तक शासन में नहीं रह सका था; राव और वाजपेयी को छोड़ शेष चार प्रधानमंत्री ( सिंह, चंद्रशेखर, गौड़ा और गुजराल ) दो वर्ष भी प्रधानमंत्री की गद्दी पर नहीं टिक सके;प्रधानमंत्री आते रहे-जाते और देश में अल्पावधि चुनाव ( 1991 व 98 ) होते रहे. इस दृष्टि से देखें तो दिवंगत मनमोहन सिंह को कुशल राजनीतिज्ञ प्रधानमन्त्री भी कहा जाना चाहिए.

2004 के चुनावों में कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी के नेतृत्व में यूपीए ( यूनाइटेड प्रोग्रेसिव अलायन्स ) गठबंधन को बहुमत मिला था. वाजपेयी -नेतृत्व का ' चमकीला भारत और अच्छे दिन' का नारा पिट गया था. भाजपा गठबंधन हार गया था. 2004 में कांग्रेस नेतृत्व के गठबंधन को जीत मिली थी. उस दौर में उम्मीद थी कि सोनिया गांधी प्रधानमंत्री बनेंगी। लेकिन, भाजपा की नेता सुषमा स्वराज ने उनका कट्टर विरोध किया था. धमकी दी थी कि यदि एक विदेशी को प्रधानमंत्री बनाया गया तो वे अपने सर के केश -मुंडन करवा लेंगी। लेकिन, सोनिया गांधी ने अपने स्थान पर डॉ. मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री -उम्मीदवार के रूप में चुना था. सत्ता-गलियारों में चर्चा थी कि वे सुषमा -धमकी से डर गयी थीं. यह भी चर्चा थी कि तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल कलाम भी उन्हें प्रधान मंत्री पद की शपथ नहीं दिलवाएंगे क्योंकि वे वाजपेयी -काल में राष्ट्रपति बने थे. इन चचाओं में कितना दम है, कहना मुश्किल है. पर एक खबर सही है. जहाँ तक मुझे याद है, डॉ. सिंह के प्रधानमंत्री-पद की शपथ लेने से करीब एक सप्ताह पहले ही पंजाब केसरी में डॉ. सिंह का नाम उछल गया था. दिवंगत पत्रकार आलोक तोमर ने अपने कॉलम में स्पष्ट रूप से लिखा था कि मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाया जायेगा. सत्ता-गलियारों में चर्चा थी कि मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री बनने में विश्व बैंक की भूमिका भी रही है. अतः कौनसा फैक्टर का प्रभाव रहा होगा, अनुमान का विषय है. पर, आरम्भ में डॉ. सिंह के प्रधानमंत्री बनने को लेकर कांग्रेसी सहज नहीं थे. मुझे याद है, संसद के सेंट्रल हाल में जब डॉ. सिंह के नाम की घोषणा की गई थी, तभी सांसदों ने शोर मचाया था और 'सोनिया सोनिया सोनिया' चिल्लाने लगे थे. वे सोनिया जी को प्रधानमंत्री देखना चाहते थे. लेकिन, डॉ. सिंह के नाम की घोषणा हो गयी। डॉ. सिंह को लेकर एक आरंभिक अस्वीकारियता जरूर दिखाई दी और जिस प्रकार मोदी राज में' दो इंजन की सरकार' का नारा गूँज रहा है, उसी तरह 'दो पावर सेन्टर' की बात चलने लगी थी. लेकिन, धीरे धीरे डॉ. सिंह के सरकार पर पकड़ होने लगी थी. एक प्रकार से, विवादों के बीच डॉ. सिंह प्रधानमंत्री बने और उनका दो दशकीय कार्यकाल भी चला.

निःसंदेह डॉ. सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था की कमान अत्यंत नाजुक दौर में सम्हाली थी. 1991 में राव साहब प्रधानमंत्री बने थे और वित्तमंत्री के रूप में डॉ. सिंह ने जुलाई,'91 में अर्थव्यवस्था के भूमंडलीकरण या वैश्वीकरण की प्रक्रिया की शुरूआत की थी. इस प्रक्रिया के तहत देश में तीन प्रमुख आर्थिक प्रक्रियाएं अस्तित्व में आईं : उदारीकरण, निजीकरण और विनिवेशीकरण। इन प्रक्रियाओं के आरम्भ होते ही देश की आर्थिक गतिशीलता का विस्तार होने लगा और नये नये द्वार खुलने लगे. देश की राजनीतिक आर्थिकी या पोलिटिकल इकॉनमी में पहला बड़ा मोड़ था जब निजी देश-विदेशी पूँजी खिलाड़ियों को आंशिक अवरोध मुक्त मैदान मिला था. इससे पहले नेहरू काल से चली आ रही समाजवादी मिश्रित अर्थव्यवस्था की धाराएं बह रही थीं; इंदिरा गांधी, मोराजी देसाई और राजीव गांधी ने भी क्रांतिकारी आर्थिक छलांगें नहीं लगाई थीं ; कमोबेश केंद्रीकृत अर्थ व्यवस्था की छाप ही छाई रही थी. भारतीय राष्ट्र राज्य का चरित्र 'जन कल्याणकारी' ही था. राज्य की राजनीतिक आर्थिकी 'हस्तक्षेपवादी' थी . लेकिन, मनमोहन सिंह के नेतृत्व में आर्थिक उदारीकरण की व्यवस्था के आरम्भ होने से भारतीय राज्य के मूल चरित्र में परिवर्तन भी आने लगा था. अब राज्य ने एक 'सुविधाप्रदानकर्ता( फैसिलिटेटर )' की भूमिका निभाना शुरू कर दिया था। इसके साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र की भूमिका आहिस्ता आहिस्ता सीमित भी होने लगी थी. निसंदेह, डॉ. सिंह उदारीकरण के सूत्रधार थे और उन्होंने देश को 'विश्व व्यापार मंच' से जोड़ा भी था. इससे नए अवसर -नई संभावनाएं उभरे. वित्तमंत्री व प्रधानमंत्री बनने से पहले डॉ. सिंह विश्व बैंक और योजना आयोग में कार्यरत रहने के विपुल विविधापूर्ण अनुभव से लैस भो चुके थे. उनके आर्थिक चिंतन की संरचना में विश्व बैंक के चरित्र ने भी खासी भूमिका निभाई थी. वे समाजवादी या राज्य केंद्रीकृत या राज्य पूंजीवादी व्यवस्था के कायल नहीं थे. उनकी कम-अधिक आस्था 'मुक्त अर्थव्यवस्था (लेसेस फैरेर )में थी. पर इसके साथ ही वे पश्चिम-अमेरिकी पूंजीवादी व्यवस्था के अंधानुकरण के पक्षधर भी नहीं थे क्योंकि वे ग्रामीण भारत के आर्थिक-सामाजिक यथार्थ से भी पुख्ता परिचित थे. वे स्वयं भी देश -विभाजन व विस्थापन की पीड़ा के शिकार रह चुके . उन्हें यांत्रिक के स्थान पर एक 'संवेदनशील अर्थशास्त्री' कहना अधिक सही रहेगा। शायद इसलिए उन्होंने एक दफा कहा था ' मानवीय चेहरे के साथ पूंजीवाद ( कैपिटलिज्म विथ 'मन फेस ). ' यहीं वे कुछ गच्चा भी खा गए. किसी भी प्रकार के पूंजीवाद का चरित्र 'मानवीय' हो ही नहीं सकता. इतिहास गवाह है, पूंजीवाद की कोख में असंवेदनशीलता, अमानवीयता, बर्बरता, शोषण, विस्तारवाद, युद्धप्रेम , फासीवाद जैसी अमानुषिक प्रवृत्तियां पलती रहती हैं. पूंजीवाद की इस गतिकी (डायनामिक्स) से अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री अपरिचित थे, मैं ऐसा नहीं मानता. उनके शासन काल में ही 'याराना पूंजीवाद ( क्रोनी कैपिटलिज्म )' की शुरूआत हो चुकी थी. वे स्वयं भी क्रोनी पूंजीवाद को लेकर समय समय पर चिंता जाहिर करते रहते थे. एक प्रेस वार्ता में याराना पूंजीवाद पर मेरे एक प्रश्न के उत्तर में वे चिंतित-विचिलित दिखाई दिए थे. 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार की राजनीतिक आर्थिकी की शुरूआत हुई है, उसने पूंजीवाद के अमानुषीकरण व कारपोरेटीकरण की रफ़्तार को तेज ही किया है; सार्वजनिक क्षेत्र का निरंतर निर्बलीकरण होता जा रहा है और निजी क्षेत्र का एकाधिकारीवादीकरण बढ़ता जा रहा है. आज 80 +करोड़ भारतीय राज्य की मेहरबानी पर गुजर-बसर कर रहे हैं. निश्चित ही मनमोहन सिंह जी अपने निजी जीवन में नितांत ईमानदार व्यक्ति व प्रधानमन्त्री रहे हैं.



उनमें एक नए रूप में लाल बहादुर शास्त्री की झलक को देखा जा सकता है. पर, मिलीजुली सरकार के कमांडर होने के कारण उन्हें सीमाओं -दबावों का सामना भी करना पड़ा था. सीएजी की रिपोर्ट की वजह से उनके कतिपय सहयोगी भ्रष्टाचार के विवादों में घिरे रहे. उन पर कमजोर प्रधानमंत्री होने का आरोप भी लगा.था. कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गाँधी को 'परोक्ष सत्ता केंद्र' माना गया था. हो सकता है, इसमें आंशिक सच्चाई हो. लेकिन, अमेरिका के साथ 'परमाणु संधि ' के मुद्दे पर डॉ. सिंह झुके नहीं थे. वाम घटक के सख्त विरोध के बावजूद ,उन्होंने संधि की थी. इस सच्चाई को स्वीकार किया जाना चाहिए कि संधि विरोध के मामले में वाम मोर्चा ने अपनी सीमाओं का अतिक्रमण किया था. यदि वह ऐसा नहीं करता तो उसकी आज जैसी स्थिति नहीं होती. खैर, इतिहास में ऐसी भूलें होती रहती हैं. पर, सिंह ने अपने नेतृत्व में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को निष्ठापूर्वक लागू करने की कोशिश की थी. उनके शासन काल में 'मोदी मीडिया और अघोषित इमरजेंसी' जैसे शब्द अनसुने थे. . मुक्त भाव से मीडिया के सभी रूप अपनी भूमिका निभाते रहे थे. वे समय समय पर मीडिया से मुखातिब भी हुआ करते थे, प्रेस वाताएं हुआ करती थीं. पिछले दस वर्षों में उनके उत्तराधिकारी मोदी जी तो एक भी प्रेस वार्ता नहीं कर सके हैं जबकि उनका एकछत्र राज है. फिर भी.. ? सिंह -शासन काल में खरीद फरोख्त के जरिये प्रदेश सरकारों का उत्थान -पतन होता रहा हो, ऐसा भी देखने को नहीं मिला मिला था. चुनाव आयोग के प्रति अविश्ववास बढ़ा हो, ऐसा भी नहीं था. इतना ही नहीं, लोकसभा के अध्यक्ष और राज्य सभा के सभापति की भूमिकाओं की आज जैसी फजीहत हुई हो, यह भी नहीं देखा. वे नियमित संसद के दोनों सदनों में आया करते थे. वे असम से राज्यसभा के सदस्य थे. बावजूद इसके, वे संसद में अपनी उपस्थिति को दर्ज करना नहीं भूलते थे. वे एक सेहतमंद लोकतंत्र का पक्षधर थे.जीवंत लोकतंत्र के लिए सूचना का अधिकार और सर्वशिक्षा अधिकार बुनियादी शर्तें हैं। दोनों ही डॉ सिंह की ऐतिहासिक देने हैं।

इतिहास में डॉ. सिंह, विश्व में पिछले तीन-चार दशकों से बह रही चरम आर्थिक उदारीकरण की बहुमुखी धारा के ऐतिहासिक सौम्य निष्ठावान प्रतिनिधि के रूप में याद रखे जायेंगे.

**( लेखक सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 98105 25019)**

**सोनिया गांधी ने अपने स्थान पर डॉ. मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री -उम्मीदवार के रूप में चुना था. सत्ता-गलियारों में चर्चा थी कि वे सुषमा -धमकी से डर गयी थीं. यह भी चर्चा थी कि तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल कलाम भी उन्हें प्रधान मंत्री पद की शपथ नहीं दिलवाएंगे क्योंकि वे वाजपेयी -काल में राष्ट्रपति बने थे. इन चचाओं में कितना दम है, कहना मुश्किल है.**

# वो बागबां बिला शक औरों से अलग था

**स्मरण**



**डॉ. सुधीर सक्सेना**

'13' का अंक सारी दुनिया में अशुभ अंक के तौर पर ज्ञात और ख्यात है। इस मान से डॉ. मनमोहन सिंह ऐसी शख्सियत है; जिन्होंने तेरह के अंक को अलग महत्ता, द्युति और शुचिता प्रदान की। क्रमिक तौर पर डॉ. सिंह विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक गणराज्य के तेरहवें प्रधानमंत्री थे। तरेह का अंक उन्हें ऐसा फला कि उनके सन 2004 से सन 2009 के दरम्यानी पहले प्रधानमंत्रित्व काल ने उनके द्वितीय प्रधानमंत्रित्व काल का मार्ग प्रशस्त किया। इस तरह वह भारत के प्रथम और स्वप्नदृष्टा प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के उपरांत दूसरे ऐसे राजनेता हुये, जिसने पहले पूर्णकाल के बाद दूसरे पूर्णकाल के लिए इस पद पर बने रहने का गौरव अर्जित किया। वह पूरी एक दहाई इस महादेश के प्रधानमत्री रहे और विनम्रता, विद्वता और मितभाषिता के त्रिगुण से उन्होंने पंत प्रधान के पद को अपूर्व और विरल गरिमा प्रदान की। इसे समकाल का दुर्भाग्य ही कहेंगे कि उनके इन मानवीय गुणों को लेकर उनके बड़बोले बैरियों ने उन पर तोहमतें मढ़ी और तंज कसे।

लालकृष्ण आडवाणी की भांति डॉ. सिंह अविभक्त भारत में जनमे थे। उनका जन्म 26 सितंबर, सन 1932 को पंजाब में चमवाल के गांव गाह में हुआ था। विभाजन के बाद उनका परिवार भारत चला आया। पिता गुरूमुख और मां अमृत कौर की यह संतान बचपन से कुशाग्र बुद्धि थी। पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातक और स्नातकोत्तर उपाधियों के बाद उन्होंने प्रतिष्ठित कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पीएचडी और ऑक्सफोर्ड से डीफिल हासिल की। भारत लौटने पर उन्होंने अध्यापन को चुना। वह आर्थिकी की प्रतिभा थे और आर्थिकी में उसकी पैठ और दक्षता ने उन्हें सोपान पर सोपान मुहैया कर सर्वोच्च राजनीतिक आसन तक पहुंचाया। वस्तुतः डॉ. सिंह 'अ-पॉलिटिकल' शख्सियत थे। न उनके पास राजनीतिक विरसा था, न राजनीतिक कलायें और न ही राजनीतिक आकांक्षा। फिर भी वह प्रधानमंत्री बने; एक नहीं, दो बार बने। उनके मीडिया - सलाहकार संजय बारू ने उन्हें एक्सीडेंटल प्राइममिनिस्टर की संज्ञा दी। यदि सादगी सौम्यता और मितभाषिता दुर्गुण है; तो वे दुर्गणी थे और यदि नहीं तो वे मानवीय गुणों से विभूषित ऐसे बिरल राज नेता थे, जो सत्ता के सर्पिल और रपटीले गलियारे मं दबे पांव चला। अपनी मितभाषिता से वह वाचाल नेताओं की भीड़ में अलग से चीन्हें गये, अलबत्ता मौनी बाबा कहकर उनका मखौल भी उड़ाया गया। पुरजोखिम राजनीति के बीहड़ में भी वह दबे पांव चलते रहे। छल-प्रपंच से दूर रहे। असहमति को ठौर दिया। पक्ष-विपक्ष के निदंक नियरे रखे। विश्वव्यापी मंदी के दौर में उन्होंने देश की नाव को इस तरह खेया की चप्पुओं की आवाज न हुई और नौका पार घाट लग गयी। वह चुनावी राजनीति से सर्वथा दूर रहे। बस, एक बार चुनाव लड़ा। दक्षिण दिल्ली से लड़े और हारे तो किसी को अचरज न हुआ। जब वह वित्त मंत्री बने तो संसद के किसी भी सदन के सदस्य नहीं थे। युक्ति के तहत वह असम से चुने जाकर राज्यसभा में पहुंचे। राज्यसभा यानि संसद का उच्च सदन। वह कम अर्सा गुरू (अध्यापक) रहे, लेकिन विद्वता से उपजा गुरूत्व उनमें ताउम्र कायम रहा। उनके कंधे दुर्बलता से नहीं, वरन दायित्वों से झुके रहे। उनकी गर्दन में कभी खम नहीं दिखे और लांछनों की तीखी बौछार में भी उनकी भृकुटि टेढ़ी न हुई। वस्तुतः वह भारत के उत्तर आधुनिक माल के नवाचारी और विजनरी पीएम थे। वित्त मंत्री भी नवाचारी थे; साहसिक नवाचारी।

राजीव गांधी का प्रधानमंत्रित्व काल राजनीति से इतर संकायों की प्रतिभाओं को चीन्हने और एंगेज करने का काल था। सैम पित्रोदा से लेकर डॉ. मनमोहन तक। सन 1985 में डॉ. सिंह योजना आयोग के उपाध्यक्ष बनाये गये। इस पद पर वह पांच साल रहे। इसी दशक में वह संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन के सचिवालय में सलाहकार, और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष भी रहे। सन 80 के दशक में उनके नाम से हमारी पीढ़ी की वाकफियत उन नोटों के जरिये हुई, जिन पर भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर की हैसियत से उनके हस्ताक्षर होते थे। इसमें शक नहीं कि आर्थिक मसौदों पर उनके दस्तख्त मानीखेज होते थे, और उन पर गौर किया जाता था। अपनी किताब 'इंडिया' ज एक्सपोर्ट ट्रेंड्स एण्ड प्रॉस्पेक्टस फॉर सेल्फ स्टेंड ग्रोथ' से वह दुनिया भर के अर्थशास्त्रियों का ध्यान आकृष्ट कर चुके थे और उन्हें वैश्विक मान्यता मिली थी। केन्द्र सरकार के वित्त और वाणिज्य मंत्रालयों में बतौर सलाहकार उनकी सेवायें लेने का सिलसिला सन 70 की दहाई के शुरूआती वर्ष से ही शुरू हो गया था। 21वीं सदी की पहली दहाई में अमेरिका से न्यूक्लियर संधि उनके परिपक्व राजनय का परिणाम थी। डॉ. सिंह को ऐसी सियासी शख्सियत माना जा सकता है जिसने प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब शायद ही कभी देखा हो। सियासत उनकी महत्वाकांक्षा का आसमान न था। बहरहाल, सच है कि समय अपना नायक स्वयं चुनता है। सन 90 का दशक उनके लिये नेमते लेकर आया। प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हाराव ने उन्हें वित्त मंत्री पद से नवाजा। पूरे पांच साल वह वित्त मंत्री रहे। वह बिना शोरशराबे या सियासी धौलधप्पे के कामों को अंजाम देते रहे। फलतः दुनिया ने उनका लोहा माना। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की नजरों में वह चढ़े। देश की लद्धड़ इकोनामी पटरी पर आ गयी। उन्होंने वक्त के तकाजे को बूझा। युक्तियां आजमायीं। बंद दरवाजे खोले। वैश्वीकरण, निजीकरण और उदारीकरण को तरजीह दी। नतीजे सामने थे। पहले राजीव गांधी और फिर नरसिम्हारव का भरोसा रंग लाया। नतीजे सामने थे। हाथ कंगन को आरसी क्या। डॉ. सिंह का नवाचार देश को फला। सन 2004 में बीजेपी का 'फील गुड' थोथा सिद्ध हुआ। डॉ. सिंह प्रधानमंत्री बने। पहले सिख प्रधानमंत्री। ऑपरेशन ब्लू स्टार और सिख विरोधी दंगों के परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस की सत्ता में वापसी के दौर में उनका प्रधानमंत्री बनना मायने रखता था और उसके अपने निहितार्थ थे। प्रसंगवश उल्लेखनीय है कि सर्वश्रेष्ठ सांसद का पुरस्कार उन्हें सन 2002 में वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व काल में मिला था और उन्हें पद्म विभूषण से सन 1987 में नवाजा जा चुका था। सन 1998 से सन 2004 तक वह राज्यसभा में विपक्ष के नेता भी थे।


डॉ. सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल की बहुतेरी बातें लोगों को ज्ञात हैं। उन्हें दोहराने का औचित्य नहीं। इस दहाई में भारत ने वैश्विक मंदी का सामना बखूबी किया लेकिन इस काल में कुछेक दूरगामी महत्व के कानून पारित हुये। मनरेगा अस्तित्व में आया। सूचना का अधिकार। शिक्षा का अधिकार। वनाधिकार अधिनियम/ कितनों को पता है कि सूचना के अधिकार में सामाजिक कार्यकर्त्री अरूणा राय और रोजगार गारंटी व भोजन अधिकार कानून में अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज से विमर्श की महत्वपूर्ण भूमिका थी। प्रधानमंत्री रहते वह सात बार मध्यप्रदेश आये थे और साल 2011 में उनहोंने बीना रिफायनरी का शुभारंभ किया था। सन 2019 में उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ के विजन डॉक्यूमेंट का लोकार्पण भी किया था। भोपाल की मेट्रो परियोजना के पहले प्रस्ताव को मंजूरी उन्होंने दी थी। भोपाल में शामला हिल्स स्थित जनजातीय संग्रहालय का भी उन्होंने दौरा किया था। अभिभूत डॉ. सिंह ने विजिटर बुक में लिखा था - यह संग्रहालय नयी पीढ़ी को लोककला और संस्कृति की जानकारी देने का अदभुत स्थान है। संग्रहालय में संस्कृति और परंपरा का संगम देखने को मिला है। इसे बचाकर रखने की जरूरत है।

मध्यप्रदेश का ही प्रसंग है। केन्द्र में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तब मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री थे। डॉ. सिंह प्रधानमंत्री एक साल पाले के कारण फसलों को गंभीर क्षति हुई। क्षतिपूर्ति की दस्तक पर केन्द्र सरकार का टके का उत्तर आया कि पाला प्राकृतिक आपदा की परिधि में नहीं आता। शिवराज हताश कि डॉ. सिंह का फोन आया। शिवराज दिल्ली पहुंचे। पीएम की पहल पर कमेटी बनी। उसमें प्रणब मुखर्जी थे, शरद पवार थे, पी. चिंदबरम थे और शिवराज भी। कमेटी ने पाले को प्राकृतिक आपदा मानने की संस्तुति की। फलतः मध्यप्रदेश को केन्द्र से 400 करोड़ रूपयों की मदद मिली।

कन्नौज से एमएलए असीम अरूण मोदी सरकार में राज्यमंत्री है। पूर्व आईपीएस असीम 2004-07 में पीएम के बॉडीगार्ड रहे। पीएम हाउस में लकदक गाड़ियां थीं, मगर बकौल असीम डॉ. सिंह को पंसद थी अपनी मारूति 800। तो यकीनन डॉ. सिंह नामका शख्स औरों से अलग था। उसका पिंड अलग था। माली बदलने से चमन खाली नहीं होता, मगर जिसने 26 दिसंबर को 92 साल की वय में 'आंखें मूंदी' वह बागबां औरों से अलहदा था। उनके सिर झुकाकर चलने का शेर बार-बार यूं ही, उदधृत नहीं हो रहा है। मीडिया को डॉ. मनमोहन सिंह नामक आडंबरच्युत व्यक्तित्व को आदरपूर्वक इसलिये भी याद रखना चाहिये कि, प्रधानमंत्रियों की खुली प्रेसवाताओं की श्रृंखला में सन 2014 में अंतिम प्रेसवार्ता का श्रेय देश के तेरहवें प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के खाते में दर्ज है। जो दोबार ओपन हार्ट सर्जरी से गुजरा था। सच तो यह इस कलुष दौर में हमें अधिक से अधिक डॉ. मनमोहन चाहिये।

**( लेखक कवि एवं संपादक हैं, संपर्क 97111 23909)**

**व्यंग्य**



# लाभार्थी - सनी लियोनी

**राजशेखर चौबे**

इन दिनों फर्जी पुलिस की कमाई असली पुलिस से ज्यादा है क्योंकि उन्हें महीना ऊपर नहीं पहुंचाना पड़ता । जब कभी भी पकड़ में आते हैं तो ले-देकर छूट जाते हैं । आजकल डिजिटल ठगी और डिजिटल अरेस्ट आम बात है । डिजिटल अरेस्ट का पावर केवल फर्जी पुलिस या फर्जी अधिकारी को ही है । वैसे यह कारोबार पूरे देश में फैला है । गुजरात देश का अग्रणी राज्य है और वहाँ फर्जी कोर्ट भी मिला है । कहा जाता है छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया , इस काम में भी छत्तीसगढ़िया बढ़िया निकले हैं । तीन-तीन बच्चों की महतारी ( मां )सनी लियोनी के खाते में महतारी वंदन योजना के तहत हजार ? महीना के हिसाब से दस महीने का दस हजार ? जमा हुआ है। यह एकाउंट सनी लियोनी पति जॉनी सिंस के नाम से सुदूर बस्तर के तालूर में खोला गया है । सनी के दर्शन की उम्मीद लिए जांच अधिकारी वहां पहुंचे तो उन्हें निराशा हाथ लगी और यह मामला उजागर हुआ। खाता खोलने वाले वीरेंद्र जोशी को असली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया मित्र इस बाबत चर्चा कर रहे हैं -

मंगलू - यार रामू, करोड़ों दिलों को लूटने वाली सनी लियोनी ने अपने नाम से खाता खुलवाकर सरकारी खजाने से दस हजार ? लूट लिए हैं। रामू - अरे खाता उसने नहीं किसी वीरेंद्र जोशी ने खुलवाया था और इस पैसे को अपने एकाउंट में ट्रांसफर कर दिया था । - मुझे विश्वास नहीं है! मैं जानता हूं कि सनी का पति डेनियल भी खलिहर है और सनी पर चार लोगों की जिम्मेदारी है । उसके तीन बच्चे जो हैं । - लगता है तुम्हें सनी का पूरा कच्चा चिट्ठा मालूम है । - हां मैंने सनी की हरेक फिल्म देखी है । सभी फिल्मों में उसका परफॉर्मेंस गजब का होता है। - हरेक फिल्म में परफॉर्मेंस ! - वैसे मैं उनके रियलिटी शो स्प्लिट्सविला का कायल हूँ। - इस शो में क्या होता है? - इसमें युवक युवती अपना कनेक्शन यानी प्यार ढूंढते हैं और उसे पाकर अपनी एक जोड़ी बनाते हैं । अंत में एक जोड़ी जीतती है । - तब तो इस शो में तुम्हें भी जाना चाहिए । - तुम्हारी भाभी से जिंदगी भर ताने सुनने का साहस मुझमें नहीं है। - सनी का खाता उजागर हुआ है इसकी पूरी जांच होनी चाहिए । - सनी को सम्मन देकर रायपुर बुलाया जाए तो हमें भी उसका दर्शन लाभ मिल जाएगा। - पता नहीं महतारी वंदन जैसे स्कीम के खातों में कितने फर्जी खाते होंगे ! - हो सकता है भविष्य में मेलोनिया ट्रंप कमला हैरिस और मिया खलीफा का भी फर्जी खाता मिल जाए । - इन सबको पैसे की क्या कमी है। - इन्हें कमी नहीं है लेकिन ठगों को है। - अभी-अभी क्रिसमस (ॅ२ ) का त्यौहार गुजरा है । लगता है के मालिक अमेरिकन कॉर्पोरेट एलन मस्क भी सनी के फैन हैं। - वह कैसे? - क्योंकि एक्स पर खबर चल रही है कि सनी के हॉटनेस को देखते हुए मस्क ने का लाइक बटन बदल दिया है । वैसे यह खबर फर्जी हो सकती है । - क्या मस्क सनी के मित्र हैं ? - नहीं वे ट्रंप के मित्र हैं । - पर वे तो कॉर्पोरेट हैं ! - टुच्चा पूंजीवाद के इस दौर में कॉरपोरेट नेता गठजोड़ आम बात है और यह डेडली कांबिनेशन है । - ट्रंप के मित्र कौन है ? - हमारे मोदी जी और कौन? - मोदी जी सबको मित्र बोलते हैं पर उनके प्रिय मित्र कौन है ? - इस बात को सारा देश जानता है । - इधर कर्नाटक में अलग ही नाटक चल रहा है।वहाँ सनी के शो के विरुद्ध प्रदर्शन हुए और शो को रद्द कर दिया गया है। - जो उसकी फिल्मों को चाव से देखते हैं वही लोग प्रदर्शन करने भी आ जाते हैं। -

वैसे वह इस सबसे डरने वाली नहीं है । वह पंजाब की कुड़ी है और उसमें बहुत हिम्मत है । उसके जीवन का बुरा दौर भी अब बीत गया है । - हम सब चाहते हैं कि वे अपने परिवार के साथ सुख से रहे ।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर दिखी आस्था की गर्मी

## शोभायात्रा के आगे-आगे रास्तों की सफाई करते बढ़ रही थीं महिलाएं

**प्रकाशोत्सव**

**गतका पार्टी के सदस्यों ने किया पारंपरिक युद्ध कला का प्रदर्शन**

**अमृमसर के स्वर्ण मंदिर और गुरु की पालकी की सजाई गई झांकी**

जनसंदेश न्यूज


शोभायात्रा के रास्ते की सफाई करतीं महिला श्रद्धालु।


शोभायात्रा में पाली के आगे चल रहे पंच प्यारे।

**आजमगढ़।** सिख समुदाय के दसवें और अंतिम गुरु गोविंद सिंह के 358वें प्रकाशोत्सव पर रविवार को आस्था की गर्मी का अहसास हुआ। शोभायात्रा में गुरु की पालकी के आगे नंगे पांव पंच प्यारे चल रहे थे, तो उसके आगे महिलाएं नंगे पांव रास्तों की सफाई करते आगे बढ़ रही थीं। दो दिनों से ठंड मौसम के बीच सड़क पर नंगे पांव चलते श्रद्धालुओं को देख यही लग रहा था कि आस्था के आगे कोई भी मौसम बेअसर हो जाता है।

इस दौरान पंजाब के तरन-तारन से आई गतका पार्टी के सदस्यों ने रास्ते भी पारंपरिक युद्ध कला का प्रदर्शन किया, जिसे देख लोग दांतों तले अंगुली दबाने को विवश थे। इसमें छोटे-छोटे बच्चे और महिलाएं भी शामिल रहीं। शोभायात्रा में अमृमसर के स्वर्ण मंदिर और गुरु की पालकी की झांकी दर्शन कर लोग निहाल हो रहे थे। तो गुरुगोविंद सिंह के बाज का भी करतब दिखा। नगर के मातवरगंज स्थित श्री सुंदर गुरुद्वारे में प्रातः काल से ही गुरु ग्रन्थ साहिब का पाठ शुरू हो गया। पाठ समाप्ति के बाद कड़ाह प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं शंकर जी तिराहा पर लंगर का प्रसाद वितरित किया गया। सुबह से ही आकर्षक परिधानों को धारण कर लोगों के गुरु दरबार में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। हर पहुंचने वाला व्यक्ति चाहे वह किसी भी संप्रदाय का रहा हो, उसने सबसे पहले सिर को ढंककर गुरु ग्रन्थ साहिब के समक्ष शीश झुकाया। उसके बाद गुरुद्वारे से शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें गतका पार्टी के सदस्यों ने युद्ध कला का प्रदर्शन किया। हैरतअंगेज कारनामें को देखने के लिए सड़क किनारे लोगों की भीड़ लगी रही। शोभायात्रा मातवरगंज से शुरू होकर बड़ादेव, काली चैरा, कालीनगंज होते हुए मुख्य चौक और वहां से पुरानी कोतवाली, जामा मस्जिद, पांडेय बाजार पानी की टंकी, कटरा, पुरानी सब्जीमंडी, चौक होते हुए श्री सुंदर गुरुद्वारा पहुंची जहां सबद कीर्तन के बाद लंगर में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

# डॉ. राणा प्रताप सिंह का अविष्कार हुआ पेटेंट

जनसंदेश न्यूज

**उपलब्धि**

**ब्लड जांच के लिए बनायी है एक विशेष प्रकार की सीरिंज**

**एनेस्थिसिया स्पेशलिस्ट के रूप में हरियाणा में हैं कार्यरत**


डॉ. राणा प्रताप सिंह।

**फूलपुर (आजमगढ़)।** डॉ. राणा प्रताप सिंह के बुलंद हौसले और कड़ी मेहनत और सच्ची लगन ने यह साबित कर दिया कि यदि इंसान के अंदर लगन है तो वह कुछ भी संभव कर सकता है। उनके अविष्कार को भारत सरकार ने मान्यता देते हुए पेटेंट कर दिया है।

डॉ. राणा प्रताप सिंह फूलपुर के सुदनीपुर उपकेंद्र पर कार्यरत अवर अभियंता देवेंद्र प्रताप सिंह के बड़े भाई हैं। देवेंद्र सिंह मूल रूप से आलमपुर बलिया के निवासी हैं। शुरू से ही मेधावी व कुशाग्र बुद्धि के धनी रहे। उनको इंग्लैंड से दो बार स्कॉलरशिप मिल चुकी है। उनके अविष्कार को भारत सरकार ने 2021 में मान्यता देते हुए इसे उनके नाम से पेटेंट कर दिया है। पांच भाई-बहनों में तीसरे स्थान पर रहे। डॉ. राणा अपने एमबीबीएस की पढ़ाई भारत के बाहर की और पढ़ाई समाप्त होते ही दिल्ली के एम्स व सफदरगंज अस्पताल में 2 साल चिकित्सक पद पर अपनी सेवाएं दी।

वर्तमान में वह एनिथिसिया स्पेशलिस्ट के रूप में यसएचकेएम गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हरियाणा में कार्यरत है। 2015 में उन्होंने ऐसी सीरिंज का अविष्कार किया जिससे खून लेने के बाद खून की जांच करने के लिए वायल की आवश्यकता नहीं पड़ती, बल्कि खून की जांच की पूरी प्रक्रिया सरल हो जाती है।

उन्होंने कहा कि वह अपने जीवन की इस उपलब्धि को अपने परिवार व अपनी मां शांति सिंह को समर्पित करते हैं। उनकी इस सफलता में उनके परिवार के सदस्यों बड़ी बहन डॉ. सुषमा सिंह, बड़े भाई रुद्र प्रताप सिंह, छोटे भाई देवेंद्र प्रताप सिंह, भाभी कंचन सिंह, बहन श्वेता सिंह का भरपूर योगदान रहा।

भविष्य के लिए उनका यह प्रयास हैकि चिकित्सा जगत को कैसे और सस्ता एवं सरल बनाया जाए। उनका पहला आविष्कार पेटेंट होने के बाद उनका उद्देश्य है कि आगे भी इस तरह के अविष्कार होते रहें जिससे चिकित्सा जगत को लाभ मिलता रहे।

# ससुराल से तंग विवाहिता ने मायके में लगायी फांसी

जनसंदेश न्यूज

**दु:खद**

**पिता की तहरीर पर पति ननद सहित चार अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**फूलपुर (आजमगढ़)।** कोतवाली क्षेत्र के खानपुर चितरावलगांव में शनिवार को विवाहिता ने मायके में फंदे पर लटककर जान दे दी। रविवार को सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। विवाहिता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, ननद समेत चार अन्य के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है।


मौके पर जुटी महिलाओं की भीड़।

खानपुर चितरावल गांव निवासी दशरथ यादव की पुत्री नीरज यादव 28 वर्ष की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व दीदारगंज थाना अंतर्गत ग्राम बेला निवासी राम अजोर यादव के पुत्र से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज के लिए नीरज यादव को प्रताड़ित किया जाने लगा। विवाहिता वर्तमान समय में मायके में रहती थी। परेशान विवाहिता नीरज यादव रात कमरे में रस्सी का फंदा बनाकर लटक गई। सुबह परिजन उठे तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पाकर मौके पर फूलपुर की पुलिस पहुंची और परिजनों से जानकारी ली। पिता दशरथ यादव ने पति, ननद सहित चार अन्य के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कराया है।

## दुकानदार को गोली मारने वाला दूसरा आरोपित भी चढ़ा हत्थे

**आजमगढ़।** कप्तानगंज कस्बे में मिठाई दुकानदार को गोली मारने वाला दूसरा आरोपित भी शनिवार की देर रात पुलिस के हत्थे चढ़ गया। इस मामले में 25 दिसंबर को जूली गुप्ता पुत्री चन्द्रप्रकाश गुप्ता निवासी कप्तानगंज ने प्रार्थना पत्र दियाथा। बताया था कि शाम लगभग सवा सात बजे मिठाई की दुकान पर भाई शुभम गुप्ता को पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों ने गोली मारकर घायल कर दिया। जूल ने प्रार्थना पत्र में कस्बा कप्तानगंज के रोहित शुक्ला उर्फ छोटू शुक्ला पर आरोप लगाया था कि अपने साथी विशाल चौबे निवासी ग्राम चकसमसपुर भाऊपुर थाना रानी की सराय के साथ मिठाई मांगने पहुंचा। अस दौरान विशाल चौबे ने पिस्टल से जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया जिससे वादिनी के भाई के हाथ में चोटे आई। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने रोहित शुक्ला उर्फ छोटू शुक्ला व विशाल चौबे के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया। इसमें पूर्व में एक आरोपित की गिरफ्तारी की जा चुकी है। शनिवार को एसआइ ओमप्रकाश दुबे ने टीम के साथ रोहित शुक्ला उर्फ छोटू शुक्ला को जेहरा पिपरी मोड़ से करीब 12.20 बजे गिरफ्तार कर लिया।

# शहर की सड़कों पर कई प्रदेशों के कलाकारों ने निकाली रंग यात्रा

**रंग महोत्सव**

**हुनर रंग महोत्सव के चौथे दिन दिखी भारत की विविध संस्कृति**

**सड़क को मंच पर बनाकर प्रस्तुत किए गए लोकनृत्य व नाटक**

जनसंदेश न्यूज


रंग यात्रा में शामिल कलाकार।

**आजमगढ़।** सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था हुनर संस्थान की ओर से प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज में आयोजित हुनर रंग महोत्सव अखिल भारतीय नाटक और लोक नृत्य समारोह के चौथे दिन देश भर से आए हुए कलाकारों ने रंग यात्रा निकाली और सड़क को मंच बनाकर विविध प्रस्तुतियां दीं। राष्ट्रीय एकता व अखंडता का संदेश देते हुए यह कलाकार जब नगर की सड़कों पर विभिन्न परिधानों में निकले तो लगा मानो पूरा भारत नगर की सड़कों पर उतर आया हो। 14 प्रदेशों के कलाकारों में रॉकिंग डांस ग्रुप कैमूर बिहार, महाश्वेता कला केंद्र मैथन झारखंड, सप्तक सोशियो एंड कल्चरल ग्रुप असम, ब्लू एंड ब्राइट टैलेंट अकैडमी उड़ीसा, नटराज यूथ क्लब साहिबगंज झारखंड, तपस्या क्रिएटिव स्कूल आजमगढ़, दीपा अनीता ग्रुप असम, आराधना संस्कृति गोष्टी गोलाघाट असम, शंकर माधव सत्रीय संगीत महाविद्यालय कामरूप असम, 3 ईडियट्स ग्रुप सुल्तानपुर, अन्वेषण थिएटर जाजपुर उड़ीसा, यूनाइटेड सोशल एंड कल्चरल वूमेन फोरम इंफाल मणिपुर के अलावा भदोही, मिजार्पुर के कलाकार शामिल थे। रंगयात्रा का नेतृत्व सुनील दत्त विश्वकर्मा ने किया। रंग यात्रा में ग्राम प्रधान सुनील कुमार मौर्य, संस्थान अध्यक्ष मनोज यादव, हेमंत श्रीवास्तव, गौरव मौर्य, आदित्य, आकाश यादव, राकेश कुमार, कमलेश सोनकर, अभिषेक राय तोशी, सौरव सिंह, राज पासवान, रिमझिम प्रजापति, रिशीता यादव, आस्था दुबे आदि शामिल रहीं।

## संक्षेप

### एक मुश्त समाधान योजना का उठाएं लाभः बृजेश



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** एक मुस्त समाधान योजना के अंतर्गत 15 से 31 दिसंबर तक पहले चरण में जो भी उपभोक्ता अपना पंजीकरण कराता है उसे बिजली बिल सरचार्ज में सबसे अधिक लाभ मिलेगा, जबकि प्रथम चरण में अभी 2 दिन बचे हैं। पहले आए सबसे अधिक लाभ पाएं के अंतर्गत क्षेत्र में लगातार कैंप लगाकर तथा तथा जन सेवा केंद्रों पर पंजीकरण किया जा रहा है। बिजली विभाग की टीम रविवार को नगर पंचायत के जामा मस्जिद व आसपास के इलाकों में चेकिंग अभियान चलाकर बकायेदारों को जागरूक किया। इस दौरान मस्जिद के ऊपर बिखरे तारों को भी उतारा गया तथा जिन लोगों का बिल अत्यधिक बकाया है उनके कनेक्शन भी काटे गए। बाईपास चला रहे कलेक्शन धारकों को चेतावनी भी दी गई। इस दौरान बकायेदारों में अफरा-तफरी मची रही। सुरक्षा की दृष्टिसे पुलिस को भी बुलानी पड़ी। इस मौके पर उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार राव व बिजली विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से बाइक पलटी, दो बच्चे घायल



**लालगंज (आजमगढ़)।** देवगांव कोतवाली क्षेत्र के लालगंज लहुआं मार्ग पर शनिवार की देर शाम कार की टक्कर से दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। लालगंज से लहुआं की तरफ जा रही कार ने विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार को चकिया भगवानपुर गांव के समीप टक्कर मार दी। संगम पुत्र रामसेवक निवासी बेलहरी थाना केराकत जिला जौनपुर अपने दो बच्चों अनुप्रिया 6 वर्ष नितेश 3 वर्ष के साथ मोटर साइकिल से अपनी ससुराल शहरी बंधा राम दवर राम (ससुर) के घर से वापस बेलहरी जा रहा था। चकिया भगवानपुर गांव के समीप कार बाइक की टक्कर हो गई जिसमे अनुप्रिया, नितेश गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को संयुक्त सौ शैय्या चिकित्सालय लालगंज ले जाया गया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के उपरान्त घायलों को ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

### जमीन के विवाद में घर में घुसकर हमला, तीन नामजद

**संजरपुर (आजमगढ़)।** सरायमीर थाना क्षेत्र के चुड़िहार उतरी मोहल्ले में शनिवार की रात दरवाजा तोड़कर घर में घुसने और अपशब्द बोलते हुए हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। मोहल्ले के दयाशंकर प्रजापति पुत्र श्याम लाल ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर तीन नामजद व बारह अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप लगाया है कि शनिवार की रात लगभग नौ बजे अपनी दुकान बंद करके घर पहुंचा कि उसी समय न्यायालय में विचाराधीन जमीन के मुकदमें को लेकर विपक्ष के लोग दरवाजे पर आ पहुंचे और अपशब्द बोलते हुए घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए। उसके बाद पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिये। लोगों के बीच-बचाव पर मामला शांत हुआ। इसकी जानकारी पर थाना प्रभारी यादवेन्द्र पाण्डेय ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया।दयाशंकर की तहरीर पर सलमान, जीशान, दानिश निवासी उत्तरी चुड़िहार सरायमीर व बारह अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी सरायमीर यादवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखकर आरोपियों की तलाश की जा रही है। वहीं सीसीटीवी भी खंगाला जा रहा है। आरोपितों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### दो थानों की पुलिस ने खाते में वापस कराए 53.950 हजार रुपये

**आजमगढ़।** जिले के दो थानों की पुलिस ने खाते से कटे 53.950 हजार रुपये आवेदकों के खाते में वापस कराकर बड़ी राहत दी है। निजामाबाद थाने में 13 अगस्त को कस्बा निवासी राहुल गौड़ ने खाते से 4,950 रुपये गलती से दूसरे खाते में चले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत को साइबर हेल्प लाइन के माध्यम से पंजीकृत कराया गया। इसके आधार पर आरक्षी योगेन्द्र यादव द्वारा आवेदक के खाते से कटे पैसे वापस कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष व साइबर हेल्पडेस्क टीम के एसआइ उमेश सिंह के निर्देशन में बैंक मैनेजर से संपर्क कर कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए योगेन्द्र यादव द्वारा आवेदक के खाते में 4.950 रुपये वापस कराया गया। इसी क्रम में पवई थाने में 18 नवंबर को प्रिंकेश यादव निवासी ग्राम डेहरी ने शिकायत कीथी कि खाते से 49000 रुपये गूगल-पे माध्यम से फ्राड किया गया है। इसके संबंध में साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराई गई। जांच में पैसे भिन्न-भिन्न खातों में जाना पाया गया। शिकायत पर विधिक कार्यवाही कराते हुए साइबर हेल्पडेस्क कम्प्यूटर आपरेटर आदेश कुमार द्वारा फ्राड हुए 49000 रुपये विपक्षी के खाते में होल्ड करा दिया गया व पैसे वापस कराने हेतु अन्य अग्रिम कार्यवाही की गई। जांच के क्रम में कम्प्यूटर आपरेटर आदेश कुमार व महिला आरक्षी अंशिका यादव द्वारा आवेदक के खाते में पूरी रकम वापस कराई गई।

### तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**संजरपुर (आजमगढ़)।** सरायमीर थाना प्रभारी यादवेन्द्र पांडेय के नेतृत्व में अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गई। की एक व्यक्ति अवैध तमंचा लिए शेरवा नहर पर खड़ा है जो किसी घटना को अंजाम दे सकता है। मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक पंकज यादव, अभिषेक सिंह शेरवा नहर पर पहुंचे तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा तो उसके पास से 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम इरशाद कुरैशी निवासी सरायमीर कस्बा के पठान टोला बताया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

# सीपीएस में पंजाब से गुजरात व बंगाल से असम तक का संगम


वार्षिकोत्सव का दीप जलाकर शुभारंभ करते डॉ. संतोष सिंह व अन्य।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

**वार्षिकोत्सव**

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में शैक्षणिक और पर्यावरण भी रहा समाहित**

**भाजपा नेताओं ने बढ़ाई शोभा संस्थापक ने जताया सबका आधार**

**आजमगढ़।** सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, जाफरपुर के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का रविवार को आगाज हुआ, तो उसमें पंजाब से गुजरात और बंगाल से असम तक की संस्कृति का संगम भी दिखा। भाजपा नेताओं ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तो संस्थापक ने सभी के प्रति आभार जताया। पहले दिन के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व भाजपा नेता संतोष कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि भाजपा के देवेन्द्र सिंह व अखिलेश मिश्रा रहे। शुभारम्भ दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं पर्यावरण से संबंधित विषयों पर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी गई। अनेकता में एकता पर विशेष बल एवं सभी धर्मो का सम्मान करते हुए सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, दुआ की प्रस्तुति की गयी। पंजाबी, गुजराती, बंगाली एवं आसामी नृत्य की प्रस्तुति ने संदेश दिया कि विद्यालय प्रबंधन शिक्षा के साथ राष्ट्रीय एकता की भावना से भी ओतप्रोत है। फूलों का तारो का, इतनी सी हंसी इतनी सी खुशी, वक्त की कसौटी, आई एम ए डिस्को डान्सर, कोई बोले राम गजल, गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल, खम्बा धनी, नागा नागम नृत्य, कौव्वाली एवं फैशन शो जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।


सीपीएस में दुआख्वानी करतीं बच्चियां।

मुख्य अतिथि संतोष कुमार सिंहजी, एवं विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र सिंह एवं अखिलेश मिश्रा ने अपने वक्तव्य में विद्यालय की प्रशंसा की एवं विद्यालय की व्यवस्थाएं, छात्र-छात्राओं का कार्यक्रम एवं अभिभावकों का सहयोग, विद्यालय के मैनेजमेंट द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए प्रशंसा की। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों एवं उन कार्यक्रमों में चुने गये विषयों की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक अयाज अहमद खांन ने बताया कि सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल का एक मात्र ध्येय उचित फीस में अच्छी से अच्छी शिक्षा एवं अभिभावकों के सहयोग से सभी छात्र-छात्राओं का सम्पूर्ण विकास करना है। संस्थापक ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में विद्यालय परिवार एवं सभी छात्र/छात्राओं को आशीर्वाद देते रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर चेयरपर्सन तरन्नुम खानम, प्रबंधक नवाज अहमद खान, प्रधानाचार्या रेखा सिंह मौजूद रहीं।

# तापमान में कमी व हल्की बारिश रबी फसलों के लिए अमृत

जनसंदेश न्यूज

**राहत**

**शीतलहर और पाला सब्जी की फसलों को पहुंचा सकता है नुकसान**

**सब्जी के खेत की मेढ़ों पर रात में घास-फूस जलाने की सलाह**

**आजमगढ़।** जनपद में दो दिन से बादल छाए हैं और रह-रहकर बूंदाबादी हो रही है। इसी के साथ दिन-प्रतिदिन तापमान में कमी आ रही है। सुबह और रात के तापमान में काफी गिरावट और हल्की रबी फसलों के लिए फायदेमंद है। बारिश सरसों की फसल के लिए अमृत बनकर गिर रही है। नवंबर के पहले पखवाड़े एवं देर से बोए गए गेंहू के लिए भी अच्छा है। वहीं इसके बाद शीतलहर एवं पाले से सब्जियों की फसलों को काफी नुकसान पहुंच सकता है और परिणाम स्वरूप उत्पादकता पर विपरीत असर पड़ेगा। अधिक सर्दी से फसलों को बचाने के लिए कृषकों को अपने प्रयास तेज कर देने चाहिए।

कृषि विज्ञान केंद्र, लेदौरा के अध्यक्ष डॉ. एलसी वर्मा ने खेत में पाले के प्रभाव को कम करने के लिए खेत की उत्तरी-पश्चिमी दिशा से आने वाली ठंडी हवा की दिशा में खेतों के किनारे पर बोई हुई फसल के आसपास, मेड़ों पर रात्रि में कूड़ा-कचरा या अन्य व्यर्थ घास-फूस जलाकर धुआं करना चाहिए, ताकि खेत में धुआं हो जाए एवं वातावरण में गर्मी आ जाए। इसके अलावा जरूरत के हिसाब से खेत में ताजे पानी से सिंचाई करते रहना चाहिए, जिससे मिट्टी का तापमान कम न हो साथ ही ओस पर भी नियंत्रण हो सके। बताया कि सल्फर (गंधक) से पौधे में गर्मी बनती है।ऐसे में 8-10 किग्रा सल्फर डस्ट प्रति एकड़ के हिसाब से अथवा घुलनशील सल्फर 600 ग्राम प्रति एकड़ 200 लीटर पानी में मिलाकर फसल पर छिड़काव करने से पाले के असर को कम किया जा सकता है।

# विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन के बाद चखा व्यंजनों का स्वाद

**आयोजन**

**ओमप्रकाश मिश्र इंटर कालेज में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा**

**बच्चों के साथ मुख्य अतिथि ने काटा केक और दी बधाई**

जनसंदेश न्यूज


विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि।

**दीदारगंज (आजमगढ़)।** मार्टीनगंज तहसील क्षेत्र के मोलनापुर अहमद बख्श फुलेश स्थित ओमप्रकाश मिश्र इंटर कालेज में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी और पाक कला का आयोजन किया गया। अतिथियों ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उसके बाद तरह-तरह के व्यंजनों का स्वाद चखा। सभी ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा और आगे चलकर खुद के साथ जिले का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया।

मुख्य अतिथि अंबेडकरनगर जिले के जेल अधीक्षक और फुलेश ग्राम निवासी डॉ. शशिकांत मिश्र ने कहा कि आज ही मेरा जन्मदिन भी है और इस दिन मुझे अतिथि बनाना मेरे लिए गौरव की बात है। डॉ. शशिकांत मिश्र नें छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी में मानव स्वशन तंत्र, हृदय के कार्य, एनओटू, वाटर प्यूरीफिकेशन, रक्त परिसंचरण, पाचन तंत्र,मानव उत्सर्जन तंत्र, मानव शरीर तंत्र, लिफ्ट, कैनर, चंद्रयान, अम्ल वर्षा, फ्लावर प्लांट रिप्रोडक्टिव सिस्टम,फोटो सिंस्सेथिस, कार्बन प्यूरीफिकेसन, डीएनए आदि का अवलोकन किया। उन्हें उनके सफल प्रदर्शन पर बधाइयां दीं और केक काटा।

तत्पश्चात स्टाल पर छात्राओं द्वारा लगाए गए लजीज व्यंजनों चाट, चाऊमीन, बर्गर, मोमोज, टिकिया, समोसा, गाजर का हलवा, पानी पूरी आदि का स्वाद चखा और सराहा। प्रधानाचार्य आलोक शुक्ल ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर चेयरमैन कृष्ण कांत मिश्र, छोटेलाल चतुवेर्दी, राम चंद्र मिश्र, प्रदुम्न मिश्र, विजय चौहान, विनीत दुआ, मनीषा मिश्रा, प्रभात तिवारी, सुरेश तिवारी, अमित सिंह, मनीष द्विवेदी आदि मौजूद थे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने मनवाया लोहा

**उपलब्धि**

**राहुल चिल्ड्रेनएकेडमी में बाल मेला व विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन**

जनसंदेश न्यूज


पुरानी तोप मॉडल का अवलोकन करते अतिथिगण।

**आजमगढ़।** राहुल चिल्ड्रेन इंग्लिश मीडियम एकेडमी रैदोपुर में रविवार को बाल मेला तथा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बच्चों ने गीत-संगीत, नृत्य के साथ विभिन्न प्रकार के व्यंजन व विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और हिन्दी विषयों पर माडल चार्ट तथा चित्र आदि बनाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्य अतिथि मंडल में प्रधानाचार्य चंडेश्वर इंटर कालेज, अनिल चतुवेर्दी, हवलदार यादव जिलाध्यक्ष सपा, डॉ. नाथशरण लाल श्रीवास्तव पूर्व प्राचार्य डीएवी पीजी कालेज, शिक्षक नेता ध्रुवमित्र शास्त्री, धर्मशंकर राय प्रवक्ता गांधी इंटर कालेज, शिक्षक नेता सुरेंद्र नाथ राय, प्रभाकर राय, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व महामंत्री इंद्रासन सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

एकेडमी के प्रबंधक कन्हैया लाल व संस्थापक डॉ. रवींद्र नाथ राय ने संयुक्त रूप से अतिथि मंडल के सभी सदस्यों और अभिभावकों का स्वागत किया। बालमेला में बच्चों ने तरह-तरह के व्यंजन बनाए तथा अनेक प्रकार के सामनों का क्रय विक्रय किया। विज्ञान प्रदर्शनी में स्वचालित पवन चक्की, ज्वाला मुखी, पुरानी किस्म की तोप, रेन डिटेक्टर, मानव हृदय, ताज महल, टाइटैनिक, चंद्रयान, राम मंदिर, आदि को अभिभावकों ने बहुत सराहा। नवांकुर साहित्य सृजन गैलेरी में बच्चों ने मीरा, सूरदास, तुलसीदास, के गणवेश में उनकी रचनाओं को सस्वर सुना कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में एकेडमी की संस्थापक प्रधानाध्यापिका मीनू राय ने सभी अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# यात्रियों की सुविधाओं का रखा जाय ख्याल : एडीजी जोन

**निरीक्षण**

**महाकुंभ मेले को लेकर पुलिस प्रशासन ने कसी कमर, महाकुंभ मेले को लेकर रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण**

**एडीजी जोन जीआरपी, डीआईजी रेलवे व पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

जनसंदेश न्यूज



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते एडीजी जोन

**मीरजापुर।** महाकुंभ प्रयागराज के दृष्टिगत रविवार को अपर पुलिस महानिदेशक, राजकीय रेलवे पुलिस उत्तर प्रदेश प्रकाश डी., पुलिस उप महानिरीक्षक रेलवे प्रयागराज राहुल राज, और पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने मीरजापुर और विन्ध्याचल रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने स्टेशन परिसर में सुरक्षा प्रबंधन, सफाई व्यवस्था और यात्री सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने विशेष ट्रेन सेवाओं का प्रबंध किया है। सुरक्षा के लिए पर्याप्त बलों की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे और पब्लिक एड्रेसिंग सिस्टम की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि यात्रियों के सुगम आवागमन के लिए प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर और अन्य क्षेत्रों में व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त हो। भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष कदम उठाने और सुरक्षा बलों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने महाकुंभ के दौरान रेलवे की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी तैयारियों को समय से पूरा करने का आदेश दिया। एडीजी जोन ने निर्देश देते हुए कहा महाकुंभ मेले को लेकर यात्रियों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा जाएगा और इनके साथ कोई भी दुर्व्यवहार ना हो इसका भी ख्याल रखा जाए। इस दौरान एसपी नक्सल ओपी सिंह, सीओ सिटी विवेक जावला, स्टेशन अधीक्षक रविंद्र कुमार, आरपीएफ प्रभारी दिनेश कुमार व जीआरपी प्रभारी रामदवर यादव अपने दलबल के साथ मौजूद रहे।

# अतिक्रमण के चलते प्रतिदिन लग रहा जाम

**परेशानी**

**यात्रियों को करना पड़ रह है कठिनाइयों का सामना**

**लालगंज।** स्थानीय बाजार में सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण के चलते जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। इस समस्या के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। जिससे स्कूली छात्राओं, राहगीरों और यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने प्रशासन से बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण रोकने और अवैध निर्माण हटाने की मांग की है।

सामाजिक कार्यकर्ता हरिशंकर मिश्र ने कहा कि लालगंज बाजार में सड़क के दोनों ओर फैले अतिक्रमण के कारण वाहनों और राहगीरों के लिए पर्याप्त स्थान नहीं बचता। जाम की स्थिति न केवल बाजार के सौंदर्य को बिगाड़ रही है। बल्कि लोगों के दैनिक जीवन को भी प्रभावित कर रही है। बाजार निवासी गणेश सोनी ने बताया कि बाजार के आसपास अवैध निर्माण तेजी से हो रहे है जिससे सड़के सिकुड़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के कारण खासतौर पर छात्राओं को स्कूल और कॉलेज जाते समय भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। घनश्याम पटेल ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने होंगे। बाजार में जाम की स्थिति के कारण न केवल स्थानीय लोग बल्कि यात्री भी परेशान हैं।

सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करना आवश्यक है जिससे आवागमन सुगम हो सके। रामसजीवन पटेल ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अतिक्रमण पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों को बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। नियमित रूप से वाराणसी और मध्य प्रदेश के बीच यात्रा करने वाले लोगो का जाम के चलते समय बर्बाद हो रहा है। राकेश पटेल ने बताया कि लालगंज बाजार में जाम के कारण उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी होती है। उन्होंने कहा बाजार में फैले अतिक्रमणके चलते सड़क संकरी हो गई है। यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, बाजार वासियो ने जाम मुक्त की मांग की है।

## संक्षेप

### पेयजल आपूर्ति बंद होने से लोगों को हो रही परेशानी

**पत्रक देने के बाद भी हैंडपंप का हाल जस का तस, परेशानी**

**लालगंज।** स्थानीय तहसील परिसर में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से बंद होने की वजह से अधिवक्ता एवं दूर-दराज से आए वादकारी के लिए कठिन समस्या हो गई है। अधिवक्ताओं ने कहा कि पेयजल संकट को दूर करने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्रक देने के बावजूद भी तहसील परिसर में लगे हैंडपंप की मरम्मत नहीं कराया जा सका। तहसील परिसर में तीन हैंडपंप प्रतिष्ठापित है। वहीं एक आरों मशीन भी लगाई गई है किंतु आरों मशीन सहित तीनों हैंडपंप पूरी तरह से पानी देना बंद कर दिए है। वहीं एक हैंडपंप से जो पानी निकल रहा है वह मिट्टी से सना युक्त पानी निकल रहा है जो किसी काम का नहीं है। उपरौध अधिवक्ता समिति के पूर्व अध्यक्ष चंद्रदत्त त्रिपाठी ने कहा कि तहसील में पेयजल आपूर्ति करने के लिए अधिकारियों के यहां पत्र देने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। पूर्व अध्यक्ष केदारनाथ शुक्ला ने कहा कि पानी पीने के लिए अधिवक्ताओं एव वादकारियों के लिए उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। पूर्व सचिव अनिल मौर्य ने कहा कि यदि तहसील परिसर में पानी की ब्यवस्था बदहाल है। ग्रामीण अंचल की समस्या का निस्तारण कैसे होगा इसका अन्दाजा लगाया जा सकता है। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि तहसील परिसर में लगे हैंडपंप एवं आरों मशीन को अविलंब चालू कराया जाए नहीं तो अधिवक्ता आगे की रणनीति बनाने को मजबूर होंगे।

### रोडवेज बस व बोलेरो में हुई टक्कर, बाल-बाल बचे यात्री

**जिगना।** क्षेत्र के बिरोही गांव के सामने रविवार को मीरजापुर से प्रयागराज जा रही रोडवेज बस जैसे बिरोही गाव के सामने पहुंची कि सामने से आ रही बोलेरो अनियंत्रित होकर रोडवेज बस से टकरा गयी, जिसमें बोलेरो का अगला दाहिना टायर बट गया। घटना में बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गयी, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। बोलेरो जिगना थाना क्षेत्र के मिश्रपुर गांव से मरीज को लेकर जा रहा था। रोडवेज के कंडक्टर अवधेश कुमार और चालक जयकुमार ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित है और दूसरे रोडवेज से यात्रियों को को भेजा गया।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में लोगों का हुआ उपचार

**हलिया।** स्थानीय विकासखंड के नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में आए मरीजों का जांच कर उपचार किया गया। रविवार को नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में 43 लोगों को जांचोंपरांत उपचार किया गया जिसमें खांसी बुखार शुगर दमा आदि के मरीज स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर जांचोपरांत दवाएं ली। चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने लोगों को ठंड से बचाव के लिए सुझाव दिए। गर्म पानी पीने की सलाह दी। इस दौरान कामेश्वर तिवारी, मनोज कुमार, संजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**चील्ह।** स्टूडेंट केयर फाउंडेशन की ओर से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया गया आयोजन। विकासखंड कोन के मवैया गांव स्थित श्री कृष्णा शारदा देवी बालिका इंटर कॉलेज में रविवार को स्टूडेंट केयर फाउंडेशन की तरफ से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गय। जिसमें जूनियर, सब जूनियर, सीनियर वर्ग के 625 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। स्टूडेंट केयर फाउंडेशन के आयोजक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का परीक्षा परिणाम एक जनवरी को घोषित किया जाएगा। प्रतियोगिता में अव्वल स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को 26 जनवरी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार यादव, अविनाश सिंह यादव, इंद्रजीत यादव, राजन सोनकर एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने परीक्षा सकुसल संपन्न कराया।

### ब्राह्मण एकता मंच की बैठक सम्पन्न

**चील्ह।** ब्राह्मण एकता मंच की छठवीं बैठक विकास खंड कोन के पुजागीर चौराहे पर स्थित एक लॉन में संपन्न हुई। बैठक में ब्राह्मण का विकास आज के दौर में राजनीति में सहभागिता ब्राह्मण के संस्कार आदि विषयों पर रचनात्मक चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गंगासागर दुबे, राजेंद्र तिवारी उर्फ लल्लू तिवारी, रामसागर तिवारी, सुरेंद्र मिश्रा, पंडित उमाकांत द्विवेदी, उमेश कुमार दुबे, महेश तिवारी, डॉक्टर संतोष दुबे आदि सैकड़ो की संख्या में ब्राम्हण उपस्थित रहे।

### आज शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी बिजली

**लालगंज।** उपकेंद्र लालगंज के ग्रामीण फीडरों में सोमवार को सुबह दस बजे से शाम 6 बजे तक बिजली बंद रहेगी। यह कटौती ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के काम के कारण की जा रही है। इस दौरान टाउन क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सामान्य रूप से जारी रहेगी। अवर अभियंता अभिषेक मौर्य ने बताया कि ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्य किया जा रहा है। इस वजह से ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि शाम 6 बजे के बाद बिजली आपूर्ति को फिर से शुरू कर दिया जाएगा।

### चुनौतियों का समाधान ढूंढने में सहायक होती हैं प्रतियोगिताएं : रिंकी कोल

**लालगंज।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लालगंज के दुबार कला स्थित सावित्री बाई फुले विद्यालय में विचार गोष्ठी और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं को उनकी प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रिंकी कोल ने कहा कि प्रतियोगिताएं केवल शारीरिक या मानसिक क्षमताओं को निखारने का एक माध्यम नहीं हैं बल्कि यह भविष्य की चुनौतियों का समाधान ढूंढने में भी सहायक होती हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने विकास और सृजनात्मकता का प्रदर्शन करना चाहिए। वे समाज में बदलाव का हिस्सा बन सकें। कार्यक्रम में चयनित छात्र-छात्राओं को प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। विधायक ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है जो उन्हें भविष्य में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता दिलाने में सहायक होती है। कार्यक्रम में सलिल पांडेय ने प्रतियोगिताओं को ग्रामीण समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के एक सशक्त माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूरज दुबे व संचालन सत्यकाम उर्फ अंकित दुबे ने किया। इस मौके पर भाजपा नेत्री निर्मला राय, विश्वजीत दुबे, देवेंद्र पटेल, संजय मौर्य, राकेश पटेल, ओम पांडे, प्रदीप तिवारी, पंकज सिंह, सेराज अहमद, बालनाथ दुबे, अमरेश त्रिपाठी, भरोसा मौर्य, राजकुमार दुबे आदि उपस्थित रहे।

# अधिकारियों की सह पर मंडी पहुंच रहे बिना परमिट ओवर लोड वाहन

**मनमानी**

**पूर्वांचल की मंडियों तक खुलेआम गिट्टी बालू व भस्सी की हो रही है आपूर्ति**

**अहरौरा।** वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग पर सोनभद्र से गिट्टी बालू व भस्सी लादकर बिना परिवहन ओवरलोड ट्रकें प्रतिदिन हजारों की संख्या में पाषाण विभाग की चेक पोस्ट से गुजरकर पूर्वांचल की मंडियों तक गिट्टी बालू व भस्सी की आपूर्ति कर रही है। जबकि सोनभद्र से लेकर मीरजापुर के अहरौरा तक ओवरलोड एवं बिना परमिट से गुजर रही वाहनों पर कार्यवाही के लिए लगभग एक दर्जन पाषाण विभाग की ओर से चेक पोस्ट स्थापित की गई है। इसके बाद भी विभाग मौन पड़ा है।

सूत्रों की माने तो सोनभद्र से अहरौरा तक इन चेक पोस्ट चौकियों पर या तो लंबी रकम लेकर अवैध वाहनों के परमिट की वैधता और ओवर लोड वाहनों को छोड़ दिया जाता है। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो 26 दिसंबर की शाम उप जिलाधिकारी चुनार के नेतृत्व में परिवहन और पाषाण विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अहरौरा से अदलहाट तक 108 वाहनों को बिना परमिट और ओवर लोड वाहनों को सीज किया जाना कई सवालों को खड़ा करता है।

आखिर यह वाहन बालू मंडियों तक कैसे पहुंच जाते हैं। जबकि प्रति दिन परिवहन विभाग के एआरटीओ व पाषाण एवं परिवहन विभाग के अधिकारी दिन रात वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग पर ट्रकों का निरीक्षण किया करते है। इसके बाद भी ओवर लोड व बिना परमिट की सैकड़ों वाहन सरकारी राजस्व का चूना लगाकर प्रतिदिन पूर्वांचल की मंडियों तक कैसे पहुंच रही हैं इसकी भी हाई लेबल पर जांच होनी चाहिए। अगर सही से जांच की जाएं तो इसमें इन विभागों में कार्यरत बड़ी मछलियां भी फंस सकती है और सरकारी राजस्व भी भारी बढ़ोतरी हो सकती है।

# गुणवत्ता संग हर तरह की शिक्षा देने का काम कर रहा सेमफोर्ड

**बोले विवेक बरनवाल**

**सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ वार्षिकोत्सव**

जनसंदेश न्यूज



मुख्य अतिथि को सम्मानित करते डायरेक्टर विवेक बरनवाल

**मीरजापुर।** सेमफोर्ड स्कूल, बसही में वार्षिकोत्सव सृजन बड़े उत्साह और जोश के साथ विद्यालय रूपी मां सरस्वती के पावन परिसर में मनाया गया। जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर संस्कृति एवं सृजन के रंगों की छटा बिखेर दी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सोहन लाल श्रीमाली, विशिष्ट अतिथि नीलम प्रभात, विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरपर्सन्स महेश बरनवाल एवं शशिकला बरनवाल, प्रबंधक द्वय विवेक बरनवाल और शिप्रा बरनवाल, प्रधानाचार्य शैलेश कुमार पाण्डेय, हेड कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार सिंह और उप प्रधानाचार्या रेखा श्रीवास्तव के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन और ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके बाद प्रबंधक द्वय द्वारा उपस्थित मंचासीन अतिथियों को बैज, बुके, स्मृतिचिन्ह एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर स्वागत किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ नटवां शाखा के छोटे-छोटे बच्चों ने गणेश वंदना नृत्य से किया। इसके उपरांत प्रधानाचार्य शैलेश कुमार पांडेय ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद प्रारम्भ हुआ सांस्कृतिक कार्यकमों का सिलसिला, जिसमें बच्चों ने सर्व प्रथम सुंदर और मनमोहक स्वागत नृत्य एवं गीत के माध्यम से आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। प्रबंधक विवेक बरनवाल ने आये हुए अतिथियों का स्वागत अपने स्वागत सम्बोधन के माध्यम से किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में नौनिहालों ने मेश-अप डांस, सोशल मीडिया पर आधारित डांस की प्रस्तुति कर बच्चों ने खूब वाहवाही लूटी। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदर्शित नैतिक मूल्यों, आदर्शो की सराहना की गयी। अंत में प्रधानाचार्या नटवां शाखा श्वेता मेहरोत्रा खत्री ने आये हुए समस्त अतिथियों, प्रतिभागियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियो के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ। इस अवसर पर मंजरी खरे, मुदिता खरे, संगीता शर्मा, वाहिदा बानो, सुप्रिया त्रिपाठी, संतोष कुमार, प्रणव दुबे, धीरज केशरवानी समेत विद्यालय परिवार के सभी सदस्य और हजारों अभिभावक उपस्थित थे।

# डीएम-कुलपति ने निर्माणाधीन विंध्य विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

**धीमी निर्माण प्रगति पर व्यक्त की नाराजगी**

**मजदूरों की संख्या बढ़ाते हुए प्रगति लाने का दिया निर्देश**



निरीक्षण करतीं डीएम

**मीरजापुर।** जनपद के मड़िहान तहसील अन्तर्गत निर्माणाधीन राज्य विंध्य विश्व विद्यालय के निर्माण प्रगति का जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व कुलपति प्रो. शोभा गौर ने रविवार को मौके पर पहुंचकर प्रगति कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मजदूरों की संख्या बढ़ाने तथा कार्य में तेजी लाकर ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्ग, बाउंड्री वाल, प्रशासनिक भवन, कुल सचिव आवास तथा एकेडमिक भवन के प्रथम तल को मई 2025 तक पूरा करने का निर्देश कार्यदाई संस्था लोक निर्माण भवन निर्माण को दिया गया। इस दौरान टाईप-4 आवासीय स्थल, आडिटोरियम, ब्वायज एवं गर्ल्स हास्टल के निर्माण प्रगति का निरीक्षण मौके पर भ्रमण कर किया गया। पूरे विश्व विद्यालय को बनाए गए नक्शा पर देखकर जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि उप जिलाधिकारी मड़िहान युगान्तर त्रिपाठी से समन्वय स्थापित कर मजदूरों की संख्या बढाये ताकि कार्य ससमय पूरा करते हुए जुलाई 2025 से पठन-पाठन का प्रारम्भ किया जा सके। निरीक्षण के समय अपर आयुक्त, कुलसचिव डा. विश्राम, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन निर्माण के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी

**चील्ह।** थाना क्षेत्र के टेढ़वा पुलिस चौकी अंतर्गत टेढ़वा के पास स्थित हनुमान मंदिर में पूर्व मंत्री रंगनाथ मिश्रा ने कई वर्ष पूर्व 2 किलो वजन के चांदी का मुकुट भेंट किया गया था जिसकी वर्तमान में कीमत लगभग डेढ़ लाख बताई जाती है। शुक्रवार को दोपहर करीब तीन बजे चोर मंदिर में प्रवेश कर पूजा-पाठ करने के बाद हनुमान जी के सर से चांदी का मुकुट उतार करके गायब हो गए। मुकुट चोरी की घटना की सूचना मन्दिर के पुजारी अशोक दुबे ने टेढवा चौकी इंचार्ज सुनील कुमार को दिए सूचना पर चौकी प्रभारी मौके पर पहुंच कर मौका मुआयना किया। पुजारी अशोक दुबे ने चील्ह थाना में तहरीर देकर मुकुट को बरामद कराने व चोरी की घटना का पदार्फाश करने की मांग की है। रविवार की दोपहर चील्ह थाना प्रभारी शिवशंकर सिंह भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे से सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से मामले की जांच पड़ताल में लगे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मंदिर से मुकुट चोरी हुआ है जिसका मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# बिजली की बदतर स्थिति से ग्रामीणों में आक्रोश

जनसंदेश न्यूज

**नाराजगी**

**24 घंटों में सिर्फ चार घंटे मिल रही बिजली**

**विद्युत कटौती से लोगों का जनजीवन हो रहा प्रभावित**

**लालगंज।** ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की बदहाल स्थिति ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। बीते 24 घंटों में केवल 4 घंटे बिजली मिल सकी है, जिससे ठंड के मौसम में पढ़ाई-लिखाई, पेयजल और अन्य दैनिक कार्य बाधित हो रहे है। उपकेंद्र लालगंज और लहंगपुर से जुड़े विद्युत उपभोक्ता दो दिनों से इस समस्या का सामना कर रहे हैं।

दिनभर बिजली गायब रहती है। रात में भी आधी रात के बाद आपूर्ति बाधित हो जाती है। इससे विद्यार्थियों का पठन-पाठन प्रभावित हुआ है। परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को अंधेरे में पढ़ाई करनी पड़ रही है। जिससे उनकी शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

बिजली की कमी से नलकूप और अन्य जल आपूर्ति व्यवस्था ठप पड़ गई है। ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। ठंड के मौसम में बिजली न होने से गर्म पानी और अन्य आवश्यक सेवाएं भी बाधित हो रही हैं।

ग्रामीणों ने विद्युत विभाग और प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की बदतर स्थिति से आमजन में रोष है। उन्होंने प्रशासन से नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

# गो-तस्करी के दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**मीरजापुर।** एसपी अभिनन्दन द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ व पशु तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। उक्त निर्देश के जनपद में गो-तस्करी तथा इसमें संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार अलग-अलग थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई भी की जा रही है। इसी क्रम में एएसपी आपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में रविवार को थाना लालगंज पर पंजीकृत मुकदमे से सम्बंधित थाना लालगंज पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिरी सूचना के आधार पर थाना लालंगज क्षेत्रांतर्गत दुबार ओवर ब्रिज के पास से शातिर गो-तस्करों हिस्ट्रीशीटर संजय कुमार भारती पुत्र रामवृक्ष निवासी ग्राम जमालपुर थाना जमालपुर को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के संबंध में कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेजा गया।

# गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं। निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उप-निरीक्षक अभय नारायण सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अदलहाट क्षेत्रांतर्गत इमिलिया चट्टी के पास से अभियुक्त राकेश पटेल पुत्र धनेश्वर पटेल निवासी ग्राम जुड़ुई थाना अहरौरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 825 ग्राम अवैध गांजा व बिक्री के 2090 रुपए बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अदलहाट पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया।

# कोटारनाथ में शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

**हलिया।** अदवा नदी के मध्य टीले पर विराजमान कोटारनाथ में भगवान शिव तथा माता पार्वती के दर्शन पूजन के लिए त्रयोदशी तिथि भक्तों का जुनून उमर बड़ा। रविवार को एक लाख से अधिक भक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक तथा माता पार्वती का दर्शन पूजन किया।

अधिकांश क्षेत्रीय तथा दूर दराज से पैदल भक्त अपने निजी साधन से महिला पुरुष श्रद्धालु अदवा नदी में स्नान कर कतरबद्ध होकर कर भगवान शिव तथा माता पार्वती के दर्शन पूजन के लिए घंटों कतारों में लगे रहे। सुबह कोहरे के बावजूद भी मंदिर का कपाट खुलने के पहले से भोलेनाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालु कतारों में खड़े रहे। भगवान शिव का जलाभिषेक कर भाग धतुरा तथा मां पार्वती को माला फूल, भेंट किया। दर्शन पूजन के पश्चात क्षेत्रीय तथा दूर-दराज से आए भक्तों ने अदवा नदी के तट पर बाटी चोखा का आनंद लिया।

दर्शनार्थियों ने मेले में लगी दुकानों से प्रसाद तथा सौंदर्य प्रसाधन सामग्री की खरीददारी की। महिला भक्तों की



अधिक भीड़ रही।

थानाध्यक्ष हलिया वीरेंद्र सिंह पुलिसकर्मियों के साथ मेला क्षेत्र में चक्रमण करते रहे। मंदिर पुजारी जयराम गिरी तथा शिवराम गिरी ने बताया कि भोर से ही कोटार शिव धाम में भगवान शिव तथा माता पार्वती के लगभग एक लाख से अधिक भक्तों ने दर्शन पूजन किया है। बच्चों ने मेले में झूले का लुफ्त उठाया। भंडारे का आयोजन ग्राम प्रधान विनोद सिंह, नीरज सिंह, जितेंद्र सिंह आदि के सहयोग से भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

### मां भंडारी देवी की चरणों में भक्तों ने टेका मत्था

**अहरौरा।** साल के अंतिम रविवार को सैकड़ों भक्तो ने मां भंडारी देवी की चरणों में मत्था टेका और दर्शन पूजन कर मां का आशीर्वाद लिया। नगर के उत्तर दिशा मे ऊंचे पहाड़ पर विराजमान मां भंडारी देवी मंदिर पर रविवार सैकड़ों भक्तों ने मां के चरणों में शीश नवाया और दर्शन पूजन किया। बहुत से भक्तों ने मां को हलवा पूड़ी के साथ नारियल चुनरी लाचीदाना प्रसाद के रुप में चढ़ाया। मां भंडारी देवी मंदिर के पुजारी संदीप पांडेय ने बताया कि साल के अंतिम रविवार के चलते पहाड़ पर विराजमान मां भंडारी देवी जो भक्तों के भंडार भरने वाली देवी है। यहां दूर-दूर भक्त दर्शन पूजन कर अपनी मन्नत मांगने के लिए आते है।

# किसानों को प्याज की रिसर्च व तकनीक की दी गई जानकारी

**सीखड़।** स्थानीय ब्लॉक के ग्राम बगहां में राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान देवरिया के तत्वाधान एवं जिला उद्यान अधिकारी के द्वारा किसानों को बीज के बारे में जानकारी देते हुए ग्राम बगहां में अपस्थित होकर किसानों को प्रजाति एडीआर एवं एल-883 प्रजाति को प्रमोट किया गया है।

पोषण एवं औषधीय महत्व के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि यह एक नकदी फसल है, जिसमें किसानों को खेती प्राची आय प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सब्जियों की नवीनतम तकनीकी, कीट एवं रोगों से फसल की सुरक्षा एवं कटाई उपरांत प्रबंधन विषय पर विस्तार से तकनीकी जानकारी दी गई। किसानों को अच्छी पैदावार मिलें एवं अपनी आर्थिक आय में बढ़ोतरी किया जा सके जो कि विवेकानन्द पटेल बगहां के प्रोगेसित किसानों के बताते हुए कि खरिफ प्याज से 1.5 लाख का प्रति बगहां इनकम कमा सकते है। किसानों को राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान प्रतिष्ठान के गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर डा. विनोद सिंह, अरविन्द सिंह, इंद्रवीर सिंह, मनोज कुमार सिंह, देवी प्रसाद, अरविंद पटेल मौजूद रहे।



# परिवहन मंत्री ने किया विधायक खेल महाकुम्भ का उद्घाटन

**परिवहन मंत्री बोले**

### मंत्री ने खो-खो व वॉलीबॉल के खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

### भाजपा खेलों को दे रही बढ़ावा

**सोनभद्र।** विधायक खेल महाकुंभ 2024- 25 तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन के दूसरे दिन रविवार को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज रामगढ़ प्रांगण में पहुंचे। इसके पूर्व जनपद के बार्डर पर परिवहन मंत्री का जिले के परिवहन विभाग के एआरटीओ प्रवर्तन राजेश्वर यादव व मोटर वाहन निरीक्षक आलोक यादव टीम के साथ स्वागत किया। हिन्दुआरी तिराहा पर भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल व सदर विधायक भूपेश चौबे के नेतृत्व में पार्टी कार्यकत्ताओं ने फूल माला व बुके से स्वागत किया गया। इसके बाद परिवहन मंत्री का काफिला परिवहन मंत्री रामगढ़ पहुंचा। कार्यक्रम स्थल पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, सदर विधायक भूपेश चौबे, जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता व पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश मिश्रा ने मां सरस्वती और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने वॉलीबॉल, खो-खो और वरिष्ठ नागरिक का खेल रस्सा-कस्सी का प्रदर्शन देख खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के प्रति काफी गम्भीर है। इसके लिए हर एक गांव में खेल मैदान, स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस उन्हें अभ्यास के लिए बेहतर संसाधन, समय, कोच व खेल का मैदान उपलब्ध हो। उन्होंने उम्मीद जताया कि युवा भविष्य में विभिन्न खेल क्षेत्रों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केन्द्र की सरकार गांव से लेकर शहर तक विभिन्न सुविधाओं के विस्तार में लगी है, ताकि विकसित गांव और शहर का निर्माण हो सके। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि सोमवार को आदिवासी इंटर कॉलेज सिलथम में खेल महाकुंभ के अंतर्गत दौड़, निबंध आदि खेल का आयोजन किया गया है। इस मौके पर सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, कृष्ण मुरारी गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह, संतोष शुक्ला, चतरा मंडल अध्यक्ष राज बहादुर सिंह, मंडल महामंत्री विनय श्रीवास्तव, विजय कुमार सिंह, श्यामू मिश्र, प्रशांत मिश्रा, विवेक शुक्ला, जितेंद्र बहादुर सिंह, योगेंद्र बिन्द आदि रहे।


खेल महाकुम्भ के दूसरे दिन दीप प्रज्जवलित करते परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह

### बस और ट्रक की टक्कर में चालक समेत दो घायल

**डाला।** हाथीनाला थाना अन्तर्गत रेणूकोट रोड पर बस और ट्रक की टक्कर मे रोडवेज बस चालक समेत दो लोग घायल हो गए,घायलों को इलाज के लिए रेणूकोट अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार वाराणसी की तरफ से जा रही रोडवेज जनरथ बस रविवार की सायंकाल छःबजे हाथीनाला तिराहे से आगे डेढ़ किमी आगे रेणूकोट रोड पर विपरीत दिशा से आ रही ट्रक की आमने सामने टक्कर हो गई, दुर्घटना दौरान संयोग अच्छा था कि बस मे दो दर्जन यात्री सवार थे सभी सुरक्षित रहे। घटना में जनरथ रोडवेज चालक 45 वर्षीय अवधेश सिंह पुत्र अज्ञात निवासी लोहरा सुकृत व एक अज्ञात यात्री को हल्की चोटें आई। दुर्घटना के बाद रास्ते से गुजर रहे पिपरी सीओ अमित सिंह ने घटना का जायजा लेकर दोनो घायलों को इलाज के लिए रेणूकोट अस्पताल भेजकर हाथीनाला थाने को सूचित करके गंतव्य को निकल गए। घटना के बाद सभी सवारियों को अन्य बस से भेज दिया गया और रेणूकोट मार्ग आधे घंटे तक बाधित रहा जिसे हाथीनाला पुलिस द्वारा मुख्य मार्ग को कड़ी मेहनत से बहाल कराया गया।

# 38वें अन्तर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** टाऊन क्लब मैदान पर रविवार को 38वें अन्तर्राज्यीय क्रिकेट टूनामेंट का भव्य क्रिकेट मैच का उद्घाटन श्रवण सिंह गोंड ने फीता काटकर किया। अतिथियों ने खुले आसमान में कबूतर उड़ाकर, शांति एवं एकता का संदेश भी दिया। समारोह को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि श्रवण सिंह गोंड ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खेल का बढ़ावा दिया गया है। प्रधानमंत्री जी ने भी सभी देश के खिलाड़ियों को सम्मानित करने का काम किया है। दुद्धी के मैदान पर खिलाड़ी बहुत दूर से आये है।

खेल की भावना से खेलना चाहिए जितना और हारना खिलाड़ियों में लगी रहती है। यहां खेल के प्रति लोगों में अच्छी रुझान देखने को मिलती है। इस क्षेत्र के खेल व खिलाड़ियों में प्रोत्साहन के लिए पूरा योगदान देकर, होनहार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का काम किया जायेगा। नगर चेयरमैन कमलेश मोहन ने कहा कि यह खेल कुम्भ की नगरी है। नगर पंचायत बढ़-चढ़कर अपना योगदान देती है। उन्होंने आयोजक मंडल एवं खिलाड़ियों का आभार जताते हुए हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन राजकुमार अग्रहरि, कमल कानू,टी सी डी अध्यक्ष सुमित सोनी सचिव अंकुर बच्चन राजेन्द्र श्रीवास्तव एडवोकेट मनीष दिलीप पांडे संजू तिवारी पीयूष आर्यन विकास भोलू , अमरनाथ जयसवाल , निरंजन जायसवाल अजित सिंह, अग्रहरि रजत राज मन्नू खां जबी खां सहित टाऊन क्रिकेट क्लब टीम के पदाधिकारी उपस्थित रहे।


38वें अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि श्रवण सिंह गौड़

## संक्षेप

### नौ वैवाहिक जोड़ों की हुई काउंसलिंग

**सोनभद्र।** महिला थाना रॉबर्ट्सगंज परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह के नेतृत्व में परामर्श केन्द्र का आयोजन किया गया। इसमें थानाध्यक्ष सविता सरोज मय टीम पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संम्बंध में 09 जोड़ा की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया। पति-पत्नी राजी-खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर अपने घर चले गए । इसके अतिरिक्त 02 प्रकरण में अग्रिम तिथि नियत की गई । काउंसलिंग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक व महिला थानाध्यक्ष द्वारा परामर्श केन्द्र में आये दम्पतियों की पारिवारिक सम्बंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह-समझौता कराते हुए साथ में रहने हेतु प्रेरित किया गया। कांउसलर सरिता श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### एनटीपीसी कर्मी ने की आत्महत्या की कोशिश, गंभीर हालत में चिकित्सालय में भर्ती

**शक्तिनगर (सोनभद्र)।** थाना क्षेत्र की एनटीपीसी शक्ति नगर में कार्यरत 40 वर्षीय अशोक कुमार जाहिरे पुत्र गंगाराम निवासी कुथूर थाना पाम गढ़ जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ विगत दो माह पूर्व ही एनटीपीसी श्रीपत से स्थानांतरण बाद शक्तिनगर आए थे शनिवार को सायं 8.30 बजे सेकेंड बी एच 168 की छत पर गिरे पड़े थे जिन्हें परियोजना चिकित्सालय में 10.30 रात में भर्ती कराया गया जहां फिलायल पीने की जानकारी सामने आई। होश में आने के बाद पुनः रविवार की सुबह 10 बजे बाथरूम में पहुंच उसने शीशे के टुकड़े से अपने गले व अन्य शरीर के हिस्से को बुरी तरह घायल कर लिया।आवाज सुनकर हॉस्पिटल स्टॉफ पहुंचा और गंभीर घायल कर्मी को बेड पर लिटाकर डॉक्टरों को सूचित किया जिसे बचाने का हर संभव कोशिश डॉक्टरों द्वारा जारी है। बताया जाता है कि कर्मी की दो पत्नियां हैं और आत्महत्या की कोशिश में पारिवारिक विवाद कारण बताए जा रहे हैं।

### एबीवीपी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए गए अनमोल



**सोनभद्र।** 25 से 28 दिसंबर तक कुशभवनपुर (सुल्तानपुर) में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत का चार दिवसीय 64 वाँ प्रांतीय अधिवेशन संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया एवं चार प्रस्ताव पारित किए गए। अंतिम दिवस नवीन घोषणाएं की गई. जिसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुचिता त्रिपाठी ने रॉबर्ट्सगंज निवासी अनमोल सोनी को प्रदेश कार्य समिति सदस्य घोषित किया। बताते चलें कि पूर्व में इन्होंने लगातार 3 बार प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक एवं राष्ट्रीय टोली के सदस्य के दायित्व का निर्वहन किया। इनकी शिक्षा इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रयागराज से चल रही है। सत्र 2024-25 की नवीन कार्यकारिणी में अनमोल को सोनभद्र जिला से प्रदेश कार्य समिति सदस्य के लिए निर्वाचित किया गया है।

### गुजरात कमाने गए युवक की मौत

**सोनभद्र।** सोनभद्र का युवक गुजरात के पूना शहर में गया था। यहां एक हादसे में उसकी मौत होने की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एक दिन बाद उसकी लाश जिले में लाई जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक गुजरात प्रांत के पूना कमाने गए क्षेत्र के बहुअरा गांव निवासी एक युवक की प्लांट में काम के दौरान गिरने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घरवालों का रो-रो कर बूरा हाल है। घरवाले शव आने का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि चुर्क चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरहुआ के बहुअरा गांव निवासी रामचंद्र के दो पुत्र हैं। छोटा पुत्र बबलू (32) बेल्डिंग का काम करता था। वह गुजरात प्रांत के पूना में रहकर एक प्लांट में काम करता था। शनिवार की शाम को प्लांट में काम करते समय बबलू नीचे गिर गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना साथ में काम कर रहे लोगों ने परिजनों की दी। इधर, घटना की जानकारी होने के बाद से घरवालों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक बबलू को दो संतानें हैं। उसकी पत्नी रेखा और दोनों बच्चों का रो-रो कर बूरा हाल हो गया है।

# फास्ट फूड कॉर्नर पर मारपीट व तोड़फोड़

**सोनभद्र ।** सिविल लाइंस रोड स्थित फास्ट फूड कार्नर पर शनिवार की रात जमकर बवाल हुआ। मारपीट के चलते जहां कुछ देर के लिए सिविल लाइंस रोड पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। वहीं, लगभग आधे घंटे तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही। पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर लिया है। बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है सिविल लाइंस रोड पर यूनियन बैंक के पास अभिजीत तिवारी नामक व्यक्ति की तरफ से वाहन लगाकर, फास्ट फूड कार्नर का संचालन किया जाता है।

बताया जा रहा है कि स्वर्णजयंती चौक से महज तीन से चार सौ मीटर की दूरी पर स्थित इस फास्ट फूड कार्नर पर किसी बात को लेकर दुकानदार और कुछ युवकों के बीच विवाद हो गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि बकाया मांगने को लेकर युवक उन पर हमलावर हो गए। बताया जा रहा है कि पुलिस के हत्थे चढ़ने वाले दोनों आरोपी अलग-अलग वाहनों से पहुंचे थे। उनके साथ तीन-चार दोस्त और थे। आरोप है कि वाहन से उतरते ही उन लोगों ने दुकानदार से सामान की मांग की। पहले से बकाया का जिक्र करते ही हमला बोल दिया गया। आरोप है कि इसके बाद मौके पर दोनों पक्षों से जमकर गुत्थमगुत्थी, मारपीट से हड़कंप की स्थिति बन गई। कार्नर पर रखे कुर्सी टेबल तोड़ दिए गए। फास्ट फूड बनाने के लिए रखी कड़ाही उलट दी गई। पहुंची पुलिस ने मारपीट करते बताए जा रहे दो युवकों को दबोच लिया। वहीं कुछ युवक अफरातफरी का फायदा उठाकर वहां से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि मामले में स्वदीप श्रीवास्तव और अक्षय सिंह की गिरफ्तारी की गई है। एएसपी मुख्यालय कालू सिंह ने कहा कि मोमोज खाने के दौरान किसी बात को लेकर मारपीट हुई थी। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

# महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश

**कार्यक्रम**

### पीएम के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं समेत लोगों ने सुना

**सोनभद्र।** सोनभद्र नगर के हाईडील मैदान में खेल महाकुम्भ में राबर्ट्सगंज विधान सभा क्षेत्र के विधायक भूपेश चौबे के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। विधायक द्वारा लाउड स्पीकर की व्यवस्था कराई गई थी। जिसके माध्यम से हजारों लोगों ने पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसी तरह राबर्ट्सगंज के बूथ संख्या 16 पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी के नेतृत्व मे देश के प्रधानमंत्री के मन की बात रेडियो पर सुनी गई।

वही विधानसभा रावर्ट्सगंज वार्ड नंबर 13 हर्ष नगर बूथ संख्या 21, 22 और 23 पर सैकड़ो कार्यकताओं के साथ अनुसूचित मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत के नेतृत्व में मन की बात कार्यक्रम सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के जरिए लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा पीएम मोदी ने संविधान पर भी बात की। मन की बात के 117 वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि 2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है। हमारे संविधान निमार्ताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है, वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए दिशा दिखाने वाली रोशनी है। पीएम मोदी ने कहा कि 2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है। हमारे संविधान निमार्ताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है, वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए दिशा दिखाने वाली रोशनी है, हमारा मार्गदर्शक है। उन्होंने महाकुंभ की विशेषताएं बताईं। इस मौके पर विनय श्रीवास्तव, संजय जायसवाल, रजनीश रघुवंशी, शिब्बू चौबे, विकास चौबे, संतोष सिंह, धीरज केशरी, संजय जायसवाल, बंटी भारती राजेंद्र चौबे, आलोक रावत संजय कुमार पासवान, दिनेश भारती, अजीत सिंह, संदेश पटेल, अनूप पांडेय, राहुल, श्याम उमर, संतोष, प्रकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



हाईडिल मैदान में मन की बात सुनते सदर विधायक के साथ अन्य लोग

# सौरभ के बेहतर प्रदर्शन से भोजपुर ने लखनऊ को 152 रनों से हराया

जनसंदेश न्यूज

**क्रिकेट टूर्नामेंट**

### अंतरराज्जीय क्रिकेट टूर्नामेंट का जोरदार शानदार उदघाटन मैच

### 18 रन व चार विकेट हासिल करने वाले सौरभ बने मैन ऑफ द मैच

**दुद्धी।** स्थानीय टीसीडी क्रीड़ांगन पर चल रहे 38वें अंतरराज्जीय क्रिकेट टूनामेंट के उद्घाटन मैच में भोजपुर बिहार की टीम ने लखनऊ उत्तर प्रदेश को 152 रनों के भारी अंतराल से हराकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। मैच की बाबत जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सचिव अंकुर बच्चन ने बताया कि मैच का टॉस लखनऊ के कप्तान ने जीता और पिच की नमी को देखते हुए पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया।

लखनऊ के टीम के कप्तान का निर्णय उस समय गलत साबित हुआ जब भोजपुर की टीम निर्धारित 20 ओवरों में अपने 9 विकेट होकर 183 रन बना डाला। भोजपुर के बल्लेबाजों में साहिल ने छह छक्कों और दो चौके की मदद से शानदार 50 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके अलावा राज ने एक छक्का और चार चौकों की मदद से 26, आशुतोष ने 5 चौका की मदद से 26 और सौरभ ने एक छक्के की मदद से 18 रन नाबाद बनाए। लखनऊ की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सुशील ने 3.5 ओवर में 21 रन देकर चार विकेट हासिल किया, जबकि अंजनी ने तीन ओवर में 16 रन देकर एक विकेट प्राप्त किया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरी लखनऊ की टीम प्रारंभिक चरण में ही जो लड़खड़ाई तो अंत तक उबर नहीं सकी।

मात्र 8.2 ओवर में 31 रन बनाते बनाते-बनाते समूची टीम ऑल आउट हो गई। लखनऊ की तरफ से अभिषेक ने दो चौकों की मदद से सर्वाधिक 10 रन बनाए इसके अलावा आदित्य ने पांच रन बनाया। भोजपुर के गेंदबाजों में सौरभ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 1.2 ओवर में मात्र 6 रन खर्च करके चार महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर लखनऊ की टीम को सकते में ला दिया।

इसके अलावा कन्हैया ने चार ओवर में 6 रन देकर दो विकेट, रुद्र ने तीन ओवर में 16 रन देकर दो विकेट और साहिल ने एक ओवर में बिना कोई रन खर्च किए एक विकेट हासिल किया। बैटिंग करते हुए 18 रन व चार शानदार विकेट हासिल करने वाले भोजपुर के खिलाड़ी सौरभ को मैन ऑफ द मैच घोषित कर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन के हाथों पुरस्कृत किया गया। मैच के अंपायर सुनील गुप्ता व सागर विश्वकर्मा रहे। कमेंट्री अंकुर बच्चन व रजत राज ने किया जबकि स्कोरिंग की भूमिका निशांत मोहन व अयाज ने निभाई। सोमवार को चोपन और भदोही के बीच मैच खेला जाएगा।

# रेनूपॉवर प्राथमिक पाठशाला में वार्षिक प्रदर्शनी 2024 संपन्न

**अनपरा।** रेनूपॉवर प्रबंधन के दिशा निर्देशन एवं प्रधानाध्यापिका डॉ० पूनम वार्ष्णेय की अध्यक्षता में रेनूपॉवर प्राथमिक पाठशाला रेनूसागर में वार्षिक प्रदर्शनी 2024 का आयोजन 27 दिसम्बर को किया गया । इस प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं शुभारम्भ यूनिट हेड - माननीय आर .पी. सिंह,दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इंदू सिंह एवं विशिष्ट अतिथि शैलेश विक्रम सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया ।

प्रदर्शनी के प्रारंभिक भाग में विद्यालय के प्रांगण में सेल्फी प्वाइंट के साथ फायरलेस कुकिंग एवं विज्ञान के एक से बढ़कर एक आकर्षक नवाचारी मॉडल्स थे। विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के लिए छात्र - छात्राओं द्वारा अनेक प्रकार के टेंट तैयार किए गए थे । इन टेंट्स की बनावट से बच्चों की सूझबूझ, रचनात्मकता एवं क्रियात्मकता का पता चल रहा था। प्रदर्शनी के संयोजन में विद्यालय के कोने-कोने की साज - सज्जा पर विशेष ध्यान दिया गया था । प्रथम तल पर जाने के लिए सीढ़ियों पर लिखे निरन्तर आगे बढ़ने की प्रेरणा देने वाले प्रेरणार्थक वाक्यों का लेखन अद्भुत और अनोखा था । आगत अतिथियों ने एवं सभी दर्शकों ने इस सोच की भूरि - भूरि प्रशंसा की। प्रथम तल पर छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार कला ,साहित्य, सामाजिक - विषय, विज्ञान, गणित तथा कंप्यूटर के एक से बढ़ कर एक आओ कर के सीखें एवं नवाचार के मॉडल्स थे । साहित्यिक क्लब के अन्तर्गत अंग्रेजी विषय के मॉडल ट्रैफिक रूल्स एवं हिंदी के संज्ञा बॉक्स की बच्चों ने बड़ी कुशलता से व्याख्या की। इसी क्रम में सामाजिक विषय के मॉडल सूर्य परिभ्रमण चक्र, ईको क्लब द्वारा तैयार पुराने वस्त्रों से पायदान, गणित विषय के भाज्य-भाजक सम्बन्धी मॉडल सभी के आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहे।



वार्षिक प्रदर्शनी 2024 कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि

# गिद्धराज ने दी थी सीता हरण की जानकारी

**सोनभद्र।** नगर स्थित आरटीएस क्लब मैदान में चल रहे श्री रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ के छठे दिन प्रातः की मंगला आरती समिति के मुख्य यजमान सत्यपाल जैन, महामंत्री सुशील पाठक, शिशु त्रिपाठी सहित अन्य भक्तों ने भव्यता के साथ की। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।फिर छठे दिन के मानस पाठ प्रारंभ हुआ। कथा प्रसंग पर चर्चा करते हुए मुख्य व्यास सूर्य लाल मिश्र ने जयंत की कुटिलता और फल प्राप्ति, अत्री मिलन एवं स्तुति, माता सीता अनसूया मिलन और माता सीता को अनसूया का पतिव्रत धर्म कहना, श्री राम जी के आगे प्रस्थान विराट बध और राक्षस वध की प्रतिज्ञा करना, स्वर्ण मृग मरीचिका का मारा जाना, सीता हरण और सीता जटायु रावण युद्ध श्री राम का विलाप जटायु प्रसंग, सबरी पर कृपा, नारद राम संवाद आदि विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि रामचरितमानस का एक-एक दोहा, चौपाई, छंद मंत्र है और प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, संप्रदाय का हो इसका पाठ करना चाहिए इससे उसे भवसागर से मुक्ति प्राप्त हो सकती है। नारायण से नर बने प्रभु श्री राम विलाप कर रहे हैं।

हे खग मृग हे मधुकर श्रेणी। तुम देखी सीता मृग नयनी। खंजन सुक कपोत मृग मीना। मधुप निकर कोकिला प्रवीणा। श्री राम के श्री मुख से आज पशु-पक्षी, पेड़-पौधे अपनी प्रशंसा सुनकर हर्षित हो रहे हैं। प्रभु राम के विलाप से ऐसा प्रगट हो रहा है कि मानो कोई महावीर ही और अत्यंत कामी पुरुष पत्नी की खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हो। वही उसके एक दिन पूर्व रात्रि प्रवचन में कथा व्यास नीरज महाराज ने भरत चरित्र की कथा का बड़ा ही मार्मिक प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भरत ने अपने प्रश्न उत्तर से गुरु वशिष्ठ को चुप करा दिया। भरत ने वशिष्ठ मुनि से बोले कि इतना सामर्थ होते हुए ब्रह्मा से कालखंड में परिवर्तित करा दिया।

जहां सतयुग के बाद द्वापर, त्रेता तब कलयुग होना चाहिए लेकिन आपने तो सतयुग के बाद त्रेता ला दिया तब राम जी के वनवास को क्यों नहीं रोक पाएं। उन्होंने आगे कहा कि कहा कि भरत महा महिमा जस राशि। भरत साक्षात जल अर्थात अघात जल के सरोवर हैं माता और गुरुजी के समझाने पर भी राज्य को स्वीकार न किया। और पूरे राज्य के लोगों को लेकर राम जी को मनाने चित्रकूट पहुंच गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक भगवती चौधरी, इंद्रदेव सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल, ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, अयोध्या दुबे, मिठाई लाल सोनी, सुधाकर पांडे, अवधेश पांडेय, संगम गुप्ता, घनश्याम सिंघल, हरीश अग्रवाल, विनोद झुनझुनवाला, विमल अग्रवाल, प्रदीप मोदनवाल, अजीत जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



कथा सुनाते व्यास सूर्य लाल मिश्र वमानस पाठ में उपस्थित भूदेवगण

# मंत्री ने कार्यकर्ताओं संग सुनी पीएम के मन की बात

जनसंदेश न्यूज

**डाला।** ओबरा विधायक व सूबे के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने बाड़ी स्थित अपने आवास पर भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ रविवार को पीएम मोदी के मन की बात सुनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा पीएम मोदी ने संविधान पर भी बात की।

'मन की बात' के 117वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि 2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है। हमारे संविधान निमार्ताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है, वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए दिशा दिखाने वाली रोशनी है, हमारा मार्गदर्शक है। यह भारत का संविधान ही है जिसकी वजह से वह आज यहां हैं। मन की बात सुनने के बाद सूबे के राज्य मंत्री ने कहा कि पीएम की बात से तमाम संदेश मिलते हैं, इससे सीखने की जरूरत है। पीएम की मान की बात सुनने के बाद देश की जनता को नई ऊर्जा मिलती है।मन की बात का मतलब देश के युवाओं और देश के नागरिकों की आकांक्षाओं की बात होती है। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री रामसुंदर निषाद,ओबरा विधानसभा प्रभारी उमेश पटेल,धुरंधर शर्मा,सुखनंदन चौरसिया, ओमप्रकाश शर्मा, शंभू सिंह गोड़, डा.सुरेन्द्रनाथ मौर्या, क्षेत्र पंचायत सदस्य अवधेश कुमार,बूथ अध्यक्ष छोटेलाल साहनी,सेक्टर संयोजक टाटा चौधरी,बुथ अध्यक्ष कांती देवी आदि मौजूद रहे।


ओबरा विधानसभा कार्यालय पर मन की बात सुनते राज्यमंत्री संजीव कुमार गोड़

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

जनसंदेश न्यूज

**कमालपुर।** धीना थाना क्षेत्र के भोलापुर इमीलिया गांव के पास रविवार को बाइक से अपने मौसी के घर जा रहे युवक की गैस लदे ट्रक की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों सक्षम अधिकारी के आने की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिए। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी ने समझा बुझा कर चक्का जाम समाप्त कराया। और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कसवड निवासी अरविन्द जायसवाल उर्फ लालू पुत्र रामजी जायसवाल उम्र 23 वर्ष अमडा गांव निवासी अपनी मौसी राजकुमारी के घर सुबह तकरीबन आठ बजे दही पहुंचाने अमडा जा रहा था। बताया जाता है कि मौसी मुम्बई रहती हैं और इस समय घर आई हुई थी।

भोलापुर इमीलिया गांव के समीप अमडा तुलसी आश्रम रोड पर आ रही इंडेन गैस लदी ट्रक ने जोरदार टक्टर मार दी जिससे युवक रोड पर गिर गया और ट्रक उसके उपर चढ़ गई जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। आसपास के लोग दौड़ कर घटना स्थल पर पहुंचे तब तक ट्रक चालक मौके पर ट्रक छोड़ कर फरार हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने आला अधिकारियों के मौके पर आने की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिए। इस बीच थाना प्रभारी रमेश प्रसाद यादव मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझाने बुझाने लगे। पर ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हुए। इस बीच कंदवा, सकलडीहा आदि क्षेत्र की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी रघुराज ने लोगों को समझा कर चक्का जाम समाप्त कराया। तब कही जा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। अरविन्द चार भाइयों में सबसे छोटा था। और अपने एक अन्य भाई सिंटू के साथ घर पर रह कर खेती बाड़ी और किराना का दुकान चलाता था। अरविंद अविवाहित था जबकि तीन भाइयों की शादी हो चुकी थी जिसमें से दो भाई झगडू व अमित मुम्बई रहते हैं। दुर्घटना स्थल माता आशा देवी भी पहुंच गई। उनके करुण क्रंदन से माहौल काफी गमगीन हो चुका था।



चक्का जाम करते ग्रामीण

# महिला की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**खुलासा**

लोहे की रॉड मफलर व खून के छींटे वाले कपड़े बरामद

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** दो दिनों पूर्व मुगलसराय में महिला की लोहे की रॉड से मारकर हत्या करने वालो आरोपी को पुलिस व स्वाट टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को काली महाल चौराहा से गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से हत्या करने वाला लोहे का रॉड सफेद काला चेकदार मुफलर व खून के दाग लगे टी शर्ट बरामद किया। उक्त मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने पुलिस लाइन में किया।

उन्होंने बताया कि कालीमहाल चतुर्भुजपुर रोड पर देशी शराब के ठेका के सामने हीरावती देवी टीन शेड के दुकान में चखना बेचने के साथ उसमें गुजर बसर करती थी। आरोपी हिमांशु गुप्ता नशे की हालत में उसके दुकान पर गया। और जबरन उससे चीखना व शराब मांगने लगा महिला द्वारा शराब नहीं बेचने के बात कर नाराज आरोपी ने गुस्से में दुकान के अंदर रखे लोहे की रॉड से महिला के सिर पर वार कर दिया। जिससे महिला की मौत हो गई। वही आरोपी हिमांशु गुप्ता मौके से फरार हो गया। जिसकी पुलिस खोजबीन कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली की आरोपी हिमांशु गुप्ता काली महाल चौराहे पर मौजूद हैं। और कही भागने के फिराक में है। पुलिस व स्वाट टीम ने तत्काल घेरे बंदी कर आरोपी को धर दबोचा जिसके पास से लोहे की रॉड मफलर व खून के छींटे पर टीशर्ट बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विजय बहादुर, उपनिरीक्षक आशीष मिश्रा, अजय कुमार, हेमन्त यादव अभिषेक शुक्ला, सुभाष प्रसाद, मनोज कुमार तिवारी आदि मौजूद रहें।



पुलिस लाइन में घटना का खुलासा करते एसपी आदित्य लांग्हें

## संक्षेप

### बूंदाबादी ने बढ़ाई गलन, ठंड से ठिठुरे लोग



मुख्यालय स्थित पुलिस चौकी के समीप अलाव तापते लोग

**चंदौली।** बारिस की हल्की बुदाबादी से जिले में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। ठंड के कारण रविवार को सुबह कोहरा छाया रहा जिससे बाजारों सहित अन्य स्थानों पर आम दिनों की अपेक्षा कम भीड़ देखने को मिली। लोगों ने ठंड से बचाव के लिए छतों पर व खुले मैदान में धूप का सहारा लिया। लेकिन पूरे दिन बादलों की लुकाछिपी चलती रही। दोपहर में बीच-बीच में धूप निकल जा रही थी जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिल जा रही थी। लोग छतों व खुले स्थानों पर धूप सेंकते नजर आए। सूरज डूबते ही ठंड ने असर दिखाना शुरू कर दिया। ओस गिरने से भी ठंड का अहसास ज्यादा होने लगा जिससे सुबह और शाम के समय नगर के मार्केट से लेकर अन्य स्थानों पर लोगों को अलाव जलाकर सर्दी से बचने का प्रयास करते नजर आए। ठंड के प्रकोप बढ़ने से दुकानों में गर्म कपड़ों की खरीदारी के लिए भी लोग जुट रहे हैं। ठिठुरन भरी ठंड से बचने के लिए लोग अब अलाव का भी सहारा लेने लगे हैं। नगर के त्रिमुहानी बस स्टैंड, जिला अस्पताल स्टेशनों के आसपास लोग ठंड से बचने के लिए अलाव सेंकते नजर आए।

### तकनीकी समस्या से सकलडीहा में पांच घंटे विद्युत आपूर्ति ठप

**सकलडीहा।** धानापुर से आने वाली तहसील मुख्यालय फीडर पर रविवार को सुबह 6,20 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहा। दोपहर बाद विद्युत आपूर्ति शुरू होने पर कस्बावासियों को समस्या से निजात मिला। बिजली आपूर्ति बंद होने से पेयजल सहित अन्य समस्या से कस्बा वासी परेशान रहे। सकलडीहा विद्युत उपकेन्द्र पर दो सब स्टेशन संचालित होते है। ग्रामीण सब स्टेशन पर चंदौली से विद्युत आपूर्ति होती है। तहसील उपकेन्द्र को धानापुर से विद्युत आपूर्ति होती है। बीते एक सप्ताह से तकनीकी फाल्ट के कारण घंटो आपूर्ति बाधित रहता है। रविवार को सुबह 6.20 बजे अचानक विद्युत आपूर्ति बंद होने से कस्बा में पेयजल की समस्या का संकट खड़ा होगया। यही नही घरों में पानी का अभाव होने पर नित्य क्रिया को लेकर लोग परेशान रहे। स्कूल की छुट्टी होने के कारण महिलाओं को बच्चों को तैयार करने जहां समस्या नहीं हुई। लेकिन पानी की समस्या को लेकर घर की महिलाएं काफी परेशान रही। स्नान ध्यान भी लोग समय से नही कर पाये। दुकानदार कर्मचारियों से पानी की व्यवस्था में जुटे रहे। कस्बावासियों ने आये दिन विद्युत कटौती से निजात दिलाने की मांग किया है। इस बाबत अवर अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि धानापुर से आने वाली सप्लाई में फाल्ट होने पर आपूर्ति दोपहर तक बंद रहा। ठीक होने पर शुरू करा दी गयी है।

### श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के पदाधिकारी मनोनीत

**डीडीयू नगर।** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन मुगलसराय तहसील इकाई के नव गठन को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को एक बैठक नगर के सुभाष पार्क में पूर्वांचल संयोजक करुणापति तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसका संचालन मंडल अध्यक्ष अखलाक अहमद एवं धन्यवाद ज्ञापन रामअवतार तिवारी ने किया। बैठक में विचार विमर्श के उपरान्त सर्वसम्मति से वर्ष 2025 के लिए अध्यक्ष शाकिर अंसारी व महामंत्री चंचल सिंह को निर्वाचित किया गया। एवं आगामी 07 जनवरी तक सदस्यता अभियान का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।बैठक में प्रमुख रूप से मण्डल उपाध्यक्ष हरिशंकर सिंह मुन्ना, पूर्व तहसील अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह, चंचल, रामपूजन आदी उपस्थित रहे।

### रामायण और भंडारे को लेकर तैयारी शुरू

**सकलडीहा।** विशुनपुरा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पर श्री श्री 108 जनार्दन दास जी महाराज के तृतीय पुण्यतिथि पर 30 दिसम्बर को अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया है। 31 दिसम्बर को संत और भक्तों को भंडारा किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर व्यवस्थापक गुलाब पांडेय बच्चन पांडेय राकेश पांडेय और अरविंद पांडेय और मंदिर के पुजारी बब्बन पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू कर दिया गया है।

### क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सांसद से मिले ग्रामीण



गांव की समस्याओं को लेकर सांसद वीरेंद्र सिंह से मिलते ग्रामीण

**नियामताबाद।** क्षेत्र के बसनी गांव की समस्याओं को लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुलायम यादव व किसान नेता केदार यादव ने सांसद वीरेंद्र सिंह से मिलकर पत्रक के माध्यम से अवगत कराया। इन्होंने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का निदान जल्द से जल्द किया जाएगा। क्षेत्र के बसनी गांव में मुख्य मार्ग बिजली पानी निकासी आदि समस्याओं को लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुलायम यादव व किसान नेता केदार यादव दर्जनों ग्रामीणों के साथ सांसद वीरेंद्र सिंह से मिलकर इन समस्याओं से अवगत कराया। इन्होंने आश्वासन दिया कि गांव की समस्त समस्याओं का निदान जल्द से जल्द कराकर गांव ही नहीं बल्कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास को गति देने का काम किया जाएगा। प्रत्येक कार्यों को वरीयता क्रम में देकर हर संभव करने का प्रयास करूंगा। इसके साथ ही जनता द्वारा कोई भी समस्या की शिकायत हमें मिलती है। तो उसे दूर करने का काम किया जाएगा। इस मौके पर राजेंद्र पाल, विकास यादव, दिनेश प्रजापति, राजेश मास्टर, टुनटुन यादव, सौरभ यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# चाइनीज मांझे के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

**चलाया अभियान**

79 दुकानों से 131 बंडल चाइनीज मांझा बरामद, दो अभियुक्त बंदी

**चंदौली।** आगामी त्यौहार व चाइनीज मांझे के बिक्री को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देश पर रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) अनिल कुमार यादव के पर्यवेक्षण में जीवन रक्षार्थ चाइनीज मंझा बेचने वालों के विरुद्ध चलाया अभियान गया।

उक्त अभियान में पुलिस कुल 79 दुकानों को चेक किया। चेकिंग के दौरान 131 बंडल चाइनीज मांझा की बरामद किया साथ ही 2 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस ने पतंगबाजी में इस्तेमाल किए जाने वाले चाइनीज मांझे के खिलाफ एक खास अभियान चला रखा है। चाइनीज मांझे पर देश भर में प्रतिबंध के बावजूद इसे विभिन्न बाजारों में अवैध रूप से बेचा जा रहा है। चाइनीज मांझे से जुड़ी घटनाओं की संख्या में कमी लाने के लिए पुलिस अधिक सतर्कता बरत रही है। ताकि इससे होने वाले हादसों पर लगाम लगाया जा सके। वही आमजन से अपील किया कि अपने दोस्तों और परिवार को चायनीज मांझे के खतरों के बारे में बताएं। पतंग उड़ाने के लिए सुरक्षित मांझे का इस्तेमाल करें। चायनीज मांझा बहुत तेज होता है। और यह लोगों को गंभीर रूप से घायल कर सकता है। व चाइनीज मांझा पर्यावरण के लिए भी हानिकारक होता है। किसी बाजार या दुकान पर यदि चाइनीज मांझा की बिक्री की जा रही है। तो आप अपने नजदीकी थाना पर इसकी सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा। आपकी सुरक्षा महत्वपूर्ण है। चायनीज मांझे से बचें और सुरक्षित रहें।



दुकानों अभियान चलाती पुलिस

### प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**चंदौली।** सदर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को नगर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने वालों पर शिकंजा कसते हुए दो दुकानदारों को गिरफ्तार कर लिया साथ ही दुकानों से भारी मात्रा में मांझे का रोल जब्त किया। पुलिस की कार्यवाई से पतंग विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। दरसअल युवक आसमान में अपनी पतंग की डोर को मजबूत रखने के लिए चाइनीज मांझे का इस्तेमाल करते हैं। अच्छा मुनाफा के चलते दुकानदार धड़ल्ले से चाइनीज मांझा बेचते हैं। जिसके चपेट में आकर आसमान में उड़ने वाले बेजुबान परिंदे के साथ सड़क पर वाहन चालक व बच्चे घायल हो जाते हैं। और लोगों की स्थिति गंभीर हो जाती है। चाइनीज मांझे के कारण होने वाले हादसों को रोकने के लिए पुलिस दुकानदारों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस को नगर मे चाइनीज मांझा बेचने की सूचना मिली जहा पुलिस ने मौके पर पहुचकर दोनों दुकानदारों को गिरफ्तार कर लिया। और भारी मात्रा में मांझा बरामद किया। सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रतिबंध चाइनीज मांझा बेच रहे दो दुकानदारों को हिरासत में लिया गया है।

# समाज में वृद्धजनों की सेवा करना पुनीत कार्य



वृद्धजनों को कमल वितरण करती समाजसेविका प्रियंका सिंह

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित वृद्धाश्रम में रविवार को समाज सेविका प्रियंका सिंह ने वृद्धजनों के बीच पहुंचकर उनका हाल जाना। इस दौरान 120 वृद्धजनों को गर्म वस्त्र वितरित किया। उन्होंने कहा कि दान नहीं बल्कि एक सहयोग है। इस कड़कड़ाती ठंड में वृद्धजनों की सेवा ही परमोधर्म है। जैसे ही उन्हें गर्म वस्त्र मिले वैसे ही वृद्ध आश्रम के लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। इस दौरान प्रियंका सिंह का आदर करना चाहिए। समाज की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। उनकी सेवा के लिए एक मंच पर आकर सहयोग करने की जरूरत है। वृद्धजन हमारी संस्कृति और हमारे विचारों के स्रोत है। इसे हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। बताया कि हर वर्ष समय निकालकर बुजुर्गों की सेवा में उनका परिवार आगे रहता है। इस बार नव वर्ष के पूर्व वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त करनी की आकांक्षा है। इस दौरान प्रियंका ,प्रिंस सिंह, मानबहादुर सिंह राजन, अधिराज नारायण सिंह, उषा सिंह, नम्रता सिंह, राजेश्वर पटेल, विष्णु देव शर्मा, दिव्या गुप्ता उपस्थित रहे।

# सब्जी मंडी व वेडिंग जोन नहीं बनने से व्यवसायियों में रोष



बैठक करते फल सब्जी व्यवसाई वेलफेयर एसोसिएशन लोग

**डीडीयू नगर।** फल सब्जी व्यवसायी वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक सब्जी मंडी स्थित कैंप कार्यालय रविवार को हुई। बैठक अध्यक्ष चौधरी नारायण प्रसाद सोनकर की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में व्यवसायियों ने कहा कि 15 वर्षों से स्थाई फल सब्जी मंडी व वेडिंग जोन की मांग करते रहे हैं। 2024 भी बितने वाला है लेकिन न तो मंडी बना और ना वेडिंग जोन बना। अध्यक्ष चौधरी नारायण प्रसाद ने कहा कि अनेकों बार शासन प्रशासन से गुहार लगायी गई। बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका। जिससे व्यवसायियों में रोष व्याप्त है व्यवसायियों ने कहा कि हम लोगों समस्याओं का निदान नहीं होने पर हम लोग हड़ताल के लिए बाध्य होंगे। क्योंकि रोजी रोटी का सवाल है। बैठक में महेंद्र प्रसाद सोनकर बृजमोहन प्रसाद सोनकर विष्णु प्रसाद सोनकर राजकुमार प्रसाद सोनकर असगर अली मंगल जायसवाल संजय सोनकर राजू पंडित जी रूद्र सिंह बहादुर सोनकर राजेंद्र सोनकर पारस सोनकर आदि लोग मौजूद रहे।

### विधायक ने किया विकास कार्य का उद्घाटन

**धीना।** विकास खंड बरहनी अंतर्गत स्थिति ग्राम पंचायत सबल जलालपुरमें पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधायक सैयदराजा के सौजन्य से से 84 मीटर लम्बा 4 मीटर चौड़ इंटर लाकिंग का कार्य साढ़े छः लाख लागत और मनरेगा से अरविन्द सिँह के घर से अमला राम के घर तक इंट्रेलाकिंग कार्य बस्ती में ह्युम पाइप चेम्बर का कार्य पंद्रहवा बित्त से पूर्ण हो गया। जिसका उद्घाटन रविवार को सैयदराजा विधायक ने किया कहा कि सबल जलालपुर में प्रधान दिनेश यादव ने जन प्रतिनिधि अन्य सरकारी लोगों की वजह से कार्य पुरा हुआ है। जो सामने दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर दीपू सिँह, अरविन्द सिँह, चंद्रशेखर सिँह, अशोक यादव, अरुण यादव, संजय यादव, कवि यादव, गोरख यादव, बलवंत राम, नरेश राम दरोगा राम, श्याम लाल गोण्ड, अवधेश गोंड, कमलेश गुप्ता, मुंशी गुप्ता, पारस खरवार सहित काफी ग्रामीण उपस्थित रहें।

# धान क्रय केंद्रों पर किसानों को सभी सुविधाएं कराएं मुहैया: अपर आयुक्त



नवीन मंडी में बने क्रय केंद्रों का निरीक्षण करते अपर आयुक्त राममूर्ति पांडेय

**चंदौली।** अपर आयुक्त एवं खाद्य विभाग के नोडल अधिकारी राममूर्ति पांडेय ने शनिवार को नवीन मंडी में बने क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान क्रय केंद्रों पर धान खरीद के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं देखी।

साथ ही धान खरीद के संबंध में अधिकारियों से जानकारी हासिल किया। वहीं संबंधित अधिकारियों के साथ ही केंद्र प्रभारियों को पारदर्शिता के साथ धान खरीद में तेजी लाने के साथ ही क्रय केंद्रों पर किसानों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया। उन्होंने नवीन मंडी में विभिन्न एजेंसियों के बने कुल 10 क्रय केंद्रों पर धान खरीद की व्यवस्था देखी। उन्होंने चावल उतार में तेजी लाने का निर्देश दिया।

ताकि यहां धान प्रेषण तेजी से कराया जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने अभी से ही गेहूं खरीद का प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया। अपर आयुक्त ने मंडी सचिव व एफसीआई के एरिया मैनेजर के साथ बैठक भी किया। इस दौरान आवश्यक दिया निर्देश दिया। उन्होंने चहनियां क्षेत्र में चावल में पोषण तत्व मिलाने वाले एसआरके प्लांट की भी व्यवस्थाएं देखा। अपर आयुक्त के साथ भारत सरकार से खाद्य विभाग के लाइजिनंग अफसर प्रतीक, आरएमओ मुख्यालय रतन शुक्ला, आरएमओ वाराणसी प्रदीप शुक्ला, खाद्य विपणन अधिकारी अनुपम निगम, एआरकोआपरेटिव श्री प्रकाश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# पानी निकासी नहीं होने से फसल बर्बाद



चहनियां खण्डवारी में पानी से नष्ट हुआ धान

**चहनियां।** चहनियां कस्बा से सटा खण्डवारी गांव में पीडियूनगर मुख्य मार्ग पर कई बीघा खेत पानी से नष्ट हो जाते है। तालाब में पानी भरने के बाद पानी खेतो में उलट जाता है। जो महीनों तक नही निकलता है। हर वर्ष किसान खेतो में धान बोते है जो उनके उम्मीदों पर पानी फिर जाता है। चहनियां कस्बा से सटा जगरनाथपुर में बड़ा तालाब है। खण्डवारी गांव सभा के खेतों मे पानी भर जाता है। यहां नन्दलाल चौहान, रामकिशन, जगलाल चौहान, सुरेंद्र चौहान, रामअवतार चौहान, भरथरी चौहान, मोहन चौहान, सूबेदार चौहान, माया यादव, छटनकु मिश्रा, बच्चा मिश्रा आदि का खेत है। ये लोग हर वर्ष खेती करते है किंतु हर वर्ष फसल नुकसान हो जाता है। सिंचाई विभाग को इसकी शिकायत की गई किन्तु आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। पहले तो कुछ हद तक पानी निकल भी जाता था। जब से हाइवे का निर्माण हो रहा है। इस पटरी से उस पटरी तक पानी निकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। खेतों का पानी खेतो में ही रह जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी निकासी के लिए यहां एक कुलावा होता था। जो पानी इस पार से होकर उस पार पटरी में चला जाता था। उस पार जाने के बाद नहर में चला जाता था। जिससे खेतो का फसल बच जाता था। किंतु अब सड़क निर्माण का पानी इस पार का इस पार ही रह जाता है। पानी रुकने से बीमारी का भी खतरा बना रहता है। प्रधानपति सतीश गुप्ता ने कहा कि मैंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से लेकर अन्य अधिकारियों को भी अवगत कराया है।

### कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाने का लिया गया निर्णय

**डीडीयू नगर।** ऑल इंडिया एमसीए संगठन की बैठक मानस नगर संजय प्रसाद के आवास पर संपन्न हुई। जिसमें 24 जनवरी 2025 को भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती शानदार तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि हमेशा दलितों पिछड़ों एवं वंचितों के लिए आवाज उठाते थे और उनके लिए काम करते थे। जब बिहार के मुख्यमंत्री बने तब उन्होंने पहली बार आरक्षण लागू कर समता मूलक समाज बनाने के लिए काम किया। वक्ताओं ने सरकार से कर्पूरी ठाकुर फामूर्ला लागू करने की मांग की। सादगी व ईमानदारी के प्रति थे कभी भी उन्होंने निजी काम के लिए सरकारी वाहन का प्रयोग नहीं किया। उनका जीवन आज के राजनेताओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। बैठक में घनश्याम प्रसाद एडवोकेट, संजय प्रसाद शर्मा, मदन मोहन शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, राम भोला शर्मा, इंद्रजीत शर्मा, राम जी शर्मा, सूर्यनाथ शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# मुख्य नहर में पानी न छोड़े जाने से किसान परेशान



**चहनियां।** नहर में पानी न आने से नहर के सहारे खेती करने वाले किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। वहीं नहर विभाग की ओर से अभी तक नहरों की सफाई करना भी मुनासिब नहीं समझा जिसके चलते शीघ्र नहरों में पानी आने की सम्भावना नजर नहीं आ रही है। नहर में पानी न आने से किसान गेहूं, आलू एवं सरसों समेत अन्य फसलों की सिंचाई बाधित हो रही है। ऐसे किसान जिनके पास निजी नलकूप एवं समरसेबल की सुविधा है। वह भले ही सिंचाई कर रहे हैं जब कि नहरों के सहारे खेती करने वाले किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भूपौली मुख्य नहर से लिंक अमिलाई माइनर, हुदहुदीपुर, रामगढ़ एवं बैराठ समेत कई माइनरों में धूल उड़ रही है। मरकनिया, पपैरा, खोनपुर, रानेपुर, मथेला, इटवा, बेलवानी, प्रभुपुर, भलेहटा, लोलपुर, कैलावार एवं सराय, मोहरगंज समेत कई गांवों के किसान किसी तरह गेहूं की बुवाई तो कर पाए हैं,लेकिन जी किसान किसी तरह गेहूं की बुवाई कर लिया है उन्हें अब सिंचाई के लिए माइनर में पानी आने का इन्तजार करना पड़ रहा है। क्षेत्र के प्रगतिशील किसान रामगढ़ निवासी रमेश चंद्र पाण्डेय ने बताया की नहर मे पानी न आने से गेहूं, सरसो, अगेती मटर, आलू के फसल खराब हो रहे ये सिचाई विभाग की घोर लापरवाही है।

# स्पोर्ट्स



जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट में पूरे किए 200 विकेट, कई बड़े रिकॉर्ड भी बनाए

मेलबर्न टेस्ट

बार्डर गावस्कर ट्रॉफी

# मेलबर्न में सिर्फ एक बार चेज हुआ 300+ रन का लक्ष्य

## क्या पांचवें दिन भारत रचेगा इतिहास?

## लियोन-बोलैंड की साझेदारी ने पहुंचाया नुकसान

**मेलबर्न।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की सीरीज का चौथा टेस्ट मेलबर्न में खेला जा रहा है। इस बॉक्सिंग डे टेस्ट के चौथे दिन का खेल खत्म हो चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में नौ विकेट गंवाकर 228 रन बना लिए हैं। पहली पारी के आधार पर उनके पास 105 रन की बढ़त थी। ऐसे में टीम की कुल बढ़त 333 रन की हो चुकी है। अब तक मेलबर्न में सिर्फ एक बार 300 से ज्यादा रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक चेज किया गया है।

अब भारत को मेलबर्न में इतिहास भी रचना होगा और इस मैदान पर सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करना होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे पहले मेलबर्न में टेस्ट में सबसे सफल चेज 332 रन का था, जो इंग्लैंड ने 1928 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था। 300 रन के ऊपर के लक्ष्य को बस इसी मैच में सफलतापूर्वक पीछा किया गया था। सोमवार को 98 ओवर का खेल होगा। यह देखने वाली बात होगी कि टीम इंडिया शुरूआती सत्र में ऑस्ट्रेलियाई पारी समेट पाती है या नहीं।

चौथे दिन स्कॉट बोलैंड और नाथन लियोन की शानदार बल्लेबाजी ने भारत को विकेट के लिए तरसा दिया। दोनों ने 10वें विकेट के लिए अब तक 110 गेंद में 55 रन की साझेदारी कर ली है। लियोन 41 रन और बोलैंड 10 रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया को नौवां झटका 173 के स्कोर पर लगा था। कंगारुओं ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। जवाब में भारत की पहली पारी रविवार को ही 369 रन पर समाप्त हुई थी।

लियोन और बोलैंड की साझेदारी ने भारत को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। 110 गेंद यानी दोनों मिलकर करीब 18 ओवर बल्लेबाजी कर चुके हैं। दिन के आखिरी ओवर में टीम इंडिया के पास मौका भी आया, लेकिन बुमराह की वह गेंद नो बॉल रही। बुमराह की नो बॉल पर लियोन के बल्ले का किनारा लगा और गेंद स्लिप में गई। राहुल ने कैच भी पकड़ा, लेकिन नो बॉल की वजह से लियोन को जीवनदान मिल गया।







ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में बल्लेबाजी खराब रही। मार्नस लाबुशेन ने सबसे ज्यादा 70 रन बनाए। वहीं, कप्तान पैट कमिंस ने 41 रन की पारी खेली। इसके अलावा लियोन ने रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पांच बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। इनमें सैम कोंस्टास (8), ट्रेविस हेड (1), मिचेल मार्श (0), एलेक्स कैरी (2) और मिचेल स्टार्क (5) शामिल हैं। उस्मान ख्वाजा 21 रन और स्टीव स्मिथ 13 रन बनाकर आउट हुए। भारत की ओर से बुमराह ने अब तक चार विकेट और सिराज ने तीन विकेट लिए हैं। रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला।

इससे पहले रविवार को भारत ने नौ विकेट पर 358 रन से आगे खेलना शुरू किया और 11 रन जोड़ने में बाकी बचा एक विकेट गंवा दिया। नीतीश रेड्डी आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें नाथन लियोन ने स्टार्क के हाथों कैच कराया। नीतीश ने करीब 279 मिनट मैदान पर बिताए। उन्होंने आखिरी विकेट के लिए सिराज के साथ 36 गेंद में 19 रन की साझेदारी की। नीतीश ने वॉशिंगटन सुंदर के साथ आठवें विकेट के लिए 127 रन की साझेदारी निभाई। सुंदर और नीतीश दोनों ने 150-150 गेंद खेलीं। टेस्ट क्रिकेट में ऐसा पहली बार हुआ जब किसी टीम के आठवें और नौवें नंबर के बल्लेबाज ने 150+ गेंदें खेली हों।

दोनों ने संयुक्त रूप से 285 गेंदें खेलीं यानी करीब 48 ओवर बल्लेबाजी की। सुंदर 162 गेंद में एक चौके की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले यशस्वी जायसवाल 82 रन, रोहित शर्मा तीन, केएल राहुल 24 रन, विराट कोहली 36 रन और ऋषभ पंत 28 रन और रवींद्र जडेजा 17 रन बनाकर आउट हुए थे। जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप खाता नहीं खोल सके। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड और नाथन लियोन ने तीन-तीन विकेट लिए। यशस्वी रन आउट हुए थे।

## अर्शदीप और बाबर साल के सर्वश्रेष्ठ टी20 खिलाड़ी की नामांकन सूची में शामिल, बुमराह को नहीं मिली जगह





**दुबई।** भारतीय टीम के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को साल के सर्वश्रेष्ठ आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। क्रिकेट की वैश्विक संस्था आईसीसी ने 2024 के सर्वश्रेष्ठ टी20 खिलाड़ियों के नामित सदस्यों की सूची रविवार को जारी की जिसमें अर्शदीप को भी जगह मिली। अर्शदीप इस साल टी20 विश्व कप में संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने आठ मैचों में 12.64 के औसत और 7.16 की इकॉनोमी रेट से 17 विकेट झटके थे।

टेस्ट खेलने वाले देशों में अर्शदीप इस साल सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 18 मैचों में 7.49 की इकॉनोमी रेट से 36 विकेट लिए हैं। हालांकि, सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस सूची में भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को जगह नहीं मिली है जो टी20 विश्व कप 2024 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे। बुमराह टी20 विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज थे जिन्होंने आठ मैचों में 15 विकेट झटके थे।

इस बीच, पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम भी नामित खिलाड़ियों में शामिल हैं। बाबर टेस्ट खेलने वाले देशों में टी20 प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 23 पारियों में 33.54 के औसत और 133.21 के स्ट्राइक रेट से 738 रन बनाए हैं जिसमें छह अर्धशतक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविस हेड तीसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। हेड ऑस्ट्रेलिया के लिए 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 15 पारियों में 38.50 के औसत और 178.47 के स्ट्राइक रेट से 539 रन बनाए हैं जिसमें चार अर्धशतक शामिल है।

जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा को भी नामांकन खिलाड़ियों की सूची में जगह मिली है। रजा इस साल टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने थे। रजा ने 23 पारियों में 28.65 के औसत और 146.54 के स्ट्राइक रेट से 573 रन बनाए जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल है। इतना ही नहीं, रजा ने इस साल 23 मैचों में 24 विकेट भी झटके जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 18 रन देकर पांच विकेट लेना रहा।

# कनेक्शन नहीं जोड़ने से पेयजल के लिये हाहाकार

**दी चेतावनी**

**फोर लेन बनाने वाली कार्यदायी संस्था की लापरवाही से एक सप्ताह से पेयजल आपूर्ति बाधित**

**सकलडीहा।** सकलडीहा में फोरलेन सड़क निर्माण को लेकर बीते दो साल से कार्य चल रहा है। महज आठ सौ मीटर सड़क और नाला का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। आरोप है कि फोर लेन सड़क बनाने वाली कार्यदायी संस्था की लापरवाही के कारण बीते दस दिनों से तेन्दुई और ईटवा गांव के सैकड़ों उपभोक्ता पेयजल की समस्या से जूझ रहे है। व्यापारियों ने समस्या का समाधान नहीं किये जाने पर आन्दोलन की चेतावनी दिया है।

सकलडीहा में सड़क और नाला निर्माण के साथ बिजली और पानी की सिफ्टिंग होना है। जिसके लिये पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से कार्यदायी संस्था के अधिकारी और कर्मचारियों की मनमानी के कारण महज 800 मीटर निर्माण कार्य बाधित है। नाला का निर्माण नहीं होने से सड़क और घरों में पानी नाबदान का घुस रहा है। वही बिजली तार और पोल व ट्रांसफार्मर की सिफ्टिंग में तेजी नही करने से समस्या बनी हुई है।

वही दूसरी ओर फोर लेन सड़क निर्माण के दौरान जेसीबी से खोदाई करने के कारण पेयजल सप्लाई की व्यवस्था ठप है। आरोप है कि बीते दस दिनों से सधन तिराहे पर जल निगम की पाइप का कनेक्शन के लिये सड़क पर खोदा गया गड्ढा पाटना तो दूर कनेक्शन सड़क के दूसरी ओर नहीं किये जाने से दर्जनों उपभोक्ता पेयजल की समस्या से जूझ रहे है। शिकायत के बाद भी कार्यदायी संस्था के अधिकारी और कर्मचारियों के कानों पर जू तक नहीं रेंग रहा है। जिसे लेकर व्यापारियों में भारी आक्रोश है। व्यापार मंडल अध्यक्ष केके सोनी ने समस्या का समाधान सोमवार तक नही किये जाने पर मंगलवार को एसडीएम को पत्रक देकर आन्दोलन की चेतावनी दिया है। उधर विभागीय अधिकारियों ने शीघ्र ही समस्या का दूर करने का भरोसा दिया है।



जल निगम की कनेक्शन जोड़े जाने को लेकर खोदा गया गड्ढा दुर्घटना को दे रहा दावत

## 58वां स्थापना दिवस व वार्षिकोत्सव कल

**वाराणसी।** नरेन्द्र कुमार शास्त्री अनुसूचित जाति छात्रावास, कैण्ट-वाराणसी का 58 वॉ स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव तथा छात्र परिचय समारोह कल पूर्वाह्न 11 बजे नरेन्द्र कुमार शास्त्री अनुसूचित जाति छात्रावास, कैण्ट के प्रांगण में आयोजित होना है। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. वडः घुंग दोर्जे नेगी, कुलपति, केन्द्रीय तिब्बती विवि, सारनाथ, उद्घाटन राकेश कुमार, आई.ए.एस., कुल सचिव सम्पूर्णानन्द संस्कृत विवि, वाराणसी विशिष्ट अतिथि प्रो० डॉ० एस. एन. शंखवार, निदेशक, भारतीय चिकित्सा विज्ञान, बी.एच.यू.. विजय भान, न्यायधीश, सीतापुर, डॉ. लकी सिंह, न्यायधीश, प्रयागराज, रितेश बिन्दल, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, गिरीश चन्द्र दूबे, जिला समाज कल्याण अधिकारी, डॉ. ऐश्वर्य राज लक्ष्मी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास , सुशील कुमार, महाप्रबन्धक (गेल इण्डिया) आदि लोग भाग लेंगे।

## बॉलीवुड न्यूज

### देश की विविधता में एकता का अनूठा प्रदर्शन



**इंदौर ।** देश के हर राज्य की अपनी संस्कृति है, अपनी परंपरा, अपना पहनावा, अपनी भाषा और रहने के अपने तौर-तरीके हैं। यही अनूठापन हमारे देश को दुनिया के सबसे सुंदर देशों में से एक बनाता है। भारत का हर राज्य अपनी खासियतों के लिए जाना जाता है। हर राज्य की अपनी अलग संस्कृति होते हुए भी, हम सभी एकता के सूत्र में बंधे हुए हैं। यही विविधता हमें मजबूत बनाती है और हमें एक दूसरे से जोड़ती है। महज कुछ दूरी तय करने के बाद एक नई संस्कृति और उसकी अद्वितीय परम्पराओं से रूबरू होने का मौका और किसी देश में कहाँ मिलता है? जो बात हमारे भारत देश में है, वह इस दुनिया में कहीं नहीं.. यह बताने और भारत की सांस्कृतिक धरोहर को शानदार तरीके से प्रस्तुत करते हुए, इंदौर स्थित देश की जानी-मानी पीआर कंपनी, पीआर 24*7 के वार्षिक उत्सव 'उड़ान 2025' में विभिन्न राज्यों की वेशभूषा में आकर्षक रैम्प प्रस्तुति दी गई। इस इवेंट में देश के दस जीवंत राज्यों- मेघालय, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, सिक्किम, गोवा, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की संस्कृति और परंपराओं का बेजोड़ प्रदर्शन देखते ही बना। इस शानदार प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया और सभी ने भारतीय संस्कृति की विविधता और अद्भुत सौंदर्य को खुलकर सराहा। प्रस्तुति में गोवा राज्य के परिधान में दिखे *इकबाल पटेल, सीनियर मैनेजर, ग्राफिक्स और डिजाइनिंग, पीआर 24*7* ने कहा, "भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उड़ान 2025 की इस प्रस्तुति के माध्यम से हमने अपने देश की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत करने का प्रयास किया है। इवेंट में मेघालय के पारंपरिक परिधान और फूलों की खुशबू, मिजोरम की रंग-बिरंगी पोशाकें और संगीत, असम की प्रसिद्ध रेशम की साड़ी और बिहू नृत्य, अरुणाचल प्रदेश की आदिवासी परंपरा, छत्तीसगढ़ के आदिवासी नृत्य और पहनावे, उत्तराखंड की पहाड़ी संस्कृति, सिक्किम की तिब्बती-नेपाली मिश्रित संस्कृति, गोवा की कोंकणी जीवनशैली, हरियाणा की धाकड़ धरोहर और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी अंदाज ने मंच पर चार चाँद लगा दिए।

### 'गेम चेंजर' के फिल्म निर्माताओं ने पांच गानों पर खर्च किए 75 करोड़



**मुंबई।** ग्लोबल स्टार राम चरण की आने वाली फिल्म गेम चेंजर के टीजर के तुरंत बाद ही प्रशंसकों और दर्शकों ने इसे खूब पसंद किया, हाल ही में डलास (यूएसए) में हुए प्री-रिलीज इवेंट ने फिल्म को और भी ज्यादा लोकप्रिय बना दिया। फिल्म निमार्ताओं ने गानों पर लगभग 75 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। खूबसूरत लोकेशन, सेट में भव्यता और भव्यता, शानदार डांस मूव्स, जीवंत संगीत, बेहतरीन बोल और प्रोडक्शन डिजाइन गेम चेंजर के गानों को शानदार विजुअल एक्सट्रावैगन्ज बनाते हैं। जरागंडी गाने को 70 फीट ऊंचे पहाड़ी-गांव के सेट पर 13 दिनों से ज्यादा समय तक शूट किया गया। 8 दिनों तक लगभग 600 डांसर्स के साथ शूट किए गए इस गाने के डांस मूव्स को प्रभु देवा ने कोरियोग्राफ किया। गणेश आचार्य द्वारा कोरियोग्राफ की गई फिल्म में राम चरण का एक परिचय गीत है। यह गीत भारतीय नृत्य रूपों और लोकगीत कला को समर्पित है और इसमें अभिनेता के साथ 1000 से अधिक लोक नर्तक शामिल हैं। नाना हयाना पहला भारतीय गाना है जिसे 'इन्फ्रारेड कैमरे' पर शूट किया गया है, जिसमें विभिन्न रंगों को सामने लाने की क्षमता है, जो इसे एक स्वप्निल सीक्वेंस बनाता है। ढोप गाना एक टेक्नो डांस नंबर है। इसे कोविड की दूसरी लहर के दौरान शूट किया गया था। इस गाने के लिए रूस से विशेष विमान से करीब 100 पेशेवर नर्तकियों को लाया गया था। गेम चेंजर को 10 जनवरी, 2025 को संक्रांति उत्सव विशेष के रूप में तेलुगु, तमिल और हिंदी में रिलीज किया जाएगा।

# बलुआ में मंडलीय सम्मेलन को लेकर शिक्षकों ने कसी कमर

**सकलडीहा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद चंदौली इकाई के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को सकलडीहा इंटर कॉलेज परिसर में हुई। इस दौरान आगामी 10 जनवरी को बाल्मीकि इंटर कॉलेज बलुआ में आयोजित मंडलीय सम्मेलन के संदर्भ में चर्चा किया गया। इस मौके पर पूर्व में हुई 11 दिवसीय धरना प्रदर्शन की सफलता पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान शैक्षिक सत्र में जिला,मण्डल व प्रदेश स्तर पर कुल 11 दिन धरना -प्रदर्शन किया गया। इस संघर्ष का ही परिणाम है कि शासन स्तर पर चयन आयोग की धारा 18 व 21 को पुनः बहाल करने के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से प्रस्ताव मांगा गया है। साथ ही चयन व प्रोन्नत वेतनमान भी मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से देने की बात सरकार द्वारा कही जा रही है। उपस्थित सभी शिक्षकों ने मंडलीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए हर सम्भव सहयोग करने का वादा किया। इस मौके पर अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह,संतसेवक सिंह,विद्याधर पांडेय, कैलाश सिंह, वीरेंद्र सिंह,वीरेंद्र तिवारी,संतोष कुमार मिश्र,छोटेलाल यादव,जितेंद्र ,अवधेश वर्मा, मधुरेन्द्र प्रकाश यादव, संतोष मिश्रा, प्रेम सिंह,प्रदीप सिंह, दुर्गाविजय सिंह ,ऋषिकेश सिंह, अमरेंद्र सिंह, आनंद कुमार, वीरबहादुर मौर्य ,शमशेर सिंह ,रामकेश यादव ,योगेश सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन विनोद प्रजापति व अध्यक्षता त्रिभुवन सिंह ने किया।



सकलडीहा इंटर कॉलेज में मंडलीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर चर्चा करते हुए शिक्षक संघ के पदाधिकारी

# तथागत बुद्ध के बताये रास्ते पर ही मानव समाज का होगा कल्याण

**सकलडीहा।** बोधिसत्व बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर के परिनिर्वाण के उपलक्ष्य में रविवार को अम्बेडकर बुद्ध विहार करी धराव गांव में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी से पूर्व बुद्ध धम्म यात्रा निकाली और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। इस मौके पर नशा मुक्ति चेतना एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि चंद्रिमा थोरो ने बताया की तथागत बुद्ध के बताए गये मार्ग पर चलकर ही मानव का कल्याण किया जा सकता है। बाबा साहब के जीवन के संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डा.आंबेडकर ने सर्व समाज से उंच नीच की भावना को दूर कर समाज को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया।

वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ राम जन्म मौर्य व धम्मा लर्निंग सेंटर सारनाथ के अध्यक्ष डॉ कमल कुमार ने कहा कि डा.आंबेडकर ने संविधान ही नही देश की एकता और अखंडता के प्रतीक है। कार्यक्रम में बुद्ध धम्म यात्रा के समापन पर जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। अंत में लोगों ने नशा मुक्ति जीवन के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पप्पू राजा और राजेश आजाद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर परियोजना निदेशक रामलखन,रामदरश चौधरी, जोखू सिद्दीकी, बब्बन चौहान, पूर्व विधायक हरिकेश यादव, सोमारू प्रधान, अर्जुन आर्य ,लल्लन प्रसाद अरुण रत्नाकर, निठोहर सत्यार्थी, गिरिजेश दादा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन राम हरख चौधरी के देखरेख में मैत्रेय वेलफेयर सोसायटी तथा डॉ अम्बेडकर शिक्षा सेवा समिति द्वारा आयोजित किया गया।





# पाकिस्तान पर पहले टेस्ट में दो विकेट से दक्षिण अफ्रीका की जीत


**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को पहले टेस्ट में दो विकेट से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। इसी के साथ टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए सिर्फ 148 रन चाहिए थे। उन्होंने आठ विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए क्वालिफाई किया है। दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट में जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। बता दें कि, डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला अगले साल 11 जून से 15 जून के बीच खेला जाएगा। वहीं, एक दिन रिजर्व डे के तौर पर रखा गया है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में दक्षिण अफ्रीका शीर्ष पर काबिज है। 11 मैचों में सात जीत के साथ उनका अंक प्रतिशत 66.67 हो गया है। अब देखना होगा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम कौन सी होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच फिलहाल पांच मैचों की टेस्ट सीरीज जारी है, जो कि शुरूआती तीन मैचों के बाद 1-1 की बराबरी पर है। चौथा मुकाबला मेलबर्न में खेला जा रहा है जबकि सीरीज का अंतिम मुकाबला तीन जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। अगर रोहित शर्मा की सेना ये दो मैच अपने नाम करने में कामयाब होता है तो डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन सकती है। फिलहाल ऑस्ट्रेलिया 58.89 के अंक प्रतिशत और भारत 55.88 के अंक प्रतिशत के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में टॉस जीतकर पहल गेंदबाजी का फैसला लिया था। पाकिस्तान ने कामरान गुलाम की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 211 रन बनाए। डेन पेटरसन ने पांच और कॉर्बिन बॉश ने चार विकेट झटके। जवाब में मेजबानों ने एडेन मार्करम (89) और कॉर्बिन बॉश (81*) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर 301 रन बनाए और 90 रन की बढ़त हासिल की।

# आज भी बुनियादी अधिकारों से वंचित हैं तमाम लोग

**आजमगढ़।** बुद्ध विहार हरबंशपुर पर आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के आवाहन पर संविधान बचाओ महासम्मेलन का मंडलीय सम्मेलन आयोजित किया गया। अध्यक्षता भंते महाकाय ने किया। मुख्य अतिथि इं. आरपी सिंह अंबेडकर राष्ट्रीय अध्यक्ष आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति तथा विशिष्ट अतिथि एडवोकेट जमील अहमद आजमी, प्रो. गीता शाक्य मौजूद रहीं। एबीएसएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी सिंह ने बताया कि इस सम्मेलन के माध्यम से यह संदेश जाएगा की आजादी के 75 साल बाद भी देश में बहुत से नागरिक अपने बुनियादी अधिकारों से वंचित हैं जिसे लागू करना मुख्य उद्देश्य है। एडवोकेट जमील अहमद आजमी ने कहा कि देश की अदालत में एससी, एसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक के अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए तत्पर रहेंगे। आज की सरकारें संविधान को कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं। राष्ट्रीय महासचिव अभिराम प्रसाद ने संगठन को मजबूत बनाने का आवाहन किया। जब तक हमारे हक अधिकारों को पूरी तरह से लागू नहीं किया जाता है तब तक सड़क से संसद तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी। राष्ट्रीय सचिव लाल बहादुर एवं प्रेमनाथ ने कहा कि यह बस 2011 से हक वंचितों की लड़ाई को लेकर समाज को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। मंडल अध्यक्ष फूलचंद ने कहा कि संविधान को बदलने की कोशिश करने वाले लोग यह भूल गए हैं कि देश संविधान से चलता है। यदि संविधान के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ करने की कोशिश की गई तो संविधान को मानने वाले लोग ऐसे लोगों को घर से निकलना दुश्वार कर देंगे। इस मौके पर सुनील दत्त, प्रवीण कुमार,डॉ. अमरनाथ गौतम, वीरेंद्र यादव, राधे मोहन, डॉ. प्रमोद कुमार, राजेंद्र राम, नरसिंह राव, रामकेवल गौतम, डॉ. रामानंद, विनोद कुमार भारती, संजय कुमार, बिंदु गौतम आदि उपस्थित रहे।

## अवैध परिवहन पर रोक लगाने को सड़क पर उतरी फोर्स

**सोनभद्र।** जिले में ओवरलोड और बगैर परमिट के बालू-गिट्टी का परिवहन करने वालों पर पुलिस का शिकंजा कसने लगा है। एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर लोढ़ी में फोर्स और खनिज विभाग के कर्मियों के साथ डॉक्टर चारू द्विवेदी ने ओवरलोड वाहनों की जांच की। इसकी जानकारी होते ही मारकुंडी घाटी में कई खनिज संपदा लदे वाहनों को खड़ा कर चालक फरार हो गए। सीओ ने कहा कि शासन के निर्देश को दरकिनार कर परिवहन करने वालों के खिलाफ करवाई की जाएगी।



ठंड के मौसम में सद्भावना पुल स्थित घाट पर नौका विहार का आनंद लेते लोग।

# जौनपुर



# पीयू में कैमरा लगाने को लेकर कर्मचारियों के विरोध पर उठे सवाल

**उल्लंघन**

**पारदर्शिता से क्यों भाग रहे हैं कर्मचारी**

**70 से अधिक कर्मचारियों ने कुलपति को दिया ज्ञापन**

**कैमरा लगाने से बढ़ेगी कार्यालय की पारदर्शिता**

**जनसंदेश न्यूज**




**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के कार्यालयों में कैमरा लगाने को लेकर कर्मचारियों ने विरोध कर दिया और इस बारे में 70 से अधिक कर्मचारियों ने कुलपति को ज्ञापन देकर कैमरे को निजता का उल्लंघन बताया है। जिस पर सवाल भी उठने लगे हैं कि कर्मचारियों को पारदर्शिता से नहीं भागना चाहिए।

बता दें कि विश्वविद्यालय परिसर में क्लास रूम से लेकर तमाम भवनों, मार्गो, पेड़ों पर भी कैमरा की स्थापना की जा रही है जिसमें करीब 800 से अधिक कैमरे लगाए जा चुके हैं। इस दौरान प्रशासनिक भवन के लगभग सभी विभागों व कार्यालयों में कैमरे लगाने के लिए कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने निर्देश दिया जिसका कर्मचारियों ने निजता का उल्लंघन बताते हुए कैमरा लगाने का विरोध कर दिया और इस संबंध में 70 से अधिक कर्मचारियों ने कुलपति को ज्ञापन देकर कैमरा न लगाने की मांग की। कर्मचारियों के इस विरोध को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं? जहां एक ओर कुलपति प्रो. वंदना सिंह भय मुक्त परिसर वातावरण भ्रष्टाचार का निवारण, अपराध पर अंकुश लगाने, किसी छात्र का शोषण न हो, अपराधिक गतिविधियां संचालित न हो, अनुशासन बना रहे इसका हवाला देते हुए परिसर में कैमरा सैकड़ों की संख्या में लगाए गए। जब प्रशासनिक भवन के तमाम विभागों का कार्यालयों में कैमरा लगाने के लिए तैयारी शुरू हुई तो कर्मचारियों ने विरोध किया। कर्मचारियों का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे लगाना भारतीय संविधान अनुच्छेद-21 के तहत दिए गए निजता के अधिकार का उल्लंघन है। इसमें कर्मचारियों की भी सहमति लेना आवश्यक था। कर्मचारियों के इस विरोध से अधिकारियों शिक्षकों ने भी सवाल खड़े कर दिए हैं कि अगर कर्मचारियों का काम साफ सुथरा अनुशासनिक है और समय से वह आते जाते हैं तो कैमरा लगाने का विरोध नहीं होना चाहिए। यह विरोध उनकी दोहरी मानसिकता को झलकाता है। कुलपति के इस कदम से कार्यालय मे पारदर्शिता का माहौल बनेगा। कर्मचारी नेताओं का कहना है कर्मचारियों पर भरोसा करना चाहिए। जबकि कुलपति विश्वविद्यालय के वातावरण को पारदर्शी बनाना चाहती हैं जिससे कहीं किसी प्रकार की शिकायत न मिले। कर्मचारियों को विरोध को लेकर भी लोगों ने सवाल खड़े कर दिए हैं। जब कर्मचारी साफ सुथरा काम करते हैं तो उनको इसका विरोध नहीं करना चाहिए। कुलपति ने सभी कार्यालय विभागों में कैमरा लगाने पर जोर दिया है।

## जरूरतमंदों में लायन्स क्लब जौनपुर मेन ने किया रजाई का वितरण



**नेक कार्य**

**सायमा खान की स्मृति में आयोजित किया गया कार्यक्रम**

**जौनपुर।** लायन्स क्लब जौनपुर मेन द्वारा स्वर्गीय सायमा खान की स्मृति में जरूरतमंद और बेसहारा लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाते हुए रजाई वितरित किया गया।

भंडारी रेलवे स्टेशन के निकट शकील अहमद के कैम्प कार्यालय पर आयोजित रजाई वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीएटी एरिया लीडर डा. क्षितिज शर्मा व पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दिनेश टंडन व लायन्स सदस्यों ने अपने हाथों से लगभग 150 जरूरतमंद लोगों को रजाई प्रदान किया गया। इस अवसर पर डा. क्षितिज शर्मा ने कहा कि सायमा खान की स्मृति में बढ़ती ठंड से लोगों को बचाने व राहत पहुंचाते हुए जरुरतमंदों के चेहरों पर खुशियां लाने का एक बेहतर प्रयास है। इस तरह के कार्य में भागीदारी निभाने से मन को शांति मिलती है। दिनेश टंडन ने लायन्स क्लब जौनपुर मेन की सराहना करते हुए कहा कि दीन दुःखियों की सेवा करना ही पुण्य का काम है। ठंड से राहत दिलाने में रजाई बहुत सहायक होगी। संस्थाध्यक्ष संजय केडिया ने लोगों का स्वागत करते हुए बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से गरीब, बेसहारा व जरूरतमंद लोगो को चिन्हित कर उन्हें रजाई प्रदान की जा रही है। इधर कंबल मिलने के बाद लोग काफी खुश दिखे। कम्बल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। संयोजक शकील अहमद ने लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान के मण्डल चेयरमैन सै. मो. मुस्तफा, कोषाध्यक्ष राम कुमार साहू, डा. मदन मोहन वर्मा, राकेश श्रीवास्तव, सोमेश्वर केसरवानी, परमजीत सिंह, लखन श्रीवास्तव, मदन गोपाल गुप्ता, नीलू सेठ राहुल सिंह आदि रहे।

## संक्षेप

### पांचवी पुण्यतिथि पर याद किये गए समाज सेवी राजेश सिंह



**खेतासराय।** रविवार को नगर स्थित जय माँ अम्बे इंडेन गैस सर्विस पर समाज सेवी स्व. राजेश सिंह की पाँचवी पुण्यतिथि मनाई गई। एजेंसी संचालक कुसुम सिंह एडवोकेट ने नम आँखों से उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि श्री सिंह के पद चिन्हों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनके सामाजिक योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी असमय मृत्यु समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। एक महिला के जीवन में पति की क्या भूमिका होती उससे ज्यादा कोई नहीं बता सकता है। जीवन में उनकी कमी को कभी भरपाई नहीं की जा सकती है। इस अवसर पर अनिल कुमार श्रीवास्तव, पवन कुमार, गौरव कुमार, चंद्र प्रकाश यादव, अमरेश, राजेश, भोला, गुड्डू, पंचम, पंकज, जितेंद्र आदि लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। संचालन अजय श्रीवास्तव ने किया।

### गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत मलमल पुलिया के समीप चेकिंग के दौरान एक युवक को कोतवाली पुलिस ने गांजा के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धारा में चालान भेज दिया। नगर के आजमगढ़ मार्ग स्थित मलमल पुलिया पर रविवार को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने चेकिंग लगा रखा था कि एक संदिग्ध व्यक्ति आ रहा था। पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पकड़कर तलाशी लिया तो एक झोले में एक किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में युवक का नाम विष्णु ताड़माली पुत्र राधेश्याम ताड़माली निवासी हचपुरा थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर बताया जिसके खिलाफ पुलिस ने संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया।

### नहर में मिला अज्ञात महिला का क्षत-विक्षत शव



**महराजगंज।** थाना क्षेत्र के मस्थरी गांव शारदा सहायक खंड 36 नहर में बहती हुयी क्षत विक्षत महिला क शव बरामद हुआ। ग्रामीणों ने 112 सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लिया। इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है। थाना क्षेत्र मस्थरी इब्राहिमपुर में नहर के पास गुजर रहे राहगीर ने नहर में तैरती लाश देखी। पास जाकर देखा तो लाश एक महिला की थी जो पूरी तरह निर्वस्त्र थी। लाश से दुर्गंध उठ रही थी। ग्रामीणों ने लाश मिलने की सूचना स्थानीय थाने पर दी। मौके पर थानाध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। बताया यह लगभग 4-6 दिन पुरानी महिला लाश है यह कहीं से बहकर आई है। उसकी उम्र लगभग 33 से 35 वर्ष बताई जा रही है। ऐसे में शव को नहर से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हालांकि अभी तक कोई शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए सबरहद सीएचसी संचालक को मिला सम्मान, डीएम ने किया सम्मानित



**खेतासराय।** एग्री स्टैक योजनार्तगत कराए जा रहे किसान कार्ड (फार्मर रजिस्ट्री) में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएचसी केंद्र संचालकों को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। जिसके क्रम में विकासखण्ड शाहगंज सोंधी के सबरहद में उक्त गाँव निवासी मो. शाकिर को शाहगंज तहसील में सर्वाधिक फार्मर रजिस्ट्री करने के लिए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि इस तरह से सम्मान पाना काम के लिए संजीवनी का काम करता है और काम के प्रति रुचि भी बढ़ती है। इसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### चेयरमैन ने सीवर पाइप के कार्य का किया निरीक्षण



**जफराबाद।** नगर पंचायत कचगांव के चेयरमैन फिरोज अहमद खान ने रविवार को नगर पंचायत के नई बाजार में हो रहे सीवर पाइप के कार्य का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। बता दें कि चेयरमैन फिरोज अहमद खान रविवार को नई बाजार में हो रहे सीवर पाइप के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित फार्म के ठेकेदार को स्थानीय लोगों की सुविधाओं को देखते हुए समय सीमा के अंदर कार्य को पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। वहीं प्रत्येक वार्डों में बढ़ रही ठंड को देखते हुए जहां-जहां अलाव की व्यवस्था की गई है वहां पर भी पहुंचकर उन्होंने जायजा लिया। चेयरमैन फिरोज अहमद खान ने बताया कि काफी दिनों से समस्या हो रही थी जिसके लिए सीवर पाइप का कार्य प्रगति पर है। जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करवा लिया जाएगा।

# छेड़खानी का विरोध करने पर किशोरी को छत से फेंका

**घटना**

**गंभीर रूप से घायल, एक निजी अस्पताल में भर्ती**

**जनसंदेश न्यूज**

**मड़ियाहूं।** छत पर कपड़ा उतार रही किशोरी से एक युवक ने छेड़छाड़ शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी युवक ने किशोरी को छत से नीचे फेंक दिया जिससे गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी की मां ने शनिवार शाम को कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि 26 दिसंबर को जब परिवार के लोग खेत में काम करने गए थे। कक्षा आठ में पढ़ने वाली उनकी 14 वर्षीया पुत्री घर में अकेली थी। छत के ऊपर सूखा कपड़ा उतार रही थी। इसी दौरान औरैला गांव निवासी मनबढ़ युवक जाफरुल पुत्र मेराज उर्फ ननकू घर में लड़की को अकेला देखकर घर के अंदर घुस गया और छेड़खानी करने लगा। जब किशोरी ने इसका विरोध किया तो उसने लड़की को छत से नीचे फेंक दिया जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

परिवार के लोग शोर सुनकर दौड़े तो आरोपी युवक वहां से भाग खड़ा हुआ। परिजन घायल किशोरी को लेकर जौनपुर एक निजी अस्पताल में पहुंचकर इलाज के लिए भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है। 28 दिसंबर शाम को किशोरी की मां ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी युवक इस तरह की और भी हरकतें कर चुका है लेकिन किसी ने लोक लाज के भय से मुकदमा नहीं पंजीकृत कराया था।

# मेहनत के बलबूते खोले जा सकते हैं सफलता के द्वार

**समारोह**

**गौराबादशाहपुर व्यापार मंडल ने प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का किया सम्मान**

**जनसंदेश न्यूज**



सम्मानित हुए छात्र-छात्रायें व व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगण

**गौराबादशाहपुर।** अच्छा छात्र बनने के साथ-साथ एक अच्छा और संस्कारी इंसान बनना सबसे महत्वपूर्ण होता है। अगर विद्यार्थी अच्छा इंसान और संस्कारी बालक होगा तो देश अपने आप अच्छा और संस्कारी बनता चला जाएगा। उक्त बातें व्यापार मंडल द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में आए छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यापार मंडल के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष और जौनपुर जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल इंद्रभान सिंह इंदू ने कही।

उन्होंने आगे कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना और कठिन मेहनत का कोई दूसरा विकल्प नहीं होता है। कार्यक्रम को जिला महामंत्री जौनपुर आरिफ हबीब और जिला संगठन मंत्री अब्दुल हक अंसारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कुल अपने विद्यालय में सर्वोच्च अंक पाए 35 छात्र-छात्राओं को मेडल प्रशस्ति पत्र और स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि इंद्रभान सिंह इंदू द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना किया गया। कार्यक्रम का संचालन धनंजय राय अर्जुन द्वारा किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल महामंत्री इकराम अंसारी, कमलेश, विवेकानंद राय, इस्लाम अंसारी, सभासद आमीक अंसारी, शीशवंश सिंह, अंकुर सिंह, सुजीत जायसवाल, दिनेश सोनकर, रमेश त्यागी, मो. तौफीक इत्यादि मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मौलाना मुमताज ने कार्यक्रम में आने के लिए सब का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की। व्यापार मंडल अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समस्त व्यापारियों के सहयोग हेतु उनको धन्यवाद ज्ञापित किया और आभार व्यक्त किया।

# सीएटीसी 325 का हुआ भव्य समापन

**जनसंदेश न्यूज**



**मड़ियाहूं।** स्थानीय नगर के खैरुद्दीनगंज वार्ड स्थित मड़ियाहूं पीजी कालेज में 98 यूपी बटालियन एनसीसी जौनपुर द्वारा आयोजित कैंप कमांडेंट करनाल आलोक सिंह धर्मराज के निर्देशन में 10 दिवसीय कैंप का रविवार को भव्य समापन हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में पीजी कॉलेज परिवार की सदस्य एवं पूर्व विधायक डॉक्टर लीना तिवारी ने कैडेट को संबोधित करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण की एक मजबूत कड़ी बताया। पीजी कॉलेज के प्राचार्य कैप्टन यश के पाठक ने कैंप कमांडेंट द्वारा कैंप प्रबंधन की तारीफ की। कहा निश्चित रूप से कैडेटों को उच्च कोटि का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सेवा के जवानों को भी करनाल आलोक द्वारा सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले कैडेटों को कैंप कमांडेंट मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य द्वारा मेडल प्रदान किया गया। इस अवसर पर मेजर आरपी सिंह, कैप्टन यश यश मिश्रा, लेफ्टिनेंट विनय, सीनियर सेकंड ऑफिसर अभिषेक सिंह, विभूति नारायण सिंह, सूबेदार मेजर निहाल सिंह बहादुर सहित 17 सेवा के जवान भी उपस्थित रहे।

# नववर्ष से पहले ही मौसम ने दिखाया रंग

**बदला मौसम**

**बादलों के बीच छिपे सूर्य देवता, हल्की बारिश और बर्फीली हवा ने ठण्ड में किया इजाफा**



कोहरे की चादर से ढंकी शहर की अटाला मस्जिद

**जौनपुर।** जनपद में दो दिन से हो रही हल्की बारिश के बाद रविवार की अलसुबह घना कोहरा छाया रहा। दो दिन से सूर्य देवता के दर्शन लोगों को नहीं हो रहे थे। हालाकि इस बार ठण्ड काफी विलम्ब से पड़ना शुरू हुई है लेकिन ठण्ड की दस्तक ने पहले ही झोंके में सबको हिलाकर रख दिया। आज पहला दिन होगा जब हर किसी के घर, सड़क, चौराहों आदि स्थानों पर अलाव, हीटर आदि माध्यमों की आवश्यकता पड़ी होगी। ठंड के साथ कोहरे ने भी दस्तक देना शुरू कर दिया है। सुबह लोग जब घर से निकले तो घने कोहरे के कारण उनके पैर ठिठक गए। सुबह-सुबह सैर के लिए जाने वाले लोग रोजाना से थोड़ी देर से सैर पर गए। घने कोहरे के कारण हाइवे पर भी वाहनों की रफ्तार धीमी रही। फर्राटा भरते वाहन रेंगते हुए नजर आए। दो दिन बाद एक और साल बीतेगा और नए साल की शुरूआत हो जाएगी। यानी की 2 दिनों बाद 2025 की नई सुबह दस्तक देने को तैयार है लेकिन उससे पहले ही मौसम नए साल के प्रवेश पर अपने अनोखे अंदाज में स्वागत करता हुआ नजर आ रहा है। अभी तक जहां कम ठण्ड और हल्के कोहरे से लोग राहत की सांस ले रहे थे वहीं, उत्तर भारत में हुई बारिश पहाड़ों की बर्फबारी एवं चल रही सर्द पछुआ हवा ने मौसम का मिजाज बदल दिया है।

## लव मैरेज को लेकर हुई मारपीट में 16 घायल

**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सरोखनपुर भटौली गाँव में करीब दो माह पहले हुई एक लव मैरेज को लेकर रविवार की सुबह लड़की और लड़का पक्ष के लोगों के बीच कहा-सुनी के दौरान जमकर मारपीट हो गई। वहीं मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से कुल 16 लोग घायल हुए हैं। लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया जहां डाक्टर द्वारा एक पक्ष के सात गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जिसमें लड़की पक्ष के राजेश प्रसाद शर्मा 50 वर्ष, अनिल शर्मा 45 वर्ष, सुशील शर्मा 43 वर्ष, दिव्या शर्मा 20 वर्ष, उमादत्य शर्मा 80 वर्ष, विकास शर्मा 22 वर्ष, संजय शर्मा 31 वर्ष, विशाल शर्मा 18 वर्ष, आरती शर्मा 40 वर्ष, विनय शर्मा 18 वर्ष, बेला देवी 65 वर्ष, राबिन शर्मा 25 वर्ष, रिया शर्मा 16 वर्ष घायल हुई है। वही दूसरी तरफ लड़के की तरफ से सभासद की पत्नी पूनम शर्मा 26 वर्ष, तन्नू शर्मा 20 वर्ष, हंसा देवी 70 वर्ष घायल हुई है। फिलहाल उक्त मारपीट के मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गजानंन्द चौवे ने बताया कि क्षेत्र के सरोखनपुर वार्ड नंबर नं. 14 सभासद का पड़ोस की एक युवती से प्रेम-प्रपंच चल रहा था। करीब दो माह पहले सभासद द्वारा उक्त युवती से मंदिर में शादी रचा ली गयी। इसी बात को लेकर दोनों के परिजनों के बीच रंजिश चल रही थी और मारपीट हो गयी। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों की लिखित तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आवश्यक कार्यवाई में जुटी है।

## मड़हे में लगी आग से दो गायें झुलसीं

**मुफ्तीगंज।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के मेहौड़ा गांव (पाही) पर मड़हे में आग लगने से दो गाय झुलस गयी। उसमें रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। मेहौड़ा गांव निवासी रंजू यादव ने गांव के दो लोगों पर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दिया कि पुरानी रंजिश के चलते इन लोगों ने उसके मड़हे में आग लगाकर भाग रहे थे। उसने भागते हुए गांव के विनीत को देखा। सूचना पर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## दरवाजे पर बैठे चचेरे भाइयों को मनबढ़ों ने पीटा

**जफराबाद।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के शिवापार गांव में शनिवार को घर के दरवाजे पर बैठे हुए युवक व उसके चचेरे भाई को गांव के ही मनबढ़ युवकों ने पीट दिया। शिवापर गांव निवासी लकी यादव ने लाइन बाजार थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शनिवार को वह और उसका चचेरा भाई प्रिंस यादव अपने दरवाजे पर बैठकर बातचीत कर रहे थे, इतने में ही गांव के चार मनबढ़ युवकों ने आकर उन्हें गाली देते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया। किसी तरह से हम लोगों ने घर के अंदर भाग कर अपनी जान बचाई। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह ने बताया कि आशीष गौतम, हेमंत गौतम, आदित्य, गोरख गौतम सहित चार के विरुद्ध मारने पीटने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## शोकसभा आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री को कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

**जौनपुर।** कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने महान अर्थशास्त्री और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व प्रधान मंत्री डा. मनमोहन सिंह का 26 दिसम्बर को निधन हो गया है।



अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि देने हेतु सब्जी मंडी स्थित शहर कांग्रेस कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेसियों ने दो मिनट का मौन रख नम आंखों से पूर्व प्रधानमंत्री को याद किया। सभा को संबंधित करते हुए शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम ने कहा कि मनमोहन सिंह एक महान विश्व विख्यात अर्थशास्त्री थे, जिन्होंने भारत के प्रधान मंत्री के रूप में दो कार्यकालों तक अपनी सेवाएं दीं। डॉ. मनमोहन सिंह इतिहास के पन्नों में अमर रहेंगे। देश को असाधारण प्रगति के रास्ते पर लाने के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। उनकी विनम्रता, कड़ी मेहनत, देश के प्रति समर्पण और दूरदर्शिता हम सबको प्रेरित करती रहेगी। सभा में पूर्व शहर अध्यक्ष परवेज हसन, राकेश उपाध्याय, सुरेन्द्र सिंह बाबा, राजकुमार गुप्ता, संदीप सोनकर, अश्विनी मौर्या, अनुराग राय, पुष्कर निषाद, शशांक राय, आदिल, निलेश सिंह, फरहान जिलानी, राणा सिंह, अमीष श्रीवास्तव, गौरव, ताहिर, बबलू गुप्ता, इकबाल आदि उपस्थित रहे।

# थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे की मदद को आगे बढ़े हाथ

**जनसंदेश न्यूज**

**सुइथाकला।** विगत बुधवार को रोडवेज बस और पिकअप की चपेट में आए पिकअप चालक नीरज तिवारी की मौत से बिन बाप के हुए थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे की मदद के लिए लोग मदद का हाथ बढ़ाने लगे। क्षेत्रीय लोगों की पहल पर मददगारों ने अपना हाथ बढ़ाना शुरू कर दिया।

बता दें कि क्षेत्र के रुधौली गांव निवासी मृत नीरज तिवारी का तीन वर्षीय पुत्र सात्विक जन्म से ही थैलेसीमिया जैसे गंभीर रोग से पीड़ित है। जिसका हर माह ब्लड बदला जाता रहा है। पिता नीरज वाहन चलाकर किसी तरह अपने परिवार का भरण-पोषण करते हुए बेटे का इलाज करा रहे थे। इसी बीच सड़क हादसे में उसके काल के गाल में समां जाने के बाद जहां पत्नी अनीता पर चार बच्चियों की परवरिश समेत बेटे सात्विक के इलाज का बोझ बढ़ गया, वहीं बेटे के इलाज के लिए वह भारी खर्च से असहाय सी हो गई। क्षेत्रीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से उसके मदद की पहल की। मामला संज्ञान में आते ही जौनपुर के पूर्व सांसद व राष्ट्रवादी नौजवान सभा के संरक्षक धनंजय सिंह के निर्देश पर उक्त सभा का एक प्रतिनिधिमंडल नवीन सिंह की अध्यक्षता में रविवार पीड़ित के घर पहुंचा जहां परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि सांसद श्री सिंह ने बेटियों की शिक्षा दीक्षा से लेकर उनकी शादी और बच्चे के उपचार का जिम्मा भी उठाया है। इस दौरान पिंकू सिंह, अमित सिंह, अविनाश तिवारी, पत्रकार प्रणय तिवारी व अजय पाण्डेय, श्याम नारायण तिवारी व संजय तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चा

# संदिग्ध परिस्थितियों में आठ वर्षीय बालिका का फंदे पर लटकता शव

जनसंदेश न्यूज



मृतका के परिजनों से जानकारी लेतीं एसपी डॉ. मीनाक्षी कात्यायन

**भदोही।** शहर कोतवाली क्षेत्र सरोंई में रविवार को एक मजदूर की आठ वर्षीय बालिका का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फाँसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही में जुट गई।

घटना के सम्बंध में बताया जाता हैं कि कछवा निवासी राम सागर सरोज सरोंई में किराए के मकान में रह कर मजदूरी का काम करते है। रविवार की सुबह नौ बजे पति पत्नी घर से मजदूरी के लिए निकल गए। घर मे 8 वर्षीय रिया के अलावा तीन बच्चे बिंदिया 13 वर्ष, नंदिनी 6 वर्ष, और शिवा 4 वर्ष हैं। बच्चों ने बताया कि वो लोग बाहर निकल कर खेलने लगे और दरवाजा अंदर से कब बंद हो गया उन्हें नहीं मालूम रिया को कमरे में कैसे फाँसी लगा ये वो लोग नहीं जानते कमरे में अकेले कैसे खेल खेल में लगा या धोखे से फांसी लग गया उनको नहीं पता चला जब दरवाजा खोलने लगे दरवाजा नहीं खुला तो नंदिनी ने अपने पिता को फोन करके बुलाया पिता ने पीछे खिड़की से देखा तो रिया फांसी पर अपने माता के साड़ी से लटकर फंदे से झूल रही थी पुलिस ने कमरे के ऊपर लगे टिन को हटा कर सीढ़ी के जरिये नीचे उतर कर शव को बाहर निकलवाया। हालांकि की लोगों का कहना है कि इतनी छोटी बच्ची कैसे ऊपर फांसी का फंदा लगाई होगी ये जांच का विषय है। सूचना मिलते ही पुलिस व फोरेन्सिक टीम तहकीकात में जुट गई। इस सम्बंध में एएसपी डॉ. तेजवीर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। घटना के हर पहलू की जाँच की जा रही हैं। जाँच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में उमड़े मरीज, सैकड़ों मरीजों ने कराया इलाज

जनसंदेश न्यूज



निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ कराती भाजपा महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष सरिता गुप्ता

**गोपीगंज।** किसी के जीवन को रोशनी देना सबसे पुण्य का कार्य है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए टाउन हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा धर्मपरायण स्वर्गीय मुकुंदलाल की स्मृति में पुत्री भाजपा महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष सरिता गुप्ता के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया।

रविवार को आयोजित इस शिविर में नेत्र रोगियों के सभी तरह के निःशुल्क जांच किए गए, जिसमें शुगर बीपी एक सहित आंखों के चश्मा और दवाइयां उपलब्ध कराई गई। 350 मरीजों को चश्मा दिया गया, जबकि 150 मरीज के परीक्षण किए गए। इतना ही नहीं नेत्र पीड़ितों की सभी तरह की जांचें, दवाएं पूरी तरह से निःशुल्क की गई। इस शिविर में एसीएमओ डॉक्टर बी एन सिंह, डॉक्टर सुरेंद्र कुमार, डॉक्टर प्रसनजीत सिंह, आप्टोमैट्रिक्स विक्रांत आकाश सहित नेत्र विशेषज्ञ लालचंद द्वारा परीक्षण चश्मा और दवाई उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक विपुल दुबे, दीनानाथ भास्कर, मीरा देवी, सरिता गुप्ता, शिप्रा उपाध्याय, आरती सिंह, निजेंद्र पांडे, दिनकर पांडे, लवी सिंह, सत्यदेव पांडे, शत्रुंजय सिंह सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।समस्त कार्यक्रम डॉक्टर रत्नेश पांडे की देखरेख में कराया गया।

## संक्षेप

### बच्चों के आधार कार्ड बनने में आ रही समस्याओं पर बीएसए ने दिया निर्देश



**भदोही।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में रविवार को कंप्यूटर ऑपरेटर आधार बनाने वाले आधार कर्मी डीबीटी देखने वाले ब्लॉक के लोगों की एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में बच्चों के आधार बनने में आ रही समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। आधार बनाने वाले कर्मियों को निर्देश देते हुए बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि बच्चों का आधार कार्ड न बनने के कारण उनके खातों में ड्रेस, स्वेटर, जूता, मोजा आदि के पैसे ट्रांसफर होने में दिक्कतें आ रही हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों के आधार बनाने में आ रही दिक्कतों को प्राथमिकता के आधार पर दूर कराये। जिससे शासन से मिलने वाली सभी योजनाओं का लाभ बच्चों को मिल सके।

# उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ भदोही के पदाधिकारियों का हुआ चयन



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ भदोही इकाई के चुने गए पदाधिकारीगण

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** गुलाबधर मिश्र इन्टर कॉलेज में रविवार को माध्यमिक शिक्षक संघ भदोही इकाई का चुनाव हुआ। चुनाव अधिकारी रमेश चंद्र शुक्ल मंडल प्रांतीय अध्यक्ष प्रभागर के देखरेख में सारी प्रक्रिया सर्वसम्मति से सम्पन्न हुई। इस चुनाव में मनोज कुमार पाण्डेन को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई।

जिलामंत्री के पद पर विरेन्द्र बहादुर सिंह को चुना गया। कोषाध्यक्ष पद पर श्रीनाथ पाण्डेय सर्वसम्मति से विराजमान हुए। आय व्यय निरीक्षक देव पासवान को बनाया गया। उपाध्यक्ष पद पर दिनेश सिंह, शमारकण्डेय पाण्डेय, उमाशंकर, मो. आकिफ मो. वासुदेव तिवारी, सपना देवी को निर्वाचित घोषित किया गया। संयुक्त मंत्री पर विजय यादव, सत्य नारायण चौरसिया, फूलचन्द, विजय कुमार पाण्डेय को चुना गया। जिला कार्यकारिणी में रामनाथ, चन्द?कान्त अमित मिश्र, लालचन्द तिवारी इत्यादि चयनित हुए। मीडिया प्रभारी के पद पर सन्तोष कुमार मिश्र कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील कुमार मिश्र व कार्यक्रम का संचालन वासुदेव तिवारी ने किया।

## पांच व्यक्तियों के खाते में धोखाधड़ी की धनराशि को पुलिस ने कराया वापस

**भदोही।** जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु एसपी डॉ. मीनाक्षी कात्यायन द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। एसपी के निर्देश के क्रम में कुल पाँच आवेदक समरजीत सिंह निवासी जोगिनका थाना गोपीगंज, बसंतलाल निवासी पर्वतपुर थाना गोपीगंज, संगमलाल बिंद निवासी हरिपुर थाना सुरियावां, इकरार अहमद निवासी गोपीपुर व आकाश कुमार राव निवासी देवनाथपुर थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही, के खातों से फ्रॉड के सम्बन्ध में साइबर हेल्प लाइन नं. 1930 एवं जनसुनावई के माध्यम से प्रार्थना पत्र दिया गया था। साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए शाखा प्रबन्धक से सम्पर्क कर सम्बन्धित खाता में निकासी पर रोक लगवाते हुए खाता धारक से सम्पर्क स्थापित कर उक्त धनराशि पीड़ितों के खाते में क्रमशः 50,000, 10,000, 2,000, 6,000 व 11,000 रुपये सहित कुल उन्यासी हजार रुपए वापस कराया। सफलता प्राप्त करने वाली साइबर क्राइम पुलिस टीम में श्याम बहादुर यादव प्रभारी साइबर क्राइम व रवि कुमार साइबर आदि शामिल रहे।

## सेंट थॉमस स्कूल की प्रिंसिपल ने वृद्धजन आश्रम में बांटा कम्बल

**गोपीगंज।** भीषण ठंड और गलन से राहत देने के लिए वृद्धजन आश्रम में वृद्ध जनों को कंबल वितरित किया गया। शनिवार को देर शाम सेंट थॉमस स्कूल की प्रधानाचार्य बिंड्रा सैम ने मानव कल्याण सेवा समिति द्वारा संचालित वृद्ध जन आश्रम खड़हट्टी मोहाल पहुंची, जहां मौजूद लगभग 110 वृद्ध जनों से आत्मिक मुलाकात करने के बाद सभी वृद्ध जनों को दैनिक वस्तुओं के साथ कंबल वितरित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से वृद्ध जन आवास के मैनेजर प्रदोष पंडा, राजन पडा, संजू गुप्ता, सुरेश सिंह, नैंसी मोदनवाल, गौरव, इंद्रजीत समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## कोहरे पर भारी पड़ी पर्यावरण व स्वास्थ्य जागरूकता की साइकिल सवारी

**गोपीगंज।** अताउल अंसारी की अध्यक्षता में भदोही साइकिलिंग क्लब के कार्यालय पुरेगुलाब गोपीगंज से रविवार को पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा निकाली गई। समाज सेवी अब्दुल गफ्फार अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। साइकिल यात्रा आरंभ होकर मुजाहिद नगर, रैपुरी होते हुए जहांगीराबाद प्रधान संजय सिंह के आवास पर पहुंची। वहां पहुँचने पर ग्राम प्रधान संजय सिंह बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ मौजूद रहें और सभी साइकिल चालकों का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। साइकिल यात्रा में आदर्श सिंह, जय सिंह, विजय सिंह, रोशन सिंह, विमलेश सरोज, सुरेंद्र सरोज, हर्षित सिंह, सरफराज अहमद, समेत आदि लोग शामिल रहे।

## बाइक से टकराया कुत्ता, व्यापारी घायल

**केराकत।** सरायबीरू गांव निवासी विजय कुमार विश्वकर्मा रविवार को बाजार जाते समय सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। बताया गया कि उनकी बाइक के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया, जिससे बाइक असंतुलित होकर गिर गई। इस हादसे में विजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद गांव में सड़क पर आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर चर्चा तेज हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# बरनवाल समाज ने मनाई महाराजा अहिबरन की जयंती



महाराजा अहिबरन जयंती समारोह में शामिल लोग

**भदोही।** बरनवाल सेवा समिति की ओर से नगर के रामलीला मैदान में रविवार को महाराजा अहिबरन की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। जिसमें संगठन की मजबूती पर बल दिया गया और रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत समिति के पदाधिकारियों ने महाराजा श्री अहिबरन की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके तथा उन्हें गुलाल का टीका लगा कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। समारोह में गणेश वंदना स्वागत गान के अलावा छोटे बच्चों के द्वारा अनेकों नृत्य संगीत का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर युवाओं की टोली ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया। संगठन के पदाधिकारी विनीत बरनवाल ने संगठन की मजबूती के विषय में अपने विचारों को रखा और समारोह में मौजूद लोगों से उनके विचार भी जाना। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशीष बरनवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान इस मौके पर दीपक बरनवाल, आसुतोष बरनवाल, मनोहर बरनवाल, पीयूष बरनवाल, विशाल बरनवाल, विपुल बरनवाल, विकास बरनवाल, अमित बरनवाल, सुशील बरनवाल, रंजना बरनवाल, प्रीति बरनवाल, रेखा बरनवाल, रीना बरनवाल, तृप्ति बरनवाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

## संक्षेप

### चार-एक के अंतर से खैराबाद ने प्रतियोगिता में बनाई जगह



**केराकत।** केराकत स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एकेडमी सिझवारा में रविवार का उद्घाटन मैच धानापुर चंदौली और खैराबाद बीच खेला गया जिसमें प्रथम हाफ में खैराबाद ने दो गोल और चंदौली ने एक गोल मारकर बढ़त बनायी। मैच के दूसरे हाफ में खैराबाद ने दो गोल मारकर 4-1 से बढ़त बनाकर इस मैच को खैराबाद ने 4-1 से मैच को जीत लिया। इस मैच के रेफरी संतराम निषाद मास्टर, मनीष निषाद, कैश खान रहे। निर्णायक मंडल में रुपेश गिरी, नवनीत यादव, आशीष निषाद, पारसनाथ,स्वतंत्र यादव रहे। राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के अध्यक्ष राजेश साहू, उपाध्यक्ष अरविन्द यादव, कयाम खान, वेदप्रिय साहू विशाल, मुन्नालाल निषाद इस मैच के संचालक विनोद साहू, विरेंद्र यादव समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि महेन्द्र यादव प्रधान, प्यारेलाल अध्यापक, जियालाल अध्यापक, सुभाष यादव फौजी प्रधान प्रतिनिधि, अरविन्द यादव, रामा यादव, प्रदीप गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

### समाधान योजना के तहत विद्युत विभाग ने वसूले 49 लाख

**केराकत।** विद्युत वितरण खंड ग्रामीण द्वारा एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 को अधिकतम उपभोक्ताओं तक पहुंचाने और राजस्व वसूली को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए रविवार को बड़े पैमाने पर अभियान चलाया गया। अधिशासी अभियंता दिव्यरंजन के नेतृत्व में जलालपुर, केराकत, डोभी और अन्य क्षेत्रों में 12 स्थानों पर विशेष कैंप लगाए गए। इन कैंपों में 490 उपभोक्ताओं का योजना के तहत पंजीकरण किया गया और 49.27 लाख की राजस्व वसूली की गई। इसके साथ ही 209 बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटे गए और 61 जन समस्याओं का समाधान किया गया। इस अभियान में उपखंड अधिकारी राहुल कुमार, संजीव कुमार भास्कर, मनीष कुमार, प्रियांशु सिंह व अवर अभियंता चित्रसेन आदि रहे।

### विराट शिव गुरु महोत्सव का भव्य आयोजन आज

**जौनपुर।** वैश्विक शिव शिष्य परिवार के तत्वावधान में विराट शिव गुरु महोत्सव का भव्य आयोजन सुनिश्चित हुआ है जो 30 दिसम्बर दिन सोमवार को प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक चलेगा। यह आयोजन श्री सद्गुरू कबीर मठ ग्राम कोहड़ा निकट कुत्तूपुर तिराहा के प्रांगण में होगा। इस आशय की जानकारी देते हुये परिवार के सदस्य सुभाष ने बताया कि उक्त आयोजन में शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द के संदेश 'आइये, भगवान शिव को अपना गुरु बनायें' को लेकर शिव शिष्या बरखा आनन्द आ रही हैं। आयोजन समिति ने समस्त शिव भक्तों से उक्त अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील की गयी है।

### परिषदीय विद्यालय के बच्चे शैक्षिक भ्रमण पर रवाना

**सुजानगंज।** पीएम श्री योजना के तहत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट हेतु पीएम श्री विद्यालय दारूनपुर के छात्र-छात्राओं को डॉक्टर विनोद पाल तथा प्रधानाध्यापक शेर बहादुर मौर्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस की रवानगी की गई जिसमें विद्यालय परिवार के वरिष्ठ अध्यापक हरिश्चंद्र बिंद, कंचन मौर्या, राम लली मौर्या, अनिल कुमार यादव, तथा अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे। एक्सपोजर विजिट सतहरिया इंडस्ट्रियल एरिया में पहुंचा। सर्वप्रथम पेप्सी कंपनी, हॉकिंस, लेबल लार्सन, डिल्मा, बर्फी स्टील इंडस्ट्री को बच्चों ने बखूबी देखा और उनके कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात शैक्षिक भ्रमण की टीम दौलतिया मंदिर मुंगरा बादशाहपुर में पहुंच कर बजरंगबली का दर्शन पूजन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

# सरायख्वाजा से ताखा पश्चिम तक बनेगी फोरलेन बाईपास सड़क




**कार्य में तेजी**

**तहसील क्षेत्र के कुल 36 गांव से भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया प्रारंभ**

जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** नगर समेत खेतासराय बाजार के बाहर से बाईपास निर्माण हेतु प्रक्रिया तेज हो चुकी है। तहसील क्षेत्र के अधिग्रहित भूमि का मुआवजा देने किसानों को संतुष्ट कर कार्य प्रारम्भ कराने हेतु शासन व प्रशासन स्तर पर प्रयास में तेजी आ चुका है।

रविवार को तहसीलदार आशीष सिंह मड़वा मोहिद्दीनपुर गांव पहुंचे। यहां पर निर्माणदायी संस्था एमकेसी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के सिनियर मैनेजर मंकेश यादव के साथ सड़क में गयी भूमि स्वामियों से मिले। कुछ लोगों का राशि अभी खाते में नहीं आयी है। तहसीलदार ने आश्वस्त किया कि कुछ दिन में ही सभी लोगों की राशि खाते में आ जायेगी। वहीं सोमवार को गांव में कैम्प लगा समाधान का आश्वासन दिया।

मालूम रहे सरायख्वाजा से ताखा पश्चिम तक कुल साढ़े तीस किलोमीटर में फोरलेन सड़क बनना है। 36 गांव से होकर गुजरने वाली सड़क निर्माण में भू स्वामियों की भूमि अधिग्रहित की गयी है। इस बावत कुल 208 करोड़ रुपये वितरित किया जाना है। इसमें से अब तक 70 करोड़ रुपये भू स्वामियों के खाते में जमा हो चुका है। शेष राशि का भुगतान जल्द हो जायेगा। फोरलेन सड़क 60 मीटर चौड़ा होगा।

# गुरु गोविंद सिंह के परिवार को रक्तदान के जरिये दी श्रद्धांजलि

जनसंदेश न्यूज




जिला चिकित्सालय में रक्तदान करती छात्रा

**जौनपुर।** सामाजिक संस्था ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति एवं निफा जौनपुर के द्वारा गुरु गोविंद सिंह के पूरे परिवार की शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रविवार को जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह ने फीता काटकर किया। संस्था प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश निफा संरक्षक डॉ. अंजू सिंह ने छ बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित निफा के सिल्वर जुबली वर्ष मनाने की बात बतायी।

उन्होंने गुरु गोविंद सिंह के परिवार की शहादत को समर्पित रक्तदान शिविर में उपस्थित सभी 18 से 62 वर्ष के स्वस्थ लोगों से जिनका वजन 50 किलो से कम न हो से रक्तदान करने की अपील की। मुख्य अतिथि ने गुरु गोविंद सिंह के परिवार की गौरव गाथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के युग में रक्तदान के प्रति जागरूकता और मोटिवेशन की जरूरत है ताकि युवा वर्ग रक्तदान के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। एक रक्तदान से चार जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने संस्था के कार्यों की एवं संस्था प्रमुख डॉक्टर अंजु सिंह की सराहना करते हुए कहा की अन्य सभी सामाजिक कार्यों को बखूबी निभाते हुए संस्था ने रक्तदान के क्षेत्र में भी उत्तम कार्य किया है और निरंतर कर रही है। समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन कर जरूरतमंदों को रक्त के आवश्यकता की आपूर्ति करवा कर समाज को जागरूकता करने की कोशिश कर रही है। आज के शिविर में करीब 25 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें से 15 ने रक्तदान किया। शिविर में काफी लड़कियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। यद्यपि हीमोग्लोबिन और वजन कम होने के कारण कुछ लड़कियां रक्तदान नहीं कर सकी। रक्तदाताओं में मुख्य रूप से सूरज मौर्य, सावन मौर्य, सोनम सिंह, हिमांशु नंदन, चंदन तिवारी खानपुर, अनिल कुमार सरोज, रेहान खान आदि रहे। इस अवसर पर सीएमएस डॉक्टर ब्लड बैंक के डॉ. अर्पित सिंह, आलोक मणि त्रिपाठी, चंद्रप्रकाश सिंह, शालिनी मौर्य, सौरभ सिंह विक्की (एडवोकेट) अमित निगम, निफा जौनपुर के जिला सचिव अमित सिंह, डॉ. अनिल निषाद, अमित प्रकाश सिंह, अभिषेक विश्वकर्मा, रवि, मनोज सेठ, संस्था के ओर से नेहा सिंह, सौम्या सिंह, मंजू सिंह, तनु सिंह कंचन, सद्दाम आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो वितरित किया गया।

## 7वां नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप आज से

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो यूनियन द्वारा आयोजित 7वां नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप आरएन टैगोर स्कूल सुक्खीपुर बोडकरपुर में संपन्न होगा। चैंपियनशिप 30 व 31 दिसंबर को होना तय है। इस नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में पूरे देश से करीब 22 राज्य की टीम हिस्सा लेंगी। यह जानकारी जौनपुर ताइक्वांडो यूनियन के (सचिव) अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी संजीव कुमार साहू ने दिया है। ऑर्गनाजिंग सेक्रेटरी अवधेश मिश्रा, रजनीश चौबे, अभिनव मोदनवाल, शुभम गुप्ता और स्कूल के प्रबंधक डा. पीके सिंह ने उन्हें दिया है।

# उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता से निपटायें

**बैठक**

**जिला उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने दिये निर्देश**

जनसंदेश न्यूज



जिला उद्योग बंधु की बैठक को सम्बोधित करते डीएम

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ तथा मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम की उपस्थिति में जिला उद्योग बंधु की बैठक सीडा सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए जिससे जनपद का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा सीड़ा परिसर में बाउंड्रीवाल, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति आदि विषयों पर चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने महाकुंभ 2025 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु उद्यमियों को भी सहयोग करने की भी अपील की। उन्होंने होल्डिंग एरिया बनाए जाने के दौरान सहयोग करने की अपील की जिससे महाकुंभ पर्व को जनसहयोग से सम्पन्न कराया जा सके। निवेश मित्र पर लंबित प्रकरण को शून्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एमओयू की विभागवार समीक्षा करते हुए अद्यतन प्रगति कराए जाने हेतु निर्देशित किया। मुख्यमंत्री युवा सेशन महत्वाकांक्षी योजना है, सभी संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए कि तत्काल कार्यवाही करते हुए पोर्टल पर आवेदन सुनिश्चित कराए जिससे न केवल रोजगार बढ़ेगा बल्कि जनपद में युवाओं द्वारा अधिकाधिक सूक्ष्म उद्यम स्थापित किए जाएंगे।

## शायर रहबर जौनपुरी की याद में आयोजित हुई काव्य गोष्ठी

**जौनपुर।** नगर के मोहल्ला सिपाह स्थित जामिया मोमिना लिल बनात के उर्दू हॉल में मशहूर शायर रहबर जौनपुरी की याद में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन उस्ताद शायर इबरत मछलीशहरी की अध्यक्षता में किया गया जिसमें जिले भर से आए हुए कवियों ने अपनी कविताएं प्रस्तुत की। इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हाफिज अब्बास की तिलावत से हुआ जबकि पैगम्बर मोहम्मद की शान में नात पाक का नजराना रौनक जौनपुरी ने पेश किया। रहबर जौनपुरी के पुत्र अंसार जौनपुरी ने अपने पिता की गजल को प्रस्तुत करके सबको मन्त्रमुग्ध कर दिया।

इस दौरान कार्यक्रम का संचालन कर रहे मजहर आसिफ ने रहबर जौनपुरी को याद करते हुए कहा कि वे बड़े ही मिलनसार व्यक्ति थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन उर्दू भाषा के प्रचार प्रसार में गुजारा। उनकी कविताओं और किताबों पर अगर बात की जाए तो दिन कम पड़ सकते हैं। उनकी कविताएं सामाजिक और देश भक्ति एवं मुल्क की गंगा जमुनी तहजीब की झलक पेश करती थीं। काव्य गोष्ठी में शजर जौनपुरी, शहजाद जौनपुरी, मुस्तईम जौनपुरी, मोनिस जौनपुरी, असीम मछलीशहरी, सर जौनपुरी, नातिक गाजीपुरी, हसन फतेहपुरी, कारी जिया जौनपुरी, अनवार जौनपुरी, अंसार जौनपुरी ने भी अपनी रचनाओं को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अकरम अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, सलाहुद्दीन खान, परवेज एडवोकेट, मौलाना हस्सान कासमी, सलमान एडवोकेट, हमीदुल्लाह खान, कमाल आजमी समेत भारी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे। अंत में आयोजक डॉक्टर अबू अकरम कासमी ने समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# महिला की भूमि पर निर्माण करने से रोक रहे दबंग

## जमीन को रजिस्ट्री करने का बना रहे हैं दबाव

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के नोनहटटा मोहल्ला निवासी महिला ने खुद के अर्धनिर्मित मकान पर काम से रोक रहे दबंगों के विरुद्ध मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। नोनहटटा मोहल्ला निवासिनी शालिनी जायसवाल पत्नी शैलेश ने भेजे गये पत्र में कहा है कि मेरा भादी गांव में अर्धनिर्मित मकान है। जब वह उक्त मकान पर काम शुरू कराने जाती है तो कुछ दबंग मिस्त्री मजदूरों को धमका कर भगा देते हैं। इस काम में हल्का लेखपाल भी दबंगों के साथ है। जबकि उसकी जमीन उसके नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। लेखपाल काम रोकने का दबाव बना रहे हैं। जबकि निर्माण कार्य रोकने का किसी भी सक्षम अधिकारी का आदेश भी नहीं है। वहीं यह लोग भूमि को रजिस्ट्री करने का दबाव बना रहे हैं। गुहार लगाया गया है कि उक्त लोगों पर कार्रवाई कर हमें न्याय दिलाया जाये। यदि न्याय नहीं मिला तो वह थक-हारकर आत्मदाह कर जान दे देगी जिसकी जिम्मेदारी भूमि पर अवैध ढंग से कब्जाने वाले और लेखपाल की होगी। इस बावत तहसीलदार आशीष सिंह ने कहा कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है। जांच कर सख्त कार्रवाई की जायेगी। यदि महिला सही है तो भूमि पर रुका मकान बनाने का आदेश दिया जायेगा।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# गंदे पानी की सप्लाई से परेशान हैं इस वार्ड के वासी



ओंकार तिवारी

**वार्ड नंबर 68-कोनिया**

**कई जगह झुके विद्युत पोल से दुर्घटना की बनी रहती है आशंका**

**नियमित नहीं होती सफाई खराब स्ट्रीट लाइटों से इलाका रहता अंधकारमय**

**वाराणसी।** नगर निगम प्रशासन और विद्युत विभाग जनसमस्याओं के प्रति कितना जिम्मेदार है। जनता को मूलभूत सुविधाएं बेहतर ढंग से मुहैया हो पा रही हैं या नहीं। जन समस्याओं के निस्तारण में नागरिकों की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई हो रही है या फिर कोताही और लापरवाही से जनता परेशान है। इन सभी मुद्दो को लेकर जनसंदेश टाइम्स जनता के बीच पहुंच रहा है। कार्यक्रम के दूसरे क्रम में वार्ड नंबर 68- कोनिया से। इस वार्ड में समस्याएं जटिल नजर आईं। इस वार्ड की सबसे बड़ी समस्या है दूषित पेयजलापूर्ति। नागरिकों का कहना है कि गंदे पानी की सप्लाई से जीना दुश्वार हो गया है। शिकायत दर शिकायत के बावजूद संबंधित विभाग इस समस्या को दूर नहीं पाया है।

नागरिकों ने बताया कि वार्ड में कई जगहों पर बिजली के झुके और लटकते पोल जान के लिए आफत बन चुके है, लेकिन विभाग मौन है। कई जगहों पर खराब स्ट्रीट लाइटों से जहां पूरा इलाका रात्रि में अंधकारमय बना रहता है, वहीं आये दिन दूषित पेयजापूर्ति से लोग काफी परेशान है। क्षेत्रों में नियमित सफाई नही किए जाने से जगह-जगह कूड़े बिखरे पड़े रहते हैं। कूड़े की उठान न होना भी कोढ़ में खाज जैसी है। इससे दुर्गंध फैल रही है और संक्रमण होनी की स्थिति है। जनता का कहना है कि उक्त समस्याओं को लेकर कई माह से लोग त्रस्त हैं, लेकिन कोई न तो सुनने वाला है और न कोई हल ही निकल रहा है।

नगर निगम में कोनिया वार्ड बड़े वार्ड में जहां जाना जाता है। वहीं तेजी से हुए विकास कार्यों से अलग वार्ड के रूप में पहचान भी मिली है। इस वार्ड की अनुमानित आबादी 55 हजार से अधिक है। कोनिया सट्टी के नाम से विख्यात यह वार्ड पहले ग्रामीण क्षेत्र में तब्दील रहा। इस वार्ड में सब्जी की बड़ी मंडी लगती रही। जहां दूर-दूर से लोग मंड़ी में आते थे और खरीदारी किया करते थे। अब मंडी नाममात्र की रह गयी है।

वार्ड में कोनिया-खालिसपुर मार्ग जाने के लिए ओवरबृज है। नागरिकों का कहना है कि बिजली विभाग मनमाना बिल भेज रहा है। इसके निस्तारण के लिए कई बार आफिस का चक्कर लगाना पड़ता है, लेकिन अधिकारी गुमराह करते है, कोई कार्रवाई नही होता है। नागरिकों की माने तो पेयजल की सप्लाई बहुत कम समय के लिए होती है। उसमें भी गंदा पानी मिलता रहता है। आपूर्ति की शुरूआत में ही दूषित पानी आता है फिर कुछ देर इंतजार के बाद सामान्य हो जाया करता है। इसके कारण कई माह से लोग परेशान है लेकिन समस्या का कोई हल नही है।

कहीं कोई दुर्घटना हो जटील समस्या कहीं कोई सुनने और जानने वाला ही नही है। नागरिको ने बताया कि पंलग शहीद ए 38/ 310 के आस -पास और कोनिया साबुन फैक्ट्री के आगे ए 38/ 30 के पास वाली गलियो के विद्युत खम्बा जहां जर्जर हो गया है, वहीं टेढे हो गए है तथा झुक चुके है लेकिन कोई सुनवाई नही है। जिससे दुर्घटना होनी की आशंका से लोग भयभीत है। पंलग शहीद के उक्त इलाके में नियमित सफाई नही की जाती है। कूड़े का उठान भी नही किया जाता है। जिससे कूड़ा विखरा पड़ा है और परेशान है।






**वार्ड का संक्षिप्त परिचय**

**वार्ड में शामिल मोहल्ले-** कोनिया, विजईपुरा, मोहम्मदपुरा, पंलग शहीद, मोहन कटरा, आम की बारी आदि।

**वार्ड की अनुमानित आबादी-** 55 हजार से अधिक।

**अनुमानित वोटरो की संख्या-**19 हजार के आस-पास।

**वार्ड की विशेषताएं-** इस वार्ड में बने ओवर बृज से कोनिया – खालिसपुर और चन्द्रा चौराहा मार्ग प्रस्तत हुआ।

**सर्वाधिक जटिल समस्याएं-** जर्जर और टेढे विद्युत के खम्बे,दूषित पेयजलापूर्ति, सफाई में लापरवाही, खराब स्ट्रीट लाइटें, सीवर क्षतिग्रस्त

**निदान के क्या हुए प्रयास-** वार्ड में कई विकास कार्य किये गए। कई मोहल्ले में जहां चौका लगवाया गया, वहीं पेयजल की और बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए जल्द ही नया ट्यूबेल लगवाया जाएगा।

**किस उपकेद्र से मिलती है बिजली-** काशी उपकेद्र से

**रोजाना कितने घंटे होती है आपूर्ति-** कोई ठिकाना ही नही है।

**पेयजलापूर्ति की स्थिति-** अल्प समय

**नियमित कूड़ा उठता है या नहीं-** नही।

कई जगहों पर विद्युत के खम्बे जहां जर्जर हो गए है, वही टेढ़े और झुक चुके है। जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है और जान का आफत है। इसके लिए अधिकारियों से शिकायत की गई कोई सुनने वाला नही है।



प्रेमचन्द्र कुशवाहा

पंलग शहीद ए 38/ 310 के मार्गो पर जहां नियमित सफाई नही होती ह,वहीं कूड़े का उठान नही किए जाने से वह बिखरा पड़ा रहता है। जिससे दुर्गंध होता है और संक्रमण होने की सम्भावना बनी रहती है।



गोपाल ओझा

पलंग शहीद के कई जगहों पर पीने का गंदा पानी आता है, पानी कुछ ही समय के लिए मिलता है। पेयजल आया भी तो बदबू से पीना कठिन है। फिर थोड़ी देर बाद गायब हो जाया करता है। यह समस्या कई माह से है।



राजकुमार यादव

कोनिया और पलंग शहीद में कई जगहों पर स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हुई है। रात्रि में भयंकर आंकार बने रहने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन विभाग ठीक करने नही आता है।



संतलाल सोनकर

विद्युत बिल मनमाने ढंग से भेजा जाता है। इसके निस्तारण के लिए कई बार आफिस का चक्कर लगाना पड़ता है, गरीबों का तो कोई पुरसाहाल ही नहीं है।



राधेश्याम दूबे

वार्ड की समस्याओं का 85 प्रतिशत निस्तारण हो गया है। वार्ड में जनसुविधा बनी रहे, इसके लिए हर-सम्भव प्रयास होता रहता है।



दीपक कुमार मौर्य-रनर्स-अप प्रत्याशी

वार्ड की 80 प्रतिशत समस्याओं का निस्तारण किया जा चुका है, इसे बेहतर बनाने में निरन्तर तत्पर रहता हूं। लोगों को पेयजल की और अधिक बेहतर सुविधा मिल सके, इसके लिए जल्द ही नये ट्यूबेल लगाए जाना जहां प्रस्तावित है, वहीं क्षतिग्रस्त सीवर पाइप लाइन भी बदले जाने की योजना है। हालांकि माना कि गंदा पानी अब भी आ रहा है।



पार्षद अमरदेव यादव

## भारत स्काउट गाइड का कैंप आयोजित



जनसंदेश न्यूज

**सेवापुरी।** सर्वोदय इंटर कालेज लखनसेनपुर में भारत स्काउट और गाइड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 26 से 28 दिसम्बर तक दो स्काउट व 2 गाइड प्रशिक्षण कर्ताओं के निर्देशन में किया गया। जिसका समापन 28 दिसम्बर को किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य आनंद कुमार सिंह, प्रबंधक शिव मोहन पटेल, उप प्रबंधक राजेश कुमार शर्मा व प्रबंध समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## फार्मर रजिस्ट्री में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र द्वारा शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एग्री स्टैक योजनान्तर्गत कराए जा रहे किसान कार्ड (फार्मर रजिस्ट्री) में जनपद के उत्कृष्ट कार्य करने वाले आपरेटरों को सम्मानित किया गया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में शामिल इंद्रेश कुमार वर्मा, शिव दयाल रघुवंशी, जय प्रकाश, आकाश गुप्ता, स्वपनिल मौर्य, देवेन्द्र, पंकज, विवेक सिंह, स्वामीनाथ, सूर्यदीप सिंह,संघर्ष कुमार, विद्यासागर यादव, मौसिम अली, मतीन अहमद, सुधीर सिंह, अजय बहादुर, आशीष कुमार, बृजेश गुप्ता, प्रमेश कुमार को जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र द्वारा अंगवस्त्रम एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आगे भी सर्वाधिक फार्मर रजिस्ट्री करने वाले आपरेटरों को अंगवस्त्रम एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा तथा उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। एग्री स्टैक में लगी टीम द्वारा पूर्ण मनोयोग से कार्य करने से जनपद की प्रदेश में अब छठवीं रैंक है।



सर्वाधिक फार्मर रजिस्ट्रेशन में जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान पर है तथा जनपद में अब तक एक लाख से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य हो चुका है। जिसके लिए प्रदेश से बधाई मिल रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि किसान सम्मान निधि योजना के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कर दिया गया है, इसलिए किसानों को अगली किस्त प्राप्त करने हेतु अतिशीघ्र गाँवो में लगने वाले शिविरों में या नजदीकी सीएससी सेंटर अथवा स्वयं भी एप द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते है।

उन्होंने कहा कि किसान को किसी भी तरह का ऋण लेने के लिए बार-बार राजस्व रिकॉर्ड देना पड़ता है किसान रजिस्ट्री होने पर उसके नंबर को संबंधित ऐप पर डालकर उसकी पूर्ण विवरण देखा जा सकेगा। इससे किसान कल्याण की योजनाएं बनाने तथा उनके क्रियान्वयन में आसानी होगी। साथ ही लाभार्थियों के सत्यापन, कृषि उत्पादन के विपणन और अन्य विपणन संबंधी मामलों में सहूलियत होगी।

पीएम किसान सम्मान निधि भुगतान, फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, आपदा के दौरान किसानों को क्षतिपूर्ति देने के लिए किसानों का चयन करने आदि में आसानी होगी। मौके पर एसडीएम सदर पवन कुमार सिंह, एसडीएम केराकत सुनील कुमार भारती, उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय, तहसीलदार महेंद्र सिंह, उप परियोजना निदेशक आत्मा/जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर रमेश चंद्र, जिला प्रबंधक सीएससी अनुराग सहित अन्य अधिकारीगण कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पुरस्कार वितरण समारोह में छात्रों को किया गया पुरस्कृत



**चुनार।** सरस्वती चिराग कोचिंग सेंटर के तत्वाधान में चुनार प्रतिभा उद्गम प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह में सामान्य ज्ञान सीनियर ग्रुप में आशिक यादव प्रथम, जिकरा खान द्वितीय, प्रतीक्षा पांडेय एवं आदर्श मौर्या तृतीय। कला में तनीषा सनी प्रथम, शिवानी गुप्ता द्वितीय और अनुष्का भारतीय तृतीय।

निबंध प्रतियोगिता में शिवानी गुप्ता, जागृति सिंह, प्रतीक्षा पांडेय ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में शगुन कन्नौजिया, प्रिया गुप्ता एवं शिवानी गुप्ता ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर कोचिंग के डायरेक्टर बृजेश यादव ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर संतोष सिंह प्रधानाचार्य जनता इंटर कॉलेज बरेवां एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर मधुलिका सिंह प्रबंधक शिवलोक त्रिनेत्र महाविद्यालय पडरी को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया।

इस अवसर पर डॉक्टर सत्यवान श्रीवास्तव, अखिलेश पांडेय, श्याम, दर्शन चतुवेर्दी आदि अनेक अतिथिगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र उपस्थित रहे। स्पीच कंपटीशन के निर्णायक कौशल किशोर पांडेय एवं अमित उपाध्याय रहे। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि डॉक्टर संतोष सिंह बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की और भविष्य में इस तरीके के प्रतिस्पर्धी कार्यक्रमों को बढ़ावा देने की के लिए कोचिंग संस्थान को धन्यवाद दिया।

## वाहनों के आवागमन के लिए भूमि अधिग्रहण की मंजूरी

जनसंदेश न्यूज

**रेवतीपुर।** गंगा नदी पर स्थित रेल सह सड़क पुल से होकर वाहनों के आवागमन के लिए इसके दोनों ओर एप्रोच के निर्माण के लिए एनएचएआई के भेंजे गये प्रस्ताव को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने डीपीआर को मंजूरी दे दी है।

इसके बाद एनएचएआई ने एप्रोच के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की तैयारी शुरू कर दिया। इसके पहले चक्र में उसकी ओर से अधिग्रहित किए जाने वाली जमीनों के सीमांकन के तहत रेल सह सड़क पुल के दोनों ओर दर्जनों पीलरों को लगाने का काम इंजिनियरों के देखरेख में तेजी से शुरू कर दिया है।

एनएचएआई के अधिकारियों के मुताबिक रेल सह सड़क पुल के दोनों ओर एप्रोच के निर्माण में सदर और जमानियां तहसील के दर्जनों किसान की भूमि अधिग्रहण के दायरे में आएगी। इसके लिए करीब चार हेक्टेयर भूमि की जरूरत है, जिसमें से दो हेक्टेयर सरकारी और दो हेक्टेयर कास्तकारों की जमीन ली जाएगी।



अधिकारियों के मुताबिक टेंडर कि प्रक्रिया अगले दो महीनें में पूरी कर लिए जाने की उम्मीद है, उसके उपरांत एप्रोच का निर्माण तेजी से शुरू कर दिया जाएगा,बताया कि अगर सबकुछ ठीक रहा तो एप्रोच का निर्माण एक साल में पूरा होने और लोड टेस्टिंग के बाद नवनिर्मित पुल को वाहनों के आवागमन हेतु खोला जा सकता है।

इस नवनिर्मित सेतु से सौ टन तक के वाहन आराम से गुजर सकते है। मालूम हो कि इस नवनिर्मित रेल सह सड़क पुल के दोनों ओर एप्रोच के निर्माण के लिए सर्वे का काम काफी पहले ही एनएचएआई के द्वारा पूरा किया जा चुका है,इसका निर्माण पूरा होने और इसे वाहनों के लिए खोले जाने के बाद बेहतर कनेक्टिविटी को बढावा देने में मदद मिल सकेगी।मालूम हो कि नवनिर्मित रेल सह सडक पुल के दोनों ओर वाहनों के लिए रोड वायडक्ट का निर्माण रेलवे की? ओर से किया जा रहा है,जिसमें कुल 30 पीलरों का निर्माण पहले किया जा चुका है।

इसके 29 स्पैनों में से सात स्पैनों की ढलाई रेलवे की ओर से पूरा कर लिया गया है।शेष बचे हुए 22 स्पैनों की? ढलाई दिसंम्बर 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है। एनएचएआई के परियोजना निदेशक प्रवीन कटियार ने बताया कि एप्रोच निर्माण के लिए भेंजे गये प्रस्ताव को एमओआरटीएच ने मंजूरी दे दी है,जिसके बाद विभाग भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में जुट गया है। बताया कि इसका निर्माण अगले साल शुरू हो जाएगा।

## एटीएम का संचालन बनी उपभोक्ताओं की जिम्मेदारी

**गाजीपुर।** यूबीआई बैंक शाखा फतेहपुर सिकंदर पर उपभोक्ता राजीव कुमार सिंह खाते में धनराशि जमा करने गए तो कैशियर ने कैश लेने से साफ इंकार कर दिया और निर्देश दिया कि एटीएम मशीन में जाकर जमा करे। तब श्री सिंह ने एटीएम मशीन में किसी प्रकार प्रक्रिया पूरी कर धनराशि डाल कर रिसिविंग का इंतजार कर रहे थे तभी बिजली कट गई।

खैर काफी मशक्कत के बाद खाते में पैसा जमा हो पाया। वहीं कैश निकालने के लिए भी काफी ग्राहक इंतजार करते रहे कि कोई पैसा डाले तो उनको जरूरत पूरी हो सके। यह तो केवल एक बानगी भर है। अब आये दिन ग्राहकों के साथ ऐसा हो रहा है। ग्राहकों की सुविधा के लिए बैंक अधिकारियों ने जगह-जगह एटीएम बूथ का स्थापना तो कर दी। लेकिन अब उसका संचालन उपभोक्ता के जिम्मे ही छोड़ा जा रहा है।

एटीएम मशीन में जब तक कोई उपभोक्ता कैश नहीं डालते दूसरा कोई निकासी नहीं कर पा रहा है। शहर के अधिकांश बैंक प्रबंधकों ने एटीएम मशीन से दूरी बना लिए है। जो आमजन के लिए मुसीबत बनते जा रहे है। बीते वर्ष नोटबंदी के बाद दो हजार और पांच नए नोट तो मुसीबत थे ही वही एटीएम कार्ड धारक से कैश काउंटर पर धनराशि स्वीकार नहीं किया जा रहा है।

बैंक कर्मों ग्राहकों से एटीएम मशीन में कैश डालने का निर्देश दे रहे है। जो वृद्ध और महिलाओं के लिए काफी दुरूह है। वहीं इसका फायदा जालसाज उठा रहे हैं।

## हिंदू डिग्री कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष बने रामप्रिय

**जमानियां।** स्टेशन बाजार स्थित हिंदू डिग्री कॉलेज की प्रबंध समिति का निर्वाचन रविवार को महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति में रामप्रिय राय अध्यक्ष, लछिराम सिंह यादव प्रबंधक एवं रविन्द्र नाथ यादव उप प्रबंधक निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्रबंध समिति के साधारण सभा के 136 सदस्यों में से 93 की उपस्थिति रही। चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक की निगरानी में संपन्न हुई। नवगठित प्रबंध कार्यकारिणी समिति को चुनाव अधिकारी एवं पर्यवेक्षक ने बधाई देते हुए संस्था के विकास हेतु और मनोयोग से कार्य करने की सदइच्छा व्यक्त की। अध्यक्ष रामप्रिय राय ने कहा कि सबके सहयोग और जन प्रतिनिधियों के आर्थिक सहयोग से हम संस्था को ऊंचाई पर ले जाने की दृढ़ इच्छा रखते हैं। चुनाव प्रक्रिया में अमरनाथ यादव प्रधान राजेश्वर सिंह,राजेन्द्र यादव, संजय राय, लालजी यादव, लालजी प्रसाद, चन्द्रिका राय सहित तमाम वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सदस्यगण मौजूद रहे।

## तीन सीटर क्षमता वाले ऑटो में पांच से आठ सवारियां बैठाकर फर्राटा भर रहे ऑटो चालक

**हादसे का डर**

**तीन पहिया वाहनों में ओवरलोड यात्री बैठाने से आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं**

**ओवरलोड वाहनों पर नहीं कार्रवाई**

**गाजीपुर।** यातायात मानकों को धता बताकर ई-रिक्शा, ऑटो व टेंपो निर्धारित से अधिक सवारियां भरकर सड़कों पर फरार्टा भर रहे हैं। तमाम रोक के बावजूद भी टेंपो चालक ओवरलोड सवारियां ढोकर उनकी जान से खिलवाड़ करने में लगे हुए हैं। अहम बात यह है कि जानकारी के बाद भी न तो एआरटीओ इस पर रोक लगा पा रहे हैं और न ही ट्रैफिक पुलिस ही इस पर कोई कारगर कदम उठा पा रही है। मनमानी का आलम यह है कि निर्धारित से अधिक किराया भी वसूल कर सवारियों का शोषण कर रहे हैं। लोकल स्तर पर भी सवारियों को बसों की उपलब्धता न होने से परेशानी हो रही है। इसका सीधा फायदा ई-रिक्शा, ऑटो, टेंपो उठा रहे हैं। शनिवार को ई-रिक्शा, ऑटो, टेंपो की कराई गई पड़ताल में खुलेआम नियमों की अनदेखी होती नजर आई। मौके पर ऑटो में बैठे रेशू, राजकुमार, बलवंत आदि ने बताया कि शाम के समय जब ऑटो की संख्या कम हो जाती है तो ऑटो चालक पांच-पांच रुपये ज्यादा मांगते हैं। मना करने पर ले जाने से इन्कार करते हैं। ऐसे में ऑटो चालकों की मनमानी के चलते सवारियों को मजबूर होकर बैठना ही पड़ता है। ट्रैफिक प्रभारी ने बताया कि जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। ओवरलोड सवारियां ले जा रहे टेंपो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



बंसीबाजार मार्ग से सवारियों से भरकर जाता हुआ ऑटो।

### शहर के अंदर रोड पर ही खड़े होते ई-रिक्शा, ऑटो

लंका तिराहा, सिंचाई विभाग चौराहा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मिश्र बाजार, रौजा पर ऑटो वाहनों का मेला लगा हुआ देखा जा सकता है। सबसे ज्यादा भीड़भाड़ रौजा और लंका तिराहे पर ही रहती है और यहीं सबसे ज्यादा ऑटो खड़े देखे जा सकते हैं। ऑटो रोड पर ही खड़े होते हैं और रोड पर ही खड़े होकर यात्रियों को बैठाते व उतारते हैं। कई बार दूसरे वाहन चालकों से झड़प भी हो जाती है और गाली गलौज व हाथापाई की नौबत बन जाती है। अधिकांश ई-रिक्शा, ऑटो और टेम्पो ऐसे सामने आए थे जिनके पास न फिटनेस था, न बीमा और न ही परमिट।

### शहर में दो हजार से ज्यादा तीन पहिया वाहन दौड़ रहे

शहर भर में दो हजार से ज्यादा तीन पहिया वाहन दौड़ रहे हैं। इनमें ई रिक्शा और ऑटो ही सबसे ज्यादा हैं। ऑटो वाहन चालक यात्री को बैठाने, उतारने के लिए कहीं भी रास्ते में अचानक वाहन खड़ा कर देते हैं जिससे पीछे आने वाले वाहन को संभलने तक का मौका नहीं मिलता है और ऑटो के पीछे टकरा जाता है। लगातार बढ़ रही तीन पहिया वाहनों की संख्या की वजह से शहर में पूरे दिन जाम की स्थिति देखी जाती है।

### पुलिस थानों के सामने तेज रफ्तार से भरते हैं फर्राटा

शहर के अंदर अनफिट तीन पहिया वाहन ऑटो क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर शहर और शहर के बाहर ग्रामीण रूटों पर दौड़ रहे हैं। पुलिस थानों के सामने से ही यह ऑटो तेज रफ्तार में निकल जाते हैं। इनके आगे और पीछे यात्री लटके हुए देखे जा सकते हैं। ग्रामीण रूटों से शहर में यात्रियों को लेकर आने वाले तीन पहिया वाहन पुलिस से बचने के लिए दूसरे रास्तों से आते हैं।

## सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरजापुर सोनभद्र मार्ग पर लूसा गांव के सामने अज्ञात वाहन के धक्के से मोटर साइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को राजगढ़ सीएचसी पहुंचाया गया जहां डाक्टरों के द्वारा प्राथमिक इलाज कर ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। राजगढ़ थाना क्षेत्र के लूसा बाजार स्थित एक अज्ञात वाहन ने विपरीत दिशा से आ रहे मोटर साइकिल सवार को धक्का मारते हुए फरार हो गया। धक्का लगने के बाद बाइक सवार सड़क पर गिर गए और लहूलुहान होकर बेहोश हो गए। मीरजापुर सोनभद्र मार्ग पर हुए सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और तत्काल एंबुलेंस को फोन कर बुलाया गया। जहां एंबुलेंस चालक देवीलाल व ईएमटी विशाल पटेल घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को राजगढ़ सीएचसी पहुंचाया। डाक्टरों के मुताबिक दोनों घायलों को गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र भेज दिया गया है।

## निषाद व मांझी समाज की बैठक सम्पन्न

**गैपुरा।** क्षेत्र के मिश्रपुर गांव स्थित पंचायत भवन में रविवार को निषाद व मांझी समाज के सदस्यों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नवीन मत्स्य जीवी सहकारी समिति का गठन किए जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मछुआ समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न सुझाव पेश किए गए। अंत में तीन जनवरी को मत्स्य जीवी सहकारी समिति की बैठक किए जाने का निर्णय लिया गया।